RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 87
लखनऊ, शनिवार, 15 जनवरी, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





पीवी सिंधू सेमीफाइनल में पहुंचीं
स्पोर्ट्स-12


# स्वामी प्रसाद व धर्म सिंह सैनी सहित कई बागी विधायक सपा में शामिल

● रामवीर उपाध्याय ने बसपा तो एमएलसी घनश्याम सिंह लोधी ने छोड़ा सपा का साथ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बीजेपी** छोड़ने वाले मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य और धर्म सिंह सैनी ने शुक्रवार को समर्थकों के साथ सपा का दामन थाम लिया। स्वामी प्रसाद मौर्य और धर्म सिंह का सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पगड़ी पहना कर स्वागत किया। अखिलेश ने पूर्व मंत्री मौर्य और सैनी के अलावा भाजपा छोड़ने वाले पांच विधायकों भगवती प्रसाद सागर, विनय शाक्य, रोशन लाल वर्मा, डॉ मुकेश वर्मा और ब्रजेश कुमार प्रजापति और अपना दल के विधायक चौधरी अमर सिंह को भी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई।

इस दौरान सपा में शामिल होने वाले पूर्व विधायकों में अली यूसुफ अली, राम भारती, नीरज मौर्या, हरपाल सैनी, राजेन्द्र प्रसाद सिंह पटेल और पूर्व राज्य मंत्री विद्रोही धनपत राम मौर्य के अलावा बलराम सैनी पूर्व एमएलसी सहित अन्य नेताओं सपा में शामिल हो गए। वही दूसरी ओर बसपा सरकार में मंत्री रहे रामवीर उपाध्याय ने पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। रामवीर उपाध्याय बसपा के प्रमुख ब्राह्मण नेताओं में शामिल थे। माना जा रहा है कि उपाध्याय भाजपा या सपा का दामन पकड़ सकते हैं। इसके साथ ही समाजवादी पार्टी से विधान परिषद सदस्य घनश्याम सिंह लोधी ने सपा मुखिया को अपना त्याग पत्र दे दिया। त्याग पत्र में श्री लोधी ने सपा के द्वारा पिछडों व दलितों के साथ उपेक्षा किए जाने का आरोप लगाया।



## रैली में आचार संहिता व कोरोना के नियमों का उल्लंघन, एफआईआर दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी मुख्यालय में भारतीय जनता पार्टी छोड़कर आए पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्या सहित अन्य नेताओं को पार्टी में शामिल करने के लिए आयोजित वर्चुअल रैली में जुटी भीड़ का चुनाव आयोग ने गंभीरता से संज्ञान लिया है। इस मामले में इंसपेक्टर गौतम पल्ली दिनेयर सिंह बिस्ट को सस्पेंड कर दिया गया है। इसके साथ ही दो अफसरों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। सपा मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम के लिए लखनऊ के डीएम से अनुमति नहीं ली गई थी।

प्रशासन ने इस मामले में धारा 144 के उल्लंघन और महामारी एक्ट के तहत गौतमपल्ली थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। सपा के इस कार्यक्रम की जांच को लेकर डीएम ने एक मजिस्ट्रेट की अगुवाई में टीम बनाई थी। मजिस्ट्रेट पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। कार्यक्रम खत्म होने के बाद जब लोग निकले तो उसकी वीडियोग्राफी हुई और डीएम को एक रिपोर्ट बनाकर दी गई। इसी रिपोर्ट के आधार पर प्रशासन ने कार्रवाई की। समाजवादी पार्टी के (शेष पेज 9)

# वंशवाद व परिवारवाद में डूबे लोग नहीं हो सकते सामाजिक न्याय के समर्थकः योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

**उत्तर** प्रदेश सरकार के खिलाफ राज्य के मंत्रियों और भाजपा विधायकों द्वारा लगाए जा रहे दलित विरोधी होने के आरोपों के बीच, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को यहां एक दलित परिवार के साथ भोजन करने के बाद कहा कि वंशवाद और परिवारवाद की राजनीति करने वाले समाजिक न्याय के समर्थक नहीं हो सकते। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को मकर संक्रांति के अवसर पर दलित अमृत लाल के घर समता भोज के तहत खिचड़ी खाकर सामाजिक समरसता का संदेश दिया। उन्होंने कहा, भ्रष्टाचार जिनके जीन का हिस्सा हो वह सामाजिक न्याय की लड़ाई नहीं लड़ सकते। सामाजिक न्याय यही है बिना भेदभाव के समाज के प्रत्एक तबके को शासन की योजना का लाभ मिले, उनके साथ सामाजिक और आर्थिक भेदभाव न हो।

उन्होंने कहा, उप्र में समाजवादी पार्टी की सरकार के पूरे पांच साल के कार्यकाल में कुल 18,000 घर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लोगों को दिए गए, जबकि वर्तमान भाजपा सरकार ने योजना के तहत गरीबों और वंचितों को 45 लाख घर दिए हैं। हमारे लिए यह सामाजिक न्याय हैं। पूर्ववर्ती समाजवादी पार्टी (सपा) सरकार पर हमला करते हुए उन्होंने कहा, जो लोग गरीबों का हक छीनते थे, डकैती डालते थे, पेशेवर अपराधियों को अपना शार्गिद बनाते थे जब वह पेशेवर माफिया और अपराधी प्रदेश के अंदर गरीबों के मकानों पर



## दलित परिवार संग भोज करके सीएम ने दिया बड़ा संदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सरकार** के तीन मंत्रियों और कई विधायकों के इस्तीफें के बाद राजधानी लखनऊ में बढी राजनीतिक सरगर्मी के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को गोरखपुर के झुंगिया गेट फर्टिलाइजर रोड स्थित दलित समाज के अमृतलाल भारती के घर सहभोज करके सामाजिक समरसता का बड़ा संदेश दिया। सीएम योगी ने यहां कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुएए जमीन पर बैठकर प्रेमभाव से खिचड़ी खाई और अपने दादागुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ और गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की उस परंपरा को और समृद्ध किया जिसे उन्होंने जातीय भेदभाव को समाप्त करने की दिशा में आगे बढ़ाया था। विदित हो कि सरकार ने नाता तोडने वाले मंत्रियों और विधायकों ने अपने त्याग पत्र में दलित पिछडो किसानों और युवाओं की उपेक्षा का आरोप लगाया है। ऐसे समय में राजनीतिक नजरिये से दलित के घर पर सीएम योगी का सहभोज काफी अहम माना जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार दोपहर झुंगिया गेट के पास रहने वाले अनुसूचित जाति के अमृतलाल भारती के आवास पहुंचे। श्री भारती के यहां आयोजित सहभोज में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री ने बिना किसी औपचारिकता के जमीन पर बैठकर भोजन (शेष पेज 9)



# गंगा में लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी/प्रयागराज

**संगम** नगरी प्रयागराज में मकर संक्रांति के साथ माघ मेला शुक्रवार से प्रारंभ हो गया। कोरोना के बढ़ते मामलों और कड़ाके की ठंड के बावजूद शाम 6:00 बजे तक करीब 6.5 लाख लोगों ने यहां गंगा और संगम में डुबकी लगाई। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। उधर, मकर संक्रान्ति के पावन पर्व पर काशी में कुछ लोग 14 जनवरी को ही दशाश्वमेध घाट के गंगा स्नान पर दान-पुण्य किया तथा बाबा विश्वनाथ एवं मॉ अन्नपूर्णा के दरबार में पहुँचकर मत्था टेका।

मकर संक्रान्ति तो शुक्रवार की रात 8 बजकर 34 पर खरमास खत्म हो जाएगा। उसके बाद मकर राशि से उठकर सूर्य उत्तरायण में चले जाते हैं। इसके बाद ही खिचड़ी प्रारम्भ होती है। श्रद्धालुओं ने भागीरथी के तट पर पहुँचकर आस्था की डूबकी लगायी तथा गंगा में दीपदान किया। गंगा स्नान का कार्य दोपहर तक चलता रहा। गंगा घाट पर श्रद्धालुओं ने कोविड़-19 का पालन नहीं किया और बिना दूरी बनाए गंगा में स्नान किया। प्रयागराज में माघ मेला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि श्रद्धालुओं का भोर से ही मेला क्षेत्र में आगमन जारी है और शाम 6:00 बजे तक करीब 6.5 (शेष पेज 9)

# उप्र में कोरोना के 16,016 नए मामले सामने आए

**भाषा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में कोरोना संक्रमण के पिछले 24 घंटे में 16,016 नए मामले सामने आए और इसी अवधि में तीन संक्रमितों की मौत हो गई। एक बुलेटिन में इसकी जानकारी दी गई है। राज्य सरकार की ओर से शुक्रवार को जारी स्वास्थ्य बुलेटिन में कहा गया है कि राज्य में पिछले 24 घंटे में 16,016 नए संक्रमितों के मिलने के बाद उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 84,440 हो गई है।

इसमें कहा गया है कि तीन मरीजों की मौत के साथ ही प्रदेश में संक्रमण से मरने वालों की कुल संख्या 22,949 पर पहुंच गई है। बयान के अनुसार पिछले 24 घंटे में मेरठ जिले में दो एवं गौतमबुद्ध नगर जिले में एक संक्रमित की मौत हुई है। बलिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सदस्य नीरज शेखर और बहुजन समाज पार्टी के विधायक दल के नेता उमाशंकर सिंह कोरोना संक्रमित हो गए हैं। इसमें कहा गया है कि पिछले 24 घंटों में, लखनऊ से अधिकतम 2,209, गाजियाबाद से 1,887 मामले, गौतमबुद्ध नगर से 1,817, मेरठ से 1,203, (शेष पेज 9)

## देश में 239 दिनों में कोविड के सबसे अधिक केस

**नई दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस से संक्रमण के 2,64,202 नए मामले आए हैं, जो 239 दिनों में सबसे अधिक है। इन नए मामलों के आने से संक्रमितों की संख्या बढ़कर 3,65,82,129 हो गई है। इसमें इस घातक वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप के 5,753 मामले शामिल हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। देश में ओमीक्रोन के मामलों में बृहस्पतिवार से 4.83 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के सुबह आठ बजे तक अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 12,72,073 (शेष पेज 9)

# मौसम में अचानक बदलाव के कारण हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटना

● कोर्ट ऑफ इंक्वायरी में हादसे के कारणों के रूप में यांत्रिक विफलता तोड़फोड़ या लापरवाही को किया खारिज

**भाषा।** नई दिल्ली



**विमान** दुर्घटना में हुई सीडीएस जनरल रावत की मौत को लेकर आइएएफ द्वारा गठित दुर्घटना पर ट्राई.सर्विसेज ने रिपोर्ट पेश की है। ट्राई सर्विसेज कोर्ट आफ इन्क्वायरी ने अपने प्रारंभिक निष्कर्षों में फ्लाइट डेटा रिकार्डर और काकपिट वायस रिकार्डर का विश्लेषण किया।

इसमें कहा गया है कि हादसे की वजह लापरवाही रही है। साथ ही कहा कि दुर्घटना मौसम में अप्रत्याशित परिवर्तन के कारण हुई थी। जिसके कारण पायलट का भटकाव हुआ। अपने निष्कर्षों के आधार पर कोर्ट आफ इंक्वायरी ने कुछ सिफारिशें की हैं जिनकी समीक्षा की जा रही है।

दुर्घटना की वजह घने जंगल, पहाड़ी इलाका और लो.विजिबिलिटी माना जा रहा है। लो.विजिबिलिटी के चलते हेलिकाप्टर को कम ऊंचाई पर उड़ान भरनी पड़ी। वहींए लैंडिंग पाइंट से वो कुछ ही दूरी पर था। इस कारण से भी वो निचाई पर उड़ रहा था। इस वजह से क्रैश लैंडिंग हुई। हेलीकाप्टर के पायलट ग्रुप कैप्टन रैंक के अधिकारी थे, इसलिए मानवीय गलती की आशंका नहीं थी। हेलिकाप्टर में दो इंजन थे। इसलिए इंजन फेल होने की वजह से भी हादसा नहीं हो सकता था।जांच कमेटी ने वायुसेना और थलसेना के संबंधित अधिकारियों के बयान रिकार्ड किए हैं। साथ ही उन स्थानीयों लोगों से भी बातचीत की है जो इस दुर्घटना के प्रत्यक्षदर्शी थे।

उस मोबाइल फोन की जांच भी की गई है जिससे क्रैश से तुरंत पहले का वीडियो शूट किया गया था। दुर्घटना हुए हेलीकाप्टर का एफडीआर यानि फ्लाईट डेटा रिकार्डर यानि ब्लैक.बाक्स भी घटनास्थल से बरामद कर लिया गया था। उसका डाटा भी रिपोर्ट में शामिल किया गया है।

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,223 | ↓ 12 | |
| निफ्टी | 18,255 | ↓ 02 | |
| सोना | 47,005 | ↑ 93 | /10g |
| चांदी | 61,005 | ↑ 59 | /kg |

## क्विक न्यूज

### दिल्ली और कश्मीर के बाद पंजाब में भी आईईडी मिला

**चंडीगढ़।** पंजाब के अमृतसर में भारत-पाकिस्तान सीमा के पास अटारी-बचीविंड रोड पर पड़े एक बैग में रखा गया एक आईईडी और कुछ भारतीय नोट शुक्रवार को मिले। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पंजाब पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने राज्य में विधानसभा चुनाव से ठीक एक महीने पहले मादक पदार्थ और विस्फोटकों के बारे में एक विशिष्ट सूचना के आधार पर एक तलाशी अभियान शुरू किया और बैग बरामद किया। यह बरामदगी ऐसे समय हुई है जब राष्ट्रीय राजधानी के गाजीपुर फूल मण्डी में एक लावारिस बैग के अंदर आरडीएक्स और अमोनियम नाइट्रेट वाला एक आईईडी मिला। अमृतसर में आईईडी बरामद होने के बाद पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी है।

# संसद का बजट सत्र 31 जनवरी को होगा शुरू, आठ अप्रैल तक चलेगा

**भाषा।** नई दिल्ली

**संसद** का बजट सत्र 31 जनवरी को शुरू होगा जब राष्ट्रपति दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगे और यह आठ अप्रैल को सम्पन्न होगा। सूत्रों ने संसदीय मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की सिफारिशों का हवाला देते हुए शुक्रवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय बजट एक फरवरी को पेश किया जाएगा। राष्ट्रपति द्वारा संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करने के बाद आर्थिक सर्वेक्षण 31 जनवरी को पेश किया जा सकता है।

बजट सत्र का पहला चरण 11 फरवरी तक चलेगा। सूत्रों ने बताया कि इसके बाद एक माह के अवकाश के बाद सत्र का दूसरा चरण 14 मार्च से शुरू होगा और आठ अप्रैल तक चलेगा। अवकाश की अवधि के दौरान विभागों से जुड़ी संसदीय समितियां संबंधित मंत्रालयों को बजटीय आवंटन के पहलुओं की समीक्षा करते हैं। संसद के बजट सत्र का पहला चरण तब आयोजित हो रहा है जब उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार जोर-शोर से चल रहा होगा और जहां पहले चरण के लिए 10 फरवरी को मतदान होंगे।

अवकाश के बाद जब सत्र का दूसरा चरण शुरू होगा तब तक उत्तर प्रदेश, पंजाब, गोवा, मणिपुर और उत्तराखंड के विधानसभा चुनाव के नतीजे सामने आ जाएंगे। इन पांच राज्यों के लिए मतगणना 10 मार्च को होगी। सूत्रों ने बताया कि कोविड-19 के संक्रमण के मामलों में वृद्धि के मद्देनजर संसद परिसर में प्रवेश करने वाले सांसदों के लिए आरटी पीसीआर टेस्ट नेगेटिव रिपोर्ट और पूरी तरह से टीकाकरण कराने का प्रमाणपत्र (शेष पेज 9)

# बीकानेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस ट्रेन हादसाः नौ हुई मृतक संख्या

**गुवाहाटी।** पश्चिम बंगाल के जलपाइगुड़ी जिले में बीकानेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस ट्रेन के 12 डिब्बे पटरी से उतरने के कारण हुए हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) की प्रवक्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तीन मृतकों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। पश्चिम बंगाल के जलपाइगुड़ी जिले में दोमोहानी के निकट बृहस्पतिवार को बीकानेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस ट्रेन के 12 डिब्बे पटरी से उतर गए थे और कुछ डिब्बे पलट गए थे। एनएफआर की प्रवक्ता गुनीत कौर ने बताया कि हादसे में 36 अन्य लोग घायल हुए हैं। इनमें से 23 लोगों का इलाज जलपाइगुड़ी के सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में चल रहा है, जबकि उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज में छह लोग और मयनागुरी ग्रामीण अस्पताल में (शेष पेज 9)

# बीस साल बाद 2021 पांचवां सबसे गर्म वर्ष

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत** मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को कहा कि वर्ष 2021 भारत में 1901 के बाद से पांचवां सबसे गर्म वर्ष था, जिसमें देश में औसत वार्षिक वायु तापमान सामान्य से 0.44 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। विभाग ने कहा कि देश में वर्ष के दौरान बाढ़, चक्रवाती तूफान, भारी बारिश, भूस्खलन, बिजली गिरने जैसी मौसमी घटनाओं के कारण 1,750 लोगों की मौत हुई है। मौसम विभाग के वार्षिक जलवायु वक्तव्य, 2021 में कहा गया है, 1901 से वर्ष 2021 देश में 2016, 2009, 2017 और 2010 के बाद पांचवां सबसे गर्म वर्ष था। देश के लिए औसत वार्षिक वायु तापमान सामान्य से 0.44 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। उसने कहा, सर्दियों और मानसून के बाद के मौसम में गर्म तापमान ने मुख्य रूप से इसमें योगदान दिया। विभाग ने कहा कि 2016 में, देश के लिए औसत वार्षिक वायु तापमान सामान्य से 0.710 डिग्री सेल्सियस अधिक था। वर्ष 2009 और 2017 में औसत तापमान से यह क्रमशः 0.550 डिग्री सेल्सियस और 0.541 डिग्री सेल्सियस अधिक था। उसने कहा कि 2010 में, औसत वार्षिक वायु तापमान सामान्य से 0.539 डिग्री सेल्सियस अधिक था। विभाग ने कहा कि भारत में आंधी तूफान और बिजली गिरने से 2021 में 787 लोगों की कथित तौर पर मौत हो गई जबकि उस वर्ष भारी बारिश और बाढ़ से संबंधित घटनाओं में 759 लोगों की मौत हो गई। बयान में कहा गया है कि चक्रवाती तूफान की वजह से 172 लोगों की मौत हुई और मौसम से संबंधित अन्य घटनाओं के कारण 32 अन्य लोगों की मौत हो गई। विभाग ने कहा कि भारत में आंधी तूफान और बिजली गिरने से 2021 में 787 लोगों की कथित तौर पर मौत हो गई जबकि उस वर्ष भारी बारिश और बाढ़ से संबंधित घटनाओं में 759 लोगों की मौत हो गई। बयान में कहा गया है कि चक्रवाती तूफान की वजह से 172 लोगों की मौत हुई और मौसम से संबंधित अन्य घटनाओं के कारण 32 अन्य लोगों की मौत हो गई।

## खराब मौसम से जुड़ी घटनाओं में भारत में 1,750 लोगों की मौत हुई

भाषा। नई दिल्ली

**भारत** मौसम विज्ञान विभाग ने शुक्रवार को कहा कि 2021 में अत्यधिक खराब मौसम से जुड़ी घटनाओं में ।,750 लोगों की मौत हुई। महाराष्ट्र सर्वाधिक प्रभावित राज्य रहा, जहां 350 लोगों की मौत हुई और उसके बाद ओडिशा तथा मध्य प्रदेश का स्थान है।

पिछले साल भारत में गरज के साथ आंधी और बिजली गिरने की घटनाओं में कथित तौर पर 787 लोगों की, जबकि भारी बारिश और बाढ़ से जुड़ी घटनाओं में 759 लोगों की मौत हुई। विभाग के वार्षिक जलवायु बयान के मुताबिक, चक्रवाती तूफानों में 172 लोगों की और अत्यधिक खराब मौसम से जुड़ी अन्य घटनाओं में 32 लोगों की मौत हुई। बयान के मुताबिक, भारी बारिश और बाढ़ से जुड़ी घटनाओं में महाराष्ट्र में 215, उत्तराखंड में 143, हिमाचल प्रदेश में 55, केरल में 53, और आंध्र प्रदेश में 46 लोगों की मौत हुई। गरज के साथ आंधी और बिजली गिरने की घटनाओं में ओडिशा में 213, मध्य प्रदेश में 156, बिहार में 89, महाराष्ट्र में 76, पश्चिम बंगाल में 58, झारखंड में 54, उत्तर प्रदेश में 49 और राजस्थान में 48 लोगों (शेष पेज 9)

# भगोड़ों, दंगाइयों को टिकट देकर गुण्डाराज की वापसी चाहती है सपाः केशव प्रसाद मौर्य

● सपा ने अपने प्रत्याशियों की सूची के ज़रिये ट्रेलर दिखाया कि वह प्रदेश में गुंडागर्दी और दंगे का माहौल चाहते हैंः उप मुख्यमंत्री



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल गठबंधन की विधानसभा चुनाव के प्रत्याशियों की पहली सूची के माध्यम से अखिलेश यादव ने स्पष्ट सन्देश दिया है कि वह अपराधियों, गुंडों और दंगाइयों का साथ छोड़ने को तैयार नहीं हैं। इससे यह भी पता चलता है कि सपा का सरकार बनाने का मतलब हैए प्रदेश में फिर से दंगा राजए गुंडा राज और अपराधी राज।

उन्होंने अपने बयान में कहा कि प्रत्याशियों की इस सूची में कैराना से पलायन के आरोपियोंए दंगाईयोंए गुंडों और हिस्ट्रीशीटरों को टिकट दिया है। उन्होंने सपा प्रमुख से पूछा कि वह बताएं की अपने गठबन्धन से वह प्रदेश की जनता को क्या सन्देश देना चाहते हैंघ् अखिलेश बताएं कि क्या वह प्रदेश में फिर से मुज़ फ्फरनगर जैसा दंगा और कैराना जैसे पलायन की स्थिति पैदा करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सपा.रालोद गठबंधन के चरित्र के खिलाफ अभियान चलाएगी और जनता के बीच सन्देश भी देने का कार्य करेगी। खुद जनता जनार्दन भी सपाई कुशासन की वापसी नहीं चाहती है और 300 प्लस सीटों का आशीर्वाद भाजपा को देने का मन बना चुकी है। अखिलेश जी! पश्चिमी उत्तर प्रदेश ही नहींए स पूर्ण प्रदेश की जनता जानना चाहती है बुलंदशहर में हिस्ट्रीशीटर हाजी यूनुस जैसे अपराधीए शामली से हिस्ट्रीशीटर भगोड़े नाहिद हसन, मेरठ से हिस्ट्रीशीटर रफीक अंसारी, लोनी से हिस्ट्रीशीटर मदन भैया जैसे अपराधी को टिकट देने का काम किया है जिनका खौफ अन्य प्रदेशों में भी व्याप्त है। उन्होंने कहा क़ी उत्तर प्रदेश की वर्तमान सरकार में आज अपराधी थर.थर कांपते हैं लेकिन सपा ने इस सूची के ज़रिये ट्रेलर दिखाया है कि वह प्रदेश में गुण्डाराज और दंगाराज कि वापसी कराने का मंसूबा पाले हुए हैं।

उन्होंने कहा की प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सबका साथ.सबका विकास के संकल्प के साथ सबको विश्वास में लेकर गरीब कल्याण, किसान कल्याणए मज़दूर उत्थान, मातृ स मान का कार्य हुआ है वह सपाए बसपाए कांग्रेस किसी अन्य दल ने सत्ता में रहकर कभी नहीं किया। उन्होंने कहा कि सपा को गरीबए मज़दूर और किसान कभी याद नहीं आये जबकि भाजपा सरकार ने गरीबों को 42 लाख मकान दिए, दो करोड़ से अधिक शौचालय बनवायेए उज्ज्वला योजना के तहत 2 करोड़ से ज्यादा गरीबों को मु त गैस कनेक्शन एकिसान स मान योजना में तीन करोड़ से अधिक किसानों को आच्छादित किया एआयुष्मान भारत योजना से गरीबों को इलाज की सुविधा दी।

कोरोना काल में जिन्हे जीविका चलाने में दिक्कत हुईए ऐसे परिवारों को मु त डबल राशन देने का काम करनाए हर घर को बिजली देने काए बेटियों के विवाह के लिए पैसा देना हैए किसानों को स मान निधिए आयुष्मान भारत का स्वास्थ्य रक्षा कवचए शौचालयए उज्जवला के कनेक्शन देकर महिलाओं को धुएं से आजादी। बेटियों की शादी की उम्र 21 साल कर उन्हें अपना करियर बनाने की आजादी देने का काम किया है।

## अधिसूचना के साथ पहले चरण की चुनावी प्रक्रिया शुरू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधानसभा चुनाव** के पहले चरण की अधिसूचना के साथ राज्य में चुनावी गतिविधियां शुरू हो गई है। पहले चरण में 11 जिलों की 58 सीटों पर दस फरवरी को मतदान होना है। पहली बार चुनाव आयोग ने नामांकन के लिए ऑनलाइन की सुविधा दी है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने बताया किपहले चरण की 58 विधान सभा सीटों में 9 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि विधान सभा की 403 सीटों के लिये 7 चरणों में चुनाव संपन्न होगा। मतदान 10 फरवरी, 14 फरवरी, 20 फरवरी, 23 फरवरी, 27 फरवरी, 3 मार्च और 7 मार्च को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। पहले चरण के नामांकन की अंतिम तिथि 21 जनवरी है। नामांकन पत्रों की जांच 24 जनवरी को होगी और 27 तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। इस चरण की सीटों पर मतदान 10 फरवरी को होगा। मु य निर्वाचन अधिकारी ने बताया की नामांकन के समय प्रत्याशी के साथ सिर्फदो व्यक्ति निर्वाचन अधिकारी के कक्ष तक जा सकेंगे। प्रत्याशी सुविधा एप के माध्यम से अपना ऑनलाइन आवेदन कर आवेदन पत्र की प्रति निर्वाचन अधिकारी के समक्ष जमा कर सकते हैं। कोविड.19 संक्रमण के चलते नामांकन के समय किसी भी प्रत्याशी को जुलूस की अनुमति नहीं दी जाएगी। प्रत्याशी द्वारा नामांकन के समय केवल दो गाड़ियों का ही प्रयोग किया जा सकेगा। जिन सीटों के लिए आज से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है उनमे शामली की कैराना, थानाभवन व शामली, मुज फरनगर की बुढ़ाना, चरथावल, पुरकाजी सुरक्षित, मुज फ्फरनगर, खतौली व मीरापुर, मेरठ की सिवालखास, सरधना, हस्तिनापुर, किठौर, मेरठ कैंटोनमेंट, मेरठ व मेरठ दक्षिण, बागपत की छपरौली, बड़ौत व बागपत, गाजियाबाद की लोनी, मुरादनगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद व मोदीनगर, हापुड़ की धौलाना, हापुड सुरक्षित, व गढ़मुक्तेश्वर, गौतमबुद्धनगर की नोएडा, दादरी व जेवरए बुलन्दशहर की सिकंदराबाद, बुलन्दशहर, स्याना, अनूपशहर, डिबाई, शिकारपुर व खुर्जा सुरक्षित, अलीगढ़ की खैर सुरक्षित, बरौली, अतरौली, छर्रा, कोल, अलीगढ़ व इगलास सुरक्षित, मथुरा की छाता, मांट, गोवर्धन, मथुरा व बलदेव सुरक्षित और आगरा की एत्मादपुर, आगरा कैंटोनमेंट सुरक्षित, आगरा दक्षिण, आगरा उत्तर, आगरा ग्रामीण सुरक्षित, फ्तेहपुर सीकरी, खैरागढ़, फतेहाबाद व बाह विधान सभा सीटें शामिल हैं।

### पत्रकार की मृत्यु पर मुख्यमंत्री ने व्यक्त किया शोक

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वरिष्ठ पत्रकार कमाल खान के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शान्ति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह व प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल ने कमाल खान के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कमाल खान के निधन पर शोक जताते कहा कि कमाल खान पत्रकारिता की एक गम्भीर आवाज बनकर उभरे थे।

## गंगा का पानी प्रदूषित करने वाली लेदर फैक्टरी पर जुर्माना व प्रोपराइटर को सजा

विधि संवाददाता। लखनऊ



**सीबीआईध्प्रदूषण** की विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट यशा शर्मा ने गंगा नदी में फैक्टरी का गंदा पानी प्रवाहित करने के मामले में कानपुर की मेसर्स चौधरी लेदर्स फिनिशर्स व इसके प्रोपराइटर को दोषी करार दिया है। उन्होंने जल प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम की धारा 44 व 41 के तहत प्रोपराइटर राज चौधरी को दो साल की सजा सुनाई है। जबकि फैक्टरी पर दो लाख 50 हजार का जुर्माना ठोंका है।

विशेष वकील एके चौबे के मुताबिक मुल्जिम राज चौधरी कानपुर के जार्जमऊ में अपनी फैक्टरी संचालित करता था। 27 जूनए 2007 को इस फैक्टरी को बंद करने का आदेश जारी हुआ। नौ अगस्तए 2007 को उप्र जल प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सहायक पर्यावरण अभियंता प्रखर कुमार ने फैक्टरी का निरीक्षण किया। जांच में पाया कि गंगा प्रदूषण से संबधित आदेश का उल्लघंन करते हुए मुल्जिम अपनी फैक्टरी संचालित कर रहा है। जिसकी वजह से फैक्टरी का गंदा पानी गंगा में प्रवाहित हो रहा है। और गंगा का जल प्रदूषित हो रहा है। 30 जनवरीए 2008 को उप्र जल प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने तब इस मामले में फैक्टरी व इसके प्रोपराइटर राज चौधरी के खिलाफ अदालत में परिवाद दर्ज कराया था।

## बीजेपी ने गरीबों, पिछड़ों, दलितों व अल्पसंख्यकों की आंख में धूल झोंककर हथियाई थी सत्ताः मौर्य

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बीजेपी छोड़ने** वाले मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य और धर्म सिंह सैनी ने शुक्रवार को समर्थकों के साथ सपा का दामन थाम लिया। यूपी में लगी आचार संहिता के बीच वर्चुअल रैली के माध्यम से ये सभी नेता आज सपा में शामिल हुए। स्वामी प्रसाद मौर्य और धर्म सिंह का सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पगड़ी पहना कर स्वागत किया। इस मौके पर स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि आज का दिन भारतीय जनता पार्टी के अंत का इतिहास लिखने जा रहा है। मौर्य ने कहा कि आज बीजेपी के बड़े नेता जो कुंभकर्णी नींद सो रहे थेए जिनको कभी नेताओं, विधायकों और सांसदों से बात करने का वक्त नहीं मिता थाए आज उनकी नींद हराम हो गई है। उनको नींद ही नहीं आ रही है।

स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि बीजेपी के कुछ लोग कहते हैं कि पांच साल तक इस्तीफा क्यों नहीं दिया। कुछ कहते हैं बेटे के चक्कर में बीजेपी छोड़ी है। मैं बताना चाहता हूं कि बीजेपी ने गरीबोंए पिछड़ोंए दलितों और अल्पसंख्यकों की आंख में धूल झोंककर सत्ता हथियाई थी। स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि सरकार बनाएं दलित और पिछड़ेए अगड़े मलाई खाएं। उन्होंने कहा कि पहले कहा गया था कि केशव प्रसाद मौर्य या स्वामी प्रसाद मौर्य सीएम बनाए जाएंगेए लेकिन फिर गोरखपुर से लाकर बना दिया।

स्वामी ने योगी को चुनौती देते हुए कहा कि इस चुनाव में मुकाबला 15 और 85 प्रतिशत का है। 85 तो हमारा है और 15 में भी बंटवारा है। उन्होंने योगी सरकार पर दलितए पिछड़े और वंचित वर्गों का आरक्षण निष्प्रभावी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस सरकार में आवेदन और विज्ञापन जारी किए बिना ही आरक्षित वर्ग की सीटए सामान्य वर्ग को दे दी गई। उन्होंने कहा कि अब सरकारी संस्थानों का निजीकरण कर रहे हैंए जिससे आरक्षण अपने आप खत्म हो जाए। स्वामी ने कहा कि योगी जी को मैं ये कहना चाहता हूंए मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठकर पाप करोगे और दुहाई दोगे हिंदू कीए क्या आप की नजर में कुछ बड़ी जाति के लोग ही हिंदू हैं। क्या अनुसूचित जात के लोग हिंदू नही हैए पिछड़े वर्ग के लोग हिंदू नही है। यदि ये लोग हिंदू हैं तो इनका आरक्षण क्यों निगल लिया गया।

मौर्य ने कहा कि अखिलेश पढ़े लिखे हैं नौजवान हैं और प्रदेश के लाखों लोगों का साथ उनके साथ मिलकर बीजेपी को निस्तनाबूत कर देंगे। उन्होंने आगे कहा कि जिसका मैं साथ छोड़ता हूं उसका कोई वजूद नहीं रहता। मौर्य ने कहा कि हम जिसका साथ छोड़ देते हैंए उसका कहीं पता नहीं चलता। मायावती इसकी जिंदा मिसाल हैं। वह अंबेडकर के मिशन से हट गईं। मान्यवर कांशीराम के आंख मूंदते ही नारा बदल दिया था। बहन मायावती ने उनके नारे श्जिसकी जितनी भागीदारीए उसकी उतनी हिस्सेदारीट को बदल दिया। उन्होंने नया नारा दिया. जिसकी जितनी तैयारीए उसकी उतनी भागीदारी। इस मौके पर धर्म सिंह सैनी ने कहा कि हम आज मकर संक्रांति पर शपथ लेते हैं कि हम बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के बनाए संविधान को बचाने के लिएए दलितों पिछड़ों के आरक्षण को सुरक्षित रखने के लिए अखिलेश यादव को 10 मार्च को मुख्यमंत्री बनाएंगे। उन्होंने अखिलेश यादव से कहा कि जो सम्मान आपने मुझे दिया परिवार के सदस्य की तरहए मैं बसपा में रहाए मंत्री बनाए जिसका सूपड़ा हम साफ करके आ रहे हैंए ;बीजेपीद्ध उसमें भी रहाए लेकिन जो मानवताए व्यवहारिकताए भाईचारा आपमें देखा है, दुनिया के किसी नेता में नहीं है। आपको विश्वास दिलाना चाहता हूंए मार्च में आपको यूपी में मुख्यमंत्री और 2024 में आपको पीएम बनवाएंगे।

### पदाधिकारी नामित

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति से समाजवादी लोहिया वाहिनी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप तिवारी द्वारा प्रवेश कुमार यादव लखनऊ को राष्ट्रीय सचिव नामित किया गया है। वहीं मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह द्वारा आशीष सिंह कानपुर को राष्ट्रीय सचिव नामित किया गया है। समाजवादी अल्पसंख्यक सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मो. इकबाल खां कादरी द्वारा फैसल रहमान सब्री उन्नाव, फारूक रज़ा कादरी पीलीभीत तथा मतलूब हुसैन गोण्डा को राष्ट्रीय सचिव नामित किया गया है।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मैंने अपना नाम कृष्णा शर्मा से बदलकर अभिज्ञान शर्मा कर लिया है। दोनो नाम मेरे ही हैं। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। अभिज्ञान शर्मा पुत्र श्री अभिषेक शर्मा 128/1180, वाई ब्लाक, किदवई नगर, कानपुर, उत्तर प्रदेश–208011

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बैंक का शस्त्र लाइसेंस वास्तव में खो गया है। जिसका डी0बी0बी0एल0 गन नम्बर–76424 शस्त्र संख्या–904, 'डी0बी0बी0एल0 गन' नम्बर– 77209 शस्त्र संख्या–8946 हैं ब्रान्च मैनेजर भारतीय स्टेट बैंक शाखा–जानस. नगंज, प्रयागराज

आवश्यकता है

आवश्यकता है
मधु वाचस्पति इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर्स एजूकेशन कोईलहा, कौशाम्बी
कौशाम्बी में स्ववित्तपोषित योजना के अन्तर्गत स्नातक स्तर पर डी0एल0एड्0 पाठ्यक्रम हेतु
सहायक आचार्य भाषा – 1 पद
सहायक आचार्य विज्ञान – 1 पद
योग्यता : एन0सी0टी0ई0 के मानकानुसार।
विज्ञापन प्रकाशन के 07 दिन के अन्दर समस्त स्वप्रमाणित प्रमाण–पत्र एवं फोटो महाविद्यालय कार्यालय को रजिस्टर्ड डाक या ई0मेल द्वारा प्रेषित करें।
साक्षात्कार तिथि – 25 जनवरी 2022
वाचस्पति प्रबन्धंक
मधु वाचस्पति इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर्स एजूकेशन, कोईलहा, कौशाम्बी।
Email.principal.mvite@gmail.com,
Mobile No. : 9140943805, 8081739147

## कांग्रेस में टिकट बंटवारे में प्रियंका मौर्या ने लगाया धांधली का आरोप

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस के महत्वपूर्ण कैंपेनश्लड़की हूं लड़ सकती हूंश् की पोस्टर गर्ल और कांग्रेस नेता डॉण्प्रियंका मौर्या ने आरोप लगाया है कि टिकट बंटवारे को लेकर पार्टी में धांधली चल रही है।

लखनऊ की सरोजनी नगर से टिकट का दावा कर रही प्रियंका मौर्य के अनुसार पार्टी ने उनके साथ बहुत बड़ा धोखा किया है। महिला कांग्रेस की मध्य जोन की उपाध्यक्ष प्रियंका मौर्या ने कहा कि मेरे नाम का इस्तेमाल किया गया। मुझे तो यूज किया गया। यह पार्टी तो महिला विरोधी है। प्रियंका मौर्या ने कहा कि यहां तो सारे टिकट पहले से तय थे। सिर्फ दिखावे के लिए स्क्रीनिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि हमसे कहा गया कि टिकट चाहिए तो मैराथन के लिए लड़कियां लाइये। मैराथन में लड़कियों के साथ बहुत बुरा सुलूक किया गया। स्कूटी देने में भी धांधली की गई। मौर्या ने आरोप लगाया कि धांधली के कारण लखनऊ की सरोजनीनगर विधानसभा सीट से उनका टिकट काटकर रुद्र दमन सिंह को दे दिया गया। डाण् प्रियंका मौर्या का आरोप है कि पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के सचिव ने उनका टिकट कटवाया है।

सूची जारी होने के कुछ घंटे बाद ही डॉण् प्रियंका मौर्या ने अपने ट्विटर हैंडल से ट्वीट करके कांग्रेस पार्टी में टिकटों की सौदेबाजी का आरोप लगाया। उन्होंने लिखा है कि प्रियंका गांधी के सचिव संदीप सिंह ने उनसे टिकट के एवज में रुपये के लिए किसी से फोन करवाया था। रुपए न देने पर उनकी जगह किसी और के नाम की घोषणा कर दी। उनका दावा है कि हर आरोप का उनके पास पुख्ता सबूत है जिसे जल्द ही सार्वजनिक करेंगी। प्रियंका मौर्य ने दावा किया कि अब पार्टी उन्हें दूसरी जगह से टिकट देने की बातें कह रही है। हालांकि प्रियंका ने कहा कि मैंने लगातार यहां पर मेहनत की है। मैं प्रोफेशन से डॉक्टर हूं और यहां पर काम किया है।

## समाजवादी और अंबेडकरवादी साथ आ गए, अब कोई नहीं रोक सकता साइकिल की रफ्तारः अखिलेश यादव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा मुख्यालय** पर आयोजित वर्चुअल रैली को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने सीएम योगी आदित्यनाथ और बीजेपी पर जमकर तंज कसे। उन्होंने कहा कि बाबा मुख्यमंत्री को क्रिकेट खेलना नहीं आता हैए लेकिन आता भी होता तो उनसे अब कैच छूट गया है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा के लगातार विकेट गिर रहे हैं और भाजपा वाले ऐसे हिट विकेट हुए कि उन्हें हमारे नेताओं की रणनीति नहीं समझ पाए।

अखिलेश ने कहा कि सरकार के लोगों को पहले ही पता चल गया था कि स्वामी प्रसाद मौर्य और धर्म सिंह सैनी के साथ बड़ी संख्या में लोग सपा में आ रहे हैं। मुख्यमंत्री का टिकट 11 तारीख का बुक है लेकिन आप लोगों के आने से आज ही वापस गोरखपुर चले गए हैं। उन्हें वापस भेजना जरूरी भी है। पीछे मुड़कर देखें तो बाबा मुख्यमंत्री ने प्रदेश को बरबाद कर दिया है।

उन्होंने कहा कि कुछ दिनों पहले हमने कहा था कि मुख्यमंत्री को गणित का अध्यापक रखना होगा । यह जो अस्सी और बीस की बात कर रहे हैं । समाजवादी पार्टी के साथ अस्सी फीसदी लोग खड़े ही हो गए । जिन जिन लोगों ने आज मंच को देखा होगाए स्वामी प्रसाद मौर्य की बात सुनी होगीए उससे लगता है कि वह 20 फीसदी भी उनके खिलाफ हो गए होंगे।सपा नेता ने कहा कि अब भारतीय जनता पार्टी का सफाया होना तय है । अब कोई सफाया होने से रोक नहीं सकता और जो लोग तीन चौथाई की बात कर रहे थे, वह दरअसल तीन से चार फीसदी की बात कर रहे हैं ।

यादव ने कहा कि आज भाजपा के पास कोई ठोस उपलब्धि नहीं हैं । यह वहीं भाजपा के लोग हैं जिन्होंने किसानों को भरोसा दिलाया था कि सरकार आएगी तो किसानों की आय दोगुनी हो जाएगीए लेकिन किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई। भारतीय जनता पार्टी के लोगों ने किसानो का डीजल पेट्रोल महंगा कर दिया।

अखिलेश ने कहा कि जनता बदलाव की तैयारी में जुटी है। नौकरी मांग रहे नौजवानों को लाठी मारी गई। ठोको नीति चलाई गई। लोगों से बदला लिया गया। स्वामी प्रसाद के आते ही पता नहीं किस जमाने का वारंट जारी करा दिया गया। जिनका हमें साथ मिला है लगातार उन्हें परेशान किया जा रहा है। डिजिटल इंडिया का करामात देखिये। छापा मारना था किसी और के यहां लेकिन अपने यहां ही मार लिया।

अखिलेश ने कहा कि समाजवादी और अंबेडकरवादी साथ आ गए हैं। साइकिल की रफ्तार को अब कोई नहीं रोक सकता है। कहा कि भाजपा ने तमाम ऐसे फैसले लिये जो कभी किसी ने सोचा नहीं था। कई बार लोग कहते हैं कि यह चुनाव सेमीफाइनल है। यह सेमीफाइनल नहींए यही फाइनल चुनाव है।

अखिलेश ने कहा कि घर में बेटा पढ़ाई में कमजोर हो तो पूरा परिवार मदद में जुट जाता है। परिवार वाले परीक्षा दिलाने में चले जाते हैं। यूपी के बाबा मुख्यमंत्री के साथ यही हो रहा है। उनकी मदद के लिए दिल्ली वाले आ रहे हैं। लेकिन अब कितनी भी मदद कर लेंए बाबा फेल हो चुके हैं। ये पास होने वाले नहीं है। इनका सुपड़ा साफ हो जाएगा।

अखिलेश ने कहा कि इस बार का चुनाव वर्चुअल और डिजिटल होने की बातें हो रही हैं। लेकिन हमारे कार्यकर्ता फिजिकल भी मुकाबला करेंगे। घर घर जाकर चुनाव प्रचार करेंगे। चुनाव आयोग के नियमों का पालन करेंगे और भाजपा का मौके पर फिजिकल मुकाबला करेंगे। यही चुनाव फाइनल है।

### भारतीय टीम की एशियन मेन्स हैंडबॉल चैम्पियनशिप में भागीदारी सुनिश्चित करें:हाईकोर्ट



विधि संवाददाता। लखनऊ

**सऊदी** अरब में होने जा रहे 20वें एशियन मेन्स हैंडबॉल चैम्पियनशिप में भारतीय टीम की भागीदारी सुनिश्चित करने का आदेश हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफऑफ़इंडिया को दिया है।

जस्टिस एआर मसूदी एवम जस्टिस एनके जौहरी की पीठ ने यह आदेश मोहित यादव की याचिका पर दिया है। याचिका में कहा गया था कि मार्चए 2021 में ही स्पोर्ट्स अथॉरिटी ने इस चैम्पियनशिप में भारतीय टीम के भाग लेने के लिए बजट आवंटित कर दिया था। लेकिन हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के मैनेजमेंट को लेकर कुछ विवाद चल रहा हैए जो पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट के समक्ष विचाराधीन है। कहा गया कि विवाद के चलते अथॉरिटी ने बजट का आवंटन करने के बावजूद फेडरेशन को फंड जारी नहीं किया है। यह स्थिति भारतीय टीम की 20वें एशियन मेन्स हैंडबॉल चैम्पियनशिप में भागीदारी में रुकावट बन रही है। जबकि यह चैंपियनशिप 18 से 31 जनवरी तक होगा। पीठ ने इस मामले में एडिशनल सॉलिसिटर जनरल की ओर से जवाब आने के बाद अपने आदेश में कहा है कि बजट का आवंटन हो चुका है। ऐसे में फेडरेशन के मैनेजमेंट गठन का विवाद विचाराधीन रहते हुए भी अथॉरिटी भारतीय टीम की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही कर सकती है।

## इस्तीफा स्वीकार होने से पहले ही मंत्रियों, विधायकों ने बदली निष्ठा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी में** विधानसभा चुनाव को लेकर अधिसूचना लागू होने के बाद पिछले कुछ दिनों से विधायकों से लेकर मंत्रियों के भागमभाग का सिलसिला जारी है। इनमे योगी सरकार के 3 मंत्रियों समेत 14 विधायकों ने इस्तीफा दे दिया है। इनमे ज्यादातर ने अपनी निष्ठा दूसरे दल में जाहिर करते हुए सदस्यता भी ले ली है परए खास बात यह है कि इनके इस्तीफे अभी स्वीकार नही हुए हैं। न तो 3 मंत्रियों का इस्तीफा राजभवन ने स्वीकार किया है और न ही विधायकों का इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष ने। राज्यपाल शहर से बाहर हैं तो विधानसभा अध्यक्ष को अभी तक किसी ने अपना इस्तीफा नही भेजा है।

> **अभी** तक किसी भी माननीय विधायक का इस्तीफा उनके पास नही आया है। जबकि नियमतः विधायक को अपना इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष को सौंपना चाहिए।
>
> **हृदय नारायण दीक्षित,**
> **विधानसभा अध्यक्ष, उत्तरप्रदेश**



उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए तारीखों का ऐलान हो चुका है। इसके बाद से सभी राजनीतिक दलों ने अपने आप को मजबूत करने के लिए जोड़.तोड़ की राजनीति शुरू कर दी है। ऐसे में एक के बाद एक नेता बीजेपी छोड़कर समाजवादी पार्टी में जा रहे हैं तो वही समाजवादी खेमे में बाहरी नेताओं के आने से खलबली मची हुई है। जिसका खामियाजा आने वाले दिनों में पार्टी को भुगतना पड़ सकता है। फिलहाल योगी सरकार में मंत्री रहे स्वामी प्रसाद मौर्यए डॉ धर्म सिंह सैनी ने अपना इस्तीफा राजभवन को भेजा है। जिसकी प्रति पिछले दो दिनों से सोशल मीडिया में देखने को मिल रही है। मजेदार बात यह है कि अभी इनके इस्तीफे राजभवन ने स्वीकार नही किये हैं। क्योंकि राज्यपाल घटनाक्रम शुरू होने से पूर्व ही शहर से बाहर हैं। राजभवन का कहना है कि जब राज्यपाल नही हैं तो फिर स्वीकार करने का प्रश्न नही उठता है। वहीं जिन विधायकों ने अपने इस्तीफे प्रदेश अध्यक्ष को भेजे हैं उनमें से अभी किसी भी विधायक ने अपना इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष को नही भेजा है। राजनीतिक विश्लेषक प्रो रमेश दीक्षित का कहना है कि नियमतः मंत्री अपना इस्तीफा राज्यपाल को दे सकते हैं। वह चाहे तो सीएम को भी अपना इस्तीफा सौप सकते हैं लेकिन सीएम को इस्तीफा देने में यह रहता है कि सीएम आंतरिक मामला बताकर समझा सकते है। वैसे भी सीएम की भूमिका मंत्रिमंडल विस्तार के समय केवल राज्यपाल को सूची भेजने तक होती है। मंत्रियों को शपथ राज्यपाल दिलाते हैं। इसलिए राज्यपाल इस्तीफा स्वीकार कर सकते हैं।

## घटतौली और बंदरबांट ने गरीबों का राशन रसूखदारों में पहुंचायाः पुनिया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कैंपेन कमेटी के चेयरमैन पीएल पुनिया ने भाजपा सरकार पर राशन वितरण में हेराफेरी का आरोप लगाते हुए कहा है कि गरीबों को मुफ्त राशन बांटने के मामले में प्रदेश में हेराफेरी हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स से पता चला है कि बीते माह राशन वितरण के दौरान प्रदेश के हजारों कोटेदारों ने एक.एक दिन में 300.300 कार्डधारकों को राशन बांट दिया। लेकिन इस सरकार को कानोंकान खबर तक नहीं हुई। गरीबों का राशन का बंदरबांट भाजपा ने अपने लोगों के बीच किया है।

पुनिया ने कहा कि पूरे प्रदेश में भाजपा सरकार ने व्यवस्था ध्वस्त करने का काम किया है। प्रदेश में भाजपा सरकार की नाक के नीचे 6 हजार से अधिक कोटेदारों ने एक दिन में 300 से अधिक कार्डधारकों को राशन बांटा। इसके साथ ही प्रदेश में कई जगहों से लगातार घटतौलीध्हेराफेरी की ख़बरें आती रही हैं। इसके बावजूद इस सरकार की बेहोशी नहीं टूटी। पूरे प्रदेश में गरीबों को राशन देने के नाम पर मजाक चल रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में कई ऐसे जिले हैंए जहां पर राशन उठानेए बांटने के नाम पर बंदरबांट हो रही थीए पर योगी सरकार का ध्यान सिर्फ विज्ञापन की तरफ था। विज्ञापनजीवी इस सरकार ने उत्तर प्रदेश का बंटाधार कर दिया है। राशन बांटने के नाम पर प्रदेश में लगातार आचार संहिता की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। मोदी.योगी की तस्वीरों वाले पैकेटों से राशन बांटा जा रहा है। उत्तर प्रदेश में गरीबी को हटाने के बजाय योगी सरकार ने अपनी नीतियों से गरीबीए बेरोजगारी को बढ़ावा दिया है। पुनिया ने कहा कि कांग्रेस ने जो प्रतिज्ञाएं की हैंए सरकार बनने के बाद उन्हें पूरा किया जाएगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी–33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# संक्रमित मरीजों की मौत पर शव से सैम्पल लेकर अब होगी कोरोना वैरिएंट की जांच

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**केंद्र सरकार** ने स्वास्थ्य विभाग को कोरोना संक्रमित मरीजों की मौत के बाद शव से सैम्पल लेकर कोरोना के वैरिएंट के पता लगाने के निर्देश दिए हैं। जिससे जीनोम सिक्वेंसिंग के माध्यम से यह पता लग सके कि मरीज की किस वैरिएंट के चलते मौत हुई है।

इधर बड़ी संख्या में एसिम्पैटिक मरीजों के पाए जाने से केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने गाइडलाइन में बदलाव किए हैं। अब अस्पतालों में 24 घण्टे कोरोना की जांच नई गाइडलाइंस के हिसाब से हो रही है। नई गाइडलाइन को लेकर अधिकारियों का कहना है कि कोरोना से कोई मौत होती है तो उसका नमूना जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए लिया जाएगा। बता दें कि लखनऊ में अब तक 2651 कोरोना संक्रमितों की मौत हो चुकी है। कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों के बीच शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग ने 18 साल से अधिक उम्र के टीकाकरण की प्रथम डोज के 102 फीसदी लक्ष्य को पूरा कर लिया है। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एमके सिंह ने बताया कि 18 साल से अधिक उम्र के 37 लाख लोगों के टीकाकरण का लक्ष्य तय किया गया था। कोरोना की दूसरी लहर में बड़ी संख्या में लोगों ने टीकाकरण कराया। जैसे.जैसे संक्रमण घटाए टीकाकरण कराने वालों के ग्राफमें भी कमी दर्ज की गई। दिसंबर के आखिरी सप्ताह से वायरस के संक्रमण से इसका असर टीकाकरण भी देखने को मिला। बड़ी संख्या में लोग टीका लगवाने के लिए केंद्रों में आने लगे। उन्होंने बताया कि वैक्सीन की प्रथम डोज के लक्ष्य को पूरा कर लिया गया। लक्ष्य से अधिक 102 फीसदी टीकाकरण हो चुका है। 37 लाख 39 हजार 44 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। डॉ सिंह ने बताया कि आज 43 हजार 900 लोगों ने वैक्सीन लगवाई। इसमें 9ए824 लोगों ने वैक्सीन की पहली डोज लगवाई। 23615 लोगों ने वैक्सीन की दूसरी डोज लगवाई। 4271 लोगों ने वैक्सीन की तीसरी डोज लगवाई है। 6190 किशोरों को वैक्सीन लगाई गई।

**स्कूलों में आज होगा टीकाकरण:** बच्चों को कोरोना संक्रमण से बचाने की दिशा में स्कूलों में टीकाकरण शिविर लगाए जा रहे हैं। शनिवार को सभी ब्लॉक के प्रमुख स्कूलों में टीकाकरण शिविर लगाया जा रहा है। डॉ एमके सिंह ने बताया कि 15 से 18 साल की उम्र के किशोर स्कूलों में आकर टीका लगवा सकते हैं। कोवैक्सीन बच्चों को लगाई जा रही है।

## लखनऊ में कोरोना के 2209 केस मिले

**लखनऊ।** कोरोना वायरस के संक्रमण का कहर बदस्तूर जारी है। शुक्रवार को राजधानी लखनऊ में 2209 केस पाए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक लखनऊ में कुल सक्रिय मरीजों की संख्या 12195 पहुंच गई है। संक्रमित व्यक्तियों में पाजिटिव व्यक्तियों के संपर्क में व्यक्तियों में संक्रमण का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। शुक्रवार को कांटैक्ट ट्रेसिंग में 682 व्यक्तियों में संक्रमण की पुष्टि हुई है। वहींए बाहर के देशों और राज्यों से यात्रा कर वापस लौटे 279 व्यक्ति संक्रमित पाए गए हैं। सर्दी. जुखाम और बुखार जैसे हल्के लक्षण पाए जाने के बाद जांच करवाने गए 382 व्यक्तियों में संक्रमण की पुष्टि हुई है। सात स्वास्थ्य कर्मियों समेत आपरेशन और अन्य इलाज करवाने से पहले कोरोना वायरस की जांच करवाने वाले 98 व्यक्तियों में संक्रमण की पुष्टि हुई है। अलीगंज में 397, चिनहट में 385, इंदिरा नगर में 246, आलमबाग में 213, सिल्वर जुबली में 178, सरोजिनी नगर में 139, टुडियागंज में 137, रेडक्रास में 98, ऐशबाग में 78, नवल किशोर रोड पर 63, बख्शी का तालाब में 36 व्यक्तियों में संक्रमण की पुष्टि हुई है। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने कहा कि सभी लोग अपना कोविड टीकाकरण अवश्य करवाये। जिन लोगों ने प्रथम डोज ले ली है, वे अपनी दूसरी डोज भी समय पर जरूर ले। कोविड संक्रमण अभी पूरी तरह समाप्त नही हुआ है। इसलिए सभी लोग कोविड अनुरूप आचरण करे।

## मच्छर मारने की दवा बनाने वाली फर्जी कम्पनी पकड़ी गई

**लखनऊ।** अलीगंज इलाके में एक प्रतिष्ठित कम्पनी के नाम से मच्छर मारने वाली नकली दवा बनाने वाली फर्जी कम्पनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। हरियाणा गुरुग्राम निवासी निहार अग्रवाल ब्रिलॉन कंज्यूमर प्रोडक्ट प्रालि में कार्यरत हैं। उनकी कम्पनी मच्छर मारने वाला उत्पाद ऑल ऑउट बनाती है। निहार के मुताबिक काफी समय से उनकी कम्पनी के उत्पाद के नाम से नकली सामान बेचे जाने की सूचना मिल रह थी। इस पर निहार ने बीते 25 दिसंबर को एसीपी अलीगंज सै. अली अब्बास से मुलाकात कर उन्हें घटना की जानकारी दी थी। 12 जनवरी को चौकी इंचार्ज परवेज अहमद ने पुलिस टीम के साथ साठ फीटा रोड स्थित माई शापिंग बैग्स दुकान पर छापा मारा।



राजधानी के बाजारों में मकर संक्रांति के अवसर पर खरीदारी करती महिलाएं

# अंत: वासी छात्रों के बाहर निकलने पर एलयू ने लगाई रोक

● छात्रावासों में बनाये गए क्वारन्टीन सेंटर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लखनऊ** विश्वविद्यालय के छात्रावासों में रहने वाले अंत: वासी छात्रों के कोरोना पॉजिटिव निकलने के बाद संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए विवि प्रशासन के उनके बाहर निकलने पर रोक लगा दी है। वहीं छात्रावासों में रहने वाले स्टूडेंट्स की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। संक्रमित स्टूडेंट्स को लेकर हॉस्टल में ही क्वारन्टीन सेंटर बनाया गया है। वहीं पर उनके खाने.पीने और दवा इत्यादि की व्यवस्था की गई है। साथ ही अन्य छात्रों की आरटीपीसीआर टेस्ट कराया जा रहा है।

विश्वविद्यालय में बुधवार से ही छात्रावासों में कोरोना संक्रमित छात्र मिलने शुरू हो गए थे। फिर गुरुवार को आई जांच रिपोर्ट में इनकी संख्या



में बढ़ोत्तरी हुई है। अभी तक छात्रावासों में छात्रों की कोरोना जांच कराई जा रही है।

छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो पूनम टंडन और कुल सचिव डॉ विनोद कुमार सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय अपने स्तर पर छात्रावास मे रहने वाले छात्रों.छात्राओं को सभी सुविधाएं देने का प्रयास कर रहा है और उनकी सेहत का भी पूरा खयाल रखा जा रहा है। लगातार कोरोना संक्रमित छात्रों की पूरी देखभाल की जा रही है। उन्हें स्वस्थ छात्रों से अलग रखा जा रहा है। कोरोना संक्रमित छात्रों को उन्हीं के कमरे में दवा और भोजन की व्यवस्था की गई है।

**विदेशी छात्रों के लिए बनाई गई समिति:** आचार्य नरेंद देव अंतरराष्ट्रीय छात्रावास जहां 48 विदेशी छात्र रहते हैंए वहां पर विवि प्रशासन ने छात्रों की स्वास्थ समिति का गठन किया है। समिति के सदस्य छात्रावास के सभी छात्रों का दिन में दो बार ऑक्सिजन लेवलए पल्स और तापमान की जांच कर रहे हैं।

**छात्रों के छात्रावास से बाहर निकलने पर रोक:** प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि संक्रमण के रोकथाम के लिए छात्रों को से छात्रावास से बाहर निकलने पर रोक लगा दी गयी है। छात्रावासों में नियमित रूप से सेनेटाइजेशन कराया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि छात्र.छात्राओं से अपील की गई है अब इधर परीक्षाएं नही होनी हैं। और कक्षाएं भी ऑनलाइन चल रही हैए तो ऐसी स्थिति में छात्र.छात्राएं अपने हित में अपने.अपने घर चले जाएं। कल जिन छात्र.छात्राओं की जांच की गई थी, उनकी रिपोर्ट आनी अभी बाक़ी है।

**सुबह आठ बजे से डिस्पेंसरी में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध:** विवि की छात्र कल्याण अधिष्ठाता ने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय के डिस्पेन्सरी में भी सुबह आठ बजे से चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। वहां पर कोरोना संक्रमण सहित अन्य सभी बीमारियों का इलाज की सुविधा मौजूद है।

सभी छात्रावासों के कॉमन रूम को क्वारंटाइन सेंटर बनाया गया है। इसके अलावा निवेदिता छात्रावास में असिस्टेंट प्रोवोस्ट के घर में ही क्वारंटाइन सेंटर बनाया गया है। वहां पर करीब आधा दर्जन छात्राओं की रहने की व्यवस्था की गई है।

**कैलाश छात्रावास होने लगा खाली:** कोरोना संक्रमण कैलाश छात्रावास में भी फैल गया है। बताया जा रहा है कि काफी छात्राओं में कोरोना के लक्षण पाए गए हैं। उनकी आरटीपीसीआर जांच कराई जा रही है। संक्रमण के बार छात्राओं ने छात्रावास छोडऩा शुरू कर दिया है। काफी छात्राएं अपने घर जा चुकी हैं।

## एकेटीयू कुलपति आज संभालेंगे कार्यभार

**लखनऊ।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के नए कुलपति प्रो प्रदीप कुमार मिश्रा शनिवार को कार्यभार संभालेंगे। बता दें कि 10 दिन पहले यानी बीती पांच जनवरी को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने झारखंड प्राविधिक विश्वविद्यालय रांची के कुलपति रहे प्रो पीके मिश्रा को एकेटीयू का कुलपति बनाए जाने का आदेश जारी किया था। अभी तक प्रो विनीत कंसल एकेटीयू में बतौर कुलपति कामकाज देख रहे थे।

## नगर अभियंता समेत तीन कर अधीक्षकों कारण बताओ नोटिस जारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शहर में** आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद भी पोस्टरए वॉल पेंटिंग लगाने पर नगर आयुक्त ने नाराजगी जताई। नगर आयुक्त ने लापरवाही पर हजरतगंज के नगर अभियंताए तीन कर अधीक्षकों कारण बताओ नोटिस जारी किया। वहीं समस्त नगर अभियंता व जोनल अधिकारियों को निरंतर अभियान चलाते हुए किसी भी स्थान पर प्रचार सामग्री पाये जाने पर तत्काल कार्यवाही करते हुए उसको हटाये जाने के निर्देश दिये है।

पुराने राजनैतिक पोस्टर व वॉल पेंटिंग की जानकारी होने के बाद आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में तत्काल पोस्टर हटाये गये और वॉल पेंटिंग की सफाई करायी गयी। इसके बाद भी प्रचार सामग्री को पूर्व समय से न हटाये जाने के कारण नगर अभियंताए कर अधीक्षक ;प्रवर्तनद्ध जोन.2, 3 व 6 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। साथ ही समस्त नगर अभियंता व जोनल अधिकारियों को निरंतर अभियान चलाते हुए किसी भी स्थान पर प्रचार सामग्री पाये जाने पर तत्काल कार्यवाही करते हुए उसको हटाये जाने के निर्देश दिये गये है। समस्त सम्बन्धित से यह प्रमाण पत्र भी प्राप्त किया जा रहा है कि उनके अधीन किसी भी क्षेत्र में प्रचार सामग्री नहीं लगी है। गौरतलब है कि भारत निर्वाचन आयोगए नई दिल्ली द्वारा विधानसभा सामान्य निर्वाचन.2022 की घोषणा की जा चुकी हैए जिसके जिला निर्वाचन अधिकारीए लखनऊ के पत्र संख्या 87ध्निर्वाचन.1 .जनवरी .2022 से आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन निश्चित कराये जाने के लिए निर्देशित किया जा चुका है। नगर आयुक्त द्वारा नगर निगम सीमान्तर्गत राजनैतिक प्रचार सामग्रियों को हटाये जाने के लिए प्रचार विभागए जोनल अधिकारियों और नगर अभियन्ताओं के स्तर पर टीमों का गठन कर शहर के समस्त क्षेत्रों में राजनैतिक होर्डिंग्सए बैनरए स्टीकरए पम्पलेट एवं वॉल पेन्टिंग आदि प्रचार सामग्रियाँ अभियान चलाकर हटाये जाने के निर्देश दिये गये है।

# खुद को मजिस्ट्रेट बताकर ठगे 53 लाख रुपए, मुकदमा दर्ज

● हाईकोर्ट में नौकरी दिलाने के नाम पर कई लोगों से ठगी नकदी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मजिस्ट्रेट होने** का दावा करने वाले जालसाज ने नवाब सिंह के रिश्तेदारों की हाईकोर्ट में नौकरी लगवाने का भरोसा दिया था। किराएदार का परिचित होने के कारण नवाब ठग की बातों पर भरोसा कर बैठे थे। इसके बाद उन्होंने जालसाज को 53 लाख रुपये भी दिए थे। लेकिन नौकरी नहीं मिली। वहींए किराएदार भी मकान छोड़ कर भाग निकली। इसके बाद पीड़ित ने एसीपी कैंट से मुलाकात कर उन्हें घटना की जानकारी देते हुए पीजीआई कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। रायबरेली रोड सैनानी विहार निवासी नवाब सिंह के मकान में सरोज गौतम किराए पर रहती थी। जिससे मिलने के लिए नागेंद्र सिंह घर आता था। इस दौरान सरोज ने नागेंद्र की मुलाकात मकान मालिक नवाब सिंह से कराई थी। बातचीत में नागेंद्र ने मजिस्ट्रेट होने का दावा किया। साथ ही हाईकोर्ट में नियुक्तियां निकलने की जानकारी दी। नवाब के मुताबिक उनके रिश्तेदार नौकरी तलाश रहे थे। इसलिए उन्होंने सरोज के परिचित नागेंद्र पर भरोसा कर लिया। बातचीत के बाद प्रति व्यक्ति आठ लाख रुपये का खर्च आने की बात कही। नवाब के मुताबिक नागेंद्र ने सरकारी अधिकारी होने के कारण अपने अकाउंट में रुपये भेजने से मना किया था। इसकी जगह नरेंद्र सिंहए शीला देवी और वीर बहादुर शाह के खाते में 22 लाख रुपये जमा कराए थे। इसके अलावा 31 लाख रुपये टुकड़ों में नगद लिए थे। इसके बाद भी नौकरी नहीं मिली। इस बीच सरोज गौतम मकान खाली कर चली गई। कई दिन तक नवाब का दोनों लोगों से सम्पर्क नहीं हुआ। जिसके बाद वह नागेंद्र के घर पहुंचे। वहां उनहें निक्की सैनी मिला। नागेंद्र ने निक्की से भी रुपये ऐंठे थे। यह बात पता चलने के बाद नवाब ने एसीपी कैंट से मुलाकात कर उन्हें घटना की जानकारी दी। एसीपी के मुताबिक नागेंद्र सिंह और सरोज गौतम के खिलाफ धोखाधड़ीए अमानत में खयानत व धमकी देने की धारा में एफआईआर दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

# कोविड मरीजों की हर संभव मदद की जाए: अक्षय त्रिपाठी

● होम आईसोलेशन के मरीजों को जरूरत की चीजों को भेजने के निर्देश, एलडीए उपाध्यक्ष द्वारा कोविड कंट्रोल की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एलडीए** उपाध्यक्ष द्वारा कोविड कंट्रोल की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए गए। उपाध्यक्ष द्वारा कोविड मरीज मिलने पर परिसर में सैनिटाइजेशन कार्य कराने और होम आईसोलेशन में रह रहे कोविड मरीजों को दैनिक उपयोग की चीजों की आपूर्ति का काम रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन से तालमेल करने के निर्देश दिए गए। यही नहीं कोविड मरीजों की हर संभव मदद करने के निर्देश दिए।



शुक्रवार को एलडीए के उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने कोविड-19 की रोकथाम को लेकर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक की। इस दौरान उपाध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राधिकरण की बहुमंजिली आवासीय योजनाओं में कोविड मरीज मिलने पर परिसर में सैनिटाइजेशन कार्य तत्काल प्रभाव से करवाया जाए। इसके अलावा होम आईसोलेशन में रह रहे कोविड मरीजों को दैनिक उपयोग की चीजों की आपूर्ति का काम रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन से समन्वय स्थापित करके सुनिश्चित कराया जाए। बैठक में उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी द्वारा कोविड कंट्रोल को लेकर किए जा रहे कार्यों की जोनवार समीक्षा की गई। इसमें यह निर्देशित किया गया कि प्राधिकरण की जो कालोनियां नगर निगम को हस्तांतरित नहीं हुई हैं। उनमें स्थित समस्त बहुमंजिली आवासीय भवनों में कोविड हेल्प डेस्क की स्थापना व लोगों को जागरूक करने के लिए पोस्टर, बैनर लगाने का कार्य दो दिन में पूरा कर लिया जाए। इसके अतिरिक्त प्राधिकरण द्वारा अनुरक्षित कालोनियों में निजी विकासकर्ता द्वारा बनाये गये बहुमंजिली आवासीय भवनों में भी पोस्टर,बैनर लगवाए जाएं। इस दौरान सचिव पवन कुमार गंगवार ने कहा कि जिन अपार्टमेंटों में कोविड पॉजिटिव केस मिल रहे हैं, वहां नगर निगम से बात करके सैनिटाइजेशन का कार्य वृहद स्तर पर कराया जाए। उन्होंने जोनल अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में गठित आरडब्ल्यूए से संपर्क बनाकर यह सुनिश्चित कराएं कि कोई भी संक्रमित व्यक्ति बाहर न निकले। कंट्रोल रूम में तैनात कर्मचारियों द्वारा रोजाना इस स बंध में फीड बैक लिया जाए। बैठक में अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा, विशेष कार्याधिकारी राजीव कुमार, अधिशासी अभियंता कमलजीत सिंह समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## वेव मॉल के पास युवती से छेड़छाड़ अपहरण का प्रयास मुकदमा दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी के** विभूतिखंड स्थित वेव मॉल के पास बुधवार को कार सवार युवकों ने युवती को अगवा करने का प्रयास किया। युवती के विरोध करने पर नशे में धुत युवक गाली गलौज करने लगे। पीड़िता के शोर मचाने पर कार सवार भाग निकले। युवती ने फोन कर पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। इसके बाद 112 कंट्रोल रूम से पहुंचे पुलिस कर्मियों ने युवती को उसके घर पहुंचाया। इन्दिरानगर निवासी 22 वर्षीय युवती बुधवार रात विभूतिखंड से घर लौट रही थी।

पीड़िता के मुताबिक रात 12.30 बजे करीब वह वेव मॉल के सामने पहुंची थी। तभी कार सवार युवक आ धमके। जो नशे में धुत थे। आरोपी युवती को कार में घसीटने का प्रयास करने लगे। पीड़िता के मुताबिक चिनहट इस्माइलगंज निवासी यश राज सिंह को वह पहचान गई थी। जो पहले भी युवती से कई बार छेड़छाड़ कर चुका था। सरेराह पीड़िता को अगवा किए जाने का प्रयास होते देख चीख पुकार मचने पर राहगीर मदद के लिए दौड़ पड़े थे। जिन्हें आते देख यशराज सिंह भाग निकला था। पीड़िता के मुताबिक आरोपियों की कार पर नम्बर भी नहीं था। इंस्पेक्टर विभूतिखंड डॉण् आशीष कुमार मिश्र के मुताबिक पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया।

## लापता छात्रा को पुलिस ने सकुशल किया बरामद

**निगोहाँ।** थाना क्षेत्र के मदापुर मंदिर गांव से बीते बुद्धवार की देर रात सदिग्धं परिस्थितियों में लापता हुयी कक्षा सात की छात्रा को पुलिस ने 24घंटे के अंदर गोंडा जनपद से सकुशल बरामद किया।पूछताछ में छात्रा ने परिजनो की डांट से झुब्ध होकर घर छोड़ने की बात कही। पुलिस ने परिजनो को थाने बुलाकर छात्रा को उनके सुपूर्द किया। थाना प्रभारी जीतेन्द्र प्रताप सिहं ने बताया बीते गुरूवार की सुबह थाना क्षेत्र के मदापुर मंदिर गांव निवासी मो0इरफान ने लिखित शिकायत करते हुये बताया था कक्षा सात में पढने वाली उनकी 13 वर्षीय बेटी समरोज बानो उर्फसना बुद्धवार की देर रात 11बजे अपने कमरे का दरवाजा खोलकर कही चली गयीएकाफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नही चला।पीड़ित पिता के शिकायती पत्र के आधार पर छात्रा की गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस की टीमो को छात्रा की तलाश के लिये लगाया गया।

# आदर्श चुनाव अचार संहिता को लेकर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त

● चारों जोन के अफसरों ने पुलिस बल के साथ निकाला रूट मार्च

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मतदान** के दौरान कोई किसी तरह का खलल न डाल सके इसके मद्देनजर चुनाव आयोग के दिशा.निर्देशों का पालन करते हुए कमिश्नरेट पुलिस कमर कस कर मैदान में उतर चुकी है।

इसी कड़ी में शुक्रवार को पुलिस उपायुक्त उत्तरी प्राची सिंह के नेतृत्व में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल और पीएसी जवानों के साथ इंदिरा नगर के मुंशी पुलिया होते हुए पूरे उत्तरी क्षेत्र में पैदल मार्च निकाला। इसके अलावा निष्पक्ष चुनाव कराने और शांतिपूर्ण ढंग से व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए एडीसीपी पूर्वी कासिम आब्दी के देखरेख में एसीपी गोमतीनगर श्वेता श्रीवास्तव के नेतृत्व में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल व पीएसी बल के गोमतीनगर क्षेत्र जैसे कि मिठाई वाला चौराहाए पत्रकार पुरम सहित कई दिशाओं में एक किलोमीटर रूट मार्च निकाला। वहीं शुक्रवार को ही दक्षिणी व पश्चिमी जोन के डीसीपीए एसीपी ने पुलिस जवानों के साथ फ्लैग मार्च निकाला। इस बाबत एडीसीपी पूर्वी कासिम आब्दी के मुताबिक सुरक्षा के मद्देनजर क्षेत्रों में पैदल मार्च निकाला गया। उन्होंने बताया कि जो भी शख्स खलल डालने की कोशिश किया तो उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं पुलिस अफसरों ने भीड़.भाड़ व ऊंची बिल्डिंगों पर ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई।

## दहेज हत्या के आरोपित पति को पुलिस ने किया गिफ्तार

**निगोहा।** नगराम थाना क्षेत्र के बजगिहा गांव में बीती 10 जनवरी को विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में हुई मौत के मामले में मृतका के पिता द्वारा दी गई तहरीर पर ससुरालिजनो पर दर्ज दहेज हत्या के मुकदमे में शुक्रवार को आरोपी पति को नगराम पुलिस ने गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया।

ज्ञात हो कि बीती 10 जनवरी की सुबह नगराम थाना क्षेत्र के बजगहिया गांव में रहने वाले रामजीत की पत्नी ज्योति;22वर्षद्ध का शव सदिग्धं परिस्थितियों में रूपट्टे के सहारे घर के कमरे में पंखे से लटकता हुआ मिला थाए।जहाँ बीते मंगलवार को निगोहां थाना क्षेत्र के शेखनखेड़ा निवासी लडकी के पिता रामकिशुन ने दहेज की मांग पुरी ना होने पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस से लिखित शिकायत कर पति रामजीतएदेवर अमनए ससुर अवधराम के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर कराया था।

# पतंगबाजों ने मेट्रो की बढ़ाई मुश्किलें

● मांझा बन सकता है दुर्घटना का कारण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शहर के** पतंगबाजों ने मेट्रो के लिए दिक्कतें बढ़ा दी है। मकर संकांति पर मेट्रो के ओएचई के ऊपर से पतंग का धातु मांझा पड़ने पर मेट्रो में टेक्निकल समस्याएं पैदा हो रही हैं। 25 हजार वोल्टेज की ओएची पर पतंग का मंझा पड़ने पर उड़ाने व ाले की जान जा सकती है, जिसको लेकर मेट्रो प्रशासन जनता को सतर्क कर रहा है। यही नहीं मांझे से मेट्रों में दुर्घटना होने पर दण्ड भी भुगतना पड़ेगा।

शुक्रवार को उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (यूपीएमआरसी) की ओर से मेट्रो कॉरिडोर के निकट पतंग न उड़ाने के लिए निरंतर जागरूकता अभियान चलाए जाते रहे हैं। लोग मकर संक्रांति एवं अन्य पारंपरिक पर्व- त्योहारों के अवसर पर खुशियां मनाने पतंग उड़ाते हैं पर खुशियों के क्षण में भी सुरक्षा के सभी ऐहतियात





बरतने में ही समझदारी है। मेट्रो की ओएचई लाइन से 25 हजार वोल्ट या 25 केवी के वोल्टेज की बिजली सप्लाई होती है और इसके नजदीक पतंग उड़ाने या पतंग फंसने की वजह से, पतंग उड़ाने वाले को भी बिजली का झटका लग सकता है और यह जानलेवा हो सकता है। यह तथ्य भी ध्यान रखना बहुत जरूरी है कि जब कॉरिडोर पर मेट्रो ट्रेनें नहीं चल रही होतीं या जिस समय यात्री सेवाएं बंद रहती हैं (रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक), तब भी ओवरहेड विद्युतीकरण के तार चार्ज होते हैं और उनमें विद्युत प्रवाह मौजूद रहता है। पतंग उड़ाने में चाइनीज मांझों तथा कॉपर एवं अन्य धातुओं से बने कांटेनुमा तारों का इस्तेमाल, जो विद्युत के सुचालक भी होते हैं। बिजली के तारों में शार्ट-सर्किट का मु य कारण बनता है। ऐसे मांझों के प्रयोग से राहगीरों एवं पशु-पक्षियों को भी हानि पहुंच सकती है। यूपीएमआरसी सभी शहरवासियों से सहयोग की अपेक्षा रखते हुए मेट्रो कॉरिडोर के नजदीक चाइनीज मांझे, धातु की तार वाली पतंगबाजी को पूरी तरह से रोकने की मुहिम में सहयोग देने की अपील करता है। यह एक दंडनीय अपराध है, जिससे आम लोगों के साथ-साथ देश की संपत्ति को भी क्षति पहुंचती है।

**चाइनीज़ और मेटालिक मांझों से पतंगबाजी के गंभीर दुष्परिणाम:** पतंगबाजी के लिए चाइनीज़ मांझे में धातु के इस्तेमाल की वजह से विद्युत आपूर्ति होती है बाधित। मेट्रो की ओएचई लाइन से 25 हजार वोल्ट/25 के.वी. के वोल्टेज की बिजली की सप्लाई होती है। पतंग उड़ाने में चाइनीज़ या मेटालिक मांझों का इस्तेमाल हो सकता है जानलेवा। स्टार्टर और मोटर बाइंडिंग के लिए इस्तेमाल होने वाले कॉपर के तार भी पतंगबाज़ों द्वारा लाए जाते हैं प्रयोग में। पतंग काटने और लूटने के लिए धातु के बने कांटेनुमा तारों के प्रयोग से होती है जानमाल की क्षति। पतंगबाजी के इन तरीकों से राहगीरों के साथ-साथ पशु-पक्षियों के भी गंभीर रूप से घायल होने का रहता है ख़तरा। मेट्रो के अलावा भारतीय रेल, नेशनल ग्रिड तथा उत्तर प्रदेश विद्युत विभाग का ट्रांसमिशन और डिस्ट्रिब्यूशन हो रहा प्रभावित।

चुनाव अधिसूचना के साथ धरपकड तेज

# 4.69 करोड़ की शराब व 8.61 करोड़ रुपए का गांजा जब्त

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**विधानसभा के** पहले चरण के चुनाव की अधिसूचना जारी होने के साथ ही आचार संहिता का सख्ती से पालन कराने के लिये निर्वाचन आयोग ने अपनी मुहिम तेज कर दी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि विधान सभा सामान्य निर्वाचन.2022 के परिप्रेक्ष्य में प्रदेश भर में लागू आदर्श आचार संहिता को सुनिश्चित कराने के अन्तर्गत अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 33,61,837 प्रचार.-प्रसार सामग्री हटायी गयी हैए जिसमें से विगत 24 घंटों में सार्वजनिक स्थानों से कुल 238971 प्रचार सामग्री हटाई गयीए जबकि निजी स्थलों से कुल 87,239 प्रचार सामग्री हटाई गयी है। उन्होंने बताया कि विगत 24 घंटों में सार्वजनिक स्थलों से वाल राइटिंग के कुल 22629, पोस्टर के 1,12,008 बैनर के 75,321 तथा 29,013 अन्य मामलों में कार्रवाई की गयी है। इसी प्रकार निजी स्थलों से वाल राइटिंग के 8,693, पोस्टर के 36,372, बैनर के 26,223 तथा 15,951 अन्य मामलों में कार्रवाई की गयी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण,समावेशी एवं कोविड सुरक्षित मतदान के लिए प्रदेश की कानून व्यवस्था के साथ आदर्श आचार संहिता को प्रभावी रूप से लागू किया गया है। इसी परिप्रेक्ष्य में पुलिस, आयकर, आबकारी, नारकोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही हैए जिसमें पुलिस विभाग द्वारा अब तक 4,15,299 लाइसेन्सी शस्त्र जमा कराये गये हैं। अब तक 163 लाइसेन्स जब्त किये गये तथा 477 लाइसेन्सों को निरस्त किया गया है। इसी प्रकार सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करते हुये 12,32,232 लोगों को पाबन्द किया गया। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में अब तक 51 लोगों के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत एफ आईआर दर्ज करायी गयी हैए जिसमें से 13 लोगों के विरूद्ध विगत 24 घंटों में एफआईआर दर्ज की गयी है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा अब तक 2317 शस्त्र, 2393 कारतूसए 186 विस्फोटक एवं 36 बम बरामद किये गये। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आबकारी एवं पुलिस विभाग द्वारा अब तक 4.69 करोड़ रूपये से अधिक मूल्य की 213675 लीटर मदिरा जब्त की गयी हैं। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग की कार्रवाई में अब तक 1.51 करोड़ रूपये से अधिक का कैश भी बरामद किया गया है। इसी प्रकार नारकोटिक्स एवं पुलिस विभाग द्वारा अब तक 8.61 करोड़ रूपये मूल्य का लगभग 2607 किलाग्राम गांजा जब्त किया गया है।

# पर्वतीय महापरिषद ने मनाया उत्तरायणी पर्व

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**पर्वतीय** महापरिषद के तत्वावधान में शुक्रवार को उत्तरायणी पर्व भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लव पंत पर्वतीय सांस्कृतिक उपवन, उत्तरायणी कार्यक्रम स्थल गोमती तट पर प्रतीकात्मक रूप से मनाया गया। इस अवसर पर पर्वतीय महापरिषद के धार्मिक प्रकोष्ठ के आचार्य मुकेश पाण्डेयए राजेन्द्र जोशी द्वारा कार्यक्रम स्थल पर पूजन, हवन कर सभी को उत्तरायणी पर्व, मकर संक्रान्ति के शुभकामनाएं व आशीर्वाद प्रदान किया इस खास अवसर पर एवं खिचड़ी भोग का आयोजन भी किया गया।

अध्यक्ष गणेश चन्द्र जोशी ने बताया कि इस अवसर पर पर्वतीय महापरिषद पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने सभी को उत्तरायणी पर्व की शुभकामनाऐं दीए महासचिव महेन्द्र सिंह रावत ने बताया की उपस्थित महिलाओं ने उत्तराखण्ड के पारम्परिक पकवान घुधते ;आटे की लोई से बनने वालेद्ध भी बनाए व वितरित किए एवं पारंपरिक लोक गायन झोड़ा.ष्काले कौआ काले घुघुति माला खालेष् गाया।

जिसमें सुमन रावतए गंगा भट्ट, मंजू शर्मा पडेलिया, माया भट्ट, नीलम जोशी, शशि जोशी, नीरू काण्डपाल, नंदा रावत सहित अनेक लोग शामिल थे। पर्वतीय समाज की महिलाओं एवं पुरूषों ने सामूहिक लोक नृत्य झोड़े का आयोजन भी किया जिसमें ष्सोला.सोलनी तेर मेरो दगड़ हैरौष् गाया गया जिसमें, रमेश उपाध्याय, गणेश जोशी एडवोकेट, के.एन. पाठक, गोविन्द सिंह बोरा, ख्याली सिंह कड़ाकोटी, शंकर पाण्डेय, गोपाल गैलाकोटी, आनन्द सिंह भण्डारी, पूरन जोशी, भुवन पाण्डेय, प्रकाश पाण्डेय, बसंत भट्ट, राजेश भट्टए जितेन्द्र उपाध्याय समेत अनेक लोग उपस्थित थे।

## क्विक न्यूज

### फिर सपा में शामिल हुए पूर्व मंत्री अयोध्या प्रसाद पाल

**फतेहपुर।** पूर्व मंत्री अयोध्या प्रसाद पाल आज फ़िर से समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। जिले की अयाह शाह विधान सभासीट से चार बार ;बसपाद्ध विधायक रहे अयोध्या पाल ने बसपा सेनिष्कासन के बाद 2017 का विस चुनाव भी सपा के टिकट पर लड़ा थाए किन्तु जीत नहीं पाए थे। इसके बाद फ्रि बसपा में शामिल हो गए थे। पंचायत चुनाव के दौरान आरोप लगाकर उन्हें बसपा से निष्कासित कर दिया गया थाए उसके बाद से वे इधर उधर हाथ पैर पटक रहे थे। आज लखनऊ में सपा सुप्रीमों अखिलेष यादव के समक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य आदि के साथ उन्होंने सपा की सदस्यता ग्रहण की।

### जिले में लगातार दूसरे दिन मिले 15 कोरोना संक्रमित

**फतेहपुर।** पिछले 24 घण्टे के दरम्यान जिले में 15 और कोरोना संक्रमित मिलने से इनकी संख्या बढकर 79 हों गई है। बताते चलें कि गुरुवार को भी 15 संक्रमित मिले थे। देर शाम जारी सरकारी विज्ञप्ति में जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे ने बताया कि कोरोना संक्रमितो की आज 15 की संख्या को जोडकर कुल संक्रमित बढकर 79 हों गए हैं। बताया कि जनपद में जहां पर भी संक्रमित मिले हैं, उस क्षेत्र को कंटेनमेंट जोन घोषित कर आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर कडाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। डीएम ने जनपदवासियों से कोरोना गाइड लाइन का कडाई से अनुपालन करने और जरूरी होने पर ही घर से निकलने की अपील की है।

### चोरों ने दुकान का शटर काट लाखों का माल किया पार

**हुसैनगंज ( फ्तेहपुर )।** कस्बे के चौराहा स्थित डलमऊ मार्ग पर बीती रात अज्ञात चोरों ने इलेक्ट्रॉनिक की एक दुकान का शटर काटकर लाखों का माल पार कर दिया। जिससे पुलिस की रात्रि गश्त भी बेकार साबित हो रही है। हुसैनगंज इलाके में बढती हुई चोरियों से पुलिस के प्रति गुस्सा बढ़ रहा है। मालूम हो कि हुसैनगंज कस्बे के समीप छिटनापुर गांव निवासी हरिप्रसाद लोधी की इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान कस्बे के डलमऊ रोड पर है। वह रोज की भांति देर शाम दुकान बंदकर अपने गांव चले जाते हैं। बीती रात अज्ञात चोरों ने उनकी दुकान का शटर काटकर अंदर घुसे और दुकान में रखे 4 एलसीडी, तीन मिक्सी मशीन, दो इनवर्टर, बैटरा, एक होम थिएटर, चार एम्प्लीफायर, तीन सिलाई मशीन, इलेक्ट्रॉनिक मथानी, पांच पीस इलेक्ट्रिक आयरन, एक स्टेबलाइजर, दो पीस बैटरी चार्जर सहित अन्य सामान चोरों ने पार कर दिया। दुकान संचालकर ने बताया कि करीब डेढ लाख रुपए की चोरी हुई। भुक्तभोगी ने हुसैनगंज थाने में चोरी की तहरीर दी है। हुसैनगंज कस्बे में हो रहे चोरियों को लेकर व्यापारियों में पुलिस के प्रति गुस्सा है। व्यापारियों का कहना है कि थाने से चंद कदम की दूरी पर चौराहा है और रात्रि में पुलिस की गश्त भी लगती है, इसके बावजूद भी कस्बे में चोरियां हो रही हैं।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**खखरेरू ( फ्तेहपुर )।** खखरेरू थाना क्षेत्र के राईपुर गांव में एक नवयुवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अमन कुमार पुत्र प्रताप यादव उम्र लगभग 20 वर्ष निवासी राईपुर की रात्रि में अज्ञात कारणों से अचानक मौत हो गई। सुबह जब घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो धीरे-धीरे इस घटना के विषय में पूरे गांव में चर्चाएं होने लगी। जिसके विषय में गांव के कुछ लोग आपस में काना फूसी कर रहे थे कि मृतक अमन का परिजनों के साथ शाम को किसी बात को लेकर कहा सुनी हुई थी। उस समय युवक शराब के नशे में था।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**अमौली ( फ्तेहपुर )।** जनपद के थाना चांदपुर अंतर्गत अमौली फ्तेहपुर रोड पर रात लगभग 8 बजे कुल्खेडा पेट्रोल पंप से 200 मीटर फ्तेहपुर की तरफ मकरंदपुर मोड के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिससे टक्कर खाकर बाइक सवार एक गहरी खाई में जा गिरा। क्षेत्र में गश्त कर रहे अमौली चौकी इंचार्ज रामनरेश यादव ने जानकारी मिलते ही पुलिस बल के साथ तत्काल घटनास्थल का जायजा लिया। टक्कर खाकर गिरे बाइक सवार के पास जाकर देखा तो वह दम तोड़ चुका था। वहीं मौके पर उपलब्ध बाइक यूपी71एसी0446 की जानकारी लेते हुए परिजनों को सूचना दी गई। मृतक की पहचान 25 वर्षीय शक्तिमान पुत्र जागेश्वर निवासी गांव गहरुखेडा के रूप में की गई। उसके हादसे की खबर सुनकर घर में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने मृतक की पहचान शक्तिमान पुत्र जागेश्वर के रूप में की। पहचान हो जाने के पश्चात थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह चांदपुर ने पंचनामा कर मृतक का शव विच्छेदन ग्रह भेजकर कार्यवाही प्रारम्भ कर दी।

### ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**बरेली।** चलती ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने लाश को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी ।अलीगंज थाना क्षेत्र के गांव क्योंना बेनीपुर निवासी 35 वर्षीय अजय कुमार पुत्र रामप्रकाश कि बीती रात सुभाष नगर थाना क्षेत्र के मोहल्ला मढ़ीनाथ के पास से गुजर रही रेलवे लाइन पर चलती ट्रेन से गिरकर मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि अजय मुरादाबाद की एक फैक्ट्री में काम करता था और कल शाम को मुरादाबाद से घर वापस लौटने के लिए ट्रेन में सवार हुआ था उसे बरेली रेलवे जंक्शन पर ट्रेन से उतराना था जहां से उसे अलीगंज जाने वाली गाड़ी या कोई अन्य वाहन पकड़ना था लेकिन जब उसकी ट्रेन रेलवे जंक्शन के पास पहुंचने वाली थी तो वह बोगी के दरवाजे पर आकर खड़ा हो गया लेकिन इसी दौरान चलती ट्रेन से गिरकर उसकी मौत हो गई सुबह होने पर लोगों ने उसकी लाश को रेलवे लाइन पर देखा और घटना की जानकारी रेलवे पुलिस को दी कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पर पहुंची रेलवे पुलिस ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी जो मौके पर पहुंची और मृतक की जेब से मिले मोबाइल फोन से उसके घर वालों को सूचना दी जो मौके पर पहुंचे घर वालों ने लाश की शिनाख्त कर ली पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# आचार संहिता और कोविड प्रोटोकॉल को दरकिनार कर रहे कोटेदार

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**प्रशासन** की सख्त मनाही के बावजूद भी मोहनलालगंज के कुछ राशन दुकानदार विधानसभा चुनाव की आचार संहिता और कोविड प्रोटोकॉल पर अमल में लापरवाही बरत रहे हैं। शुक्रवार को भी मोहनलालगंज की एक राशन दुकान पर धड़ल्ले से सीएम और पीएम की फोटो लगे रिफाइंड ऑयल और चने की पैकेट वितरित किए जाते रहे।

कुछ कार्डधारकों ने आचार संहिता का हवाला देकर इसका विरोध भी किया लेकिन राशन वितरण कर रहे लोगों ने विरोध को अनसुना कर दिया। जिसकी फोटो भी सोशल मीडिया पर वायरल होती रही। लेकिन अधिकारियों को इसकी भनक तक नहीं लग सकी। उधर कोविड प्रोटोकॉल पर अमल की कौन कहे फोटो में राशन वितरण कर रहे लोग ही बिना मास्क के नजर आए। इस बीच पुलिस भी मौके पर पहुंची लेकिन पुलिसकर्मियो के सामने भी वितरण कर रहे लोग बिना मास्क के रहे।

लेकिन पुलिसकर्मियों ने भी उन्हें कोविड प्रोटोकॉल का सबक सिखाने की जरुरत नहीं समझी और फोटो खिंचवाकर वापस लौट गए। सप्लाई इंस्पेक्टर सुयश कृष्ण ने बताया सभी कोटेदारों को आचार संहिता और कोविड प्रोटोकॉल पर सख्ती से अमल करने के लिए कहा गया है। रिफाइंड ऑयल व चने और नमक के पैकेट पर टेप लगाकर वितरण करने के लिए कहा गया है। लगातार निरीक्षण करके जायजा भी लिया जा रहा है। अगर कहीं से भी इसके उल्लंघन की सूचना मिलेगी जांच कर फौरन कार्रवाई की जाएगी।

# गले की नस के जरिये युवती की दुर्लभ सर्जरी कर पीजीआई ने दिलाई समस्या से निजात

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**हृदय** के बाएं वाल्व संकीर्ण होने से सांस फूलने की समस्या से युवती की दुर्लभ सर्जरी कर समस्या से निजात दिलाने में सफलता हासिल की है। आमतौर पर पैर की नसों के जरिये बैलून डायलेटेशन के जरिये डॉक्टर्स समस्या से मरीज को निजात दिलाते हैंए पर इस सर्जरी में युवती के पैर की नसों के असामान्य होने से डॉक्टर्स को गले की नस का सहारा लेना पड़ा। सामान्यत: इस प्रकार की स्थिति में ओपेन हार्ट सर्जरी की आवश्यकता पड़ती है, जो जोखिम भरी होती है।

पीजीआई के कार्डियोलॉजी विभाग की एडिशनल प्रोफेसर डाक्टर रूपाली खन्ना के मुताबिक 25 वर्षीय युवती को सांस लेने की समस्या थी। क्योंकि उसके हृदय का बायां वाल्व संकीर्ण था। जिसके चलते युवती का बैलून डायलेटेशन किया जाना था। यह प्रक्रिया सामान्यतया पैर की नसों के द्वारा की जाती हैए लेकिन इस रोगी के पैरों की नसें असामान्य थी। अत: इस प्रक्रिया को अपनाना संभव नहीं था। ऐसी स्थिति में ओपन हार्ट सर्जरी की आवश्यकता पड़ती है। उन्होंने बताया कि एनेस्थेसिया विभाग के अपने सहयोगी डाक्टर अमित रस्तोगी के सहयोग से इस प्रकिया को गले की नसों द्वारा करने का निर्णय लिया। जिसके लिए असाधारण अनुभव और विशेषज्ञता की आवश्यकता थी। इस प्रकिया द्वारा विश्व में बहुत ही कम केस किए गए हैं। डाक्टर रूपाली और उनकी टीम ने बैलून डायलेटेशन के द्वारा मिट्रल वाल्व को चौड़ा किया गया। उन्होंने बताया कि इस प्रकार ओपन हार्ट सर्जरी जोकि जोखिम भरी और महंगी सर्जरी है, की आवश्यकता नहीं पडी। रोगी पूर्णतया स्वस्थ है और एक.दो दिन में उसे वार्ड से छुट्टी मिल जाएगी।

# पंकज सिंह मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड में प्रदेश सचिव मनोनीत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीश राजा ने शुक्रवार को सपा कार्यकर्ता पंकज सिंह को मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव मनोनीत किया गया। नव मनोनीत प्रदेश सचिव ने कहाकि प्रदेश की जनता भाजपा सरकार की नीतियों से परेशान है, समाजवादी पार्टी सरकार के दौरान किए गए विकास कार्यो के दम पर विधान सभा चुनाव 2022 में जनपद की सभी सींटो के साथ साथ प्रदेश में सपा प्रत्याशी जीत दर्ज कराकर एक बार फ्रि से सपा की सरकार राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को सीएम बनाने का कार्य करेगे। इस मौके पर सपा से प्रदेश सचिव वीर बहादुर सिंह, पूर्व जिला कोषाध्यक्ष कुंवर विनोद सिंह, एडवोकेट विपिन यादव, एडवोकेट खजान सिंह, एडवोकेट मनोज गुप्ता, चंद्रकांत पाल, सौरभ श्रीवास्तव गुंजन, मनीष उपाध्याय, अंकुर मिश्रा गोलू, ललित मिश्रा समेत अन्य तमाम लोगों ने बधाई दी।

# 16 क्वार्टर देसी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**संवाददाता।** पुखरायां। कानपुर, देहात

**शुक्रवार** को भोगनीपुर की पुलिस ने पुखरायां कस्बे के पटेल चौक के पास एक व्यक्ति को 16 क्वार्टर देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। अवैध रूप से मादक पदार्थ बेचने के जुर्म में उसे जेल भेल दिया है। कस्बा पुखराया के चौकी इंचार्ज विकल्प चतुर्वेदी ने बताया कि शुक्रवार को वह पटेल चौक पर गश्त कर रहे थे। तभी पार्क के नजदीय एक व्यक्ति संदिग्ध परिस्थित में खड़ा दिखा। उसके पास जाकर जामा तलाशी ली गई तो एक झोले में 16 क्वार्टर देसी शराब की बोतलें पड़ी थीं। उसने पुखराया निवासी आशीष सचान अपना नाम बताया है। अवैध रूप से मादक पदार्थ बेंचने के जुर्म में उसे जेल भेज दिया गया है।

# काकोरी सीएचसी पर कोविड को लेकर धर्मगुरुओं के साथ अधीक्षक ने की बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- कोविड टीकाकरण के प्रति लोगों को जागरूक करने की अपील

**कोरोना** के नए वैरिएन्ट ओमीक्रॉन के साथ ही कोरोना के बढ़ते संक्रमण के मद्देनजर काकोरी सामुदयिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सा अधीक्षक डा दिलीप कुमार भार्गव ने धर्मगुरुओं के साथ बैठक की। बैठक में चिकित्सा अधीक्षक ने धर्मगुरुओं से कहा कि कोरोना और ओमीक्रॉन से हमें कोविड टीकाकरण ही सुरक्षित बना सकता हैए क्योंकि इनसे लड़ने में कोविड टीकाकरण एकमात्र कारगर हथियार है। उन्होंने धर्मगुरुओं से अपील की कि वह कोविड टीकाकरण के प्रति लोगों को जागरूक करने को आगे आयें। डा भार्गव ने कहा कि एक से 15 साल तक के बच्चों के लिए अभी कोविड की वैक्सीन नहीं आयी है। इसलिए हमें कोविड का टीका जरूर लगवाना चाहिए ताकि हमारे बच्चे सुरक्षित रहें। उन्होंने कहा कि अब तो 15 से 18 वर्ष के किशोर किशोरियों के लिए और गंभीर बीमारियों से ग्रसित 60 वर्ष की आयु पूरी कर चुके बुजुर्गों को प्रीकॉशन डोज लग रही है। वह सभी टीका जरूर लगवाए। स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी शशिभूषण ने कहा कि गर्भवती और धात्री के लिए भी कोविड का टीका सुरक्षित है। इससे माँ के साथ.साथ गर्भस्थ शिशु भी सुरक्षित रहता है। इसलिए वह भी कोविड का टीका अवश्य लगवाएं। गर्भावस्था के दौरान कभी भी कोविड का टीका लगवा सकती हैं। ब्लॉक समुदाय प्रक्रिया प्रबंधक प्रद्युम्न कुमार मौर्य ने कहा कि लोगों को इस बात के लिए जागरूक करें कि कोविड का टीका लगवाने के बाद भी लापरवाही न बरतें।

# खिचड़ी भोज के साथ हुआ फ्री हेल्थ चेकअप



**लखनऊ।** फैजाबाद रोड स्थित बीबीडी ग्रीन सिटी में शुक्रवार को मकर संक्रांति के अवसर पर खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। इस मौके पर डिजिटल हेल्थ केयर की ओर से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया। जिसमें सोसाइटी के करीब 200 लोगों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। संस्था के स्टेट प्रॉजेक्ट हेड अभिषेक अस्थाना ने बताया कि संस्था की ओर से चलाए जा रहे अभियान के तहत लोगों को संस्था द्वारा स्वास्थ्य कार्ड भी सौंपा गया। इसके तहत एक परिवार के चार सदस्यों का इलाज व जांचें भारी छूट के साथ कराई जा सकेंगी। इस कार्ड की वैलिडिटी एक साल है। इस मौके पर संस्था के चेयरमैन राजकिशोर शुक्ला, सचिव, पवन दिक्षित, एजाज खान, मुकेश सिंह, अंकित और संतोष सिंह मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने चौकीदारो सहित असहायों व दिव्यांगो को बांटे कंबल

- विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण कराने को प्रधानो व सभ्रांत नागरिको के साथ थाने की बैठक

**संवाददाता।** निगोहा



**पुलिस** अधीक्षक लखनऊ ग्रामीण हृदेश कुमार ने शुक्रवार को निगोहा थाने पर चौकीदारो सहित गरीब, असहायो, दिव्यांगो व बुजुर्गो को ठंड से बचाने के लिये कम्बलो का वितरण किया। पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में कहा चौकीदार पुलिस व्यवस्था की प्रथम मजबूत कड़ी होते हैं। निष्ठा और लगन से चौकीदारों को अपने कार्य का निर्वहन करना चाहिये। ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले अपराधों की सूचना चौकीदारों के माध्यम से ही थाने तक पहुंचती है। यदि चौकीदार पूरी निष्ठा लगन से अपने कर्तव्य का निर्वहन करें तो ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले अपराधों पर अंकुश लगाया जा सकता है। सीओ सोमोनेन्द्र विश्वास ने कहा कि थाना पुलिस का भी कर्तव्य है कि वह चौकीदारों अथवा मुखबिरों द्वारा दी गयी सूचनाओं को गोपनीय रखें। सूचना देने वाले का नाम उजागर हो जाने से अपराधी उसके लिये खतरा बन जाते हैं।थाना प्रभारी जीतेन्द्र प्रताप सिहं ने बताया 52 चौकीदारो सहित 100 गरीब, असहाय, दिव्यांगो, बुजुर्गो को कम्बलो का वितरण किया गया। ग्राम प्रधान अभय दीक्षित व समाजसेवी ललित सिहं ने पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारी को अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ भेटकर स्वागत किया। इस मौके पर मुकेश मिश्रा, विमल सिहं चौहान, राजाराम यादव, कृष्ण कुमार सोनी, प्रधान सुरेश कुमार मौजूद रहे।

### शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव कराने में करें सहयोग

**पुलिस** अधीक्षक हृदेश कुमार ने विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण कराने के लिये प्रधानो सहित सभ्रांत नागरिको के साथ निगोहां थाने में बैठक कर पुलिस का सहयोग करने की अपील की ।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न कराने में पुलिस का सहयोग करें। शास्त्र लाइसेंस समय पर जमा कराने की अपील की। कहा कि असमाजिक तत्वों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। यदि किसी ने माहौल खराब करने का प्रयास किया तो कानूनी कार्रवाई होगी ।बैठक के बाद एसपी ने थाना परिसर में निर्माणाधीन विवेचना कक्ष व बैरक का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

**संवाददाता।** कायमगंज-फर्रुखाबाद



**पुलिस** अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशानुसार अपराधो की रोकथाम व अवैध शस्त्र तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एएसपी अजय प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी कायमगंज सोहराब आलम के नेतृत्व में तीन अवैध शस्त्र निर्माण तस्करों की गिरफ्तारी कर बड़ी तादाद में शस्त्र बरामद किए।

थाना कंपिल क्षेत्र के गूजरपुर में सरसो खेत में अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री के साथ पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। जिनमें प्रेम सिंह पुत्र बनवारी लाल बृजेश पुत्र अमीर कठेरिया निवासी गुजरपुर अवधेश पुत्र चंद्रपाल निवासी नगला नाजिर के नाम शामिल हैं। पुलिस ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री के साथ गिरफ्तार लोगों के पास से 36 बने आध बने बंदूक तमंचे व कारतूस भारी मात्रा में शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए यह लोग बड़ी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाकर मुनाफा कमाना चाहते थे इन लोगों पर पहले भी आपराधिक मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना अध्यक्ष दिग्विजय सिंह, उप निरीक्षक मंगल सिंह, उदय सिंह, दीपक त्रिवेदी रामकुमार, दीपांशु, तेजवीर सिंह, राजन सिंह, नईम खान, राहुल कुमार, विपिन कुमार, मधुर स्वाति सैनी जितेंद्र सिंह एवं एसओजी टीम उपनिरीक्षक बलराज भाटी जय प्रकाश शर्मा गजराज सिंह पुष्पेंद्र विक्रम सिंह प्रवीण कुमार करण कुमार सर्विलेंस टीम संदीप कुमार अनुराग कुमार अजय कुमार गोविंद सिंह अजीत सिंह सचिन कुमार कपिल कुमार अमरनाथ शर्मा राम यादव अवधेश कुमार आदि पुलिस बल ने मिलकर अवैध शस्त्र फैक्ट्री समेत भारी मात्रा में अवैध शस्त्र व कारतूस शस्त्र बनाने के उपकरण समेत तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। क्षेत्राधिकारी सोहराब आलम ने बताया कि पूछताछ में कुछ महत्वपूर्ण जानकारी मिली हैं जिस पर जल्दी कार्रवाई की जाएगी।

## विशेष अभियान में पुलिस ने दबोचे 20 अपराधी

**फर्रुखाबाद।** जनपद पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड के लिए चलाये जा रहे विशेष अभियान में अबैध शराब तथा अबैध शस्त्रों से अराजकता फैलानें वाले 20 लोगों को गिरफ्तार किया है। जहानगंज थाना पुलिस नें क्षेत्र के गाँव गदनपुर तुर्रा निवासी कोमल को देशी अबैध बंदूक समेत गिरफ्तार किया है। कोमल के खिलाफ पड़ोसी जनपद में लूट व मादक पदार्थ के कारोबार से सम्बन्धित मूकदमें कायम हैं। पुलिस के मुताबिक कोमल पिछले कई माह से छिबरामऊ में हुई लूट के मुकदमें में बांछित चल रहा था। जिसकी तहकीकात की जा रही थी। कम्पिल थाना पुलिस ने नगला बीच निवासी देव सिंह को 12 बोर की देशी बंदूक व कारतूस समेत गिरफ्तार किया है। पुलिस उसके आपराधिक रिकार्ड की जानकारी के लिए आस-पास के जिले व जनपद के थानों से सम्पर्क कर रही है।

कमालगंज थाना पुलिस नें क्षेत्र के गाँव महरूपुर रावी निवासी विनय को 15 लीटर, शमसाबाद पुलिस ने सुल्तानगंज खरीटा निवासी सुग्रीब को 10 लीटर, कायमगंज पुलिस नें श्याम नगर निवासी सुमानु व ममापुर निवासी सुनील को 20-20 लीटर शराब , मेरापुर पुलिस नें नगला बल्लभ निवासी रामशरण सिंह, ब्रह्मपुरी निवासी सत्यवीर, उमरैल निवासी देवेन्द्र, तथा पड़ोसी जनपद एटा नयागाँव सराय अगहत निवासी हरवीर सिंह को 110 लीटर शराब, नवाबगंज थाना पुलिस नें सिरौली निवासी रामनरायन वाथम तथा मेरापुर के ग्राम कुरार निवासी अजीत व रजनेश को 28 लीटर अबैध शराब सहित गिरफ्तार किया है।

# डिग्री लेकर लौट रहे युवक की लाश पेड़ पर लटकी मिली

**संवाददाता।** बरेली

**डिग्री लेकर** आगरा से लौट रहे एक युवक की लाश आज सुबह रामगंगा के पास पेड़ पर लटकी मिली मौके पर पहुंची पुलिस और जांच टीम ने मामले की जांच शुरू करती हुई लाश को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा ।बहेडी थाना क्षेत्र के गांव आकला बाद निवासी मोहन स्वरूप सागर के 25 वर्षीय बेटे अजयवीर सागर की लाश आज सुबह रामगंगा के पास रामगंगा रेलवे स्टेशन के दक्षिण हाल्ट के पीछे लगे बबूल के पेड़ पर लटकी मिली पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के पिता ने बताया कि अजयवीर ने आगरा के अंबेडकर विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले और मयंक सिंह डिग्री कॉलेज से बीएससी की परीक्षा पास कर ली थी और उसका विवाह रविवार को भोजीपुरा के गांव बीरपुर निवासी एक लड़की से तय हुआ दोनों का विवाह घर वालों की इच्छा से तय हुआ था। विवाह तय होने के अगले ही दिन सोमवार को वह अपनी डिग्री लेने के लिए आगरा जाने को घर से निकला था उसकी इस दौरान अपने घर वालों लगातार फोन से बातचीत भी हो रही थी रात लगभग 9.30 बजे अजयवीर ने अपनी मां माल देई से फोन पर बात हुई थी लेकिन इसके बाद उससे बातचीत नहीं हो सकी और लगातार उसके फोन पर घंटी जाती रही उसने मां को फोन पर बताया था कि वह बरेली पहुंच चुका है और देर रात तक घर पहुंच जाएगा लेकिन मां उसके वापस आने का इंतजार करती रही और वह घर नहीं लौटा सुबह होते ही उसे तलाशने की कोशिश शुरू की गई इस दौरान फोन पर भी बातचीत नहीं हो सकी पिता ने किसी भी रंजीश से इनकार किया । इधर आज सुबह लोगों ने उसकी लाश को रामगंगा के दक्षिणी हाल्ट के पीछे स्थित बबूल के पेड़ पर लटके देखा और घटना की जानकारी पुलिस को दी। कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को नीचे उतार कर घटनास्थल का निरीक्षण किया तब पुलिस को मौके से एक बैग मिला जिसमें अजयवीर की डिग्री व अन्य जरूरी प्रपत्र थे पुलिस ने इसी आधार पर उसके घर वालों को घटना की जानकारी दी जो मौके पर पहुंचे और शव को शिनाख्त के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा घटनास्थल पर मौजूद जांच टीम ने कई साक्ष्य एकत्र किए और जांच शुरू कर दी मृतक के घर वाले मामले को हत्या बता रहे हैं वहीं पुलिस मामले को आत्महत्या मान रही है मृतक चार भाई-बहनों मे सबसे बड़ा था।

# अम्बेडकरनगर को पहली बार मिला राज्यस्तरीय विवेकानंद यूथ अवार्ड

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर

**जनपद** में युवा कल्याण विभाग के दिशा निर्देशन में संचालित युवक मंगल दल-ब्राहिमपुर कुशमा को राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त होने के कारण राज्यस्तरीय विवेकानंद यूथ अवार्ड प्राप्त हुआ है। इस प्रकार का राजकीय पुरस्कार प्राप्त होने वाला यह जनपद का पहला मंगल दल होगा। मंगल दल की इस राज्यस्तरीय सर्वोच्च उपलब्धि पर बोलते हुए मंगल दल अध्यक्ष यूथ आइकॉन प्रवीण गुप्ता ने कहा कि यह राजकीय सम्मान पूरे राज्य के युवाओं के लिए गौरव का पल है जिसे वह राज्य व जनपद के युवाओं को समर्पित करते हैं। बताते चलें कि इससे पूर्व विगत वर्ष यूथ आइकॉन प्रवीण गुप्ता को सामाजिक क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए व्यक्तिगत स्तर पर भी राज्यस्तरीय राजकीय यूथ अवार्ड से माननीय मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। पूरे प्रदेश में यह पहला अवसर है कि जब किसी व्यक्ति को शासन द्वारा संचालित व्यक्तिगत व मंगल दल श्रेणी दोनों ही अवार्ड से अलंकृत किया गया हो। उक्त मंगल दल का संचालन जनपद के यूथ आइकॉन प्रवीण गुप्ता के मार्गदर्शन में किया जा रहा है जिसके अंतर्गत जनपद में अब तक सर्वाधिक रक्तदान कराने का गौरव भी प्राप्त है। मंगल दल द्वारा रक्तदान के क्षेत्र विशेष प्रयासों के लिए विगत दो वर्षों से लगातार राजकीय मेडिकल कॉलेज द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है। यह अवार्ड युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के दिशा निर्देशन में कोविड के बढ़ते मामलों के कारण राज्य स्तर पर 12-16 जनवरी तक चलने वाले युवा महोत्सव के मंच पर उपनिदेशक द्वय सीपी सिंह एवं अजातशत्रु शाही द्वारा विवेकानंद की प्रतिमा, प्रमाणपत्र एवं मंगल दल के सुदृढ़ीकरण हेतु नकद राशि प्रदान किया गया। इसी समय मंच पूरे प्रदेश को सम्बोधित करते समय मंगल दल अध्यक्ष ने यह सम्मान प्रदेश व जनपद के युवाओं को समर्पित किया।

## शत-प्रतिशत टीकाकरण के लिए हर घर दस्तक अभियान को तेज करें: मण्डलायुक्त

**अयोध्या।** मण्डलायुक्त पोल आब्जर्बर नवदीप रिनवा ने ओमीक्रान के बढ़ते मामलों के मद्देनजर सभी जिलाधिकारियों से अपेक्षा है कि जनपदों में ओमीक्रान की रोकथाम के लिए की जा रही कार्यवाहियों के बीच इसका भी ध्यान रखने की लोगों की आजीविका को कम से कम नुकसान हो कोविड पर नियंत्रण के लिए लोकल कंटेनमेंट पर ज्यादा फोकस करें और शत.प्रतिशत टीकाकरण के लिए हर घर दस्तक अभियान को तेज करें। उन्होंने कहा कि सभी को सतर्क रहना है लेकिन पैनिक स्थिति ना आए इसका भी ध्यान रखना है। मंडलायुक्त ने कोविड.19 की तीसरी लहर आने की संभावनाओं को दृष्टिगत नगर निगम के अधिकारी व पार्षदों को निर्देश दिये है कि जन सामान्य को जागरूक कर सुनिश्चित करें। नगर निगम क्षेत्र ही नहीं संपूर्ण जनपद को कोरोना वायरस से बचाने के लिए सभी का योगदान सुनिश्चित किया जाना बेहद जरूरी है।

# मण्डलायुक्त ने जिला अस्पताल व इंटीग्रेटेड कोविड कमांड सेन्टर का निरीक्षण किया

**अम्बेडकरनगर।** मंडलायुक्त अयोध्या मंडल अयोध्या/ नोडल अधिकारी नवदीप रिणवा द्वारा जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन, मुख्य विकास अधिकारी घनश्याम मीणा तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ श्रीकांत शर्मा तथा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक की उपस्थिति में महात्मा ज्योतिबा फुले संयुक्त जिला चिकित्सालय तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय स्थापित इंटीग्रेटेड कोविड कमांड सेंटर का निरीक्षण किया गया। मंडलायुक्त द्वारा अस्पताल में बूस्टर डोज वैक्सीनेशन कक्ष, 15 से 18 वर्ष के किशोरों का प्रथम डोज वैक्सीनेशन कक्ष,18 वर्ष से अधिक वैक्सीनेशन कक्ष तथा लगाए गये ऑक्सीजन प्लांट का जायजा लिया गया। वैक्सीनेशन की जानकारी एव कक्ष में जाने के लिए बाहर एव वैक्सीनेशन कक्ष के मुख्य द्वार पर बोर्ड/ पोस्टर लगाए जाने का निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिया गया। वैक्सीनेशन के लिए इधर-उधर



भटकना न पड़े। मंडलायुक्त महोदय द्वारा आईसीयू वार्ड, डेंगू वार्ड तथा डायलिसिस वार्ड का जायजा लिया गया। मंडलायुक्त द्वारा डायलिसिस वार्ड में उपस्थित डायलिसिस कराने के लिए आए मरीज के पति रामनिरंजन चौहान से जानकारी लिया गया। रामनिरंजन चौहान ने अवगत कराया कि मैं यहां पर अपनी पत्नी का डायलिसिस कराने महीने में दो बार आता हूं यहां पर मेरी पत्नी का डायलिसिस नि:शुल्क में किया जाता है डायलिसिस कराता था वहां पर एक बार में मुझे 2500 देना पड़ता था डॉक्टर की सलाह से बराबर डायलिसिस कराते रहें, जिससे मरीज को कोई परेशानी न हो। कोविड बैनर को सही स्थान पर लगाने की आवश्यकता है। इसके उपरांत मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में लगे थर्मल मशीन को देखा गया परंतु मशीन ठीक नहीं पाई गईं।

## क्विक न्यूज

### ठंड की वजह से तीन दर्जन कौवों की मौत

**मिल्कीपुर अयोध्या।** चितौरा गांव के बाग एवं खेत में लगभग 35 कौवों के मृत मिलने से ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पाकर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर कौवों के शव को कब्जे में लेते हुए वन रेंज कार्यालय ले आए। डॉक्टर की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कौवो की मौत के कारण का पता चल सकेगा अयोध्या जिले के वन रेंज कुमारगंज अंतर्गत खंडासा थाना क्षेत्र के चितौरा गांव के ग्रामीण खेत व बाग की ओर गए तो पेड़ो के नीचे तथा सरसों व गन्नो के खेतों में बड़ी संख्या में कौवे मृत पड़े दिखे। ग्रामीणों ने कौवों के मरने की सूचना वन क्षेत्राधिकारी कुमारगंज आर पी सिहं को दी। जानकारी मिलने के बाद वन क्षेत्राधिकारी वन दरोगा हौसिला प्रसाद पाण्डेयए वनरक्षक दीपक शुक्ला के साथ मौके पर पहुंच कर मृत पड़े कौवो को इकट्ठा करवा कर कुछ कौवो को वन रेंज कार्यालय ले आए जिसके बाद सूचना पर पहुंचे पशु चिकित्साधिकारी खंडासा सूर्यपाल वर्मा द्वारा मृतक कौवो का पोस्टमार्टम किया। कुमारगंज आर पी सिंह ने बताया कि लगभग 35 कौवो की मौत हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत किस कारण से हुई है ।

### अवध विवि में साप्ताहिक रोस्टर के हिसाब से आएंगे कर्मचारी

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विवि ने कोविड.19 के बढ़ते संक्रमण को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार द्वारा जारी दिशा.निर्देशों के क्रम में परिसर में 50 प्रतिशत साप्ताहिक रोस्टर के अनुरूप कार्मिकों की उपस्थिति का निर्देश दिया। विश्वविद्यालय के विभिन्न अनुभागों के कार्मिक रोस्टर के अनुक्रम में कार्यालय में उपस्थित रहेंगे। समूह क तथा वर्ग के अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। वहीं समूह ष्खाष् तथा ष्घष् वर्ग के कर्मचारी रोस्टर के अनुक्रम में नियत दिवस में सोशल डिस्टेंसिंग व कोविड.19 के सुरक्षात्मक उपायों को अपनाते हुए कार्यालय आयेंगे। रोस्टर में अंकित शेष कार्मिक वर्क फॉम होम के तहत विगत वर्ष की भांति कार्य करते रहेंगे। विश्वविद्यालय में कार्य की आवश्यकता पड़ने पर संबंधित कार्मिकों को किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय अवधि में बुलाया जा सकता है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव उमानाथ ने बताया कि कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह के निर्देश पर कार्मिकों के लिए दिशा.निर्देश प्रदान कर दिया गया है। काई भी कार्मिक बिना अनुमति के मुख्यालय से बाहर नहीं जाएंगे।

### अधिकारियों ने मकर संक्रांति की दी बधाई

**अयोध्या।** मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर मण्डल एवं जनपद के अधिकारियों द्वारा सभी को बधाई दी गयी। मण्डलायुक्त नवदीप रनिवाए पुलिस महानिरीक्षक केपी सिंहए जिलाधिकारी नितीश कुमारए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेयए नगर आयुक्त विशाल सिंह आदि द्वारा मण्डल एवं जनपदवासियों को हार्दिक बधाई दी गयी तथा इस त्यौहार को कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुये मनाने की अपील की है तथा इस पर्व को परम्परागत ढंग से मनाने की अपेक्षा भी की गयी है। उप निदेशक सूचना डा मुरली धर सिंह ने मकर संक्रांति के अवसर पर पत्रकारोंए बुद्विजीवियोंए कलाकारों और संत महात्माओं को बधाई देते हुये इस त्यौहार को परम्परागत ढंग से कोविड प्रोटोकाल के अनुसार मनाने की अपील की है।

### सुनहरे पलों का उत्सव है मकर संक्रांति

**प्रयागराज।** शुक्रवार को लोहड़ी और मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में उत्सव कार्यक्रम आयोजित हुए। बेहद खूबसूरत डिज़ाइनों वाले आभूषणों को बाजार में उतारा है। उत्सव सुनहरे पलों का थीम के साथ रिलायंस ज्वेल्स सूरज की तेजस्वी किरणों से प्रेरित डायमंड इयररिंग्स और अंगूठियों के बेमिसाल कलेक्शन लोगों के लिए उपलब्ध है। जिस तरह आसमान में चमकता हुआ सूरज हर दिन हर दिन अपने साथ उ मीद की एक नई किरण लेकर आता है। उसी तरह इस बार त्योहारों के अवसर पर ऐसे डिज़ाइन लेकर आया है। डायमंड कलेक्शन के प्रत्येक आभूषण को बड़ी सावधानी से डिज़ाइन किया गया है। जो हमें इस बात की याद दिलाते हैं कि सूरज की खूबसूरत किरणें हमारी ज़िंदगी में खुशियों की बहार लाती हैं और एक नई शुरुआत की उ मीद जगाती हैं। रिलायंस ज्वेल्स ने चौदह फरवरी तक ड्रीम डायमंड सेल नामक ख़ास ऑफर की घोषणा की है। जिसके तहत हीरे के आभूषणों के इनवॉइस मूल्य पर पच्चीस प्रतिशत तक की छूट शामिल है।

### डॉ. शांति चौधरी डा सतीश चंद्र राय सर्जना पुरस्कार से सम्मानित

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान लखनऊ की ओर से शुक्रवार को एमएलएन कॉलेज की पूर्व शोध अधिकारी डा. शान्ति चौधरी को वर्ष 2020 का डा. सतीश चंद्र राय सर्जना पुरस्कार प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ उत्तरीय एवं संबंधित पुरस्कार राशि के रूप में 40 हजार रुपये का बैंक ड्राफ्ट दिया गया। उनकी कृति दर्द सिर से पांव तक पर चिकित्सा विज्ञान एलोपैथी आयुर्वेद होम्योपैथी यूनानी विधा के अंतर्गत उन्हें यह स मान दिया गया है। दर्द सिर से पांव तक पुस्तक में डॉ. शान्ति चौधरी ने दर्द से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए शरीर के विभिन्न अंगों में दर्द के अनेक संभावित कारणों की तथ्यपरक वैज्ञानिक जानकारी दी। 108 पृष्ठों की यह पुस्तक विभा प्रकाशन से प्रकाशित हुई है।

## मकर संक्राति पर टैक्सी यूनियन हैदरगंज ने किया खिचड़ी भोज का आयोजन

**अयोध्या।** जाना बाजार मकर संक्राति के अवसर पर टैक्सी यूनियन हैदरगंज द्वारा कस्बे में बड़े पैमाने पर खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया । इस दौरान हैदर गंज क्षेत्र की सभी टैक्सी वाहन खड़े रहे । टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष अशोक गुप्ताए रामशरण पांडेयए प्रमोद पांडेए रिंकू सहित टैक्सी यूनियन द्वारा आयोजित खिचड़ी भोज में आसपास के लोगों सहित क्षेत्रीय जनता ने खिचड़ी प्रसाद ग्रहण किया। खिचड़ी भोज का कार्यक्रम देर शाम तक चला । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे पहुंचे भाजपा के वरिष्ठ नेता सियाराम सर्राफ ने खिचड़ी भोज का उद्घाटन किया । तो वही जिला पंचायत सदस्य उदित सर्राफने टैक्सी यूनियन के पदाधिकारियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया । कटरा चौराहे पर कई दशकों की भांति इस वर्ष भी गोसाईवीर बाबा देव स्थल पर रामायण पाठ के बाद मकर संक्राति के अवसर पर मेले का आयोजन हुआ ।

# एनटीपीसी का 22वां स्थापना दिवस मनाया गया

**अम्बेडकरनगर।** एनटीपीसी टांडा परियोजना का 22वॉ स्थापना दिवस 14 जनवरी 2022 को विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। परियोजना स्थित विश्वकर्मा पार्क में आयोजित इस समारोह में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख संजय कुमार सिंह ने एनटीपीसी ध्वज फहराया। कर्मचारियों ने एनटीपीसी गीत प्रस्तुत किया।



मुख्य अतिथि ने केक काटकर सभी को स्थापना दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर श्री सिंह ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित किया। अपने संबोधन में अधिग्रहण काल से लेकर अब तक हुई परियोजना की प्रगति के बारे में जानकारी साझा करते हुए कहा कि देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से टांडा परियोजना 4.110 का शिलान्यास 30 दिसंबर, 1981 को तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. इन्दिरा गांधी के करकमलों से सम्पन्न हुआ था। एनटीपीसी द्वारा इस परियोजना का अधिग्रहण 14 जनवरी 2000 को मकर संक्रान्ति के पावन पर्व पर पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि. से किया गया था। टांडा थर्मल पावर स्टेशन अधिग्रहण के समय 14 प्रतिशत पीएलएफ पर चल रहा था। अधिग्रहण के उपरान्त एनटीपीसी टांडा के तत्कालीन परियोजना प्रमुख ने अपनी छोटी सी टीम के साथ प्लांट के पुनरुद्धार का बीड़ा उठाया।

टांडा टीम के समर्पणभाव से किये गये कठोर परिश्रम का परिणाम रहा कि शीघ्र ही प्लांट शत-प्रतिशत क्षमता पर चलाया जाने लगा। एनटीपीसी टांडा के इतिहास में एक नया अध्याय द्वितीय चरण विस्तारीकरण के रूप में जोड़ा गया। इसमें 660 मेगावाट की दो इकाइयों के संस्थापन से एनटीपीसी टांडा को सुपर थर्मल पावर स्टेशन के रूप में एक नई पहचान मिली और अब इसकी कुल संस्थापित क्षमता 1760 मेगावाट हो गयी है। परियोजना विद्युत उत्पादन के साथ-साथ मानव संसाधन, नैगमिक सामाजिक दायित्व एवं पर्यावरण के क्षेत्रो में नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है।

# उर्वरक विक्रेताओं के यहां पड़ा छापा, तीन निलंबित

**अयोध्या।** जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद में उर्वरक विक्रेताओं के यहां छापा मारा गया जिसमें 3 को निलम्बित तथा 43 नमूने ग्रहित किये गये। छापेमारी में कृषकों को गुणवत्तायुक्त एवं निर्धारित मूल्य पर उर्वरकों को सही मूल्य पर उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने हेतु परक निरीक्षक अधिकारियों की तहसीलवार डियूटी लगाई गयी इसमे उर्वरक विक्रेताओं के यहाँ छापा निरीक्षण हेतु गठित उर्वरकों को टीम द्वारा जनपद में उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर कालाबाजारी एवं उर्वरकों के अधिक मूल्य पर बिक्री किये जाने एवं संदिग्ध उर्वरक नमूने प्रति किये जाने का निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया।

व्यवसायियों के प्रतिष्ठनों की जाँच करते समय निरीक्षित दुकानों पर पॉस मशीन से उर्वरकों की बिकी दुकान का मोर्ट रेट बोर्ड स्टाक की स्थितिए कृषकों से रेण्डम आधार पर किस दर पर उर्वरकों की बिक्री दुकानदार द्वारा की गई है का सत्यापन एवं कृषकों को उर्वरक बिक्री के साथ अन्य रसायन जिंक सल्फेट व सल्फर आदि के स्वैच्छा जबरदस्ती टैनिंग की स्थिति आदि की विस्तृत जाँच करते हुए आख्या प्रेषित करने का निर्देश दिया गया।

कृषि विभाग के अधिकारियों के छापे में उर्वरक के 34 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया एवं 33 संदिग्ध उर्वरक एवं 10 कीटनाशक के नमूने ग्रहित किये गयेए जिसका परीक्षण विभिन्न प्रयोगशाला में कराया जायेगा। अमानक प्राप्त होने पर लाईसेन्स निरस्त करने के साथ ही विधिक कार्यवाही भी की जायेगी। मो. अनिल खाद भण्डार पूरे काशीनाथ लल्लू गुप्ता खाद भण्डार अमानीगंज निलम्बित आदर्श खाद भण्डार मकसूमगज निलम्बित मे0 शिव राम बीज भण्डार पिपरी जलालपुर चेतावन.अभिलेख नहीं दिखाया गया।

# कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच बच्चों का रखें विशेष ध्यान

● लक्षणविहीन, मामूली लक्षण वाले पाजिटिव लक्षणयुक्त के लिए दवाएं तय

**प्रयागराज।** कड़ाके की सर्दी के बीच कोरोना के तेजी से बढ़ते मामलों को देखते हुए छोटे बच्चों की सेहत का खास याल रखना सभी के लिए बहुत ही जरूरी है। एक साल तक के बच्चे को अधिक खांसी आ रही हो पसली चल रही हो बच्चा दूध और खुराक लेना बंद कर दे तेज बुखार हो और दस्त न रुके तो नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सक से जरूर संपर्क करें। इसके साथ ही दिन में तीन चार बार बच्चे के सांस लेने की दर रेस्परेटरी रेट और आक्सीजन सेचुरेशन पल्स आक्सीमीटर से जरूर नापें। आक्सीजन सेचुरेशन 94 फीसद और उससे अधिक ही होना चाहिए। इससे कम होने पर चिकित्सक से सलाह ली जानी चाहिए। महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं वेदव्रत सिंह ने इसको ध्यान में रखते हुए विभिन्न आयु वर्गों के कोविड पाजिटिव और लक्षणयुक्त व्यक्तियों के इस्तेमाल के लिए समिति द्वारा तय की गई दवाओं को लोगों को उपलब्ध कराने को कहा है। इसके तहत शून्य से बारह साल तक के बच्चों को तीन श्रेणी में बांटते हुए और बारह साल से ऊपर वालों के लक्षणों के आधार पर जरूरी दवाओं के सेवन की सलाह दी है। शून्य से बारह माह एक से पाँच साल और छह से बारह साल तक के बच्चों की तीन श्रेणी बनाई गई है। लक्षणों के आधार पर और कोरोना पाजिटिव होने की स्थिति में निर्धारित दवाओं के सेवन की सलाह दी गई है। जिला सर्विलांस अधिकारी डा अरुण कुमार तिवारी ने बताया शासन के निर्देशनुसार कोविड पाजिटिव व्यक्ति के लिए किट प्राप्त हैं। जिसका वितरण पाजिटिव व्यक्ति को किया जा रहा हैं। जो कोविड पाजिटिव व्यक्ति घर पर आइसोलेट किया गया हैं उन्हें किट दी जा रही हैं।

### शून्य से बारह माह तक के शिशुओं के लिए दवाएं निर्धारित

**प्रयागराज।** लक्षण युक्त शिशु जिनका कोविड टेस्ट रिजल्ट अभी ज्ञात नहीं है या टेस्ट नहीं हुआ है तथा पाजिटिव शिशु जिनको केवल बुखार है। उनके लिए दी जा रही किट में पैरासिटामाल ड्रॉप सौ मिग्रा प्रति मिली की दो शीशी मल्टी विटामिन ड्रॉप की एक शीशी और ओआरएस का एक पैकेट शामिल है। पैरासिटामाल ड्रॉप बुखार आने की स्थिति में बच्चे को देना है और ध्यान रहे इसे खाली पेट नहीं देना है। शून्य से दो माह तक के शिशु को पैरासिटामाल ड्रॉप दशमलव पाँच मिली। दिन में तीन बार देना है। तीन से छह माह तक के शिशु को एक मिली दिन में तीन बार और सात से 12 माह के शिशु को एक मिली दिन में चार बार बुखार आने पर देना है। मल्टी विटामिन का ड्रॉप छह माह तक के शिशुओं को नहीं देना है। सात से 12 माह तक के शिशु को दशमलव पाँच मिली सात दिन तक देना है। इसके अलावा दस्त की स्थिति में ओआरएस का घोल थोड़ी थोड़ी मात्रा में दें। एक से पाँच वर्ष के लिए पैरासिटामाल सिरप बुखार आने पर दें।

## दाह संस्कार को लेकर दो पक्षों में चले ईंट-पत्थर

**पुखरायां, कानपुर देहात।** भोगनीपुर थाना क्षेत्र के कस्बा पुखरायां के शिवाजी नगर में गुरूवार को एक 30 वर्षीय युवक की संदिग्ध हालातों में मौत हो गई थी। जिसका दाहसंस्कार शुक्रवार को हो रहा था। लेकिन मृतक की पत्नी के विरोध के चलते उसके मायके पक्ष और ससुराल पक्ष में मारपीट हो गई है। दोनों पक्षों में करीब 15 मिनट ईंट पत्थर चलते रहे। भोगनीपुर थाना क्षेत्र के कस्बा पुखरायां के शिवाजी नगर निवासी 30 वर्षीय आनंद कुमार की गुरूवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। शुक्रवार को जैसे ही मृतक आनंद कुमार के परिवारीजन शव को अंतिम संस्कार को ले जा रहे थे तभी मृतक आनंद कुमार की पत्नी प्रांजल के मायके पक्ष के लोग आ गए। अंतिम संस्कार को लेकर विवाद होने लगा। मृतक की पत्नी प्रांजल ने बताया कि उनके भाई आनंद कुमार ने भोगनीपुर थाने में तहरीर देकर मृतक का पोस्टमार्टम कराने की मांग की।

# पिंडरा में भाजपा को सियासी दुर्ग बचाने की चुनौती

**सुशील कुमार मिश्र।** वाराणसी

● पहले इस विधानसभा का नाम कोलअसला था और 1962 में सीपीआई के ऊदल ने यहां से चुनाव जीता था

**वाराणसी जिले** के आठ विधानसभा में सबसे कड़ी प्रतिस्पर्धा पिंडरा विधानसभा में देखने को मिलेगी। कांग्रेस के जबड़े से जीत खींच कर अपने पाले में लाने वाली भाजपा के लिए कठिन चुनौती यहीं से मिलने की उम्मीद है। पार्टी के विधायक डॉ अवधेश सिंह और रणनीतिकार इस चुनौती को स्वीकार कर किला बचाने के लिए सियासी चक्रव्यूह तैयार कर रहे हैं ।

कांग्रेस के उम्मीदवार अजय राय यहां से पहली बार हार मिलने के बाद से ही क्षेत्र में लगातार सक्रिय रह भाजपा को खुली चुनौती दे रहे है। क्षेत्र में उनकी सक्रिय गतिविधियों से भाजपा भी पूरे पॉच साल तक चौन की सांस नहीं ले पाई है। आरोप-प्रत्यारोप का सियासी मिसाइल पॉच साल तक लगातार चलती रही। बताते चले, 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के लिए कांग्रेस बड़ी चुनौती रही। लेकिन बसपा प्रत्याशी ने अप्रत्याशित रूप से भाजपा को टक्कर देने के साथ कांग्रेस को तीसरे स्थान पर धकेल दिया था। चुनाव में विजेता भाजपा के डॉ अवधेश सिंह को 90,614 यानि 44.34 फ ीसदी मत मिला था। दूसरे स्थान पर रहे बसपा के बाबूलाल को 53,765 लगभग 26.31 फीसदी मत मिला था। कांग्रेस के अजय राय को 48,189 यानि 23.58 फीसदी मत मिला था। खास बात ये रही कि भाजपा के डॉ अवधेश सिंह की जीत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का करिश्माई नेतृत्व और वाराणसी में ऐतिहासिक रोड शो का अहम रोल रहा। प्रधानमंत्री के रणनीतिकार इस विधानसभा को फतह करने के लिए पहले से ही तैयारी किये थे। वर्ष 2012 के चुनाव में यहां से कांग्रेस के अजय राय जीते थे। तब उन्हें 52,863 कुल 29 फ ीसदी मत मिला था। तब दूसरे स्थान पर बसपा ही रही। इस विधानसभा सीट का गठन 2012 के विधानसभा चुनाव के समय ही हुआ था। इसके पहले इसका नाम कोलअसला विधानसभा था। इससे भी पहले इसका नाम वाराणसी पश्चिम हुआ करता था।

पिंडरा विधानसभा क्षेत्र मछलीशहर संसदीय क्षेत्र में आता है। यहां कांग्रेस,बसपा और भाजपा में ही चुनावी टक्कर होती रही है। कभी ये वामपंथ का सबसे मजबूत किला माना जाता था। 1962 में पहली बार यहां से सीपीआई के ऊदल ने जीत हासिल की। कामरेड स्व.उदल ने यहां से 09 बार विधायक रहने का रिकॉर्ड बनाया था। उनके किले को 1996 में तब भाजपा के अजय राय अब कांग्रेस के नेता अजय राय ने ढ़हाया था। अजय राय 1996 में पहली बार कोलअसला से भाजपा के टिकट पर वह विधायक बने। उसके बाद उन्होंने 2002 और 2007 में भी यहां से कमल खिलाया। अजय राय ने इसी विधानसभा सीट के लिए हुए उपचुनाव में निर्दल प्रत्याशी के रूप में भी फतह हासिल की। फिर 2012 के विधानसभा चुनाव में पिंडरा सीट के वजूद में आने के बाद भी अजय राय ने ही यहां से जीत हासिल की लेकिन कांग्रेस के टिकट पर। भाजपा के विधायक डॉ अवधेश सिंह इससे पहले कांग्रेस, बसपा और अलग-अलग दलों से 5 बार इस विधानसभा क्षेत्र में हार चुके थे।

2022 के विधानसभा चुनाव में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के अन्तिम प्रकाशन तक पिण्डरा विधान सभा में पुरुष मतदाता 199174, महिला मतदाता 170077, थर्ड जेंडर मतदाता 14 सहित वोटरों की कुल संख्या 369265 है। पिण्डरा में 3905 पुरुष, 5509 महिला, 01 थर्ड जेंडर सहित 9415 मतदाताओं की वृद्धि हुई है। नामांकन के पहले अभी मतदाताओं की संख्या बढ़ने की उम्मीद है।

## कोविड-19
### घर पर जांच

**होम** किट्स से कोविड-19 जांच के गलत नतीजे आ सकते हैं। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद-आईसीएमआर ने कहा है कि उसने एक निश्चित उद्देश्य से अनेक प्रकार की कोविड-19 टेस्टिंग किट शुरू की हैं। उसे लगता है कि आसानी से उपलब्ध व सस्ती जांच किटें बिना लक्षणों वाले मामलों का जल्दी पता लगाने में सहायक हो सकती हैं। इससे दिव्यांग व अन्य बीमारियों वाले लोगों में संक्रमण का पता आसानी से लग सकता है। यह कदम अच्छे इरादों से उठाया गया है, लेकिन अधिकांश भारतीय वैज्ञानिक व्यवहारों पर ध्यान नहीं देते हैं और ऐसे में टेस्टिंग किटें मुफ्त मिलने का भी उनको कोई लाभ नहीं होगा। आईसीएमआर ने 740 टेस्ट किटों को मान्यता दी है जिनमें से 580 भारत में निर्मित हैं। उनसे आरटीपीसीआर टेस्ट, रैपिड एंटीजेन टेस्ट व होम एंटीजेन टेस्ट किए जा सकते हैं। इसके साथ ही आईसीएमआर ने जोर दिया है कि प्रयोगशालाओं से पुष्ट बिना लक्षणों वाले कोविड-19 के संपर्कों को टेस्ट कराने की आवश्यकता नहीं है, जब तक उनकी आयु 60 वर्ष से अधिक न हो या उनकी अन्य विशिष्ट चिकित्सकीय स्थितियां न हों। लेकिन होम टेस्टिंग की अनेक समस्यायें हैं। लोग टेस्ट किटें खरीद कर अनावश्यक टेस्ट करते हैं और यह नहीं जानते हैं कि होम टेस्ट परिणाम गलत नेगेटिव रिपोर्ट दे सकते हैं। वे आरटीपीसीआर टेस्ट से बचते हैं। अत्यधिक खतरनाक दो पहली लहरों में बहुत से लोगों ने लक्षण वाले पाजिटिव मामलों की रिपोर्ट नहीं की थी। अब पाजिटिव मामलों के बारे में खामोश रहने की संभावना और बढ़ गई है, खासकर ऐसी स्थिति में जब होम टेस्ट पाजिटिव परिणाम दे पर व्यक्ति में कोई लक्षण न हों। चाहे होम टेस्ट हो या नहीं, बिना लक्षणों वाले रोगियों को पता होना चाहिए कि आरटीपीसीआर द्वारा की गई संक्रमण स्तर या सीटी वैल्यू जांच के अभाव में संक्रमण गंभीर स्थितियां पैदा कर सकता है। कहने की जरूरत नहीं कि होम टेस्टिंग एक गंभीर व जिम्मेदार मामला है तथा गहन राष्ट्रीय अभियानों के माध्यम से लोगों को इसके बारे में जागरूक किया जाना चाहिए।



दूसरे मुद्दे का संबंध टेस्टिंग मानक आसान करने से है। अब सभी लोगों का विश्वास है कि कोरोना का ओमीक्रान स्वरूप अत्यधिक संक्रमणीय है, पर संक्रमण स्तर कम होता है। लेकिन इसके बावजूद इससे अस्पतालों में भर्ती होने व मौतों के मामले सामने आए हैं। ऐसे में जब तक सभी मामलों को अनिवार्य रूप से जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए न भेजा जाए, तब तक हमें पता नहीं चलेगा कि वर्तमान लहर में कौन सा स्वरूप सक्रिय है। इस सूचना के अभाव में भावी तैयारियां व शोध प्रभावित हो सकता है। एक दिशानिर्देश यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है कि नेगेटिव रिपोर्ट देने वाले होम टेस्टिंग मामलों को अनिवार्य रूप से पुष्टि करने वाले आरटीपीसीआर टेस्ट से जोड़ा जाए। टेस्टिंग से मुक्ति के मानकों में रियायत देने का पुनः मूल्यांकन होना चाहिए। वर्तमान समय में पहले पाजिटिव वाइरल टेस्ट के एक सप्ताह और 10 दिन बाद बिना लक्षणों वाले लोगों को एकांतवास व सावधानियों से मुक्ति मिल जाती है और उनको दूसरा आरटीपीसीआर टेस्ट नहीं कराना पड़ता है। लक्षणों वाले लोगों के मामले में टेस्ट-आधारित रणनीति लागू है। शोध से पता लगा है कि आमतौर से कम प्रतिरक्षण क्षमता वाले रोगियों में पहले 10 दिन के बाद भी वायरस लंबे समय तक बना रहता है। लेकिन ऐसे मामले उस समय ही सामने आ पाते हैं जब लंबे समय तक बीमारी के हल्के लक्षण बने रहते हैं और बार-बार सामने आते हैं। ऐसे में बिना टेस्टिंग मुक्ति मिल जाने पर हम संक्रमण के इस आयाम से कैसे निपट सकते हैं? ऐसे में समय की आवश्यकता है कि अधिकांश रोगियों को एकांतवास से मुक्ति देने के लिए लक्षण-आधारित व टेस्टिंग-आधारित रणनीतियों में समन्वय बनाया जाए।

# बहुमुखी प्रतिभा के धनी स्वामी विवेकानंद

**विवेकानंद के पास एक उद्यमी के सभी गुण विद्यमान थे-निर्धारित लक्ष्यों की दिशा में काम करने के लिए प्रतिबद्ध टीमों को जुटाने की क्षमता और एक बड़े पैमाने पर दूरदृष्टि।**



**बालाकृष्णन सत्यम**
(लेखक सृजनात्मक निदेशक हैं)



1863 भारत में 1857 के विद्रोह के छह साल बाद घर के करीब था। यह वह समय भी था जब अमेरिकी गृहयुद्ध शुरू हुआ था। ब्रह्म समाज की स्थापना को 35 वर्ष हो चुके थे। कलकत्ता में प्रेसीडेंसी कॉलेज (हिंदू कॉलेज के रूप में) की स्थापना के 46 साल बाद। तो, यह विद्रोह, सुधार और पुनर्जागरण के एक अध्याय के दौरान नरेंद्रनाथ दत्ता का जन्म हुआ था। पारिवारिक इतिहास के संदर्भ में, उनके अपने दादाजी ने अपने पिता के जन्म के ठीक बाद 25 वर्ष की आयु में असामान्य रूप से संन्यास ले लिया था। और युवा त्यागी पहले से ही विद्वान-भाषाविद् के रूप में जाने जाते थे। नरेंद्रनाथ के पिता को अपने पेशे में बहुत सफलता मिली और वे कई भाषाओं में भी पारंगत थे। उनके परिवार में चल रहे इन विभिन्न उपहारों और विरासतों के साथ, और उनके परिवेश में सामाजिक पहल, नरेंद्रनाथ, जिनका जन्म 12 जनवरी, 1863 को हुआ था, स्वामी विवेकानंद के रूप में उभरे।

जबकि हम में से कोई भी उस परिवार को नहीं चुन सकता जिसमें हम पैदा हुए हैं (यह तर्क दिया जा सकता है कि यह पहले के जन्म में किसी के कर्मों से तय होता है!), और हमारी कई क्षमताओं और सांस्कृतिक लक्षणों को विरासत में मिला है, यह शैक्षणिक, कलात्मक और बौद्धिक है उत्तेजनाओं का हम जवाब देते हैं जो हमारी विशिष्टता को आकार देते हैं। हमारे बचपन की कविताएँ, प्रार्थनाएँ और गीत, आस-पड़ोस में सामाजिक चर्चाएँ, जिन बच्चों के साथ हम खेलते हैं, घर पर देखी जाने वाली किताबें - वे सभी जितना हम महसूस कर सकते हैं, उससे कहीं अधिक गहरा और स्थायी प्रभाव डाल रहे हैं।

यह प्रारंभिक प्रभावों और बाद के प्रदर्शन और अनुभव का मिश्रण है जो काफी हद तक एक असाधारण व्यक्ति के गठन की व्याख्या कर सकता है। स्वामी विवेकानंद के मामले में, कई अवयवों की पहचान की जा सकती है - धार्मिकता, वाक्पटुता, भाषाओं का उपहार, एक अध्यात्मवादी स्वभाव, त्याग, सुधार और आधुनिकीकरण का जुनून ... जो सीधे उनके परिवार से लिया गया लगता है। फिर एक व्यक्ति के कॉलेज के पाठ्यक्रम में कवियों और इतिहासकारों का प्रभाव होता है, वे विचारक जिनके विचार छात्र चर्चा के केंद्र में होते हैं, और उस समय अखबार के संपादक क्या लिख ??रहे होते हैं। हम में से प्रत्येक वास्तव में विविध स्रोतों से एक साथ रखा गया एक जटिल समुच्चय है। फिर भी, हम में से कुछ के लिए, इन सबके बावजूद, एक प्रमुख दिशा उभरती है जिसमें हम विकसित होते हैं और एक केंद्रीय उद्देश्य होता है। जब यह क्लिक होता है, तो अर्थ और पूर्ति होती है। एक कारण के लिए महान सेवा प्रदान की गई है।

उद्यमशीलता की दृष्टि से स्वामी विवेकानंद की सफलता के बारे में निश्चित रूप से सोचा जा सकता है। आखिरकार, यह सरकार में करियर में शामिल होने और नियत भूमिकाओं में सेवा करने जैसा नहीं था। अपनी यात्रा के पहले भाग में, वे अध्ययन और अभ्यास के माध्यम से और अपने चुने हुए गुरु से ज्ञान को आत्मसात करके एक योगी के रूप में विकसित हुए। इसके बाद उन्होंने अपने व्यक्तित्व की प्रभावशाली शक्ति का उपयोग धार्मिक और सामाजिक कारणों की सेवा के लिए किया - भौतिक और आध्यात्मिक उत्थान की परियोजनाओं के लिए जनशक्ति, संसाधन, सहयोग और नैतिक समर्थन जुटाने के लिए। उन्होंने कई वेदांत केंद्रों, मठों के मठों, पत्रिकाओं, प्रकाशन टीमों और आश्रमों की शुरुआत की। उन्होंने यूरोप और अमेरिका में प्रबुद्ध विद्वानों और प्रबुद्ध आत्माओं के साथ नेटवर्किंग करके देश के लिए विदेशी सद्भावना का निर्माण किया। उन्होंने उपनिषदों के संदेश को देश के भीतर और दुनिया के कई शहरों में व्यापक दर्शकों तक प्रभावशाली तरीके से पहुंचाया। ये एक उद्यमी की पूर्व-आवश्यकता है - पहचाने गए लक्ष्यों की दिशा में काम करने के लिए आकार की प्रतिबद्ध टीमों को जुटाने की क्षमता, एक बड़े पैमाने पर दृष्टि, और लगातार सीखने वाले संगठन का निर्माण।

जब बहुत छोटे थे, नरेंद्र-नाथ सुधारवादी आस्था समूहों की सभाओं में भाग ले रहे थे जो जातियों और संप्रदायों से परे देख रहे थे। ब्रह्मांड और मानव आत्मा की प्रकृति और यूरोप के राजनीतिक दार्शनिकों के विचारों के परिचय के बारे में प्राचीन भारत के ग्रंथों में क्या कहना है, में उनकी रुचि के साथ, उन्होंने अनुसंधान में रुचि विकसित की और बनाए रखा। आज भी, उत्तराखंड में अद्वैत आश्रम के ब्लॉग और प्रकाशन, या कोलकाता में आयोजित विज्ञान और चेतना सम्मेलन, रचनात्मक संवाद के माध्यम से ज्ञान के क्षितिज को विस्तारित करने के इस दृष्टिकोण को दर्शाते हैं। उपनिषदों के एक उत्सुक पाठक के रूप में और ध्यान जैसे आध्यात्मिक साधना के अभ्यासी के रूप में, वे काफी हद तक मुक्ति या मुक्ति की धारणा से जुड़े थे। यह जन्म और मृत्यु के चक्र से मुक्ति है। हालांकि, इससे पहले कि लोग आत्म-ज्ञान और यहां तक कि मुक्ति जैसी उच्च उपलब्धियों पर विचार कर सकें, प्राणी आराम और भौतिक उन्नति का एक स्तर आवश्यक है। उस दिशा में, जनता के लिए एक बेहतर जीविका और जीवन शैली, और व्यापक बुनियादी शिक्षा आवश्यक होगी और इसलिए उपनिवेशवाद और अन्य उत्पीड़न की बुराइयों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता था। ''केवल आध्यात्मिक स्वतंत्रता की परवाह करना, सामाजिक स्वतंत्रता की नहीं, एक दोष है, लेकिन इसके विपरीत एक और भी बड़ा दोष है। आत्मा और शरीर दोनों की स्वतंत्रता के लिए प्रयास करना है।''

वर्तमान पीढ़ी में, व्यक्तिगत विलासिता को बढ़ाने और सुविधाओं का विस्तार करने के लिए सामाजिक मूल्यों और प्राकृतिक वातावरण का त्याग करने की इच्छा खुशियों की तुलना में अधिक दुख पैदा कर रही है। चीजों से अधिक लोगों पर एरिच फ्रॉम जैसे जोर के साथ तड़के वाली भौतिक प्रगति का मूल्य हर हफ्ते हमारे सामने लाया जा रहा है - चाहे एक महामारी, ग्लोबल वार्मिंग, या मानव क्रूरता के माध्यम से। साथ ही, हाल के वर्षों में टेलीविजन और लाइव सभाओं के माध्यम से आम आदमी का योग और ध्यान के प्रति संपर्क वास्तव में बढ़ा है। वीडियो सामग्री तक आसान पहुंच ने व्यावहारिक रूप से किसी के लिए भी किसी संप्रदाय, जाति या भाषाई समूह में पैदा हुए बिना, प्राचीन काल के संतों और संतों के बारे में कुछ विचार प्राप्त करना आसान बना दिया है।

दरअसल, यह एक ऐसी स्थिति है जिसे स्वामी विवेकानंद दिल से स्वीकार करेंगे। डिजिटल बुकलेट, ऑनलाइन पोर्टल, यूट्यूब वीडियो - आध्यात्मिक मामलों पर अच्छा मार्गदर्शन और मोक्ष किसी के लिए भी उपलब्ध है जो थोड़ा सा झुकाव और पर्याप्त अवकाश है।

मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) के बारे में नौकरशाही और राजनीतिक हलकों में बढ़ती जागरूकता, और सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) जैसी हालिया वैश्विक पहल मात्रा और गुणवत्ता के बीच और संपत्ति निर्माण और नागरिक कल्याण के बीच संतुलन के मजबूत संकेत हैं। फिर भी हम केवल नीतियों पर निर्भर नहीं रह सकते हैं, चाहे वे पार्टियों या कॉरपोरेट्स की हों - जबकि वे बहुत मायने रखते हैं, हमारे साथी मनुष्यों के साथ एक गहरा रिश्ता - परिवार, पड़ोसी, सहयोगी, साथी सदस्य आदि - उनके कल्याण के बारे में चिंतित होने के लिए हद तक - उस मूल मानवीय मूल्य को समय-समय पर जल्दी और सुदृढ़ किया जाना है। अमेरिका के एक पूर्व प्रोफेसर और हिमालयन ट्रेकर के रूप में, बाबा राम दास ने हाल ही में कहा, ''हम सब एक दूसरे के घर चल रहे हैं।''

पैदल/ट्रैकिंग का विषय हमें फिर से याद दिलाएगा कि कैसे स्वामी विवेकानंद ने चार योगों - राजा, भक्ति, कर्म और ज्ञान - को आध्यात्मिक प्रगति के व्यवहार्य मार्ग के रूप में समान महत्व दिया था। उन्होंने उनमें से प्रत्येक पर अदभुत रूप से लिखा, और उनके शब्द हमें अपने स्वयं के संसाधनों और स्वभाव के अनुकूल मार्गों पर आगे बढ़ने के लिए आमंत्रित करते हैं। हम यह भी महसूस करते हैं कि आर्थिक सिद्धांतों में स्वतंत्रता, संस्कृति, सद्भावना जैसी अवधारणाओं को पर्याप्त रूप से नहीं समझा जा सकता है। जबकि हम वर्तमान में जीवित अर्थों की तुलना में मरणोपरांत अधिक आत्मा और आत्मा जैसे शब्दों का उपयोग करते हैं, यह एक अच्छी बात होगी कि अंग्रेजी में लिखते समय भी उस महत्वपूर्ण पहलू को अधिक बार आमंत्रित करने के लिए भारतीय भाषाओं से कुछ भाव लाए जाएं।

# कज़ाखस्तान में खूनी दंगों के कारण

**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक राज्यसभा के पूर्व सदस्य हैं)



**हाल** में कुछ दिनों तक चले प्रदर्शनों के बाद कज़ाखस्तान के सबसे बड़े शहर अलमाटी में सैनिकों ने प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाईं। इन दंगों के कारण सत्तारूढ दल को आपातस्थिति की घोषणा करनी पड़ी। उसने रूस तथा अन्य पूर्व-सोवियत गणतंत्रों से सहायता की अपील भी की जो अब बिखर चुके सोवियत संघ के हिस्से थे। इन दंगों में दर्जनों लोग मारे गए तथा हजारों लोगों को हिरासत में लिया गया। इन घटनाओं के कारण इस मध्य एशियाई देश को 1990 के दशकारंभ में अपनी स्वतंत्रता के बाद से सर्वाधिक हिंसा का शिकार होना पड़ा। लगता है कि रूसी छाताधारी सैनिकों के पहुंचने के एक दिन बाद सुरक्षा बलों ने शहर की मुख्य सड़कों पर अपना नियंत्रण स्थापित कर लिया और उनके द्वारा विद्रोह को कुचल दिया गया।

कज़ाखस्तान रूस और चीन के बीच स्थित है तथा उसकी सीमाएं अन्य तीन पूर्व-सोवियत गणतंत्रों से लगती हैं। यह मध्य एशिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है जहां हाइड्रोकार्बन तथा खनिजों के समृद्ध भंडार हैं। कज़ाखस्तान दुनिया का सर्वोच्च यूरेनियम उत्पादक तथा दुनिया में संयुक्त राज्य अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर सर्वाधिक बिटक्वाइन प्रयोग वाला देश है। यहां 1991 में स्वतंत्रता के बाद से अरबों डालर का विदेशी निवेश हुआ है। कज़ाखस्तान में हालिया अराजकता के कारण नाभिकीय बिजलीघरों को ऊर्जा देने वाले यूरेनियम की कीमतों में 8 प्रतिशत उछाल आया है।

यह दुनिया में तेल का नवां सबसे बड़ा निर्यातक है जहां 2021 में 85.7 मिलियन टन तेल पैदा हुआ था। इसके साथ ही यह दुनिया में दसवां सबसे बड़ा कोयला उत्पादक देश है। कज़ाखस्तान जैसे पेट्रोलियम समृद्ध देश द्वारा तेल के मूल्य बढ़ाना या इनको एक झटके में दूना कर देना आश्चर्यजनक है। यह बात समझ से परे है। लेकिन गैर-कम्युनिस्ट बने पूर्व सोवियत नेताओं का प्रशासन में अच्छा रिकार्ड नहीं है। इन पूर्व-सोवियत देशों में आम जनता का मानना है कि उनके नेता भ्रष्ट हैं, भले ही उनके भ्रष्टचार का खुलासा हुआ हो या नहीं। किर्गिस्तान के वर्तमान प्रधानमंत्री कासिम जोमार्ट टोकायेव सत्ता में नए हैं। उन्होंने हाल ही में 81 वर्षीय नूरसुल्तान नजरबायेव से सत्ता अपने हाथों में ली है और अभी उन्हें अपनी योग्यता सिद्ध करनी है। रूस के लिए कज़ाखस्तान अत्यधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि मानव अंतरिक्ष मिशन भेजने वाला मास्का का एकमात्र लांचिंग पैड बाइकानूर कास्मोड्रोम यहीं स्थित है। रूस में ऐसा कोई अन्य कास्मोड्रोम नहीं है और इसी कारण वह बाइकानूर को किसी अन्य के हाथों में नहीं पड़ने देना चाहता है। दूसरी ओर रूसी राष्ट्रपति



व्लादीमिर पुतिन की सरकार यूक्रेन के मामले में व्यस्त है और उसने उसकी दक्षिणपूर्वी सीमा पर बड़ी संख्या में सेना तैनात कर रखी है। ऐसे में रूस कज़ाखस्तान में सैनिक भेज कर हस्तक्षेप करने का बहुत इच्छुक नहीं था। इसके साथ ही चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कज़ाखस्तान के प्रधानमंत्री टोकायेव को संदेश भेज कर यह सुनिश्चित करने के लिए कहा था कि जनता के खिलाफ उनकी सरकार की कार्रवाई अत्यधिक जिम्मेदाराना होनी चाहिए। चीन और कज़ाखस्तान की एक सीमा साझी है। विशाल देश चीन जमीन का भूखा देश है, जबकि कज़ाखस्तान भूमि क्षेत्र को देखते हुए दुनिया का एक सबसे बड़ा देश है जहां प्रति वर्ग किलोमीटर केवल 6 लोग रहते हैं। ऐसे में कज़ाखस्तान को बहुत सावधान रहना होगा। इस बात पर बहुत कुछ निर्भर करता है कि उसकी सरकार विद्रोहियों के खिलाफ कितना नरम या कठोर व्यवहार करती है। कज़ाखस्तान के नागरिकों में विद्रोह की भावना व्याप्त है। वर्तमान समय में यहां मास्को द्वारा फौरन भेजे गए लगभग 3,000 सैनिकों की उपस्थिति से कानून व्यवस्था की स्थिति ठीक हुई है। ये सैनिक सड़कों पर मौजूद हैं और उनको उपद्रवियों को देखते ही गोली मारने के आदेश हैं। सैकड़ों आंदोलनकारी कजाक नागरिक मारे जा चुके हैं तथा सैकड़ों अन्य घायल हुए हैं।

यदि हम अमेरिकी विदेश सचिव एंटोनी ब्लिंकेन के राजनयिक कदमों को अनदेखा करें तो कज़ाखस्तान की तस्वीर पूरी नहीं होगी। ब्लिंकेन ने कहा था कि राष्ट्रपति बाइडेन के प्रशासन को कज़ाखस्तान के घटनाक्रम पर बहुत 'चिन्ता' है। ब्लिंकेन ने जोर देकर कज़ाखस्तान के संवैधानिक संस्थानों को पूर्ण समर्थन देने की बात कही। उन्होंने मानवाधिकारों तथा मीडिया की स्वतंत्रता का सम्मान करने की बात भी जोरदार तरीके से सामने रखी। इन बयानों से स्पष्ट है कि कज़ाखस्तान की वर्तमान घटनाओं में विभिन्न पक्ष दिलचस्पी ले रहे हैं और वे स्थितियों को अपने दृष्टिकोण से बदलना चाहते हैं। लेकिन इस बात पर आश्चर्य होता है कि आखिरकार अमेरिका इस सुदूर मध्य एशियाई देश में क्या करना चाहता है। कज़ाखस्तान के घटनाक्रम के बारे में मीडिया में दो और बिंदुओं पर चर्चा हो रही है। अनुमान था कि यदि जनता अलमाटी की सड़कों पर रूसी सैनिकों को देखेगी तो उसकी प्रतिक्रिया बहुत गंभीर होगी।

इसी तरह यह अनुमान भी था कि यदि रूसी अपने सैनिकों को अलमाटी की सड़कों पर कजाक विद्रोहियों की गोलियों से मरता देखेंगे तो उनकी भी प्रतिक्रिया बहुत हिंसक होगी। मास्को और अलमाटी की सत्ता में बैठे सर्वोच्च लोगों को छोड़ कर कोई यह नहीं जानता हे कि कज़ाखस्तान की सड़कों पर क्या हो रहा है। ऐसे में केवल अनुमान लगाया जा सकता है कि टोकायेव सरकार के राजनीतिक विरोधियों ने अवसर का सही लाभ उठा कर सरकार उलटने का प्रयास किया। लेकिन हम अभी यह नहीं जानते कि विद्रोह करने वाले राजनीतिक रूप से स्वेच्छाचारी हैं या लोकतंत्र के समर्थक। हालांकि, सरकार ने अपनी ओर से इन विद्रोहियों को डकैत या आतंकवादी कहा है।

लेकिन एक चीज निश्चित है कि इतिहास स्वेच्छाचारी या तानाशाही शासनों के खिलाफ है। वर्तमान समय में सूचनाओं और ज्ञान का प्रसार दिमाग चकराने वाले स्तर तक पहुंच गया है। सूचना प्रौद्योगिकी, गूगल, यूट्यूब, विविधतापूर्ण मोबाइल टेलीफोन तकनीकों तथा सुपरस्मार्ट फोन, ईमेल आदि के कारण आज किसी चीज को छिपाना बहुत कठिन है। अभी हाल में टीवी से यह जानने को मिला कि धरती पर हर दो लोगों के बीच एक के पास मोबाइल फोन है। ऐसे में स्पष्ट रूप से तथ्यों का पता फौरन एक झटके में चल जाता है, हालांकि तथ्यों के बाद उनकी व्याख्या का पता चलना जरूरी नहीं है। सौ साल पहले कुछ ही लोग यह बहस कर सकते थे कि स्वेच्छाचारिता या तानाशाही तथा लोकतंत्र में क्या बेहतर है। बहुत से लोग एक उदार तानाशाह को आदर्श मध्यमार्गी व्यवस्था मानते थे। लेकिन अब सूचनाओं की बढ़ती प्रेरणा के कारण निश्चित रूप से यह स्थिति नहीं है।

## आप की बात

### जावेद हबीब की गिरफ्तारी क्यों नहीं?

**मंसूरपुर** थाना क्षेत्र में आयोजित सेमिनार में बड़ोत की महिला पूजा गुप्ता का हेयर स्टाइल बनाते हुए जावेद हबीब ने उनके बालों में थूक दिया। वह तो इस प्रकरण का वीडियो वायरल हो गया इस कारण पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करनी पड़ी वरना रिपोर्ट भी दर्ज नहीं होती । अभी तक पुलिस ने कार्यवाही कर वीडियो सबूत होने के बावजूद जावेद हबीब को गिरफ्तार क्यों नहीं किया? अब तो जावेद हबीब की ओर से रिपोर्ट लिखवाने वाली प्रताड़ित महिला को रिपोर्ट वापस लेने की धमकियां भी दी जा रही है। उधर हबीब ने राष्ट्रीय महिला आयोग में लिखित माफी मांग कर इस घटना को एक नाटक बताया और महिला आयोग ने भी सिर्फ भविष्य में ऐसा ना होने की चेतावनी देकर हबीब को छोड़ दिया । जबकि इस अपराध के लिए महिला आयोग को मुजफ्फरनगर पुलिस से पूछना चाहिए था कि अभी तक हबीब पर कार्यवाही क्यों नहीं हुई? क्या महिला का हेयर स्टाइल बनाते हुए बालों में थूकना सिर्फ एक नाटक था या एक साजिश? सिर्फ चेतावनी देने से क्या महिलाओं के सम्मान की वापसी हो जाती है? ऐसे में जावेद हबीब पर अपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा जाना चाहिए?

- **अतिवीर जैन**, मेरठ

### यह तो उचित नहीं!

**उत्तर** प्रदेश में राजनीतिक घमासान जारी है। दलबदल के जरिए सत्ता तक पहुंचने के प्रयास हो रहे हैं। ऐसा चुनावों के समय अक्सर होता ही है मगर जिस तरह की कार्यवाही सामने आ रही है वह प्रासंगिक तो नहीं लगती है। भाजपा छोड़ चुके पूर्व मंत्री मौर्य को अगले ही दिन वारंट राजनीति से प्रेरित लगता है। इस तरह की परंपरा को खुद भाजपा को रोकना होगा। राजनीति में भी कुछ नीति-नियम, कायदे हो तो वह जनहित के मामलों का उचित समाधान कर सकती है। इससे न सिर्फ सरकार अपितु उसके बाहर भी सामंजस्य नजर आता है लेकिन उत्तर प्रदेश में दल बदल के चलते जो परिदृश्य दिख रहा है वह उचित नहीं लगता।पूर्व मंत्री मौर्य के भाजपा छोड़ते ही अगले दिन गिरफ्तारी का वारंट इस बात का द्योतक है कि राजनीति में स्वार्थ जब तक कायम रहेंगे तब तक न्याय की उम्मीद नहीं की जा सकती। देवी-देवताओं के अपमान को लेकर पेंडिंग पड़े मामले को अचानक खोला जाना राजनीतिक शुचिता के लिए उचित नहीं है। भाजपा इस तरह की विचारधारा से बाहर निकलकर समय पर ही उचित कदम उठाए चाहे उसके नेता/ कार्यकर्ता कितना भी बड़ा क्यों ना हो?

- **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

### मौर्य का इस्तीफा

**यह** पत्र 'मौर्य का इस्तीफा' से संबंधित है। बसपा से भाजपा में आए स्वामी प्रसाद मौर्य और उनके साथ कई अन्य नेताओं का भाजपा से पलायन कोई बहुत बड़ी चौंकाने वाली बात नहीं है। हमेशा से चुनावों से पहले नेताओं द्वारा दल बदली और उसके बाद हॉर्स ट्रेडिंग यह भारतीय राजनीति का सामान्य हिस्सा है। राजनीतिक हलकों मे वैसे भी यह चर्चा चल रही थी कि लगभग 80-100 विधायकों को भाजपा इस बार टिकट नहीं देने वाली है तो ऐसे मे नेताओं का डल छोड़ना स्वाभाविक ही है। कांग्रेस को छोड़ कर भी कुछ लोगों ने सपा का दामन संभाला है। यह तय है की कांटे की टक्कर भाजपा और सपा के बीच की है। और इसमें दो कद्दावर नेताओं, योगी और अखिलेश यादव के बीच सीधी सीधी लड़ाई है। एक समय था की जातिगत, धर्म के समीकरणों पर ही चुनाव लड़ा जाता था उत्तर प्रदेश में आज का वोटर बहुत बुद्धिमान हो गया है वह रोजगार, विकास, कोरोना काल मे हुई स्थिति और धर्म इन सभी मुद्दों पर दोनों को तोल कर ही अपना बहुमूल्य वोट डालेगा।

- **बाल गोविंद**, सेक्टर44, नोएडा

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**पूर्वी** लद्दाख के बल स्तर कमोबेश समान हैं तथा हमारी तरफ बढ़ोतरी हुई है।

- **जनरल मनोज नरवने**
भारतीय सेना प्रमुख



**मैं** मई 2020 की गार्डन पार्टी के लिए क्षमा मांगना चाहता हूं। पश्चदृष्टि से मुझे सभी को भीतर भेज देना चाहिए था।

- **बोरिस जॉनसन**
ब्रिटिश प्रधानमंत्री



**श्री** मोदी की सुरक्षा को जानबूझकर खतरे में डाला गया था। ऐसे संवेदनशील मामले का सीएम और कांग्रेस के अन्य नेताओं ने मजाक उड़ाया।

- **जेपी नड्डा**
राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा

# लोकोमोटिव के उपकरण में खराबी से हुआ रेल हादसा

● बीकानेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस ट्रेन दुर्घटना

भाषा। जलपाईगुड़ी, गुवाहाटी

**रेल मंत्री** अश्विनी वैष्णव ने पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में बीकानेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस ट्रेन के दुर्घटनास्थल का शुक्रवार को दौरा किया और कहा कि प्रारंभिक रिपोर्ट से पता चलता है कि लोकोमोटिव के उपकरण में कुछ खराबी थी।

पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में दोमोहानी के निकट बृहस्पतिवार को बीकानेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस ट्रेन के 12 डिब्बे पटरी से उतर गए थे और इनमें से कुछ डिब्बे पलट गए थे। हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई और कम से कम 36 अन्य लोग घायल हो गए हैं। वैष्णव ने कहा कि इंजन के उपकरण को पूरी तरह से खोलने के बाद ही हादसे के कारण का पता चल पाएगा। मंत्री ने अस्पताल में घायल यात्रियों से भी मुलाकात की। घटनास्थल का मुआयना करने के बाद उन्होंने पत्रकारों से कहा, प्रारंभिक निष्कर्षों से ऐसा पता चलता है कि रेल-इंजन के किसी उपकरण में कोई खराबी थी, ट्रेन की रफ्तार या पटरियों में नहीं। उपकरण पर निशान होंगे। उसे खोलने और निशानों पर गौर करने के बाद ही हादसे का कारण पता चल पाएगा। उन्होंने कहा कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना की जांच जारी है। रेल मंत्री ने कहा, हादसे की मूल वजह जल्द पता चल जाएगी। दुर्भाग्यपूर्ण घटना की जांच की जा रही है। हम मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। अनुग्रह राशि के वितरण के संबंध में परिवारों के साथ बातचीत जारी है। बाद में अस्पताल में घायलों से मुलाकात के बाद केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी लगातार स्थिति पर नजर रख रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं लगातार प्रधानमंत्री के संपर्क में हूं और उन्हें स्थिति से नियमित रूप से अवगत करा रहा हूं। इससे पूर्व दिन में पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे की प्रमुख जन सम्पर्क अधिकारी गुनीत कौर ने बताया वैष्णव सुबह नौ बजकर 38 मिनट पर दोमोहानी रेलवे स्टेशन पहुंचे और दो मिनट के भीतर एक मोटर ट्रॉली पर घटनास्थल के लिए रवाना हो गए। कौर ने कहा, उन्होंने घटनास्थल पर पटरी और मरम्मत कार्यों की स्थिति का पता लगाने के लिए ट्रॉली से ही निरीक्षण किया।



केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जलपाईगुड़ी जिले के मैनागुरी में गुवाहाटी-बीकानेर एक्सप्रेस ट्रेन के पटरी से उतरने के स्थल का निरीक्षण किय

## जबलपुर रेलवे स्टेशन पर यात्री ट्रेन के दो डिब्बे पटरी से उतरे, कोई हताहत नहीं

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को जबलपुर-बांद्रा टर्मिनस ट्रेन (02134) के दो डिब्बे प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर पटरी से उतर गए। घटना के बाद रेल यातायात कुछ घंटो तक बाधित रहा। जबलपुर रेल मंडल के वाणिज्य प्रबंधक देवेश सोनी ने बताया कि जबलपुर-बांद्रा टर्मिनस ट्रेन के शयनयान के दो डिब्बे यार्ड से रेलवे स्टेशन पर प्रवेश करते समय पटरी से उतर गए। इससे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म तीन, चार और पांच पर ट्रेनों का संचालन बाधित हो गया। उन्होंने कहा कि ट्रेन यार्ड से प्लेटफॉर्म पर आ रही थी इसलिए इसमें कोई यात्री नही था। उन्होंने कहा, पटरियो को करीब ढाई घंटे मे ठीक कर लिया गया। जो ट्रेन शाम पांच बजे रवाना होनी थी वह चार घंटे बाद चल सकी। यात्रियों को उनके पंजीकृत फोन नंबरों पर संदेश के जरिए देरी के बारे मे सूचित किया गया।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उनके परिवार के सदस्यों ने अहमदाबाद में मकर संक्रांति के अवसर पर भगवान जगन्नाथ मंदिर के अंदर पूजा-अर्चना की

### पीएजीडी ने कोविड मामलों में वृद्धि के मद्देनजर 15 जनवरी को होने वाली बैठक स्थगित की

**जम्मू।** गुपकर घोषणापत्र गठबंधन (पीएजीडी) ने कोविड मामलों में वृद्धि के मद्देनजर 15 जनवरी को यहां होने वाली अपनी बैठक स्थगित कर दी है। गठबंधन के प्रवक्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। माकपा नेता मोहम्मद यूसुफ तारिगामी ने कहा नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी समेत जम्मू-कश्मीर के मुख्यधारा के राजनीतिक दलों के गठबंधन की बैठक में भविष्य की योजनाओं पर चर्चा होनी थी। प्रवक्ता ने कहा, हमने कोविड मामलों में वृद्धि के मद्देनजर, कल यहां जम्मू में होने वाली बैठक स्थगित कर दी है। तारिगामी ने कहा कि जब भी कोविड की स्थिति में सुधार होगा, गठबंधन यहां बैठक करेगा।

### सेना दिवस पर जैसलमेर में दुनिया के सबसे बड़े राष्ट्रीय ध्वज का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** खादी से बना विशालकाय राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा सेना दिवस पर शनिवार को राजस्थान के जैसलमेर में भारत-पाकिस्तान सीमा पर प्रदर्शित किया जाएगा। यह खादी से बना दुनिया का सबसे बड़ा राष्ट्रीय ध्वज है। सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि भारत-पाकिस्तान सीमा पर स्थित लोंगेवाला में यह विशालकाय तिरंगा प्रदर्शित किया जाएगा। लोंगेवाला सीमा चौकी 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में एक ऐतिहासिक जंग की गवाह रही है। इस बयान के मुताबिक, खादी से बना दुनिया का सबसे बड़ा राष्ट्रीय ध्वज सेना दिवस के अवसर पर जैसलमेर में स्थित सीमा चौकी पर प्रदर्शन के लिए रखा जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि 225 फुट लंबे, 150 फुट चौड़े और करीब 1,400 किलोग्राम वजन वाले इस विशालकाय तिरंगे को प्रदर्शित करने का यह पांचवां सार्वजनिक प्रदर्शन होगा।

### जम्मू-कश्मीर : कुलगाम के एक मंदिर में आग लगी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले के एक मंदिर में शुक्रवार को हल्की आग लगी। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच के अनुसार यह आगजनी की घटना नही है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि देवसर इलाके में स्थित माता त्रिपुर सुन्दरी मंदिर में आग लगने की घटना की जांच की जा रही है। उन्होने कहा कि शुरुआती जांच से लगता है कि मंदिर मे जल रहे दीयो की वजह से आग लगी है।

### आगरा में घने कोहरे की वजह से टकराए एक दर्जन वाहन, तीन घायल

**आगरा।** आगरा मे शुक्रवार को घने कोहरे की वजह से एक के बाद एक कर करीब दर्जनभर वाहन टकरा गए जिससे इस हादसे में तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घायलो को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि घायलो की हालत खतरे से बाहर है। उन्होने बताया कि कोहरे की वजह से हुए हादसे के कारण कई किलोमीटर का जाम लग गया था। उन्होने कहा कि जेसीबी मशीन द्वारा क्षतिग्रस्त वाहनो को हटाकर रास्ता बनाया जा रहा है।

### मदुरै में जल्लीकट्टू के दौरान बैल के हमले से एक किशोर की जान गई

**मदुरै।** तमिलनाडु के मदुरै में शुक्रवार को अवनियापुरम जल्लीकुट्टू के दौरान भड़के बैल ने 18 साल के एक दर्शक को सीग से चीरकर मार डाला। पोंगल के दिन बैल को नियंत्रित करने के इस लोकप्रिय खेल मे प्रतिस्पर्धियों और बैल मालिकों समेत करीब 59 लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि बैल ने सीग से मदुरै के किशोर बालमुरुगन की छाती चीर दी। उसे राजाजी अस्पताल ले जाया गया जहां उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## भाजपा चीनी घुसपैठ के बारे में भी बोले, सिर्फ पाक के बारे में नहीं : शिवसेना

भाष। मुंबई

**शिवसेना** नेता संजय राउत ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा को भारतीय भू-भाग में चीन के घुसपैठ के बारे में बोलना चाहिए और खुद को सिर्फ पाकिस्तान पर बोलने तक सीमित नहीं रखना चाहिए। नई दिल्ली में संवाददाताओं से बात करते हुए राउत ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कोविड-19 से जुड़ी बैठक से महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एवं शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे के दूर रहने के बारे में पूछे जाने पर भारतीय जनता पार्टी पर पलटवार करते हुए कहा, भाजपा किसी भी तुच्छ मुद्दे के लिए महाराष्ट्र सकरार की आलोचना करती रहती है, जैसे कि उस पार्टी के पास कोई और काम नहीं है। शिवसेना के राज्यसभा सदस्य राउत ने कहा, पार्टी (भाजपा) को भारतीय भू-भाग में चीन की घुसपैठ के बारे में बोलना चाहिए। यह कहीं अधिक महत्वपूर्ण मुद्दा है। भाजपा चुनिंदा तरीके से पाकिस्तान का जिक्र करती है, लेकिन चीन का नहीं करती। उल्लेखनीय है कि मई 2020 से पूर्वी लद्दाख में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच गतिरोध बना हुआ है। एक आधिकारिक बयान में बृहस्पतिवार को कहा गया था कि दोनों देशों की सेनाओं के बीच 14वें दौर की वार्ता में कोई सफलता नहीं मिली। इस बीच, प्रधानमंत्री के साथ बृहस्पतिवार की ऑनलाइन बैठक से ठाकरे की अनुपस्थिति के बारे में पूछे जाने पर राउत ने कहा, एक दिन (यहां तक कि)प्रधानमंत्री भी बैठक से दूर रह सकते हैं।



## शिअद ने चुनाव आयोग से प्रत्यक्ष रैलियों पर प्रतिबंध पर पुनर्विचार का किया आग्रह

**चंडीगढ़।** शिरोमणि अकाली दल (शिअद) ने शुक्रवार को चुनाव आयोग से अपील की कि उसने कोविड चिंताओं के कारण 15 जनवरी तक प्रत्यक्ष रैलियों और रोडशो पर जो प्रतिबंध लगाया है, उस पर पुनर्विचार करे। शिअद ने साथ ही कहा कि पंजाब में छोटी प्रचार सभाओं को अनुमति दी जानी चाहिए क्योंकि ए उम्मीदवारों के लिए समाज के सभी वर्गों से संपर्क बनाने के लिए आवश्यक है। शिअद प्रवक्ता दलजीत सिंह चीमा ने चुनाव आयोग को लिखे पत्र में दावा किया कि प्रतिबंध से सभी दलों के उम्मीदवारों को काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि किसी विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं तक डिजिटल प्रचार के माध्यम से पहुंच बनाना संभव नहीं है क्योंकि राज्य में कई पिछड़े क्षेत्र हैं जहां इंटरनेट नेटवर्क ठीक से काम नहीं कर रहा है। चीमा ने कहा कि बुजुर्ग जो आबादी का एक अच्छा हिस्सा हैं, वे शायद ही कभी डिजिटल उपकरणों का उपयोग करते हैं और गरीबों की डिजिटल तकनीक तक बहुत कम पहुंच है, इसलिए यदि केवल डिजिटल अभियान की अनुमति दी जाएगी, तो समाज के एक बड़े हिस्से तक पहुंच नहीं बनाई जा सकेगी। पार्टी के एक बयान के अनुसार, उन्होंने दावा किया, यह सभी मतदाताओं को समान अवसरों से वंचित करेगा। इससे मतदान का प्रतिशत भी प्रभावित होगा। उन्होंने कहा कि शिअद समझता है कि बड़ी रैलियों पर प्रतिबंध लगाया जा सकता हैं लेकिन छोटी बैठकें जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दलों को कोविड सावधानियों के साथ छोटी सभाएं करने की अनुमति दी जा सकती है।

## क्विक न्यूज

### भारत की शांति की कामना उसकी अंतर्निहित शक्ति से उपजी है: जनरल नरवणे

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल एम एम नरवणे ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय थल सेना देश की सीमाओ पर यथास्थिति को एकपक्षीय तरीके से बदलने की किसी भी कोशिश का मुकाबला करने के लिए दृढ़ता से खड़ी है और भारत की शांति की कामना हमारी अंतर्निहित शक्ति से उपजी है। सेना प्रमुख ने यह भी कहा कि धारणाओ और विवादो मे अंतरालो को समान और परस्पर सुरक्षा के सिद्धांत के आधार पर स्थापित नियमों के माध्यम से सर्वश्रेष्ठ तरीके से सुलझाया जाता है। भारत और चीन की सेनाओ के बीच 5 मई, 2020 से पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध की स्थिति है जो पैंगोंग झील इलाके मे हुए हिंसक संघर्ष के बाद शुरू हुआ था। दोनों देशो ने गतिरोध को सुलझाने के लिए सैन्य स्तर की 14 दौर की वार्ता की है। जनरल नरवणे ने सेना दिवस की पूर्वसंध्या पर अपने भाषण में कहा, हम अपनी सीमाओं पर यथास्थिति को एकपक्षीय तरीके से बदलने के किसी भी प्रयास का मुकाबला करने के लिए दृढ़ता से खड़े है। इस तरह के प्रयासो पर हमारा जवाब त्वरित, समन्वित और निर्णायक होता है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद से मुकाबला करने के लिए देश की सीमाओं पर और अंदर दोनो जगह संस्थागत प्रणालियों और सुरक्षा मानकों को मजबूत किया गया है। उन्होंने कहा कि ए प्रणालियां और सुरक्षा मानक हिंसा के स्तर को कम करने में प्रभावी साबित हुए है। सेना प्रमुख ने कहा, हमारी कार्वाइयो ने आतंकवाद के स्रोत पर हमला करने की हमारी क्षमता तथा दृढ़ इच्छाशक्ति प्रदर्शित की है। जनरल नरवणे ने कहा कि भारतीय थल सेना ने बीते वर्ष मे अपनी जिम्मेदारियों को दृढ़ता से निभाया है और देश की सुरक्षा एवं क्षेत्रीय अखंडता के संरक्षण के लिए अडिग रही। उन्होंने कहा कि भारत की सक्रिय सीमाओ की पहरेदारी दृढ़संकल्प के साथ की जाती है। जनरल नरवणे ने कहा, हमारे बहादुर अधिकारियों, जेसीओ (जूनियर कमीशन्ड अधिकारियों) और जवानो ने साहस और दृढ़ता के साथ प्रतिकूल स्थितियों और दुश्मनो का सामना किया है और भारतीय सेना की सर्वोच्च परंपराओं के अनुरूप अपनी जान तक न्योछावर की है।

### पड़ोसी के खिलाफ सलमान का मानहानि वाद: अंतरिम आदेश पारित करने से अदालत का इनकार

**मुंबई।** मुंबई सिटी सिविल अदालत ने शुक्रवार को अभिनेता सलमान खान के पक्ष में कोई अंतरिम आदेश पारित करने से इनकार कर दिया, जिन्होंने कथित मानहानि के लिए एक पड़ोसी के खिलाफ वाद दायर किया है। सलमान खान ने एक दीवानी वाद दायर किया है जिसमे आरोप लगाया गया है कि मुंबई के पास पनवेल में अभिनेता के फार्महाउस के पास एक भूखंड के मालिक केतन कक्कड़ ने एक यूट्यूब चैनल के साथ एक साक्षात्कार के दौरान उन्हें बदनाम किया। न्यायाधीश अनिल एच लद्धड ने कक्कड़ को अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया और मामले की अगली सुनवाई की तिथि 21 जनवरी तय की। खान का प्रतिनिधित्व करने वाले डीएसके लीगल के वकीलों ने मुकदमे के लंबित रहने के दौरान कक्कड़ को कोई और मानहानिकारक बयान देने से रोकने के लिए एक अंतरिम आदेश जारी करने की मांग की। हालांकि कक्कड़ के वकीलो आभा सिंह और आदित्य प्रताप ने अनुरोध का विरोध करते हुए कहा कि उन्हे बृहस्पतिवार शाम को ही मामले के कागजात मिले और पूरे मुकदमे को नही देखा जा सका। अधिवक्ता सिंह ने यह भी कहा कि कोई तात्कालिकता नही है और यदि खान ने मुकदमा दायर करने मे एक महीने तक इंतजार किया, तो कक्कड़ को जवाब दाखिल करने के लिए कुछ समय मिलना चाहिए। न्यायाधीश ने इसके बाद सुनवाई स्थगित कर दी। मुंबई के उपनगरीय बांद्रा मे रहने वाले खान का पड़ोस के रायगढ़ जिले के पनवेल मे एक फार्महाउस है। मुंबई के रहने वाले कक्कड़ का खान के फार्महाउस के बगल में एक पहाड़ी पर एक प्लॉट है।

### मंत्री के आदेश पर अभिनेता रजा मुराद को स्वच्छत अभियान के ब्रांड एंबेसडर के पद से हटाया गया

**भोपाल।** जाने-माने फिल्म अभिनेता रजा मुराद को मध्य प्रदेश के नगरीय विकास मंत्री भूपेंद्र सिंह के आदेश पर शुक्रवार को भोपाल नगर निगम स्वच्छता अभियान के ब्रांड एंबेसडर पद से हटा दिया गया। मुराद को एक दिन पहले ही ब्रांड एंबेसडर बनाया गया था। सिंह ने अपने निजी सहायक के जरिए भोपाल नगर निगम के आयुक्त को शुक्रवार को लिखे पत्र मे मुराद की नियुक्ति आदेश को तत्काल निरस्त करने का निर्देश दिया है। पत्र मे कहा गया है, मंत्री (भूपेंद्र सिंह) के संज्ञान में आया है कि नगर निगम भोपाल द्वारा स्वच्छता अभियान के लिए फिल्म कलाकार रजा मुराद को ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। जबकि ब्रांड एंबेसडर ऐसे व्यक्ति को बनाना जाना चाहिए जिसने स्वच्छता के क्षेत्र मे उल्लेखनीय योगदान दिया हो अथवा भोपाल की संस्कृति से भली-भांति परिचित हो। पत्र मे आगे कहा गया, अतः उक्त संबंध मे मंत्री द्वारा तत्काल आदेश निरस्त करने एवं किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति जो भोपाल की संस्कृति से भली-भांति परिचित हो या स्वच्छता के क्षेत्र मे महत्वपूर्ण योगदान दिया हो, ऐसे व्यक्तिा संस्था को ब्रांड एंबेसडर बनाने का निर्देश दिया जाता है। हालांकि, मुराद ने पीटीआई-भाषा को बताया कि वह शहर से अच्छी तरह वाकिफ है क्योकि उनके तमाम यहां रिश्तेदार यहां के रहने वाले है और उनकी स्कूली शिक्षा भोपाल मे हुई है।

## दिल्ली हवाई अड्डे पर 10 लाख रुपए की फर्जी जाली मुद्रा जब्त, दो लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीमाशुल्क अधिकारियों ने दिल्ली हवाईअड्डे पर 10 लाख रुपए मूल्य की जाली भारतीय मुद्रा और सात लाख रुपए की कीमत का सोना जब्त कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है। सीमाशुल्क विभाग की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को भी मामले की सूचना दी गई है और वह जांच में शामिल हो गई है। सीमाशुल्क विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि बीते कुछ साल में दिल्ली हवाई अड्डे पर पहली बार जाली मुद्रा जब्त की गई है। बयान में कहा गया है कि बुधवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के रास अल खाइमा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से आने के बाद एक भारतीय छात्र को रोका गया, जिसके पास से 10 लाख रुपए मूल्य की जाली मुद्रा और 7.65 लाख रुपए की कीमत का 175 ग्राम सोना जब्त किया गया। बयान के अनुसार इसके बाद इंदिरा गांधी अंर्ताष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे के आगमन द्वार पर यात्री को लेने आए व्यक्ति को रोका गया। उसके ट्रॉली बैग में छिपाकर रखा गया सोना और जाली मुद्रा जब्त की गई। यात्री और उसे लेने आए व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया।



श्रीनगर के ख्वाजा बाजार में बम निरोधक दस्ता आईईडी को नष्ट करते हुए

### मेडिकल रिपोर्ट में बलात्कार की पुष्टि नहीं हुई है : पुलिस

**जयपुर।** राजस्थान के अलवर जिले में घर से कुछ घंटे लापता रहने के बाद घायल अवस्था में मिली मानसिक रूप से कमजोरी बच्ची के संबंध में शुक्रवार को पुलिस ने बताया कि उसकी मेडिकल रिपोर्ट में बलात्कार या यौन उत्पीड़न की पुष्टि नहीं हुई है। हालांकि पुलिस अभी तक यह स्पष्ट नहीं कर रही है कि बच्ची को इतनी चोटें कैसे आई। पुलिस का कहना है कि बच्ची खुद अपने गांव से पहले शहर तक गई और फिर तिजारा पुल पहुंची, जहां वह घायल अवस्था में मंगलवार को मिली। अलवर की पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मेडिकल विशेषज्ञों की टीम ने आज पुलिस को जो रिपोर्ट सौंपी है।

## विदेश मंत्री जयशंकर ने जापान, नीदरलैंड, ब्राजील, अर्जेंटीना के अपने समकक्ष से बातचीत की

भाषा। नई दिल्ली

**विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने शुक्रवार को जापान, नीदरलैंड, ब्राजील और अर्जेंटीना के विदेश मंत्रियों के साथ अलग अलग बातचीत की और द्विपक्षीय एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की।

जयशंकर ने ट्वीट किया कि नीदरलैंड के विदेश मंत्री एवं उप प्रधानमंत्री वोपके होएकस्ट्रा के साथ अच्छी चर्चा हुई। उन्होंने कहा, उनके कोविड से जल्द ठीक होने की कामना करता हूं। नववर्ष मंगलमय हो। हमने द्विपक्षीय सहयोग, यूरोपीय संघ और हिन्द प्रशांत के विषय पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि हमने दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे होने को लेकर विचारों का आदान प्रदान किया। वहीं, जयशंकर के साथ बातचीत के बारे में होएकस्ट्रा ने ट्वीट किया, डा. जयशंकर से बात करके अच्छा लगा। हम इस वर्ष को दोनों देशों के राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरा होने के अवसर के तौर पर मना रहे हैं, बड़ी उपलब्धि। उन्होंने कहा कि हमने अपने मजबूत द्विपक्षीय संबंधों, यूरोपीय संघ में सहयोग और क्षेत्र के घटनाक्रम के बारे में चर्चा की। नीदरलैंड के विदेश मंत्री ने कहा, मैं हमारे शानदार द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने को आशान्वित हूं। इससे पहले, जयशंकर ने कहा कि जापान के अपने समकक्ष हायाशी योशिमासा के साथ नव वर्ष के अवसर पर चर्चा करके प्रसन्न हूं।

### अमेरिकी दूतावास की प्रभारी ने द्विपक्षीय संबंधों, क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की

**नई दिल्ली।** विदेश सचिव हर्षवर्द्धन श्रृंगला और भारत मे अमेरिकी दूतावास की प्रभारी पैट्रीसिया लेसिना ने शुक्रवार को द्विपक्षीय संबंधों, आपसी हितो से जुड़े क्षेत्रीय मुद्दो और कोविड-19 महामारी के बारे मे चर्चा की। अमेरिकी दूतावास की प्रभारी (चार्ज द अफेयर्स) ने विदेश सचिव से भेंट की और विभिन्न मुद्दो पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने अपने ट्वीट बताया कि दोनो ने कोविड महामारी, भारत अमेरिका संबंधो तथा आपसी हितो से जुड़े क्षेत्रीय मुद्दो के बारे मे चर्चा की। इसी सप्ताह, व्हाइट हाउस ने कहा था कि वर्ष 2022 मे भारत और अमेरिका विविध विषयो पर पहल की दिशा मे आगे बढ़ सकते है, जिसमे महामारी के खिलाफ लड़ाई, जलवायु परिवर्तन, क्वाड और नई एवं उभरती हुई प्रौद्योगिकी शामिल है।

## मांडविया ने सीजीएचएस मुख्यालय में ई-संजीवनी हब में टेलीफोन पर परामर्श सेवाओं की समीक्षा की

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्रीय स्वास्थ्य** मंत्री मनसुख मांडविया ने यहां सीजीएचएस मुख्यालय में ई-संजीवनी हब का दौरा कर वहां टेलीफोन पर प्रदान की जा रही परामर्श सेवाओं की समीक्षा की। मांडविया ने दूरभाष परामर्श प्रदान कर रहे डॉक्टरों से बातचीत की और कुछ सत्रों का व्यक्तिगत रूप से मुआयना किया। उन्होंने लोगों से कोविड-19 महामारी के दौरान इन डिजिटल मंचों का और अधिक उपयोग करने की अपील की, जिससे वे घरों से बाहर निकले बिना स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। टेली-परामर्श के डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रदान की जा रहीं स्वास्थ्य सेवाओं की सराहना करते हुए मांडविया ने कहा, ई-संजीवनी देश में स्वास्थ्य क्षेत्र में एक क्रांति है। यह प्रधानमंत्री की दूरदृष्टि के अनुरूप किफायती और सुगम स्वास्थ्य सुविधा प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्रियों के साथ बृहस्पतिवार की समीक्षा बैठक में प्रधानमंत्री ने इस बात को रेखांकित किया था कि दूर-चिकित्सा सुविधाओं से जरूरतमंदों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में बड़ी मदद मिलेगी। मांडविया ने कहा, इस मंच के उपयोग से जमीनी स्तर पर डॉक्टरों और विशेषज्ञों की कमी पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है, वहीं दूसरे और तीसरे स्तर के अस्पतालों में बोझ कम हो रहा है।



### भारत में कोविड-19 टीके की अब तक 155.92 करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी है : स्वास्थ्य मंत्रालय

**नई दिल्ली।** भारत मे शुक्रवार को कोविड-19 टीके की 49 लाख से अधिक खुराक दिए जाने के साथ देश मे अब तक 155.92 करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि आज दी गई खुराक के बारे में अंतिम आंकड़ों के संकलन के बाद देर रात तक प्रतिदिन के आंकड़े में वृद्धि होने की उम्मीद है। मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक देश मे टीकाकरण अभियान के तीसरे चरण की शुरूआत के बाद से 18 से 44 वर्ष आयु समूह के लोगो को टीके की कुल 52,25,52,771 प्रथम खुराक और 36,49,61,308 दूसरी खुराक दी जा चुकी है। मंत्रालय ने कहा कि भारत में कुल टीकाकरण कवरेज 155.92 करोड़ (1,55,92,20,012)को शुक्रवार को पार कर गया। शुक्रवार को शाम सात बजे तक 49 लाख से अधिक (49,33,612) खुराक दी गई। अब तक कुल 90,37,77,508 पहली खुराक और 65,16,91,749 दूसरी खुराक दी गई है।

### एनसीपीसीआर ने दिल्ली सरकार से स्कूल कर्मचारियों के सत्यापन पर जानकारी मांगी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने शुक्रवार को दिल्ली सरकार से कहा कि कि वह इस बारे में जानकारी दे कि स्कूलों में काम करने वाले कर्मचारियों का पुलिस द्वारा सत्यापन काम किया जा रहा है या नहीं। एनसीपीसीआर ने कहा कि उसके पास एक प्रतिवेदन आया है जिसमें आम आदमी पार्टी की विधायक और दिल्ली के शिक्षा मंत्री (मनीष सिसोदिया) की पूर्व सलाहकार अतिशी के एक साक्षात्कार का लिंक साझा किया गया है। आयोग के अनुसार, इस साक्षात्कार में अतिशी ने कहा है कि आगंनवाड़ी और स्कूलों में बच्चों से जुड़े काम करने वाले लोगों का पुलिस द्वारा सत्यापन होने की प्रक्रिया पूरी नहीं होती। उसने इस संदर्भ में दिल्ली सरकार के शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव को पत्र लिखा है।



नए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरोद्ध के अध्यक्ष एस सोमनाथ एल निवर्तमान इसरो अध्यक्ष के। सिवन के साथ कार्यालय का कार्यभार संभालेंग

# भाजपा ने प्रियंका पर चयनात्मक राजनीति करने का आरोप लगाया

**भाषा।** नई दिल्ली





**भाजपा** ने राजस्थान के अलवर जिले में मानसिक रूप से निशक्त 15 वर्षीय किशोरी के कथित बलात्कार की घटना को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस और उसकी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा पर निशाना साधा और चयनात्मक राजनीति करने का आरोप लगाया। पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा ऐसा क्यों है कि उत्तर प्रदेश में जाकर प्रियंका गांधी वाद्रा कहती हैं कि लड़की हूं, लड़ सकती हूं। लेकिन राजस्थान में जहां कांग्रेस की सरकार है, वहां उनके सुर लड़की हो तो लड़ना मना है और चुप रहना ही पड़ेगा में बदल जाते हैं।

राजस्थान में मानसिक रूप से निशक्त किशोरी मंगलवार रात नौ बजे अलवर के तिजारा फाटक के पास सड़क पर घायल अवस्था में मिली थी। बुधवार को जयपुर के अस्पताल में उसकी शल्य चिकित्सा की गई। पीड़िता के निजी अंगों में गंभीर चोट के कारण सर्जरी में ढाई घंटे का समय लगा। पात्रा ने कहा कि जब वह किशोरी जिंदगी और मौत से संघर्ष कर रही थी उस वक्त प्रियंका गांधी वाद्रा, जो खुद को चैंपियन ऑफ महिला कहती हैं, वह राजस्थान के ही रणथंभौर में अपने परिवार के साथ जन्मदिन मना रही थीं। इस मामले को लेकर भाजपा नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल कांग्रेस महासचिव से मिलने रणथंभौर भी गया था। पात्रा ने दावा कि यह कह कर भाजपा नेताओं को प्रियंका वाद्रा से नहीं मिलने दिया गया कि वह अपना जन्मदिन मनाने में व्यस्त हैं और किसी से मिल नहीं सकतीं। उन्होंने कहा, यह कांग्रेस पार्टी की चयनात्मक राजनीति को दर्शाता है। पात्रा ने कहा, वास्तव में आप कांग्रेसी हैं और केवल राजनीति कर सकती हैं...महिलाओं के खिलाफ अत्याचार का इस्तेमाल करते हुए, उसको राजनीति की धुरी बनाकर गांधी परिवार अपनी महत्वाकांक्षा को साधने की कोशिश कर रहा है... राहुल गांधी और प्रियंका वाद्रा कर रहे हैं। यह अक्षम्य है। उन्होंने सवाल किया कि बलात्कार पीड़ितों के साथ फोटो खिंचवा कर सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले, कांग्रेस के नेता कब अलवर जाएंगे? उन्होंने यह भी पूछा कि कांग्रेस महासचिव वाद्रा ने राजस्थान में हुए जघन्य अपराध पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से क्या कोई रिपोर्ट तलब की है?पात्रा ने राज्य की महिला और बाल विकास मंत्री ममता भूपेश के उस बयान पर भी आपत्ति जताई।

## बुल्ली बाई ऐप : दो आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**मुंबई।** एक स्थानीय अदालत ने बुल्ली बाई ऐप मामले में गिरफ्तार श्वेता सिंह और मयंक रावत को शुक्रवार को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इससे पूर्व श्वेता ने पुलिस पर पूछताछ के दौरान कथित झापड़ मरने का आरोप लगाया। दो आरोपियों को मुंबई पुलिस ने महीने के शुरुआत में बुल्ली बाई ऐप के मामले गिरफ्तार किया था जिसके जरिए कथित तौर पर मुस्लिम महिलाओं को निशाना बनाया जाता था। श्वेता सिंह की उम्र 18 साल है जबकि रावत की उम्र 21 साल है और दोनों ने उपनगर बांद्रा की मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने के तुरंत बाद जमानत की अर्जी दाखिल की। मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट कोमलसिंह राजपूत ने उन्हें यह सूचित करने के बाद जेल भेजा कि रावत कोरोना वायरस से संक्रमित हैं। इस मामले में पहले आरोपी विशाल झा और मामले के जांच अधिकारी भी सप्ताह के शुरुआत में कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए थे।



मुंबई में धारावी क्षेत्र में नए चावल की फसल की डिश तैयार कर पोंगल पर्व मनाते हुए लोग।

## गोवा विस चुनाव में 40 में से 38 सीटों पर लड़ेगी भाजपा : पार्टी पदाधिकारी

**पणजी।** गोवा में सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने प्रदेश में अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनावों में 40 में से 38 सीटों पर उम्मीदवार उतारने का फैसला किया है। पार्टी के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पदाधिकारी ने पीटीआई–भाषा से बात करते हुए कहा कि दो विधानसभा क्षेत्रों – बेनालिम और नुवेम में पार्टी अपने चुनाव चिन्ह पर कोई उम्मीदवार नहीं उतारेगी।

बेनालिम और नुवेम विधानसभा क्षेत्र के लोग परंपरागत रूप से गैर–भाजपाई उम्मीदवारों के लिए मतदान करते हैं। यह दोनों ईसाई बहुल सीटें हैं। फिलहाल बेनालिम का प्रतिनिधित्व चर्चिल अलेमाओ करते हैं जो राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के टिकट पर चुनाव जीतने के बाद पिछले महीने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में शामिल हो गए थे। वहीं नुवेम का प्रतिनिधित्व विल्फ्रेड डीसा करते हैं जिन्होंने पिछला चुनाव कांग्रेस के टिकट पर जीता था लेकिन बाद में भाजपा में शामिल हो गए थे।

पदाधिकारी ने कहा, उम्मीदवारों के बारे में औपचारिक घोषणा 16 जनवरी के बाद की जाएगी, जब पार्टी का संसदीय बोर्ड सूची को मंजूरी देगा। उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप देने के लिए भाजपा अपनी कोर समिति की बैठकें कर रही है। गोवा चुनावों के लिए पार्टी के प्रभारी और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं, जिसमें भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष सदानंद शेत तानावड़े, मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत सहित अन्य लोग शामिल हुए।

सावंत ने बृहस्पतिवार को संवाददाताओं से कहा था कि भाजपा के पदाधिकारी 15 जनवरी को शीर्ष नेताओं के साथ बैठक करने के लिए दिल्ली जाएंगे, जबकि पार्टी का संसदीय बोर्ड अगले दिन उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप देगा।

## केजरीवाल, भगवंत मान ने पंजाब के मुख्यमंत्री के क्षेत्र में किसानों से मुलाकात की

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पार्टी की पंजाब इकाई के संयोजक भगवंत मान ने पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के विधानसभा क्षेत्र चमकौर साहिब में कुछ किसानों से मुलाकात की। पार्टी द्वारा शुक्रवार को जारी किसानों से मुलाकात के संक्षिप्त वीडियो में केजरीवाल और मान सरसों के खेत में रखी चारपाई पर बैठे दिख रहे हैं और कुछ किसानों से बात कर रहे हैं। मान वीडियो में किसानों से पूछते सुने जा सकते हैं कि क्या उन्हें गन्ना फसल का भुगतान मिला है और किसान कह रहे हैं कि उनका बकाया अभी तक नहीं मिला। फिर केजरीवाल किसानों से पूछते हैं, क्या आपको दो साल से फसल का पैसा नहीं मिला। एक किसान को आप नेताओं से कहते सुना जा सकता है कि इलाके के कई युवा बेरोजगार हैं। तब केजरीवाल कहते हैं, तो क्या आप इस बार बदलाव ला रहे हैं?

# अगर ठाकरे घर से नहीं निकल सकते तो किसी और को अधिकार सौंप दें: भाजपा



**मुंबई।** महाराष्ट्र में विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को कहा रीढ़ की हड्डी की सर्जरी कराने के बाद स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे यदि घर से नहीं निकल सकते तो उन्हें अपने अधिकार साथी मंत्रियों को सौंप देने चाहिए। भाजपा के एक नेता ने कहा कि यदि ठाकरे को अन्य नेताओं पर भरोसा नहीं है तो वह अपने बेटे और आदित्य ठाकरे को प्रभार सौंप सकते हैं। ठाकरे (61) ने नवंबर, 2021 में सर्वाइकल स्पाइन सर्जरी कराई थी। वह दिसंबर के अंतिम सप्ताह में आयोजित राज्य विधानसभा के पांच दिन तक चले पूरे शीतकालीन सत्र में अनुपस्थित रहे। हालांकि वह आधिकारिक बैठकों में अपने आवास से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शामिल हो रहे हैं।

कोल्हापुर में संवाददाताओं से बातचीत में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल ने कहा, लोग कह रहे हैं कि मुख्यमंत्री ने पिछले करीब 70 दिन से लोगों से मुलाकात नहीं की है। इसलिए ठाकरे को उनके अधिकार किसी और को दे देने चाहिए जो उनकी जगह दैनिक बैठकों में शामिल हो सकें और कभी–कभी राज्य में कुछ स्थानों का दौरा कर सकें। उन्होंने कहा, वह हमारे मित्र की तरह हैं, इसलिए उनके जल्द पूरी तरह स्वस्थ होने की कामना करता हूं। हालांकि घर पर बैठकर करीब 12 करोड़ की आबादी वाले राज्य को संभालने और नियंत्रित करने का काम नहीं किया जा सकता। ऐसी जिम्मेदारियों को और अधिक गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

भाजपा विधायक और पूर्व मंत्री संभाजी पाटिल निलंगेकर ने लातूर में जारी बयान में कहा कि उद्धव ठाकरे घर से नहीं निकल पा रहे और उनकी सरकार दिशाविहीन हो गई है, ऐसे में उन्हें कुछ समय के लिए अपना कामकाज उप मुख्यमंत्री अजित पवार या अन्य किसी मंत्री को सौंप देना चाहिए। निलंगेकर ने कहा कि अगर उन्हें अजित पवार या उनकी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) पर भरोसा नहीं है तो वह अपने बेटे और पर्यावरण मंत्री आदित्य ठाकरे को जिम्मेदारी दे सकते हैं।भाजपा नेता ने कहा कि मुख्यमंत्री बृहस्पतिवार को कोविड–19 के हालात की समीक्षा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बुलाई गई बैठक में भी शामिल नहीं हुए। उधर चंद्रकांत पाटिल ने कहा कि राकांपा और कांग्रेस के साथ गठबंधन के कारण शिवसेना चुनावों में हार रही है।

## क्विक न्यूज

### राज्य चुनाव आयोग बंगाल निकाय चुनाव टालने की संभावनाएं तलाशने: उच्च न्यायालय

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने राज्य चुनाव आयोग (एसईसी) को पश्चिम बंगाल में कोरोना वायरस संक्रमण के बढ़ते मामलों के मद्देनजर चार नगर निगमों में निकाय चुनाव चार से छह सप्ताह के लिए स्थगित करने की संभावनाएं तलाशने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश प्रकाश श्रीवास्तव और न्यायमूर्ति अजय कुमार मुखर्जी की पीठ ने 13 जनवरी के अपने आदेश में कहा कि राज्य चुनाव आयोग इस संबंध में 48 घंटे के भीतर निर्णय ले। एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि एसईसी को राज्य में कोविड-19के बढ़ते मामलों को ध्यान में रखना होगा। साथ ही पीठ ने कहा कि उत्तर 24 परगना जिले और चंदननगर कस्बे में संक्रमण के काफी मामले हैं। इससे पहले, एसईसी ने कहा था कि बिधाननगर, चंदननगर, सिलीगुड़ी और आसनसोल नगर निगम में 22 जनवरी को चुनाव होंगे। बिधाननगर उत्तर 24 परगना जिले में आता है। अदालत ने यह भी कहा कि एसईसी को यह भी विचार करना चाहिए कि क्या इन परिस्थितियों में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से कराना संभव है। अदालत ने कहा कि एसईसी के पास चुनाव स्थगित करने के संबंध में फैसला लेने की पर्याप्त शक्तियां है।

### बारूदी सुरंग में विस्फोट, एसएसबी का जवान घायल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में नक्सलियों ने बारूदी सुरंग में विस्फोट कर दिया, जिससे इस घटना में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) का एक जवान घायल हो गया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। कांकेर जिले के पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यहां बताया कि जिले के रावघाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत पटकलबेड़ा गांव के जंगल में नक्सलियों ने बारूदी सुरंग में विस्फोट कर दिया, जिससे इस घटना में एसएसबी के 33वी बटालियन का जवान घायल हो गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के कोसरोंडा शिविर से एसएसबी के जवानों को गश्त में रवाना किया गया था। जवान जब पटकलबेड़ा गांव के जंगल में थे तब नक्सलियों ने बारूदी सुरंग में विस्फोट कर दिया। इस घटना में एक जवान घायल हो गया। उन्होंने बताया कि घटना के बाद घायल जवान को जंगल से बाहर निकाला गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के रावघाट और ताड़ोकी क्षेत्र में निर्माणाधीन दल्लीराजहरा (बालोद जिला)-रावघाट (कांकेर) रेलवे परियोजना की सुरक्षा के लिए वर्ष 2016 से एसएसबी के 33वी और 28 वी बटानिलयन को तैनात किया गया है।

### कोविड के कारण मकर संक्रांति पर गंगा घाट रहे सूने

**देहरादून।** देश भर में कोविड-19 के मामलों में हो रही बढोत्तरी के मद्देनजर गंगा स्नान पर लगे प्रतिबंध के कारण मकर संक्रांति के पर्व पर शुक्रवार को हरिद्वार और ऋषिकेश में गंगा घाट सूनसान नजर आए। मकर संक्रांति पर हर साल लाखों श्रद्धालुओं से गुलजार रहने वाले हरिद्वार में हर की पौड़ी घाट और ऋषिकेश में त्रिवेणी घाट पर केवल पुलिसकर्मी ही नजर आए जो यह सुनिश्चित करने के लिए मुस्तैद रहे कि प्रतिबंध का उल्लंघन न हो। हरिद्वार के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि हरिद्वार की सीमा पर गश्त और जांच तेज कर दी गई जिससे प्रतिबंध की जानकारी न रखने वाले श्रद्धालु भी गंगा स्नान के लिए हर की पौड़ी क्षेत्र में न पहुंच सकें। उन्होंने बताया कि जानकारी के अभाव में गंगा में डुबकी लगाने के लिए हरिद्वार की ओर जा रहे कई श्रद्धालुओं को रास्ते से ही वापस कर दिया गया। हरिद्वार के जिलाधिकारी विनय शंकर पांडेय और देहरादून के उनके समकक्ष आर राजेश कुमार ने कोविड मामलों में बढोत्तरी को देखते हुए कुछ दिन पहले ही मकर संक्रांति के पर्व पर गंगा स्नान पर रोक के आदेश जारी कर दिए थे।

### गुजरात : उत्तरायण त्योहार पर पतंग उड़ाने के दौरान मांझे से 450 लोग घायल

**अहमदाबाद।** गुजरात मे शुक्रवार को उत्तरायण त्योहार के दौरान पतंग उड़ाने के दौरान मांझे से हुए हादसों में कम से कम 451 लोग घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शाम तक108 आपातकालीन एंबुलेंस सेवाओं ने 224 घायलों को नजदीकी अस्पतालों में पहुंचाया है, जिनमें से अधिक्तर सड़कों पर जा रहे लोग हैं। पतंग के मांझे से उनके गले या चेहरा पर कट लगने से चोट आई है। अधिकारी ने बताया कि अब तक पतंग उड़ाने संबंधी हादसों में किसी की मौत का मामला दर्ज नही किया गया है। एंबुलेंस सेवा द्वारा जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, मांझे से घायल हुए 224 लोगों में से 62 मामले अकेले अहमदाबाद के है जबकि वड़ोदरा में 26, राजकोट में 25, सूरत में 24, भावनगर में नौ और गांधीनगर मे आठ लोग जख्मी हुए हैं। उन्होंने बताया कि देर शाम तक108 एंबुलेंस सेवा पर आपात मदद के लिए कुल 2,639 फोन आए, जो पिछले साल आए 2,275 फोनकॉल के मुकाबले अधिक है।



भोपाल में मकर संक्रान्ति पर्व के अवसर पर पतंग उड़ाते हुए लोग।

## कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जोगिंदर सिंह मान ने पार्टी से इस्तीफा दिया, आप में शामिल होने की संभावना

**फगवाड़ा (पंजाब)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पंजाब के पूर्व मंत्री जोगिंदर सिंह मान ने शुक्रवार को पार्टी से 50 साल पुराना नाता तोड़ते हुए इस्तीफा दे दिया। अनुसूचित जाति (एससी) समुदाय के नेता मान करोड़ों रुपए के कथित पोस्ट–मैट्रिक एससी छात्रवृत्ति घोटाले के अपराधियों के खिलाफ कोई कार्वाई नहीं किए जाने और फगवाड़ा को जिला का दर्जा नहीं देने से नाराज थे। उन्होंने पार्टी और पंजाब कृषि उद्योग निगम के अध्यक्ष के रूप में इस्तीफा दे दिया। मान के आप में शामिल होने की संभावना है। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को लिखे पत्र में, फगवाड़ा के पूर्व विधायक ने कहा कि उनका एक सपना था कि वह एक कांग्रेसी के रूप में मरेंगे। मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के दोषियों को कांग्रेस का संरक्षण है, और ऐसे में मेरी अंतरात्मा मुझे यहां (पार्टी में) रहने की अनुमति नहीं देती है।

मान बेअंत सिंह, राजिंदर कौर भट्टल और अमरिंदर सिंह नीत सरकारों में मंत्री रह चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया, कैप्टन अमरिंदर सिंह,नवजोत सिंह सिद्धू जैसे राजे महाराजे, धनाढ्य और अवसरवादी नेता जब से कांग्रेस में आए,उन्होंने अपने निहित स्वार्थों के लिए पार्टी का इस्तेमाल किया और पार्टी के सिद्धांत और मूल्य हाशिए पर चले गए। बस सबका एक ही मूल मंत्र रह गया कि किस तरह चुनाव जीतकर सत्ता को हथियाया जाए। एससी छात्रवृत्ति घोटाला 2020 में तत्कालीन अतिरिक्त मुख्य सचिव की एक रिपोर्ट के बाद सामने आया था, जिसमें 55.71 करोड़ रुपए की कथित हेराफेरी का पता चला था। रिपोर्ट में तत्कालीन सामाजिक न्याय मंत्री साधु सिंह धर्मसोत की कथित रूप से घोटाले में शामिल लोगों को बचाने में भूमिका पर भी सवाल उठाया गया था।

## बिना सोचे-समझे लॉकडाउन लगा दिया गया था, अच्छा है इस बार घोषणा नही की गई : राकांपा

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कोरोना वायरस की स्थिति पर मुख्यमंत्रियों के साथ बातचीत करने के एक दिन बाद, राकांपा ने शुक्रवार को उन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यह अच्छा था कि इस बार तालाबंदी (लॉकडाउन) की घोषणा नहीं की गई, जैसा कि अतीत में लोगों को विश्वास में लिए बगैर और बिना किसी विचार के (लॉकडाउन) लगाया गया था। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा के कई नेताओं के पार्टी छोड़ने के बारे में बोलते हुए, राकांपा ने कहा कि वहां भगवा पार्टी का पांच साल का अहंकार का शासन इसके लिए जिम्मेदार कारणों में से एक था। मोदी ने देश में कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप के कारण संक्रमण के मामलों में वृद्धि के बीच महामारी की स्थिति पर मुख्यमंत्रियों के साथ एक डिजिटल बातचीत की थी। इसके बारे में बात करते हुए, राकांपा के मुख्य प्रवक्ता और महाराष्ट्र के मंत्री नवाब मलिक ने कहा, लोग डरे हुए थे कि लॉकडाउन का एक और दौर हो सकता है।

## न्यायालय विचार करेगा कि क्या पत्नी की जानकारी के बिना उसकी टेलीफोन बातचीत रिकॉर्ड करना निजता का उल्लंघन है

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने इस सवाल पर विचार करने पर सहमति जताई है कि क्या पत्नी की जानकारी के बिना उसकी टेलीफोन बातचीत की रिकॉर्डिंग उसकी निजता का उल्लंघन है। न्यायमूर्ति विनीत सरण और न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना की पीठ ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के 12 दिसंबर, 2021 के एक आदेश के खिलाफ दायर अपील पर नोटिस जारी किया। पीठ ने 12 जनवरी को अपने आदेश में कहा, नोटिस जारी किया जाए। शीर्ष अदालत एक महिला की याचिका पर उच्च न्यायालय के एकल न्यायाधीश की पीठ के आदेश के खिलाफ दायर अपील पर सुनवाई कर रही थी जिसने ने कुटुंब अदालत के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर आदेश दिया था। बठिंडा कुटुंब अदालत ने महिला से अलग रहने वाले उसके पति को उसकी और उसकी पत्नी की रिकॉर्डेड बातचीत से संबंधित सीडी को प्रमाणित करने के लिए कहा था।

# नन बलात्कार मामले में बिशप फ्रैंकों मुलक्कल को बरी किया

**कोट्टायम (केरल)।** केरल में कोट्टायम की एक अदालत ने बिशप फ्रैंको मुलक्कल को नन से बलात्कार के आरोपों से शुक्रवार को बरी कर दिया। अतिरिक्त जिला एवं सत्र अदालत, प्रथम, ने बिशप को बरी कर दिया क्योंकि अभियोजन पक्ष उनके खिलाफ सबूत पेश करने में विफल रहा था। फैसला सुनने के लिए अदालत पहुंचे मुलक्कल ने राहत की सांस ली और इस दौरान उनकी आंखें भी नम हो गई। फैसले पर खुशी जाहिर करते हुए उन्होंने अपने समर्थकों और वकीलों को गले भी लगाया। मुलक्कल (57) ने पत्रकारों से कहा, भगवान का शुक्रिया। फैसले के बाद उनके कुछ अनुयाई खुशी से रोते हुए भी दिखाए दिए। फैसले के तुरंत बाद जारी एक संक्षिप्त बयान में जालंधर डायोसिस ने उन सभी लोगों का शुक्रिया अदा किया, जो लगातार बिशप की बेगुनाही में विश्वास करते रहे और उन्हें आवश्यक कानूनी सहायता प्रदान करते रहे।

बिशप के कानूनी दल के एक वकील ने कहा, अभियोजन पक्ष, बिशप के खिलाफ आरोपों को साबित करने में बुरी तरह विफल रहा है। वरिष्ठ भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी एस. हरिशंकर ने कहा कि फैसला स्वीकार्य नहीं है और इसके खिलाफ अपील की जानी चाहिए। हरिशंकर ने बिशप के खिलाफ बलात्कार मामले में विशेष जांच दल का नेतृत्व किया था। उन्होंने कहा, यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण फैसला है। हमें इस मामले में उन्हें दोषी ठहराए जाने की पूरी उम्मीद थी। लोक अभियोजक जितेश जे. बाबू ने भी यही भावना व्यक्त की और कहा कि पीड़िता के बयान के बावजूद ऐसा फैसला आया। उन्होंने कहा, इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता।

सरकार की मंजूरी मिलने के बाद फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती दी जाएगी। नन ने जून 2018 में पुलिस को दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि 2014 से 2016 के बीच मुलक्कल ने उनका यौन शोषण किया था। वह तब रोमन कैथोलिक चर्च के जालंधर डायोसिस के बिशप थे। कोट्टायम जिले की पुलिस ने जून 2018 में ही बिशप के खिलाफ बलात्कार का मामला दर्ज किया था। मामले की तहकीकात करने वाले विशेष जांच दल ने बिशप को सितंबर 2018 में गिरफ्तार किया था और उन पर गलत तरीके से बंधक बनाने, बलात्कार करने, अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने और आपराधिक धमकी देने के आरोप लगाए थे। मामले में नवंबर 2019 में सुनवाई शुरू हुई, जो 10 जनवरी को पूरी हुई थी। अदालत ने प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को उसकी अनुमति के बिना मुकदमे से संबंधित किसी भी सामग्री को प्रसारित करने पर रोक लगा दी थी।

### अदालती फैसले से बलात्कार पीड़िता के समर्थक स्तबध, बिशप ने कहा, प्रभु का गुणगान करिए

**कोट्टायम (केरल)।** केरल में एक नन के साथ बलात्कार के आरोप से रोमन कैथलिक बिशप फ्रांको मुलक्कल के बरी हो जाने पर शुक्रवार को पीड़िता की समर्थक ननों ने अदालत के फैसले पर स्तब्धता जताते हुए निराशा प्रकट की और कहा कि न्याय मिलने तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। वहीं प्रसन्न दिख रहे बिशप ने अपने अनुयायियों से प्रभु का गुणगान करने एवं प्रसन्न रहने की अपील की। न्याय की लड़ाई में सदैव पीड़िता के साथ खड़ी रहीं यहां के कुराविलांगड कन्वेंट की ननों ने रूंधे गले से कहा कि उन्हें अब भी विश्वास नहीं हो रहा है कि अदालत से ऐसा फैसला आएगा। उन्हें नहीं पता कि क्या हुआ? पीड़िता एवं उनकी समर्थक नन दक्षिण केरल के इस जिले में कुराविलांगड कन्वेंट में रहती हैं। न्याय के लिए ननों के संघर्ष का चेहरा रही सिस्टर अनुपमा ने संवाददाताओं से कहा कि वे निश्चित ही इस फैसले को ऊपरी अदालत में चुनौती देंगी और अपनी बेबस सहयोगी की लड़ाई को आगे ले जाएंगी। जो धनी एवं प्रभावशाली हैं वे इस समाज में कुछ भी कर सकते हैं। समाज में यही हम अपने आसपास देखते हैं। हमने इस मामले की बहस के समय तक कुछ भी अजीब महसूस नहीं किया।



अमृतसर में स्वर्ण मन्दिर में मकर संक्रान्ति पर्व के अवसर पर सिख देवता की पूजा करने के लिए भीड़ लगाए हुए श्रद्धालु।

# उद्यम पूंजी कोष छोटे शहरों के स्टार्टअप पर ध्यान दें: गोयल

भाषा। नई दिल्ली

**उद्योग** एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने वैश्विक उद्यम पूंजी कोष को दूसरे एवं तीसरे दर्जे के शहरों के स्टार्टअप पर खास ध्यान देने का आह्वान करते हुए शुक्रवार को कहा कि उन्हें निवेश के लिए नए क्षेत्रों पर गौर करना चाहिए। वैश्विक उद्यम पूंजी (वीसी) कोषों के साथ एक गोलमेज बैठक की अध्यक्षता करते हुए गोयल ने कहा कि सरकार ने स्टार्टअप को समर्थन देने के लिए पहले ही कई कदम उठाए हैं और भविष्य में भी वह ऐसा करती रहेगी। गोयल ने उद्यम पूंजी कोषों से निवेश, प्रोत्साहन एवं संरक्षण के लिए नए क्षेत्रों की तलाश करने के लिए न्योता देते हुए कहा कि इस तरह युवा भारतीय उद्यमियों के



बनाए बौद्धिक संपदा उत्पादों का संरक्षण हो सकेगा। इससे पूंजी प्रवाह की संभावनाएं भी मजबूत हो सकेंगी।

भारत में इस समय 55 उद्योगों में करीब 61,000 स्टार्टअप काम कर रहे हैं और इनमें से दूसरे एवं तीसरे दर्जे के शहरों का अनुपात 45 फीसदी है। स्टार्टअप परिवेश के लिए सरकार ने 49 नियामकीय सुधारों को लागू किया है ताकि कारोबार सुगम हो और पूंजी जुटाना आसान हो एवं अनुपालन बोझ कम हो सके। उद्यम पूंजी कोषों के साथ यह गोलमेज बैठक स्टार्टअप इंडिया नवाचार सप्ताह के मौके पर आयोजित की गई। इसमें अमेरिका, जापान, कोरिया एवं सिंगापुर जैसे देशों के 75 से अधिक उद्यम पूंजी कोष निवेशकों ने शिरकत की।

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक इस बैठक में शामिल वीसी फंड भारतीय बाजार में 30 अरब डॉलर से भी अधिक परिसंपत्ति का प्रबंधन कर रहे हैं। उद्यम पूंजी कोषों की तरफ से भी सरकार को कई सुझाव दिए गए।

## दिसंबर में यात्री वाहनों की बिक्री 13 प्रतिशत घटी: सियाम

**नई दिल्ली।** देश में यात्री वाहनों की थोक बिक्री पिछले महीने 13 प्रतिशत घटकर 2,19,421 इकाई रह गई। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। दिसंबर 2020 में 2,52,998 यात्री वाहन बिके थे। सियाम के आंकड़ों के अनुसार दो पहिया वाहनों की बिक्री भी 11 फीसदी गिरकर 10,06,062 इकाई रही जो दिसंबर 2020 में 11,27,917 इकाई थी। दिसंबर 2020 में 7,44,237 मोटरसाइकिल बिकी थीं जो बीते दिसंबर दो फीसदी गिरकर 7,26,587 रह गई। स्कूटर की बिक्री भी 24 प्रतिशत घटकर 2,46,080 इकाई रह गई जो इससे एक साल पहले 3,23,757 इकाई थी। इस वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में यात्री वाहनों की बिक्री 15 फीसदी की गिरावट के साथ 7,61,124 इकाई रही जो एक साल पहले 8,97,908 थी। दिसंबर तिमाही में दो पहिया वाहनों की बिक्री 25 फीसदी गिरकर 35,98,299 रह गई जो एक वर्ष पहले इसी अवधि में 47,82,110 थी।

## भारत और ब्रिटेन के लिए परस्पर लाभदायक एफटीए लाना चाहते हैं: ऐनी मेरी ट्रेवेलियन

भाषा। नई दिल्ली

**ब्रिटेन** की अंतरराष्ट्रीय व्यापार मामलों की मंत्री ऐनी मेरी ट्रेवेलियन ने कहा कि भारत और ब्रिटेन आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए मुक्त व्यापार समझौता करना चाहते हैं जो दोनों देशों के लिए परस्पर लाभदायक है। ट्रेवेलियन ने उम्मीद जताई कि दोनों पक्ष इस समझौते के लिए इस साल के अंत या 2023 की शुरुआत तक वार्ता पूरी कर लेंगे। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने 13 जनवरी को यहां मेरी ट्रेवेलियन से मुलाकात की थी और प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत की औपचारिक शुरुआत की थी। इस समझौते से 2030 तक द्विपक्षीय कारोबार दोगुना होने में मदद मिलेगी और दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को बढ़ावा मिलेगा। दोनों ही पक्ष दिसंबर 2022 तक वार्ता को पूरा कर लेना चाहते हैं और जल्द ही अंतरिम समझौता करना चाहते हैं। ट्रेवेलियन ने कहा, हम एफटीए लाना चाहते हैं जो दोनों ही देशों के लिए पारस्परिक लाभदायक हो। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों के विचार सकारात्मक हैं तथा दोनों ही पक्षों से निवेश को बढ़ावा देना इस समझौते का अभिन्न अंग होगा। उन्होंने कहा कि दोनों ही देशों के पास नई आर्थिक साझेदारी बनाने का स्वर्णिम अवसर है क्योंकि भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ेगी। गोयल ने कहा कि इस समझौते से चमड़ा, कपड़ा, आभूषण और प्रसंस्कृत कृषि उत्पादों के भारत से निर्यात को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। भारत की ओर से 2020-21 में ब्रिटेन को निर्यात 8.15 अरब डॉलर जबकि आयात 4.95 अरब डॉलर रहा।

### सात बैंकों के संघ से 117.5 करोड़ डॉलर जुटाए

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की आरईसी लिमिटेड ने सात बैंकों के संघ से 117.5 करोड़ डॉलर की राशि जुटाई है। एक बयान में कहा गया कि आरईसी लिमिटेड ने मेंडेटेड लीड अरेंजर ऐंड बुकरनर्स (एमएलएबीएस) के रूप में सात बैंकों के संघ से 117.5 करोड़ डॉलर की राशि जुटाई है।बयान के अनुसार, यह किसी भी भारतीय गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) द्वारा अंतरराष्ट्रीय बैंक ऋण बाजार में उठाया गया सबसे बड़ा सिंडिकेटेड ऋण है। इसमें कहा गया कि इस करार में सात भारतीय और अंतरराष्ट्रीय बैंक शामिल हैं जिनके नाम हैं एक्सिस बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक, डीबीएस, एमयूएफजी और एसएमबीसी। इसके जरिए मिलने वाले लाभ का उपयोग अवसंरचना ऊर्जा क्षेत्र की परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए किया जाएगा।

### मदर डेयरी को घी श्रेणी में 20 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद

**अहमदाबाद।** घी सेगमेन्ट में तेज़ी से विकास के मद्देनजरए डेयरी उद्योग की दिग्गज मदर डेयरी ने देश भर में 40000 नए रीटेल आउटलेट्स पर उत्पाद उपलब्ध कराने की योजना बनाई है। इसमें महाराष्ट्रए उत्तर प्रदेश और हरियाणा जैसे राज्यों की ओर ध्यान केंद्रित करने के लक्ष्य के साथए अगले तीन सालों में इस कैटेगरी में 20 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि का लक्ष्य रखा है। मदर डेयरी का मानना है कि इससे बाजारों में नकली उत्पादों से जूझ रहे उपभोक्ताओं को बेहतर गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध कराने की दिशा में ये अहम पहल होगी। इसके तहत इस प्रोडक्ट को देश के 200 शहरों में 50000 अतिरिक्त रीटेल आउटलेट्स पर उपलब्ध कराया जाएगा। इस विस्तार के तहत उत्कृष्ट गुणवत्ता का उत्पाद उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जाएगाए जो बाज़ार में मौजूद नकली उत्पादों की समस्या से जूझ रहे हैं। घी कैटेगरी में तेज़ी से विस्तार की योजनाओं के बारे में संजय शर्माए बिज़नेस ने जानकारी दी।

### एजीएस ट्रांजैक्ट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड का आईपीओ

**मुंबई।** एजीएस ट्रांजैक्ट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम ऑफ़र को 19 जनवरी, 2022 को खोलने का प्रस्ताव दिया है। ऑफ़र का प्राइस बैंड 10 प्रत्येक के अंकित मूल्य पर 166 से 175 प्रति इक्विटी शेयर निर्धारित किया गया है। इक्विटी शेयर२ न्यूनतम 85 इक्विटी शेयर और उसके बाद 85 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगाई जा सकती हैइस ऑफ़र में एजीएस ट्रांजैक्ट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के 10 के अंकित मूल्य के इक्विटी शेयर शामिल हैं। जो कुल मिलाकर 6,800 मिलियन ऑफ़र के हैंए जो ऑफ़र फॉर सेल के जरिए उपलब्ध कराये जा रहे हैं। रवि बी गोयल प्रमोटर सेलिंग शेयर धारक, के 6,775.80 मिलियन इक्विटी शेयर वीसी गुप्ते के 7.63 मिलियन के इक्विटी शेयर्सए शैलेश शेट्टी के 5.97 मिलियन के इक्विटी शेयर्स राकेश कुमार के 4.64 मिलियन के इक्विटी शेयर्सए श्री निखिल पटियात के 2.98 मिलियन तक के इक्विटी शेयर औरराजेश हर्षदराय शाह के 2.98 मिलियन तक के इक्विटी शेयर सामूहिक रूप से २अन्य विक्रेता शेयरधारकश्द्ध शामिल हैं। यह ऑफ़र प्रतिभूति संविदा विनियमनद्ध नियम 1957 के नियम 192, बी के अनुसार संशोधित एससीआरआर जिसे सेबी आईसीडीआर विनियमों के विनियम 31 के साथ पढ़ा जाये।

## पोर्क आयात करने के फैसले के खिलाफ पूर्वोत्तर के सूअरपालक

भाषा। कोलकाता

**अमेरिका** से पोर्क (सूअर का मांस) के आयात की अनुमति देने के केंद्र सरकार के फैसले से आक्रोशित पूर्वोत्तर के सूअरपालक किसानों का कहना है कि इससे लाखों लोगों के सामने आजीविका का संकट पैदा हो सकता है।देश में कुल पोर्क खपत में पूर्वोत्तर की लगभग 70 प्रतिशत हिस्सेदारी है और यहां के किसानों को डर है कि बराबरी का मुकाबला नहीं होने और सस्ते अमेरिकी पोर्क उत्पादों से देशी बाजार प्रभावित हो सकता है।

अमेरिका की व्यापार प्रतिनिधि कैथरीन ताई और कृषि सचिव टॉम विल्सैक ने हाल ही में घोषणा की थी कि अमेरिकी कृषि व्यापार के लिए लंबे समय से चली आ रही बाधा को दूर करते हुए भारत पहली बार पोर्क और पोर्क उत्पादों का



आयात करने के लिए तैयार हो गया है। एक हजार से अधिक सदस्यों वाले पूर्वोत्तर प्रगतिशील सूअर पालक किसान संघ (एनईपीपीएफए) ने कहा, हम इस कदम का पूरी तरह से विरोध करेंगे, क्योंकि इससे लाखों लोगों की आजीविका प्रभावित होगी। यह फैसला एक तेजी से बढ़ते क्षेत्र के खात्मे की शुरूआत होगा। एनईपीपीएफए के अध्यक्ष मनोज कुमार बसुमतारी ने कहा कि इस क्षेत्र में देश के लगभग 40 प्रतिशत सूअर हैं, और यहां सालाना लगभग 1.3 लाख टन पोर्क तैयार होता है।उन्होंने कहा कि अमेरिकी सूअरों की आनुवंशिकी और पालन-पोषण की प्रक्रिया पूरी तरह से अलग है, तथा अमेरिकी पोर्क उत्पादों के आयात की अनुमति देने से हमें मुकाबले के लिए बराबरी का मौका नहीं मिलेगा।

बसुमतारी ने पीटीआई-भाषा से कहा कि केंद्र सरकार को इस फैसले की जगह सूअरों के प्रजनन और चारे की गुणवत्ता में सुधार लाने और किसानों को ऋण उपलब्ध कराने पर ध्यान देना चाहिए।

## शेयर बाजार में पांच दिन से जारी तेजी पर विराम, सेंसेक्स और निफ्टी में मामूली गिरावट

भाषा। मुंबई

**घरेलू** शेयर बाजारों में पिछले पांच कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर शुक्रवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स तथा एनएसई निफ्टी मामूली गिरावट के साथ बंद हुए। वैश्विक बाजारों में नकारात्मक रुख और विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से बाजार नुकसान में रहा। पूरे कारोबार के दौरान बाजार में नरमी रही।

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 12.27 अंक यानी 0.02 प्रतिशत की गिरावट के साथ 61,223.03 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 2.05 अंक यानी 0.01 प्रतिशत नुकसान के साथ 18,255.75 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में 2.66 प्रतिशत की गिरावट के साथ एशियन







पेंट्स सर्वाधिक नुकसान में रही। इसके अलावा एक्सिस बैंक, एचयूएल, विप्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी तथा भारती एयरटेल भी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में टीसीएस, इन्फोसिस, एल एंड टी, टेक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट शामिल हैं। इनमें 1.84 प्रतिशत तक की तेजी रही।सेंसेक्स के 18 शेयर नुकसान में और 12 लाभ में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक बाजारों में गिरावट के रुख के साथ घरेलू बाजार नुकसान में खुले। हालांकि बाद में आईटी, रियल्टी और स्वास्थ्य से जुड़े शेयरों में तेजी से यह नुकसान से उबरते हुए स्थिर बंद हुआ। उन्होंने कहा, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अधिकारियों के बयान से वैश्विक बाजारों में बिकवाली हुई। बयान में मार्च के दौरान नीतिगत दर में वृद्धि का संकेत दिया गया। अमेरिका में खुदरा महंगाई दर के 40 साल के उच्च स्तर पर पहुंचने के साथ वैश्विक स्तर पर मुद्रास्फीति चिंता का विषय बनी हुई है। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स ।,478.38 अंक यानी 2.47 प्रतिशत और निफ्टी 443.05 अंक यानी 2.48 प्रतिशत मजबूत हुए।

## दिसंबर में निर्यात 38.91 प्रतिशत बढ़कर 37.81 अरब डॉलर रहा, व्यापार घाटा भी बढ़ा

**नई दिल्ली।** इंजीनियरिंग, कपड़ा और रसायन जैसे क्षेत्रों के बढ़िया प्रदर्शन के कारण दिसंबर 2021 में देश का निर्यात सालाना आधार पर 38.91 प्रतिशत बढ़कर 37.81 अरब डॉलर हो गया। हालांकि दिसंबर में ही व्यापार घाटा बढ़कर 21.68 अरब डॉलर हो गया। सरकारी आंकड़ों से शुक्रवार को यह जानकारी मिली। इन आंकड़ों के मुताबिक दिसंबर 2021 में आयात 38.55 फीसदी बढ़कर 59.48 अरब डॉलर हो गया। अप्रैल से दिसंबर 2021-22 के बीच निर्यात 49.66 फीसदी बढ़कर 301.38 अरब डॉलर हो गया। आंकड़ों के मुताबिक इस अवधि के दौरान आयात 68.91 प्रतिशत बढ़कर 443.82 अरब डॉलर हो गया, जिससे व्यापार घाटा 142.44 अरब डॉलर हो गया।

## डब्ल्यूईएफ का दावोस एजेंडा शिखर सम्मलेन 17 जनवरी से

भाषा। नई दिल्ली जिनेवा

**विश्व** आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के ऑनलाइन आयोजित होने जा रहे दावोस एजेंडा शिखर सम्मेलन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले दिन संबोधित करेंगे।पांच दिवसीय यह शिखर सम्मेलन 17 जनवरी से आरंभ हो रहा है जिसमें अन्य वैश्विक नेता भी 2022 के लिए विश्व को लेकर अपने दृष्टिकोण साझा करेंगे। डब्ल्यूईएफ को कोरोना वायरस महामारी के कारण सालाना बैठक का प्रत्यक्ष आयोजन रद्द करना पड़ा। दावोस एजेंडा शिखर सम्मेलन का आयोजन लगातार दूसरी बार डिजिटल तरीके से हो रहा है। 2022 की सालाना बैठक इस वर्ष के अंत में हो सकती है।कार्यक्रम की घोषणा करते हुए डब्ल्यूईएफ ने कहा कि दावोस एजेंडा 2022 ऐसा पहला वैश्विक मंच होगा जहां विश्वभर के महत्वपूर्ण नेता 2022 के लिए अपने



दृष्टिकोण साझा करेंगे। इस कार्यक्रम का विषय विश्व के हालात है। मोदी के अलावा, इस सम्मेलन को जापान के प्रधानमंत्री किशिदा फुमियो, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन, अमेरिकी की वित्त मंत्री जेनेट एल एलेन समेत अनेक वैश्विक नेता संबोधित करेंगे। विश्व आर्थिक मंच के संस्थापक और कार्यकारी अध्यक्ष क्लॉस श्वाब ने कहा, हर कोई उम्मीद कर रहा है कि 2022 में कोविड-19 महामारी और इससे उत्पन्न संकट धीरे-धीरे कम होने लगेगा।

## भारत ने श्रीलंका को 90 करोड़ डॉलर से अधिक की वित्तीय सहायता दी

**कोलंबो।** भारत ने श्रीलंका को 90 करोड़ डॉलर से अधिक का कर्ज देने की घोषणा की है। इससे देश को विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ाने और खाद्य आयात में मदद मिलेगी। आर्थिक संकट से गुजर रहे श्रीलंका में इस समय लगभग आवश्यक वस्तुओं की भारी किल्लत देखने को मिल रही है। श्रीलंका के सेंट्रल बैंक के गवर्नर अजीत निवार्ड कैबराल ने बुधवार को कहा था कि उनका देश भारत से एक अरब अमेरिकी डॉलर के ऋण पर बातचीत कर रहा है। श्रीलंका में भारतीय उच्चायुक्त गोपाल बागले ने बृहस्पतिवार को कैबराल से मुलाकात की और पिछले सप्ताह आरबीआई द्वारा 90 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की सुविधाओं का विस्तार करने के मद्देनजर श्रीलंका को भारत का मजबूत समर्थन जताया।

## कोरोना संक्रमितों को नई बीमा पॉलिसी लेने के लिए तीन महीने तक करना होगा इंतजार

भाषा। नई दिल्ली

**जीवन** बीमा कंपनियों ने कोरोना वायरस संक्रमण से ठीक हो चुके लोगों को नई बीमा पॉलिसी लेने पर तीन महीने तक की प्रतीक्षा अवधि का प्रावधान कर दिया है। सभी जीवन बीमा एवं स्वास्थ्य बीमा कंपनियां कुछ खास बीमारियों से जूझ रहे लोगों को पॉलिसी जारी करने के पहले एक खास अवधि तक इंतजार करने की नीति अपनाती रही हैं। अब इसी क्रम में कोरोना संक्रमण वाले लोगों को भी शामिल किया गया है। इसके लिए उन्हें नई पॉलिसी लेने के लिए एक से तीन महीने तक इंतजार करना होगा। हालांकि यह प्रावधान सिर्फ जीवन बीमा पॉलिसी के लिए ही लागू किया गया है। बीमा उद्योग के जानकारों का कहना है कि कोरोना संक्रमण से ठीक हो चुके लोगों को तीन महीने के बाद ही जीवन बीमा पॉलिसी देने की शर्त इसलिए रखी गई है कि कोरोना संक्रमण की वजह से मरने वाले लोगों की दर काफी अधिक है। बीमा कंपनियों से कोरोना वायरस संक्रमण मामलों को भी मानक प्रतीक्षा अवधि मानकों के अधीन लाने की मांग की गई थी। यह अवधि एक से तीन महीने तक की है। भारतीय बीमा ब्रोकर संघ (आईबीएआई) के अध्यक्ष सुमित बोहरा ने कहा कि भारतीय बीमा कंपनियों के पास सभी जोखिमों को दर्ज करने की क्षमता नहीं है। लिहाजा 10-20 लाख रुपए से अधिक की अधिकतर बीमा पॉलिसी पर पुनर्बीमा होता है और इसीलिए कोरोना संक्रमण के मामले में प्रतीक्षा अवधि का प्रावधान किया गया है। एगीस फेडरल लाइफ के उत्पाद प्रमुख कार्तिक रमन ने कहा,"टर्म बीमा योजनाओं को जीवन बीमा कंपनयां पुनर्बीमित करती हैं और पिछले दो वर्षों में बीमा दावों के अनुभव को देखते हुए इस तरह का प्रावधान किया गया है। हमें तत्काल प्रभाव से यह नियम लागू करने की जरूरत है।

## उद्योग जगत भारत के आर्थिक पुनरुद्धार, विस्तार को लेकर आश्वस्त: सर्वेक्षण

**नई दिल्ली।** कोविड-19 संक्रमण के मामलों में वृद्धि के बावजूद भारतीय कंपनियों में आशावाद और आत्मविश्वास उच्च स्तर पर है, और उद्योग जगत देश के आर्थिक पुनरुद्धार तथा विस्तार को लेकर सकारात्मक है। एक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई। डेलॉयट टच तोमात्सु इंडिया एलएलपी के बजट से पहले किए गए सर्वेक्षण के अनुसार 75 प्रतिशत से अधिक प्रतिभागी भारत के आर्थिक पुनरुद्धार और विस्तार के बारे में सकारात्मक थे। इस सर्वेक्षण में 10 उद्योगों के कुल 163 लोगों से बात की गई। सर्वेक्षण में आगे कहा गया कि लगभग 91 प्रतिशत प्रतिभागियों (पिछले वर्ष 58 प्रतिशत की तुलना में) का मानना है कि आत्मनिर्भर भारत पहल और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मौद्रिक उपायों ने साथ मिलकर अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने में योगदान दिया।

## पेज एक का शेष

### रैली में...

लगभग 2,000 से ज्यादा अज्ञात कार्यकर्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि वीडियोग्राफी में जो भी चिन्हित होगाए उसके खिलाफ नामजद मुकदमा कराया जाएगा। प्रशासन ने धारा 144 के उल्लंघन और महामारी एक्ट के तहत धारा 269 और 270 में मामला दर्ज कराया है। इस बाबत डीएम प्रकाश और लखनऊ के पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर खुद थाने पहुंचे थे। राज्य में विधानसभा चुनाव के चलते चुनाव आयोग ने 15 जनवरी तक के लिए रैली पर रोक लगा रखी है। इसके साथ ही आयोग ने नियमों का पालन करने का सख्त निर्देश दिया था। इससे पहले डीएम द्वारा मामले का संज्ञान लिए जाने पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने कहा यह हमारे पार्टी कार्यालय के अंदर एक वर्चुअल कार्यक्रम था। हमने किसी को फोन नहीं किया लेकिन लोग आ गए। लोग कोविड.19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए काम कर रहे हैं। भाजपा के मंत्रियों के दरवाजे और बाजारों में भी भीड़ है, लेकिन उन्हें हमसे समस्या है।

### वंशवाद व...

कब्जा करते थे, दलितों की बस्तियों पर कब्जा करते थे। , बुलडोजर चलाते थे, उनकी जमीनों को जबरदस्ती हड़पने का काम करते थे तब इन लोगों के मुंह से आवाज नहीं निकलती थी। मुख्यमंत्री ने कहा, हम जब विपक्ष में थे, तब भी लड़ाई लड़ते थे और आज अपराध मुक्त प्रदेश बनाकर सबको सुरक्षा और सबको विकास के साथ जोड़ने का काम किया हैं। सबका साथ सबका विकास का मंत्र ही सामाजिक न्याय का सही मंत्र हैं। गौरतलब है कि पिछले तीन दिनों के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्रियों स्वामी प्रसाद मौर्य, दारा सिंह चौहान और धर्म सिंह सैनी तथा पार्टी के पांच अन्य विधायकों ने इस्तीफा दे दिया है। इन सभी ने योगी सरकार पर दलितों और पिछड़ों की उपेक्षा का आरोप लगाया हैं।

### दलित परिवार...

किया। पत्तल में परोसी गई खिचड़ी और कुल्हड़ में पानी। दृश्य देख लग ही नहीं रह था कि यहां कोई मुख्यमंत्री बड़ी ही सहजता से भोजन करने बैठे हैं। सीएम योगी के साथ ही अमृतलाल भारती और भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र सिंह ने भी भोजन किया। इस अवसर पर योगी ने श्री भारती व उनके परिजनों से बड़ी ही आत्मीयता के साथ बातचीत के और सहभोज पर आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद दिया। उल्लेखनीय है कि योगी आदित्यनाथ उस विश्व प्रसिद्ध गोरक्षपीठ से हैंए जिसके मूल में ही लोक कल्याण और जातीय विभेद को समाप्त कर सामाजिक समरसता व एकजुटता को बढ़ावा देना शामिल है। सामाजिक समरसता को लेकर ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ और ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ भी निरंतर अभियानरत रहे। ब्रह्मलीन महंतद्वय साधु संतों के साथ समाज के उस व्यक्ति के घर सहभोज आयोजित कराते थे जिसे सामाजिक कुरीतियों के चलते अछूत माना जाता था। ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ ने तो काशी के डोम राजा के घर सहभोज का ऐतिहासिक आयोजन कराकर यह संदेश दिया था कि समाज में सभी जातियों के लोग एक समान हैं। कोई छोटा.बड़ा नहीं है। अपने गुरुजनों की इसी परंपरा को योगी आदित्यनाथ ने अहर्निश आगे बढ़ाया है। सांसद के रूप से ही दलितों और अति पिछड़ी जातियों के घर सहभोज में शामिल होकर सामाजिक समरसता का बड़ा संदेश देना उनकी जीवनचर्या का हिस्सा रहा है और मुख्यमंत्री बनने के बाद की व्यस्तताओं में भी उनका यह अभियान कभी ठहरा नहीं।

### गंगा में...

लाख लोगों ने गंगा में स्नान किया जिसमें बच्चे और बुजुर्ग शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी संजय खत्री, मेलाधिकारी शेषमणि पांडेय और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने मकर संक्रांति के स्नान पर्व पर वीआईपी घाट, संगम नोज, अरैल घाट सहित अन्य प्रमुख घाटों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। अधिकारी ने बताया कि मेला क्षेत्र में 65,000 श्रद्धालुओं को मास्क वितरित किया गया। इस बीच, माघ मेले में अरैल क्षेत्र में स्थित एक छोटे तंबू (छोलदार) में गैस सिलेंडर लीक होने से आग लग गई जिससे क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई। हालांकि आग पर तुरंत काबू पा लिया गया जिससे कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ।

### उप्र में...

आगरा से 781 और वाराणसी से 666 नए मामले सामने आए हैं। इसके अनुसार राज्य में अब तक कोरोना संक्रमण से 18,01,231 लोग प्रभावित हुए हैं। पिछले 24 घंटे में 2,554 कोरोना मरीज स्वस्थ हुए और अब तक 16,93,842 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं। पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के बेटे और भाजपा सांसद नीरज शेखर ने एक ट्वीट में कहा कि आज मेरी और मेरे परिवार की कोरोना टेस्ट रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। अभी मैं और मेरा परिवार स्वस्थ महसूस कर रहे हैं। डॉक्टरों की सलाह पर, हमने खुद को घर में ही पृथक कर लिया है। पिछले कुछ दिनों में जो भी लोग मेरे संपर्क में आए हैं, उनसे अनुरोध है कि वे लोग अपनी जांच करा लें।

### देश में...

हो गई है जो 220 दिनों में सर्वाधिक है। वहीं, संक्रमण से 315 मरीजों की मौत होने से मृतक संख्या बढ़कर 4,85,350 हो गई है। मंत्रालय ने बताया कि उपचाराधीन मरीजों की संख्या कुल संक्रमितों का 3.48 प्रतिशत है जबकि राष्ट्रीय स्तर पर कोविड-19 से स्वस्थ होने की दर घटकर 95.20 प्रतिशत हो गई है। 19 मई को 24 घंटे में संक्रमण के 2,76,110 मामले आए थे। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन रोगियों की संख्या में।,54,542 का इजाफा हुआ है।

### संसद का...

जरूरी होगा। गौरतलब है कि साल 2020 में संसद का पूरा मानसून सत्र कोविड प्रोटोकाल के तहत आयोजित किया गया था जब राज्यसभा की बैठक प्रथमार्द्ध में तथा लोकसभा की बैठक उतरार्द्ध में आयोजित की गई थी। वर्ष 2021 के बजट सत्र के पहले चरण में इसी प्रोटोकाल का पालन किया गया था। वर्ष 2021 के बजट सत्र के दूसरे चरण तथा उसी वर्ष मानसून सत्र एवं शीतकालीन सत्र के लिए दोनों सदनों की बैठक सामान्य समय के अनुरूप आयोजित की गई। इस दौरान दूरी बनाकर बैठना सुनिश्चित किया गया था।

### बीकानेर-गुवाहाटी...

सात लोग भर्ती हैं। उन्होंने बताया कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव शुक्रवार सुबह दुर्घटनास्थल का दौरा करने वाले हैं। उन्होंने बताया कि एनएफआर के महाप्रबंधक अंशुल गुप्ता बृहस्पतिवार देर रात 12 बजकर आठ मिनट पर मौके पर पहुंचे और ट्रेनों की आवाजाही को सामान्य करने के लिए पटरियों के जीर्णोद्धार कार्य की निगरानी कर रहे हैं। कौर ने कहा, यात्रियों को वहां से निकालने का काम पूरा हो चुका है।

### खराब मौसम...

की मौत हुई। मौसम विभाग ने बताया कि अत्यधिक खराब मौसम से जुड़ी घटनाओं में ओडिशा में 223, मध्य प्रदेश में 191, उत्तराखंड में 147, बिहार में 102, उत्तर प्रदेश में 98, गुजरात में 92 और पश्चिम बंगाल में 86 लोगों की मौत हुई। वहीं, इस तरह की घटनाओं में, केरल में 67, राजस्थान में 62, हिमाचल प्रदेश में 59, झारखंड में 57, आंध्र प्रदेश में 50, कर्नाटक में 45, तमिलनाडु में 34, जम्मू कश्मीर में 32, तेलंगाना में 25 और असम में 14 लोगों की मौत हुई। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक इस तरह की घटनाओं में दिल्ली में सात लोगों की मौत हुई।

## टीसीएस की पुनर्खरीद पेशकश में शामिल होंगे टाटा संस, टाटा इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन

भाषा। नई दिल्ली

**टाटा** कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के प्रवर्तकों टाटा संस और टाटा इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन लि. (टीआईसीएल) की कंपनी के 18,000 करोड़ रुपए मूल्य की शेयर पुनर्खरीद पेशकश में शामिल होने की योजना है। दोनों प्रवर्तक करीब 12,993 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर पुनर्खरीद प्रस्ताव के अंतर्गत बेचने को इच्छुक हैं। टीसीएस के निदेशक मंडल ने बुधवार को 18,000 करोड़ रुपए के शेयर पुनर्खरीद प्रस्ताव को मंजूरी दी। कुल चार करोड़ शेयर की पुनर्खरीद 4,500 रुपए प्रति शेयर पर की जाएगी। कंपनी की तरफ से जारी नोटिस के अनुसार टाटा संस और टीआईसीएल ने पुनर्खरीद पेशकश में शामिल होने का इरादा जताया है। टाटा संस के पास कंपनी के 266.91 करोड़ शेयर हैं और वह 2.88 करोड़ शेयर इस पेशकश के अंतर्गत रखने को इच्छुक है। वहीं टीआईसीएल पास कंपनी के 10,23,685 शेयर हैं और वह 11,055 शेयर की पेशकश रखेगी। दोनों इकाइयां 4,500 रुपए प्रति शेयर के हिसाब से 12,993.2 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर पुनर्खरीद प्रस्ताव के तहत रखेंगी। टीसीएस कंपनी के शेयर की पुनर्खरीद के लिए विशेष प्रस्ताव के जरिए शेयरधारकों की मंजूरी ले रही है। कंपनी के अनुसार इसके लिए ई-मतदान 14 जनवरी से शुरू होगी और 12 फरवरी, 2022 को समाप्त होगी।

# उत्तर कोरिया ने महीने में तीसरी बार मिसाइल का परीक्षण किया

**एपी** । सियोल

**दक्षिण** कोरिया और जापान के अधिकारियों ने कहा कि उत्तर कोरिया ने शुक्रवार को कम से कम एक बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया है। इस महीने यह तीसरी बार है जब उत्तर कोरिया ने मिसाइल परीक्षण किया है। अमेरिका के जो बाइडन प्रशासन ने उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षणों के कारण उस पर नई पाबंदियां लगाई हैं और समझा जाता है कि यह परीक्षण उन्हीं पाबंदियों के जवाब में किया गया है।

दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने बताया कि मिसाइल पूर्व की दिशा मेंइदागी गई, हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि मिसाइल कहां जाकर गिरी। उन्होंने मिसाइल के बारे में विस्तार से कोई और जानकारी नहीं दी। जापान के प्रधानमंत्री कार्यालय और रक्षा मंत्रालय ने भी कहा कि उन्हें उत्तर कोरिया के इस परीक्षण का पता चला और वह निश्चित रूप से एक बैलिस्टिक मिसाइल है।

जापान के तट रक्षक ने एक सुरक्षा परामर्श जारी करते हुए कहा कि एक वस्तु संभवत: गिरी थी। तट रक्षक ने कोरियाई प्रायद्वीप और जापान के साथ-साथ पूर्व चीन सागर और उत्तर प्रशांत के बीच मौजूद जहाजों से आग्रह किया है कि वे आगे दी जाने वाली जानकारी पर नजर बनाए रखें।

बाइडन प्रशासन ने बुधवार को उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षण के जवाब में उसके मिसाइल कार्यक्रमों के लिए उपकरण और प्रौद्योगिकी प्राप्त करने में भूमिका को लेकर पांच उत्तर कोरियाई लोगों पर प्रतिबंध लगाया। बाइडन प्रशासन ने यह भी कहा कि वह संयुक्त राष्ट्र से नए प्रतिबंधों की मांग करेगा। इससे पहले उत्तर कोरिया ने मंगलवार को कहा था कि उसके नेता किम जोंग उन ने हाइपरसोनिक मिसाइल के सफल परीक्षण का अवलोकन किया और दावा किया कि इस परीक्षण से देश की परमाणु युद्ध से बचाव की क्षमता में इजाफा होगा। उत्तर कोरिया के आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के हवाले से कथित हाइपरसोनिक मिसाइल के परीक्षण को सही ठहराया और इसे आत्मरक्षार्थ अभ्यास बताया।

मिसाइल दागे जाने के कुछ घंटे पहले उत्तर कोरिया ने एक बयान जारी कर इस महीने के पहले के मिसाइल परीक्षणों को लेकर बाइडन प्रशासन की तरफ से लगाई गईं नई पाबंदियों की निंदा की।

उत्तर कोरिया ने आगाह किया कि अगर अमेरिका टकराव वाला रुख बरकरार रखता है तो वह और कदम उठाएगा।

## अमेरिका के नए प्रतिबंधों के बाद उत्तर कोरिया ने कड़ी कारवाई की चेतावनी दी

**सियोल**। उत्तर कोरिया ने उसके नवीनतम मिसाइल परीक्षणों को लेकर देश के खिलाफ नए प्रतिबंध लगाने के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन पर निशाना साधा और चेतावनी दी कि अगर अमेरिका अपने टकराव वाले रुख पर कायम रहता है तो उसके खिलाफ कड़ी एवं स्पष्ट कार्वाई की जाएगी। उत्तर कोरिया की आधिकारिक समाचार समिति कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने विदेश मंत्रालय के एक अज्ञात प्रवक्ता के हवाले से कहा कि उत्तर कोरिया द्वारा कथित हाइपरसोनिक मिसाइलों का प्रक्षेपण आत्मरक्षा के लिए किया गया एक उचित अभ्यास था प्रवक्ता ने कहा कि नए प्रतिबंध अमेरिका के शत्रुतापूर्ण इरादे को रेखांकित करते हैं, जिसका उद्देश्य उत्तर कोरिया को अलग-थलग करना और उस पर दबाव बनाना है, जबकि दूसरी और अमेरिका लगातार उत्तर कोरिया को फोन करके कूटनीतिक संबंध बहाल करने का आग्रह कर रहा है। प्रतिबंधों से राहत देने पर मतभेद और परमाणु निरस्त्रीकरण को लेकर असहमति के कारण दोनों देशों के बीच वार्ता ठप है। उत्तर कोरिया के ताजा मिसाइल परीक्षणों के बाद बाइडन प्रशासन ने एशियाई देश के पांच अधिकारियों पर बुधवार को प्रतिबंध लगा दिए थे और कहा था कि वह संयुक्त राष्ट्र से भी और नए प्रतिबंध लगाने की मांग करेगा। अमेरिका के वित्त मंत्रालय के यह घोषणा करने के कुछ घंटे बाद ही उत्तर कोरिया ने कहा कि उनके नेता किम जोंग उन ने मंगलवार को हाइपरसोनिक मिसाइल के सफल परीक्षण का निरीक्षण किया और उन्होंने दावा किया कि इससे देश को परमाणु हमला रोकने में काफी मदद मिलेगी। उत्तर कोरिया के प्रवक्ता ने अमेरिका पर बदमाश जैसा रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि उत्तर कोरिया की नई मिसाइल का विकास उसकी सेना के आधुनिकीकरण के प्रयासों का हिस्सा है और यह किसी विशिष्ट देश को लक्षित नहीं करता है या इससे उसके पड़ोसी देशों की सुरक्षा को खतरा नहीं है। उन्होंने कहा, अमेरिका जानबूझकर स्थिति को बिगाड़ रहा है कि जबकि अलग से प्रतिबंध लागू हैं और वह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में उत्तर कोरिया की उचित गतिविधि का उल्लेख करके भी संतुष्ट नहीं है। इससे पता चलता है कि वर्तमान अमेरिकी प्रशासन कूटनीति एवं संवाद पर जोर देने का दिखावा करके उत्तर कोरिया को अलग-थलग करने और उस पर दबाव बनाने की अपनी नीति में जुटा है।

# इमरान खान ने पहली बार पेश की पाकिस्तान की राष्ट्रीय सुरक्षा नीति

**भाषा** । इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के प्रधानमंत्री इमरान खान ने शुक्रवार को देश की पहली राष्ट्रीय सुरक्षा नीति पेश की जिसे नागरिक केंद्रित फ्रेमवर्क पर तैयार किया गया है और सैन्य ताकत पर केंद्रित एक आयामी सुरक्षा नीति के बजाय इसमें आर्थिक सुरक्षा को केंद्र में रखा गया है। पिछले महीने राष्ट्रीय सुरक्षा समिति और मंत्रिमंडल से अनुमोदित सुरक्षा नीति के सार्वजनिक संस्करण जारी करते हुए इमरान ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारें पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में नाकाम रहीं।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने कहा कि 100 पन्नों के मौलिक दस्तावेज में राष्ट्रीय सुरक्षा को स्पष्ट रूप से परिभाषित किय गया है। इस नीति को नागरिकों को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है और आर्थिक सुरक्षा को केंद्रबिंदु बनाया गया है। इसमें पाकिस्तान को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने पर जोर है। खान ने कहा कि पाकिस्तान के जन्म से ही एक आयामी सुरक्षा नीति रही जिसमें सैन्य ताकत पर फोकस था।

उन्होंने कहा कि पहली बार राष्ट्रीय सुरक्षा प्रकोष्ठ ने सहमति से दस्तावेज तैयार किया है जिसमें सही तरीके से राष्ट्रीय सुरक्षा को परिभाषित किया गया है। इमरान खान सरकार के लिए वर्ष 2022-2026 के लिए पंचवर्षीय नीति की भी घोषणा की गई है जो अपने तरह का पहचान रणनीति दस्तावेज है जो राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि और इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए दिशानिर्देश का जिक्र है। राष्ट्रीय सुरक्षा नीति का वास्तविक मसौदा गोपनीय श्रेणी में बना रहेगा। राष्ट्रीय सुरक्षा का मुख्य थीम राष्ट्रीय सामंजस्य, आर्थिक भविष्य को सुरक्षित करना, रक्षा एवं क्षेत्रीय अखंडता, आतंरिक सुरक्षा, बदलती दुनिया में विदेश नीति और मानव सुरक्षा के ईर्दगिर्द है।

इससे पहले पाकिस्तान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मोईद यूसुफ ने कहा था कि नई नीति के तहत पाकिस्तान एकीकृत राष्ट्रीय सुरक्षा ढांचे की ओर बढ़ेगा जिसका लक्ष्य पाकिस्तान के नागरिकों की सुरक्षा, संरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि नीति में आर्थिक सुरक्षा को केंद्र में रखा जाएगा। मजबूत अर्थव्यवस्था से अतिरिक्त संसाधन उत्पन्न होगे जिन्हें बाद में और सैन्य ताकत बढ़ाने और मानव सुरक्षा के लिए हस्तांतरित किया जाएगा।

## खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की उपेक्षा पर पीएम और रक्षा मंत्री में तीखी बहस

**इस्लामाबाद**। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान और रक्षा मंत्री परवेज खट्टक के बीच संसदीय दल की बैठक में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की उपेक्षा को लेकर तीखी बहस हुई। खट्टक ने कथित तौर पर सरकार द्वारा उत्तर पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की उपेक्षा पर सवाल उठाए थे और कहा था कि वह खान को वोट नहीं देंगे, जिससे प्रधानमंत्री खान नाराज हो गए। मीडिया की एक खबर में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। अखबार डान की खबर के अनुसार यह मामला बृहस्पतिवार को संसद भवन में प्रधानमंत्री खान की अध्यक्षता में सत्तारूढ़ गठबंधन के संसदीय दल की बैठक के दौरान उठा। संसद में एक विवादास्पद अनुपूरक वित्त विधेयक-2022 (इसे आमतौर पर लघु बजट कहा जाता है) को मंजूरी देने के लिए बुलाई गई बैठक में भाग लेते समय रक्षा मंत्री ने कथित तौर पर कहा कि अगर कम विकसित प्रांत के लोगों को नए गैस कनेक्शन नहीं दिए गए तो वह प्रधानमंत्री खान को वोट नहीं देंगे।

खट्टक संसद में खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत के नौशेरा-ढ्ढ का प्रतिनिधि करते हैं। सूत्रों ने बताया कि खट्टक की शिकायत पर प्रधानमंत्री इमरान खान नाराज हो गए और उन्होंने कहा कि वह उन्हें ब्लैकमेल करना बंद करें। खबर के अनुसार इसके बाद रक्षा मंत्री बैठक कक्ष से बाहर चले गए, लेकिन बाद में प्रधानमंत्री ने उन्हें वापस बुलवाया। बैठक के बाद, प्रधानमंत्री लगभग पूरे दिन अपने कक्ष में रहे और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) तथा सत्तारूढ़ गठबंधन के अन्य दलों के कई सांसदों से मिले। सपाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) तथा सत्तारूढ़ गठबंधन के अन्य दलों के कई सांसदों से मिले। सूत्रों के अनुसार खट्टक का विचार था कि बिजली और गैस के प्रावधान के मामले में प्रांत की उपेक्षा की जा रही है, जबकि अन्य प्रांतों के लोगों द्वारा इन सुविधाओं का आनंद उठाया जा रहा है।

खबर में सूत्रों के हवाले से कहा गया कि रक्षा मंत्री ने प्रधानमंत्री से कहा कि अगर यही स्थिति रही तो सूबे की जनता पीटीआई को वोट नहीं देगी।

# फेडरल रिजर्व बोर्ड में अश्वेत महिला समेत तीन को नामित करेंगे बाइडन

**एपी** । वाशिंगटन

**अमेरिकी** राष्ट्रपति जो बाइडन फेडरल रिजर्व के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के लिए तीन लोगों को नामित करेंगे, जिनमें शीर्ष नियामक की पूर्व अधिकारी सारा ब्लूम रस्किन और लीजा कुक भी शामिल हैं। अगर लीजा कुक इस पद के लिए चुनी जाती हैं तो वह फेडरल रिजर्व के गवर्नर के रूप में सेवा देने वाली पहली अश्वेत महिला होंगी। इस निर्णय से अवगत एक व्यक्ति ने नाम नहीं जाहिर करने का अनुरोध करते हुए बताया कि बाइडन नॉर्थ कैरोलिना के डेविडसन कॉलेज में संकाय के डीन और फेडरल के पूर्व शोधकर्ता एवं अर्थशास्त्री फिलिप जेफरसन को भी नामित करेंगे। इनमें तीन नामों के लिए सीनेट से मंजूरी लेनी होगी। रस्किन (60) हार्वर्ड से प्रशिक्षित वकील हैं और वह 2010 से 2014 तक फेडरल के सात सदस्यीय बोर्ड में सेवा दे चुकी हैं।

**चीन में कोरोना वायरस रोधी उपायों को सख्त किया गया:**बीजिंग, 14 जनवरी (एपी) चीन ने शुक्रवार को बीजिंग और देश के अन्य हिस्सों में महामारी रोधी उपायों को और सख्त कर दिया। देश में शीतकालीन ओलंपिक शुरू होने से करीब दो सप्ताह पहले अलग-अलग जगहों से संक्रमण के अधिक मामले सामने आ रहे हैं।



बेलग्रेड ( सर्बिया) में शुक्रवार को नए वर्ष के अवसर पर सेंट सावा मंदिर के ऊपर आसमान में आतिशबाजी की गयी। सर्बिया में रूढ़िवादी ईसाई जूलियन कैलेंडर के अनुसार 14 जनवरी को नया साल मनाते हैं।

## पेशावर में हिंदू लड़की के अपहरण के आरोपी व्यक्ति को जमानत मिली

**पेशावर**। पाकिस्तान की एक शीर्ष अदालत ने पिछले महीने पेशावर छावनी के एक व्यस्त इलाके से एक हिंदू लड़की के अपहरण के आरोपी व्यक्ति को पुख्ता सबूतों के अभाव में शुक्रवार को जमानत दे दी। आरोपी ओबैदुर रहमान ने यहां की निचली दीवानी अदालत द्वारा उसकी जमानत अर्जी खारिज किए जाने के बाद पेशावर उच्च न्यायालय का रुख किया था। उच्च न्यायालय ने पुख्ता सबूतों के अभाव में उसे जमानत दे दी। लड़की की मां ने पिछले साल दिसंबर की शुरुआत में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस प्राथमिकी दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर 20 साल की लड़की को छुड़ाने में सफल रही थी।

# यौन उत्पीड़न मामलों की जांच सार्वजनिक करेगा माइक्रोसॉफ्ट

**● जांच के के परिणामों को सार्वजनिक भी करेगा**

**एपी** । सिएटल

**माइक्रोसॉफ्ट** ने कहा है कि वह यौन उत्पीड़न और लैंगिक भेदभाव से जुड़ी अपनी नीतियों की समीक्षा करेगा और निदेशक मंडल के सदस्यों तथा बिल गेट्स सहित वरिष्ठ अधिकारियों से जुड़े आरोपों की जांच के परिणामों को सार्वजनिक करेगा।

समाचार पत्र द सिएटल टाइम्स ने अपनी एक खबर में बृहस्पतिवार को कहा कि बोर्ड ने कहा है कि माइक्रोसॉफ्ट समीक्षा के लिए तीसरा पक्ष (थर्ड-पार्टी) विधि कंपनी की सेवाएं लेगा जो कंपनी के कामकाज को देखेगी साथ ही अन्य कंपनियों की ऐसी ही नीतियां को परखेगी और उन कदमों को भी देखेगी जो माइक्रोसॉफ्ट ने कर्मचारियों तथा कार्यकारियों को जवाबदेह ठहराने के लिए उठाए हैं। समीक्षा को सार्वजनिक रिपोर्ट में जारी किया जाएगा,जिनमें यौन उत्पीड़न के कितने मामलों की जांच की गई और कितनों का समाधान किया गया,आदि का लेखा जोखा होगा। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं अध्यक्ष सत्य नडेला ने एक बयान में कहा, हम बस रिपोर्ट की समीक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध नहीं है, बल्कि मूल्यांकन से सीख भी रहे हैं, ताकि हम अपने कर्मचारियों के अनुभवों को बेहतर बनाना जारी रख सकें।

यह रिपोर्ट एक अंशधारक प्रस्ताव पर आधारित है, जो 2021 में पारित हुआ था। इस प्रस्ताव में यौन उत्पीड़न के दावों के आलोक में कंपनी की कार्यस्थल यौन उत्पीड़न नीतियों की प्रभावशीलता पर एक रिपोर्ट की मांग की गई थी, जिसमें यह आरोप भी शामिल है कि गेट्स ने कर्मचारियों से अनुचित संबंध की मांग की थी।

## चीन ने राजनीतिक हस्तक्षेप के ब्रिटेन के आरोपों को खारिज किया

**एपी** । बीजिंग

**चीन** ने ब्रिटेन की घरेलू खुफिया एजेंसी द्वारा सांसदों को दी गई इस चेतावनी को गैर-जिम्मेदाराना बताकर खारिज कर दिया कि लंदन में रहने वाली एक वकील चाइनीज कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से ब्रिटेन की राजनीति में गुप्तरूप से हस्तक्षेप करने की कोशिश कर रही है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा कि चीन को तथाकथित हस्तक्षेप की कोई जरूरत नहीं है और वह कभी ऐसा नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि आरोप लगाने वाले लोग जेम्स बांड 007 फिल्मों से कुछ ज्यादा ही प्रभावित लगते हैं। ब्रिटिश संसद हाउस ऑफ कॉमन्स के अध्यक्ष लिंडसे होयले ने बृहस्पतिवार को सांसदों को पत्र भेजकर आगाह किया था कि ब्रिटेन की खुफिया सेवा एमआई5 के अनुसार संसद में एक महिला चीनी एजेंट सक्रिय है।

खबरों के अनुसार होयले ने सांसदों को भेजे पत्र में कहा कि एमआई5 ने उन्हें आगाह किया कि क्रिस्टीन ली नामक महिला यहां संसद सदस्यों के साथ काम करते हुए चाइनीज कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से राजनीतिक हस्तक्षेप गतिविधियों में लिप्त रही है।

## वर्जिन ऑर्बिट ने सात छोटे उपग्रह प्रक्षेपित किए

लॉस एंजिलिस। वर्जिन ऑर्बिट कम्पनी ने कैलिफोर्निया तट से एक रॉकेट के माध्यम से सात छोटे उपग्रहों को प्रक्षेपित किया।

वर्जिन ऑर्बिट के अद्यतन बोइंग 747 ने बृहस्पतिवार को दक्षिणी कैलिफोर्निया के रेगिस्तान में मोजावे एयर एंड स्पेस पोर्ट से उड़ान भरी और प्रशांत महासागर के ऊपर से गुजरते हुए एक रॉकेट प्रक्षेपित किया। कम्पनी ने ट्वीट किया, हमारे ग्राहकों को बधाई और अंतरिक्ष

# कैपिटल हिंसा की जांच कर रही समिति ने ट्विटर मेटा समेत कई बड़ी कंपनियों को समन भेजा

**एपी** । वाशिंगटन

**अमेरिका** में पिछले साल छह जनवरी को कैपिटल (संसद भवन) में हुई हिंसा मामले की जांच कर रही प्रतिनिधि सभा की एक समिति ने ट्विटर, मेटा, रेडिट और यूट्यूब को समन जारी किए हैं।

समिति ने कुछ महीने पहले एक दर्जन से अधिक सोशल नेटवर्किंग साइट से दस्तावेजों का अनुरोध किया था लेकिन सांसदों ने कहा कि कंपनियों के प्रारंभिक जवाब अपर्याप्त थे, जिसके बाद ए समन जारी किए गए हैं। समिति के अध्यक्ष बेनी थॉम्पसन ने बृहस्पतिवार को कंपनियों से 2020 के चुनाव के बारे में गलत सूचना फैलाने में उनकी कथित भूमिका और घरेलू हिंसक चरमपंथ को बढ़ावा देने, जिससे परिणामस्वरूप छह जनवरी, 2021 को हिंसा हुई, से संबंधित रिकॉर्ड की मांग की। थॉम्पसन, डी-मिस, ने पत्र में कहा कि प्रवर समिति के सामने दो प्रमुख प्रश्न हैं कि गलत सूचना के प्रसार और हिंसक उग्रवाद ने हमारे लोकतंत्र पर हमले में कैसे योगदान दिया और सोशल मीडिया कंपनियों ने अपने मंच को लोगों को हिंसा के लिए उकसाने का आधार बनने से रोकने के लिए क्या कोई कदम उठाए। उन्होंने कहा कि यह निराशाजनक है कि महीनों की प्रक्रिया के बाद कंपनियों ने स्वेच्छा से आवश्यक जानकारी और दस्तावेज नहीं दिए जो सांसदों को उनकी जांच के दौरान आए सवालों का जवाब देने में मदद करते।

अपने पत्र में थॉम्पसन ने उन तरीकों का जिक्र किया है कि किस प्रकार से पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के समर्थकों और धुर-दक्षिणपंथी समूहों की घातक हिंसा में इन कंपनियों की मिलीभगत रही है।

पत्र में कहा गया है कि अल्फाबेट के स्वामित्व वाला यूट्यूब वह मंच था, जहां संसद की घेराबंदी और इसे मूर्त रूप देने की साजिश का प्रसार हुआ।

# श्रीलंका में कूड़े के ढेर से प्लास्टिक खाने से हो रही हाथियों की मौत

**एपी** । पल्लक्कडू (श्रीलंका)

**इस** सप्ताहांत दो और हाथियों के मृत पाए जाने के बाद संरक्षणवादी एवं पशु चिकित्सक चेतावनी दे रहे हैं कि पूर्वी श्रीलंका के खुले कूड़ा स्थल में पड़े प्लास्टिक अपशिष्ट खाने से हाथियों की मौत हो रही है।

श्रीलंका की राजधानी कोलंबो से करीब 210 किलोमीटर दूर अंपारा जिले के पल्लक्कडू गांव में कूड़े के ढ़ेर में पड़े प्लास्टिक अपशिष्ट निगलने से पिछले आठ साल में करीब 20 हाथियों की जान चली गई। वन्यजीव पशु चिकित्सक निहाल पुष्पाकुमार ने कहा कि मृत जीवों के परीक्षण से पता चला कि उन्होंने कूड़े के ढ़ेर से भारी मात्रा में गैर अपघटीय प्लास्टिक खा लिया था।

उन्होंने कहा, पॉलीथीन, फूड रैपर, प्लास्टिक एवं न पचने वाली सामग्री तथा पानी आदि चीजें ही हैं जो हम पोस्टमार्टम में देख सकते हैं। जो सामान्य भोजन हाथी खाते हैं एवं पचाते हैं, वह नजर नहीं आया। श्रीलंका में हाथियों को बहुत सम्मान दिया जाता है।

साथ ही वे देश में संकटापन्न भी हैं। देश की प्रथम हाथी गणना रिपोर्ट के अनुसार उनकी संख्या 19वीं सदी में 14000 थी जो घटकर 2011 में 6000 रह गई।

## चीन में कोरोना वायरस रोधी उपायों को सख्त किया गया

**बीजिंग**। चीन ने शुक्रवार को बीजिंग और देश के अन्य हिस्सों में महामारी रोधी उपायों को और सख्त कर दिया। देश में शीतकालीन ओलंपिक शुरू होने से करीब दो सप्ताह पहले अलग-अलग जगहों से संक्रमण के अधिक मामले सामने आ रहे हैं। बीजिंग ने अंतरराष्ट्रीय स्कूलों के बच्चों को अगले सप्ताह से जांच कराने का आदेश दिया है। नागरिकों को कहा जा रहा है कि बहुत जरूरी होने पर ही यात्रा करें क्योंकि कोविड के प्रकोप वाले किसी शहर या क्षेत्र का दौरा करने की स्थिति में उन्हें लौटने की अनुमति देने की कोई गारंटी नहीं होगी। राजधानी से लगभग एक घंटे की दूरी पर स्थित तियानजिन शहर ने शनिवार सुबह से तीसरे दौर की सामूहिक जांच शुरू करने का आदेश दिया है जिसे 24 घंटे में पूरा किया जाएगा। तियानजिन में एक बंदरगाह है और यह विनिर्माण का केंद्र है। यह उन छह शहरों में शामिल है जहां सरकार संक्रमण के हर मामले का पता लगाने की नीति के तहत लॉकडाउन और अन्य पाबंदियां लगा रही है।

## स्पाइडर-मैन कॉमिक का एक पृष्ठ 33.6 लाख डॉलर में बिका

**एपी** । डलास ( **अमेरिका** )

**सुपर** हीरो स्पाइडर-मैन की 1984 में आई कॉमिक बुक का एक पृष्ठ नीलामी में रिकॉर्ड 33.6 लाख डॉलर में बिका। मार्वल कॉमिक्स सीक्रेट वॉर्स नंबर-8 के पृष्ठ 25 पर माइक जेक की कलाकृति है, जिसमें पहली बार स्पाइडर मैन को काले सूट में दिखा गया था।

हालांकि बाद में यह वनेम के किरदार में सामने आया था। डलास में हेरिटेज ऑक्शन के चार दिवसीय कॉमिक इवेंट के पहले दिन इस पृष्ठ के लिए 33,000 अमेरिकी डॉलर से बोली शुरू हुई थी, जो 30 लाख डॉलर के पार पहुंच गई। वहीं सुपर हीरो सुपरमैन के पदार्पण से जुड़ी प्रतियों में से एक, एक्शन कॉमिक्स नंबर-। को बृहस्पतिवार को 31.8 लाख डॉलर में बेचा गया, जो अब तक की सबसे कीमती किताबों में से एक बन गई है।

# हैकरों के हमले के बाद बंद हो गईं यूक्रेन की कई सरकारी वेबसाइट

**एपी** । कीव

**यूक्रेन** पर शुक्रवार को हुए साइबर हमले के बाद से कई सरकारी वेबसाइट बंद हैं। यूक्रेन के अधिकारियों और मीडिया ने यह जानकारी दी।

यूक्रेन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ओलेग निकोलेंको ने शुक्रवार को फेसबुक पोस्ट में लिखा, बड़े हैकिंग हमले की वजह से विदेश मंत्रालय और कई अन्य सरकारी एजेंसियों की वेबसाइट अस्थाई रूप से बंद हैं। हमारे विशेषज्ञ पहले ही आईटी प्रणाली के कार्य को बहाल करने के लिए काम कर रहे हैं। यूक्रेनस्काय प्रावदा अखबार के मुताबिक देश की कैबिनेट, सात मंत्रियों, कोषागार, राष्ट्रीय आपदा सेवा और राज्य सेवा की वेबसाइट हैकिंग की वजह से उपलब्ध नहीं हैं। खबरों के मुताबिक, हैकरों ने विदेश मंत्रालय की वेबसाइट पर यूक्रेनी, रूसी और पोलिश भाषा में संदेश लिखा कि यूक्रेनवासियों के निजी आंकड़े सार्वजनिक मंच पर लीक कर दिए गए हैं।

**जकार्ता में भूकंप के तेज झटके, सुनामी की चेतावनी नहीं**

जकार्ता, 14 जनवरी (एपी) इंडोनेशिया के मुख्य द्वीप जावा में शुक्रवार को जबर्दस्त भूकंप आया जिससे राजधानी जकार्ता में भवन हिल गए लेकिन किसी गंभीर जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है।

## चोरी के एप्पल उत्पाद ऑनलाइन बेचने के आरोप में भारतीय अमेरिकी को 66 महीनों की कैद

**भाषा** । वाशिंगटन

**एक** भारतीय अमेरिकी को यहां चोरी के एप्पल उत्पादों को खरीदने और फिर उन्हें ऑनलाइन बेचने के आरोप में 66 महीनों की कैद की सजा सुनाई गई है। अमेरिका के न्यू मैक्सिको राज्य में स्थानीय अमेरिकी स्कूली बच्चों के लिए उत्पाद तैयार किए गए थे। इस सजा के अतिरिक्त यूएस डिस्ट्रिक्ट जज कैथरीन सी ब्लेक ने कोलोराडो के औरोरा के रहने वाले सौरभ चावला (36) को क्षतिपूर्ति के तौर पर आंतरिक राजस्व सेवा (आईआरएस) को 7,13,619 अमेरिकी डॉलर का भुगतान करने का भी निर्देश दिया। मैरीलैंड जिले के अमेरिकी अटॉर्नी कार्यालय के बुधवार के एक बयान के अनुसार, उन्हें उस आदेश पर हस्ताक्षर करने के लिए भी कहा गया है, जिसमें 2013 टेस्ला मॉडल एस, उनके नाम पर रखे गए।



ओकलैंड में लेक मेरिट में सूरज ढलने के साथ ही शाम का आसमान लाल हो गया



# कल के लोग

**समीर बावा** का कहना है कि वेगन आल डे डाइनिंग कैफे, जो कि एक शौकीन परियोजना है, पर्यावरण के प्रति जागरूक ब्रांडों के लिए अपने उत्पादों का एक प्रदर्शनी-स्थल है

जून 2021 में, जब सेलिब्रिटी शेफ डेनियल हम ने अपने पुरस्कार विजेता, न्यूयॉर्क में थ्री मिशेलिन स्टार रेस्तरां, इलेवन मैडिसन पार्क में दृढ़तापूर्वक पौधे आधारित व्यंजन सूची या मैनू परोसना शुरू किया, तो इसने कुछ लोगों की भौंहें चढ़ा दीं। मेनू को मिश्रित प्रतिक्रिया मिली लेकिन शेफको यकीन हो गया कि यह अग्रगामी रास्ता है और फिर मेनू पहले से कहीं अधिक शानदार हो गया।

हालांकि अभ्यास के रूप में शाकाहार पश्चिम में काफी विकसित हो सकता है, लेकिन मैंने देखने लगा हूं कि दिल्ली में बहुत सारे रेस्तरां ने भी अपने मेनू में शाकाहारी पकवानों को शामिल करना शुरू कर दिया है, जो वैकल्पिक रूप से थोड़ा आश्चर्यजनक लगता है, यह देखते हुए कि भारत की बहुसंख्य आबादी हमेशा शाकाहारी रही है। कुछ दिन पहले, मुझे धान मिल परिसर में स्थित पीपल ऑफ टुमॉरो, अ वैगन आल डे डाइनिंग कैफे को आजमाने का अवसर मिला।



पिछले चार वर्षों से शाकाहार को अपने जीवन का हिस्सा बनाने वाले तथा कैफे के संस्थापक ऋत्व कपूर कहते हैं, ''पर्यावरण पर मांस और डेयरी उद्योग के नकारात्मक प्रभावों के बारे में जानकार होने पर, मुझे इस जीवन शैली को अपनाने के इच्छुक लोगों के लिए शाकाहार की महत्ता और शाकाहारी भोजन विकल्पों की कमी के महत्व का एहसास हुआ। मुझे पता था कि मुझे इस परियोजना में खुद को पूरी तरह लीन करना होगा, जिससे कि शाकाहार सुलभ हो सके।''

देहाती, मनमौजीपन और जीवंतता से भरा कैफे छोटी प्लेटों, सलाद, प्लेटर्स, एक लाइव टैको काउंटर और अन्य बहुत कुछ की विस्तृत श्रृंखला के साथ पुनर्निर्मित आत्मिक भोजन परोसता है।

हमने यहां की खास मेज्ज प्लेटर के साथ शुरुआत की जिसमें दो बीन फलाफेल, बाबा घनौश, चुकंदर हम्मस, मुहम्मारा, तबबौलेह और पिटा शामिल थे। जैसा कि वह कहते हैं, अच्छी शुरुआत आधी पूरी हो गई है! वास्तव में सभी आजमाइशें पसंद आई लेकिन मुहम्मारा के लिए एक विशेष आकर्षण रहा जो लाल मिर्च, अखरोट और अनार के गुड़ का लगभग एक आदर्श मिश्रण था। मैंने किनारे पर एक आइस्ड चाय के लिए अनुरोध किया लेकिन उनके पास कॉफी प्रेमियों के लिए भी अच्छे विकल्प हैं।



हमने एक गो-ग्रीन बीन्स सलाद के लिए भी अनुरोध किया, जो मेजेज प्लेटर का खूबसूरती से पूरक बना। मौसमी हरी बीन्स को कफिर लाइम सांभर से सजाया जाता है और बादाम के छोटे छोटे टुकड़ों और चिली सोया से सजाया जाता है। बीन्स में एकदम उत्तम कुरकुरापन था और सांभर ने डिश को आवश्यककंट्रास्ट प्रदान किया। बहुत शानदार, वाह वाह।

इसके बाद पफ-लो ब्रोकली थी, एक ऐसी डिश जिसने मुझे सबसे ज्यादा प्रभावित किया। क्रीम चीज, बफेलो सॉस और सफेद प्याज की चटनी के साथ तैयार की गयी ब्रोकली।



एक अत्यंत ही सहज व्यंजन, इसमें गर्मी के संकेत के साथ एक प्यारा और मलाईदार स्वाद था।

हमने उठते हुए का नमूना लिया - आरती पिज्जा को चोक न करें, एक चारकोल फेटुकिनी और उसके बाद एक कद्दू रैवियोली। स्मोक्ड आर्टिचोक और बादाम के साथ बाल्समिक के छिड़काव के साथ सबसे ऊपर पिज्जा हल्का और फूला हुआ था। मुझे बताया गया कि वे पिज्जा के आटे को 24 घंटे पहले तैयार कर देते हैं।

**पिछले चार वर्षों से शाकाहार को अपने जीवन का हिस्सा बनाने वाले तथा कैफे के संस्थापक ऋत्व कपूर कहते हैं, ''पर्यावरण पर मांस और डेयरी उद्योग के नकारात्मक प्रभावों के बारे में जानकार होने पर, मुझे इस जीवन शैली को अपनाने के इच्छुक लोगों के लिए शाकाहार की महत्ता और शाकाहारी भोजन विकल्पों की कमी के महत्व का एहसास हुआ। मुझे पता था कि मुझे इस परियोजना में खुद को पूरी तरह लीन करना होगा, जिससे कि शाकाहार सुलभ हो सके।''**

पीपल ऑफ टुमॉरो के सभी पास्ता कारीगर पास्ता ब्रांड, केसरिके डाट इन के हैं। फेटुकिनी को कुछ मौसमी मशरूम के साथ परोसा गया था और उस पर थोड़ा पोर्टोबेलो पाउडर छिड़का गया था। यह बहुत अच्छा था।

कद्दू रैवियोली पर उनका जोर, हालांकि, मेरे लिए थोड़ा कम पसंदीदा रहा। इसे गर्म तापमान पर परोसा जा सकता था। इसे हेजलनट्स और केपर्स के साथ छिड़कने का अच्छा स्पर्श दिया गया,, लेकिन अगर आप उत्तर इतालवी क्लासिक की उम्मीद कर रहे हैं, तो आप थोड़ा निराश हो सकते हैं।

उन्होंने भोजन को चॉकलेट के टेक्स्चर के साथ अंतिम रूप दिया। जैसा कि नाम से पता चलता है, चॉकलेट की अलग-अलग तैयारी और टेक्स्चर को एक प्लेट पर विपरीत स्वाद प्रोफाइल के साथ परोसा गया था। क्या आप चॉकलेट के साथ गलत नहीं कर सकते? जा सकते हैं?

संक्षेप में, यह खाने का बहुत अच्छा अनुभव था। मैं शेफ की खाद्य-अभिव्यक्ति के साथ-साथ ब्रांड के पीछे के प्रयास और 'स्थिरता' संदेश का तहे दिल से समर्थन करता हूं। हालांकि पीपल ऑफ टुमॉरो एक जुनूनी परियोजना है, जो अपने तरीके से, भविष्य की पीढ़ियों को संरक्षित करने में मदद करना चाहता है, मगर यह पर्यावरण के प्रति जागरूक ब्रांडों के लिए अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने का एक स्थान भी है। शाकाहारी भोजन को ब्रांड के केंद्र में प्रचारित किया जा सकता है, लेकिन मुझे व्यक्तिगत रूप से लगता है कि यह एक दृष्टिकोण भी साझा करता है जो एक परम स्वस्थ और टिकाऊ जीवन शैली को प्रोत्साहित करता है। मुझे आश्चर्य नहीं होगा, अगर अगले कुछ वर्षों में, भारत में एफएंड बी उद्योग शाकाहारी भोजन को अपनाता है और हमारे पास देश भर में फलफूल रही ऐसी और कई अवधारणाएं हैं।

**( लेखक खाद्य समीक्षक और खाद्य पारखी हैं।)**

# संतुलन का प्रयास

## आभासी दुनिया कला बिरादरी के लिए एक वरदान बन गई है क्योंकि मिलेनियल्स नए ग्राहक हैं।

जबकि महामारी के कारण कई व्यवसाय प्रभावित हुए थे, कला बाजार कुछ में से था जो आर्थिक अव्यवस्था के कारण ज्यादा प्रभावित नहीं हुआ था। दूसरों की तरह, कला का व्यवसाय भी ऑनलाइन कला प्रदर्शनियों, नीलामियों और कला पूर्वावलोकन के साथ ऑनलाइन हो गया। इसके परिणामस्वरूप मुद्रण कैटलॉग, आमंत्रण, कला मेलों के लिए अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रा और मेलों के लिए पैकेजिंग और शिपिंग लागत आदि की लागत को समाप्त करके लागत और कार्बन पदचिह्न में कमी आई। साथ ही, ऑनलाइन जाना कला जगत के लिए वरदान साबित हुआ क्योंकि सहस्राब्दी कला के नए ग्राहक बन गए।

राजस्थान के चोयल, तीन पीढ़ी के कलाकार, जो ऑफ़लाइन और ऑनलाइन



माध्यम के बीच संतुलन बनाने में विश्वास करते हैं और अपनी कला के लिए ऑनलाइन माध्यम का सक्रिय रूप से दोहन कर रहे हैं, ने भी इस वर्ष अच्छा प्रदर्शन किया।

''कलाकृति की विभिन्न बारीकियों को समझने और उसकी सराहना करने के लिए, कला का एक भौतिक प्रदर्शन और प्रदर्शनी बहुत महत्वपूर्ण है और आप इसे खत्म नहीं कर सकते। हालांकि, विदेशी कला प्रेमियों की एक बड़ी संख्या होने के कारण, हमारी वेबसाइट एक दशक से भी अधिक समय से चल रही है और ऑनलाइन भी दिखाई दे रही है'', सबसे कम उम्र के चोयल आकाश चोयल कहते हैं, जो अपनी 3डी इल्यूजन आर्ट और फाइबर ग्लास मूर्तियों के लिए जाने जाते हैं।

''महामारी के दौरान, ऑनलाइन होने से निश्चित रूप से मदद मिली और कला में एक नया आयाम जोड़ा। यहां तक कि गैलेरिस्ट और आर्ट क्यूरेटर भी माध्यम का दोहन कर रहे हैं, लेकिन निश्चित रूप से ऑफलाइन शो से दूर नहीं हो रहे हैं। वास्तव में, 2021 के मध्य से, भौतिक शो वापस आ गए हैं और कलाकार, कला प्रेमी और कला संग्रहकर्ता इसमें शामिल हो रहे हैं। पांच कलाकारों के परिवार ने इस साल कुछ कलाकृतियां बेचीं। उनके नए कला संग्रहकर्ताओं में सहस्राब्दी थे, जो एक व्यवहार्य निवेश विकल्प के रूप में कला के बारे में उत्साहित हो रहे हैं'', आकाश कहते हैं।

कोलकाता की एक आध्यात्मिक-आधारित कलाकार स्वाति पासारी ने 2020 और 2021 में अपनी कलाकृति की बिक्री में 15 प्रतिशत की वृद्धि देखी।''महामारी भेष में एक वरदान साबित हुई, क्योंकि मैंने ऑनलाइन स्पेस में कदम रखा और अपनी बिक्री बढ़ा सकती थी। मैंने इस साल पांच से अधिक प्रदर्शनियों में भाग लिया, दोनों ऑनलाइन और ऑफलाइन और मैं ऑनलाइन प्रदर्शनियों और कला शो में अपना प्रवेश जारी रखने की योजना बना रहा हूं,'' पसारी साझा करता है।

वह आगे कहती हैं, ''लॉकडाउन के कारण लोगों ने अपने घरों में अधिक समय बिताया, उन्होंने रंगीन कलाकृतियां खरीदकर अपने स्थान को सजाने में निवेश किया, यह कला बाजार में वृद्धि के प्रमुख कारणों में से एक था। साथ ही, लोग अपने स्थान को सजाने के साथ-साथ अपने घरों में और अधिक सकारात्मकता लाना चाहते थे।''

दिल्ली स्थित कला क्यूरेटर और आर्ट स्कूल और गैलरी के संस्थापक, द आर्ट हब, भावना मिनोचा ने व्यक्त किया, ''2021 के दौरान, चुनौतियों का एक वर्ष, कोविड -19 के प्रभाव से कुल बिक्री के संकुचन के बावजूद, यह दिलचस्प था कला की खरीदारी के नए चलन देखें। इन-पर्सन इवेंट्स बेशक कम हुए, लेकिन ऑनलाइन बिक्री बढ़ी। लॉकडाउन में संस्कृति के प्रति रुचि बढ़ी। युवा संग्रहकर्ता ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के साथ सबसे अधिक खर्च करने वाले थे, जो पहुंच को बढ़ाते थे। आने वाले कलाकारों द्वारा हमारे स्टूडियो में बनाई गई सस्ती कला बहुत आसानी से बिक जाती है, लेकिन कला संग्रहकर्ता मास्टर की कला को खरीदने की प्रतीक्षा कर रहे हैं, जब स्टूडियो सभी के लिए व्यक्तिगत रूप से मिलने के लिए एक सुरक्षित स्थान बनने जा रहा है।''

# कुटिया के आनंद में स्वाद का परम आनंद

एरोसिटी के डेक से, वन8 कॉम्यून ने अपनी स्वाद की जड़ें माल रोड तक फैला दी हैं इस स्वाद को अपने अनुभव द्वारा परिभाषित करती हैं **खुशबू कीर्ति**

विराट कोहली द्वारा इसे बहुत पहले एयरोसिटी दिल्ली में लॉन्च किया गया था, भारतीय कप्तान ने उत्तरी दिल्ली के माल रोड में वन8काम्यून की एक नई शाखा खोलने का फैसला किया, और यह परम विशिष्टता की बात करता है।

सर्दियों की शाम को हल्की बूंदाबांदी हो रही थी और मैं सुस्त और पस्त बैठी हुई थी। इसलिए, मैदान में प्रवेश करने से मुझे एक अलग तरह की राहत मिली, इसके अलावा उस जगह ने स्पष्ट गर्मजोशी और स्टाइल का नजारा भी पेश किया।



नई शाखा ने ग्रे और बेज रंग के फर्नीचर के संयोजन से एक बड़ी खुली जगह प्रदर्शित की, जो हर जगह हल्के फिरोजी/ नील हरित और गुलाबी रंगों के लिए उपयोग की जाने वाली आंखों के लिए एक सुकून था!

इसमें एक शानदार छत पर बैठने की सुविधा है और मैं अल-फ्रेस्को डाइनिंग अनुभव के लिए तैयार थी। पृष्ठभूमि में, पॉप संगीत ने मेरा एक सर्वर के रूप में स्वागत किया, स्वैन ने मुझे निर्णय लेने में मदद की, क्योंकि मैं अच्छे भोजन, विशेष रूप से पेयजलों के ढेर में से चुनाव करने में अच्छी नहीं हूं।

मैंने उनके प्रसिद्ध जिन कॉकटेल ट्विस्ट 2 के साथ शुरुआत की। इसका स्वाद स्मोकी-ईश था, गुलाब के स्वाद वाला था, विशेष रूप से खट्टा रोअफ्सा की तरह, लेकिन इसने तुरंत मन को शांत कर दिया। मैं अंगूर और मेंहदी का स्वाद ले सकती थी।

चिकन नाचोस में तले हुए चिकन के टुकड़े शामिल हैं जिन्हें ठंडा परोसा जाता है। चिकन को सरसों की चटनी के साथ शानदार ढंग से पकाया गया था जो स्वाद को बढ़ाता ही है।

इसके बाद, पनीर टिक्का को पुदीने की हरी चटनी के साथ परोसा गया। ग्रेवी गर्म और बिल्कुल सही थी लेकिन पनीर थोड़ा रबड़ जैसा लगा।

मैंने जिस वन8 ब्रांड की जिस खूबी के बारे में सुन रखा था, वो थी शेफपवन द्वारा बनाए जाने वाले पाक व्यंजनों की बेहतरीन सूची। मशरूम गुगली डिमसम के साथ ब्लैक एंड फायरी चिकन इतना लोकप्रिय था कि इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता था। हालांकि, चूंकि मसालेदार भोजन



और मेरा, अच्छा साथ नहीं निभता, इसलिए मैंने सिर्फ डिमसम को चुना। नाम अनोखा था। लेकिन कोहली के मालिक होने के नाते, यह क्रिकेट के रूपकों के साथ समझ में आता है।

ट्रफल ऑयल डिम्सम में मिश्रित मशरूम थे जिन्हें मैंने जिन के साथ जोड़ा था। संयोजन मेरी कल्पना से बेहतर निकला।

मैं वन8 के क्लासिक मैक एन चीज के लिए उत्साहित थी जो जल्दी ही मेरे पास मौजूद सर्वश्रेष्ठ में से एक बन गया। मोजेरेला चीज, और पार्मसन चेडर चीज ने इसे नरम और मलाईदार बना दिया - बेहद अमेरिकी। फिर भी, क्रस्ट खस्ता था, और अजवायन की अच्छाई में लिपटा, सहज स्वादिष्ट सा लगा।

अंत में, मैंने श्रीराचा चिकन टैको को आजमाया, जो सिराचा सॉस की वजह से एक तीखा स्वाद देता है। कटा हुआ चिकन रसदार, थोड़ा मसालेदार और नरम आवरण वाला था। यह सबसे अच्छे व्यंजनों में से एक था और मैं शौकिया सत्र के साथ टैको, हरे सेब के साथ वोदका की अत्यधिक अनुशंसा करती हूं।

उन्होंने छत पर एक बड़ी स्क्रीन लगाई थी, जो माहौल के अनुकूल थी।

अंत में वन8 कम्यून सिग्नेचर चिकन आया, जो मूल रूप से पनीर के असाधारण छिड़काव से युक्त कोरियाई फ्राइड चिकन था और प्रत्येक टुकड़े के साथ अद्भुत था।

शेफ संजीत कुमार ने खाउ गली सोया बोटी कबाब, गार्लिक बटर प्रॉन, ग्रिल्ड फिश और बैम्बू काजू टोफू की प्रशंसा की थी, लेकिन चूंकि मैं संतुष्ट और भरी हुई थी, इसलिए यह सीधे मेरे भविष्य के खाद्य प्रयोग अजेंडे में चला गया।

ब्रांड के कॉर्पोरेट सीडीसी अभिनव, जिन्होंने मेनू के यूरोपीय भाग को संभाला है, ने अपने स्वादिष्ट बटर गार्लिक झींगे के स्वाद के पीछे का रहस्य बताया, ''बटर गार्लिक झींगे की हमारी प्रस्तुति में जैतून, चेरी-टमाटर, स्टार ऐनीज, और बहुत सारी जड़ी-बूटियां शामिल हैं। ''

सिविल लाइन्स शाखा में कैबाना के साथ एक छत, एक अलग ठाठ बार और एक अच्छी तरह से प्रकाशित रसोई है, जिसमें डिमसम, सुशी और पिज्जा परोसा जाता है। यह मध्य दिल्ली की गलियों के शानदार दृश्यों के साथ आराम करने और अच्छा भोजन करने के लिए एक आदर्श स्थान है।



# दक्षिण अफ्रीका की भारत पर सात विकेट से धमाकेदार जीत

## टीम इंडिया ने 2-1 से सीरीज गंवाई, 27 साल का सपना फिर अधूरा रहा, पीटरसन ने 82 रन की मैच जिताऊ पारी खेली

### ●हार के साथ भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में पांचवें स्थान पर खिसकी

**भाषा**। केपटाउन,

**दक्षिण** अफ्रीका ने अपने अनुशासित और उत्कृष्ट प्रदर्शन से दुनिया की नंबर एक टीम भारत का अंतिम किला फतह करने का सपना दुस्वप्न में बदलकर तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में चौथे दिन शुक्रवार को यहां सात विकेट से जीत दर्ज करके श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की। दक्षिण अफ्रीका के सामने 212 रन का लक्ष्य था जो उसने तीन विकेट खोकर हासिल किया। इसमें कीगन पीटरसन (113 गेंदों पर 82 रन) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने तीसरे दिन कप्तान डीन एल्गर (30) के साथ 78 रन की साझेदारी करके मजबूत नींव रखी थी। पीटरसन ने चौथे दिन सुबह रॉसी वान डर डुसेन (नाबाद 41) के साथ 52 रन जोड़कर भारत की उम्मीदों पर पानी फेरा। रही सही कसर वान डर डुसेन और तेम्बा वावुमा (नाबाद 32) के बीच 57 रन की अटूट साझेदारी ने पूरी कर दी।

भारत के पास दक्षिण अफ्रीका में पहली बार श्रृंखला जीतने का बेहतरीन मौका था। उसने सेंचुरियन में पहला टेस्ट मैच 113 रन से जीतकर शानदार शुरुआत की थी लेकिन जोहानिसबर्ग में दूसरा मैच सात विकेट से हार गया था। इस तरह से भारत ने सातवीं बार दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट श्रृंखला गंवाई। इस बीच उसने एक बार 2010-11 में श्रृंखला 1-1 से बराबर की थी। आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड को उसकी धरती पर हराने के बाद भारत को दक्षिण अफ्रीका में अंतिम किला फतह करना था लेकिन उसे उसके मजबूत बल्लेबाजी क्रम ने नीचा दिखाया। भारत ने पहली पारी 223 रन बनाकर दक्षिण अफ्रीका को 210 रन पर रोक दिया लेकिन ऋषभ पंत के नाबाद 100 रन के बावजूद वह दूसरी पारी में 198 रन ही बना सका। इससे गेंदबाजों के सामने बचाव के लिए बड़ा स्कोर नहीं था। यह श्रृंखला विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अंतर्गत खेली गई थी जिसमें प्रतिशत अंकों के आधार पर भारत पांचवें स्थान पर खिसक गया है जबकि दक्षिण अफ्रीका चौथे स्थान पर पहुंच गया है। पीटरसन और वान डर डुसेन ने सुबह के सत्र में अच्छी बल्लेबाजी करके दक्षिण अफ्रीका के लिए काम आसान किया। पीटरसन ने अपनी पारी में 10 चौके लगाए जबकि वान डर डुसेन ने संयम की प्रतिमूर्ति बनकर क्रीज संभाले रखी। उन्होंने 95 गेंदों का सामना किया।

बावुमा ने अपनी फार्म बरकरार रखी और कुछ करारे शॉट जमाए। उन्होंने अपनी 58 गेंद की पारी में पांच चौके लगाए जिसमें रविचंद्रन अश्विन पर लगाया गया विजई चौका भी शामिल है। चेतेश्वर पुजारा ने इस बीच पीटरसन का स्लिप में आसान कैच छोड़ा जिससे भारत की परेशानियां बढ़ी। तब बल्लेबाज 59 रन पर था और इसके बाद उन्होंने कुछ चौके जड़कर भारतीयों पर दबाव बनाया। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी के पहले स्पेल को खेलना चुनौती थी लेकिन पीटरसन और वान डर डुसेन ने कुछ बेहतरीन गेंदों का सामना करने के बावजूद क्रीज संभाले रखी। इनका पहला स्पेल निकल जाने के बाद उन्होंने उमेश यादव को निशाने पर रखा तथा ऑफ साइड में कुछ खूबसूरत चौके लगाए। इस कारण विराट कोहली ने क्षेत्ररक्षण छितरा दिया जिससे बल्लेबाजों को एक दो रन लेने में आसानी हुई। वह शार्दुल ठाकुर थे जिनकी अंदर आती गेंद पीटरसन के बल्ले के अंदरूनी किनारे से लगकर विकेटों में समा गई। इसके बाद हालांकि वान डर डुसेन और तेम्बा वावुमा ने भारतीयों को कोई मौका नहीं दिया।

पीटरसन दक्षिण अफ्रीका की जीत के नायक रहे। उनके पास तकनीकी के साथ आवश्यक धैर्य भी है जो शीर्ष स्तर की क्रिकेट के लिए जरूरी होता है। दोनों टीम के बीच अब 19 जनवरी से तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला खेली जाएगी। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले गए तीसरे टेस्ट मैच का



तेम्बा बावुमा को जीत की बधाई देते कप्तान विराट कोहली

**स्कोर बोर्ड**

**भारत पहली पारी** : 223
**दक्षिण अफ्रीका पहली पारी** : 210
**भारत दूसरी पारी** : 198
**दक्षिण अफ्रीका दूसरी पारी** : एडेन मार्कराम का राहुल बो शमी 16, डीन एल्गर का पंत बो बुमराह 30, कीगन पीटरसन बो ठाकुर 82, रासी वान डर डुसेन नाबाद 41, तेम्बा बावुमा नाबाद 32
अतिरिक्त (लेग बाई 08, नोबॉल 03) 11
कुल (63.3 ओवर में, तीन विकेट पर) 212 रन
विकेट पतन :1-23, 2-101, 3-155
गेंदबाजी : बुमराह 17-5-54-1, शमी 15-3-41-1, उमेश 9-0-36-0, ठाकुर 11-3-22-1, अश्विन 11.3-1-51-0


कीगन पीटरसन

### खराब बल्लेबाजी बनी हार का कारण : कोहली

**केपटाउन**। भारतीय कप्तान विराट कोहली ने दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट श्रृंखला जीतने का सपना टूटने का दोष टीम की खराब बल्लेबाजी को देते हुए शुक्रवार को कहा कि वह इसके अलावा कोई और बड़ी वजह नहीं देख रहे हैं। मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कोहली ने कहा कि बल्लेबाजी टीम की कमजोर कड़ी साबित हुई और इसके अलावा वह अभी किसी और चीज पर ठीकरा नहीं फोड़ सकते है। कोहली ने कहा कि यह बल्लेबाजी ही थी, जिसके कारण हारे। इसके अलावा किसी और किसी अन्य पहलू पर सवाल नहीं उठा सकते है लोग तेज गेंदबाजी और उछाल के बारे में बात करते हैं। दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाज लंबाई को देखते हुए, वे तीनों टेस्ट मैचों में विकेट से अधिक मदद प्राप्त करने में सक्षम रहे। कोहली ने कहा कि महत्वपूर्ण क्षणों में एकाग्रता की कमी की कीमत हमें चुकानी पड़ी। विरोधी टीम उन क्षणों को अपने नाम करने में सफल रही। कोहली ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाज हम पर काफी देर तक दबाव बनाए रखने और हमें गलतियां करने के लिए मजबूर करने में सफल रहे। वे इन परिस्थितियों को अच्छी तरह समझते है। भारतीय टीम दूसरी पारी में ऋषभ पंत की शतकीय पारी के बाद भी 198 रन ही बना सकी। जिससे दक्षिण अफ्रीका को ज्यादा बड़ा लक्ष्य नहीं मिला। भारतीय कप्तान ने कहा, बल्लेबाजी में सुधार जरूरी है, मै इससे भाग नहीं रहा हूं।

### बाहर बैठे लोग नहीं जानते कि मैदान पर क्या चल रहा है, डीआरएस पर बोले कप्तान

**केपटाउन**। विराट कोहली ने डीआरएस का विवादित फैसला डीन एल्गर के पक्ष में जाने के बाद प्रसारकों के खिलाफ अपनी टीम के मौखिक हमले का बचाव करते हुए कहा कि बाहर बैठे लोग मैदान पर इस तरह के व्यवहार के कारणों को नहीं जानते। कोहली और उनके साथियों ने तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन अंतिम 45 मिनट के दौरान तब अपना आपा खो दिया जब डीन एल्गर को विवादास्पद डीआरएस फैसले के कारण क्रीज पर टिके रहे। कोहली ने मैच के बाद कहा कि मुझे इस पर कोई टिप्पणी नहीं करनी है। हम जानते हैं कि मैदान पर क्या हुआ और बाहर बैठे लोगों को पता नहीं होता है कि मैदान पर क्या चल रहा है। उन्होंने कहा कि मेरे लिए मैदान पर हमने जो कुछ किया उसे सही ठहराने की कोशिश करना और यह कहना कि हम भावनाओं में बह गए। कोहली ने कहा कि अगर हम वहां पर हावी हो जाते और तीन विकेट लेते तो संभवत: वह क्षण खेल की दिशा बदल देता। यह घटना 21वें ओवर में घटी जबकि रविचंद्रन अश्विन की उछाल लेती गेंद सीधे एल्गर के पैड पर लगी। अंपायर मारियास इरासमस ने उंगली उठा दी लेकिन एल्गर ने डीआरएस लिया। रीप्ले से हालांकि पता चला कि गेंद विकेट के ऊपर से निकल रही थी और ऐसे में अंपायर को अपना फैसला बदलना पड़ा।

# ट्रेविस हेड के शतक से आस्ट्रेलिया ने वापसी की

**दिन - रात्रि टेस्ट**

**एपी**। होबार्ट

**ट्रेविस** हेड के शतक की मदद से आस्ट्रेलिया ने तीन विकेट पर 12 रन की बेहद खराब शुरुआत से उबरकर इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम एशेज टेस्ट मैच के बारिश से प्रभावित पहले दिन शुक्रवार को यहां छह विकेट पर 241 रन बनाए। ब्रिसबेन में पहले टेस्ट मैच में 152 रन बनाने वाले हेड ने 113 गेंदों पर 101 रन की आक्रामक पारी खेलकर इंग्लैंड को इस दिन रात्रि टेस्ट मैच में शुरुआती सफलता का फायदा नहीं उठाने दिया।

कैमरन ग्रीन ने भी 74 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। मार्नश लाबुसेन ने 44 रन बनाए। हेड और ग्रीन ने पांचवें विकेट के लिए 121 रन की साझेदारी की। चाय के विश्राम के आधे घंटे बाद बारिश के कारण दिन में आगे का खेल नहीं हो पाया। आस्ट्रेलिया के टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी के फैसले के बाद हेड ने 10वें ओवर में जब क्रीज पर कदम रखा तब तक डेविड वार्नर (शून्य),



उस्मान ख्वाजा (छह) और स्टीव स्मिथ (शून्य) पवेलियन लौट चुके थे। गेंदबाजों के लिए अनुकूल दिख रहे विकेट पर ओली रॉबिन्सन (24 रन देकर दो) और स्टुअर्ट ब्रॉड (48 रन देकर दो) ने आस्ट्रेलिया को मुख्य रूप से नुकसान पहुंचाया। कोरोना वायरस से संक्रमित होने के कारण सिडनी टेस्ट में नहीं खेल पाने वाले हेड ने पहले लाबुशेन के साथ 71 रन की साझेदारी करके स्थिति संभाली। लाबुशन ने जब खाता भी नहीं खोला था तब जॉक क्राउली ने दूसरी स्लिप में उनका कैच छोड़ा जो इंग्लैंड को महंगा पड़ा। लाबुशेन ने क्रिस वोक्स (50 रन देकर एक) और मार्क वुड (79 रन देकर एक) पर कुछ अच्छे शॉट जमाए लेकिन ब्रॉड की गेंद को एक्रास द लाइन खेलने के प्रयास में वह फिसल गए और बोल्ड हो गए।

दूसरे सत्र में हेड और ग्रीन ने विकेट के दोनों तरफ कुछ अच्छे शॉट लगाए। हेड ने शतक पूरा करने के बाद वोक्स की गेंद पर मिडऑन पर कैच दिया। उन्होंने अपनी पारी में 12 चौके लगाए। ग्रीन ने वुड की गेंद पर आउट होने से पहले 109 गेंदें खेली और आठ चौके जड़े। स्टंप उखड़ने के समय एलेक्स कैरी 10 रन पर खेल रहे थे जबकि मिशेल स्टार्क को अभी खाता खोलना है।

**आयरलैंड ने वर्षाबाधित दूसरे वनडे में वेस्टइंडीज को हराया**

**किंगस्टन**। आयरलैंड ने सबीना पार्क पर वर्षाबाधित दूसरे एक दिवसीय क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हरा दिया। जीत के लिए आयरलैंड को 230 रन बनाने थे और उसने 32 ओवर में चार विकेट पर 157 रन बना लिए थे जब बारिश के कारण खेल 90 मिनट तक रोकना पड़ा। खेल बहाल होने पर डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर आयरलैंड को 36 ओवर में 168 रन का लक्ष्य मिला। आयरलैंड ने सात गेंद में ही एक विकेट खोकर बाकी रन बना लिए। अब श्रृंखला 1-1 से बराबरी पर है और आखिरी मैच रविवार को यहीं खेला जाएगा।

# भारत और द. अफ्रीका के बीच मैच आज

**अंडर-19 विश्व कप**

**भाषा**। जॉर्जटाउन

**रिकॉर्ड** चार बार की चैम्पियन भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शनिवार को अंडर-19 विश्व कप के अपने पहले मुकाबले में उतरेगी तो उसकी नजरें अपना शानदार रिकॉर्ड बरकरार रखते हुए नई प्रतिभाओं को तलाशने पर लगी होंगी। हरनूर सिंह, राजवर्धन हंगरगेकर, कप्तान यश धुल और रवि कुमार से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो अभी तक पिछले टूर्नामेंटों में अपनी प्रतिभा की बानगी दे चुके हैं।

भारतीय टीम एशिया कप जीतने के बाद यहां पहुंची है और अभ्यास मैचों में वेस्टइंडीज तथा आस्ट्रेलिया को हराया। टूर्नामेंट के इतिहास की सबसे सफल टीम रही भारतीय टीम पिछले तीन सत्रों में फाइनल में पहुंची। दो साल पहले बांग्लादेश के खिलाफ फाइनल में हारी भारतीय टीम का कोई भी खिलाड़ी सीनियर टीम तक नहीं पहुंचा। अब देखना यह है कि क्या 2022 की अंडर 19 टीम में से कोई यह कमाल कर सकता है। मौजूदा टीम में पृथ्वी साव और शुभमन गिल (2018 बैच) जैसी प्रतिभाएं नहीं है लेकिन कुछ खिलाड़ियों ने ध्यान खींचा है।बाएं

**ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 169 रनों पर समेटा**

जॉर्जटाउन (**गयाना**)। ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों ने अंडर-19 एकदिवसीय विश्व कप के शुरुआती दिन के मैच में शुक्रवार को यहां मेजबान वेस्टइंडीज की पारी को 40.1 ओवर में 169 रन पर समेट दिया। दिन के एक अन्य मैच में सकुना निदर्शन लियानागे की 84 गेंदों में 79 रन की पारी के बाद भी श्रीलंका की टीम स्कॉटलैंड के खिलाफ 45.2 ओवर में 209 रन पर आउट हो गई।

हाथ के सलामी बल्लेबाज हरनूर से काफी उम्मीदें है। पिछली बार यशस्वी जायसवाल ने इस टूर्नामेंट में काफी रन बनाए थे। हरनूर ने एशिया कप में पांच मैचों में 251 रन बनाए और आस्ट्रेलिया के खिलाफ 11 जनवरी को अभ्यास मैच में नाबाद 100 रन की पारी खेली।

**टीमें**

**भारत** : यश धुल (कप्तान), हरनूर सिंह, अंगकृष रघुवंशी, एसके रशीद, निशांत सिंधू, सिद्धार्थ यादव, अनीश्वर गौतम, दिनेश बाना, आराध्य यादव, राज अंगद बावा, मानव पारख, कुशाल ताम्बे, राजवर्धन हंगरगेकर, वासु वत्स, विकी ओस्तवाल, रवि कुमार, गर्व सांगवान।
**दक्षिण अफ्रीका** : जॉर्ज वान हीर्डेन (कप्तान), लियाम एल्डेर, मैथ्यू बोस्ट, डेवाल्ड ब्रेविस, माइकल कोपलैंड, एथान कनिंघम, वेलेंटाइन किटिमे, वेना मफाका, गेरहार्ड मारी, फाइवे मयांडा, एंडिले सिमेलेन, जेड स्मिथ, काडेन सोलोमंस, जोशुआ स्टीफेंसन, असाखे तशाका।

# जयपुर ने पटना पाइरेट्स के खिलाफ दर्ज की बड़ी जीत

**प्रो कबड्डी लीग**

### ●दिन के दूसरे मैच में बेंगलुरु बुल्स ने गुजरात जाएंटस को आसानी से हराया

**भाषा**। बेंगलुरू

**जयपुर** पिंक पैंथर्स ने दीपक हुड्डा (10 अंक) और अर्जुन देसवाल (नौ अंक) के शानदार खेल के दम पर प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के मैच में शुक्रवार को यहां तीन बार की चैंपियन पटना पाइरेट्स पर 38-28 की बड़ी जीत दर्ज की।

दिन के दूसरे मुकाबले में बेंगलुरु बुल्स ने गुजरात जाएंट्स को 46-37 से हराया। बेंगलुरु के जीत के नायक 19 अंक बनाने वाले कप्तान पवन सहरावत रहे। इससे पहले पटना की हार का मुख्य का डिफेंस (रक्षापंक्ति के खिलाड़ियों) का लचर प्रदर्शन रहा रहा जो सिर्फ चार अंक ही जुटा सके। लीग की पहली चैम्पियन जयपुर की डिफेंस ने नौ अंक जुटाए। पटना के लिए मोनू गोयत ने सात जबकि कप्तान प्रशांत राय ने छह अंक बनाए। मौजूदा सत्र में यह जयपुर की चौथी जीत है जबकि पटना को दूसरी बार हार का सामना करना पड़ा।

बेंगलुरु की टीम गुजरात के खिलाफ जीत के बाद तालिका में पटना की जगह शीर्ष पर पहुंच गई। 10 मैचों में सात जीत से उनके नाम 38 अंक है। पटना पाइरेट्स पहले से दूसरे स्थान पर खिसक गई। टीम के नौ मैचों में 34 अंक है। जयपुर की टीम आज की जीत से 12 टीमों की अंक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गई है। गुजरात की टीम 11वें स्थान पर है।

# सिंधू व लक्ष्य सेमीफाइनल में पहुंचे

**इंडिया ओपन बैडमिंटन**

**भाषा**। नई दिल्ली

**दो** बार की ओलंपिक पदक विजेता भारत की पीवी सिंधू और विश्व चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन इंडिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जीत के साथ अंतिम चार में पहुंचने में सफल रहे। शीर्ष वरीय पूर्व विश्व चैंपियन सिंधु ने 36 मिनट तक चले मुकाबले में 21 वर्षीय हमवतन अश्मिता चालिहा को 21-7, 21-18 से हराया। लक्ष्य ने एच एस प्रणॉय को मुश्किल मुकाबले में 14-21, 21-9, 21-14 से हराकर पुरुष एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

हैदराबाद की 26 साल की खिलाड़ी को फाइनल में पहुंचने के लिए छठी वरीयता प्राप्त थाईलैंड की सुपनिदा कटेथोंग के साथ अंतिम चार में भिड़ना होगा। तीसरी वरीयता प्राप्त सिंगापुर की एओ जिया मिन के तेज बुखार के कारण टूर्नामेंट से हटने के बाद केटथोंग ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। लक्ष्य अंतिम चार मुकाबले में मलेशिया के नग तेज योंग या




आयरलैंड के न्हाट न्गुएन के बीच होने वाले एक अन्य क्वार्टर फाइनल के विजेता से भिड़ेंगे। पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में लक्ष्य और प्रणॉय के बीच करीबी मुकाबला हुआ। प्रणॉय पहला गेम जीतने में सफल रहे लेकिन युवा खिलाड़ी लक्ष्य ने दूसरे गेम को अपने नाम कर मुकाबला बराबरी का कर दिया। सिंधू पिछली बार 2019 में 83वीं योनेक्स-सनराइज सीनियर नेशनल चैंपियनशिप में चालिहा के खिलाफ खेली थी। महिला एकल के दूसरे सेमीफाइनल में आकर्षी कश्यप का सामना दूसरी वरीयता प्राप्त थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान से होगा। भारतीय खिलाड़ी ने शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में हमवतन मालविका बंसोद पर 21-12, 21-15 से जीत दर्ज की। बुसानन ने अंतिम आठ में अमेरिका की लॉरेन लैम को 21-12, 21-8 से शिकस्त दी। निर्णायक गेम में प्रणॉय ने 6-1 की बढ़त के साथ अच्छी शुरुआत की लेकिन सेन ने वापसी करते हुए स्कोर 11-9 कर दिया। उन्होंने ब्रेक के बाद अगले 11 में से नौ अंक अपने नाम कर मैच जीत लिया। ईशान भटनागर एवं साई प्रतीक के की पुरुष युगल जोड़ी को मलेशिया की तीसरी वरीयता प्राप्त ओंग यू सिन एवं तेओ ई ई के खिलाफ महज 19 मिनट में 7-21, 7-21 से हार का सामना करना पड़ा।

मिश्रित युगल में आठवीं वरीयता प्राप्त वेंकट गौरव प्रसाद एवं जूही देवांगन की भारतीय जोड़ी चेन टैंग जी एवं पेक एन वेई की मलेशियाई जोड़ी से महज 23 मिनट में 10-21, 13-21 से हार गई। नितिन एचवी एवं अश्विनी भट्ट के की एक अन्य भारतीय जोड़ी सिंगापुर के ही योंग काई टेरी एवं टैन वेई हान से 15-21, 19-21 से हार गई।

# नोवाक जोकोविच का वीजा दूसरी बार रद्द

### ●सर्बियाई खिलाड़ी का आस्ट्रेलियन ओपन में भाग लेना मुश्किल

**एपी**। मेलबर्न

**आस्ट्रेलिया** सरकार ने टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच का वीजा दूसरी बार रद्द कर दिया है और उन्हें निर्वासित किया जा सकता है जिससे आस्ट्रेलियाई ओपन में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी के खेल पाने को लेकर बनी अनिश्चितता में एक नया मोड़ आ गया। आव्रजन मंत्री एलेक्स हॉके ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने मंत्री के तौर पर अपने विशेषाधिकार का प्रयोग करके सर्बिया के इस 34 वर्षीय खिलाड़ी का वीजा जनहित आधार पर रद्द कर दिया है। आस्ट्रेलियाई ओपन तीन दिन बाद शुरू होने वाला है।

जोकोविच के वकील फेडरल सर्किट और फैमिली कोर्ट में इसके खिलाफ अपील कर सकते हैं। उन्होंने



पिछले सप्ताह भी पहली बार वीजा रद्द होने के बाद अपील करके कानूनी लड़ाई जीती थी। मामले की सुनवाई शुक्रवार की रात होगी। आस्ट्रेलिया से निर्वासित किए जाने पर अगले तीन साल तक देश में प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। उसे हालांकि हटाया जा सकता है लेकिन यह हालात पर निर्भर करेगा। हॉके ने कहा कि उन्होंने जनहित को ध्यान में रखकर स्वास्थ्य कारणों से यह फैसला लिया है। उन्होंने एक बयान में कहा कि मौरिसन सरकार आस्ट्रेलियाई सीमाओं की कोरोना महामारी के इस दौर में रक्षा करने को लेकर प्रतिबद्ध है। आस्ट्रेलिया ओपन में उन्हीं खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ और दर्शकों को प्रवेश मिलेगा जिन्हें कोरोना के टीके लग चुके हैं। जोकोविच ने इस आधार पर मेडिकल छूट मांगी थी कि वह दिसंबर में संक्रमित हुए थे। जोकोविच का वीजा दूसरी बार रद्द हुआ है। पिछले सप्ताह मेलबर्न पहुंचते ही आस्ट्रेलिया सीमा बल द्वारा उनका वीजा रद्द कर दिया गया था क्योंकि आस्ट्रेलिया के कड़े कोरोना टीकाकरण नियमों से मेडिकल छूट के लिए जरूरी मानदंडों पर वह खरे नहीं उतरते थे। उन्होंने चार रात पृथकवास होटल में बिताई जिसके बाद सोमवार को जज ने उनके पक्ष में फैसला दिया। जोकोविच ने रॉड लेवर एरेना में अभ्यास शुरू कर दिया था। उन्हें आज दोपहर को भी अभ्यास करना था लेकिन उन्होंने सुबह जल्दी अभ्यास कर लिया। उन्हें पहले दौर में सर्बिया के ही मियोमिर केसमानोविच से खेलना था।

मेलबर्न के आव्रजन वकील कियान बोन ने कहा कि जोकोविच के वकीलों के लिए अब इस फैसले को अदालत में बदलवा पाना काफी मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि जोकोविच के लिए अब आस्ट्रेलियाई ओपन में खेलने की अनुमति पाना बहुत मुश्किल होगा। अब उनके पास समय भी नहीं है। वकीलों को फेडरल सर्किट एंड फैमिली कोर्ट में एक ड्यूटी जज के पास या फेडरल कोर्ट में सीनियर जज के पास जाकर दो आपात आदेश लेने होंगे। पहला आदेश उनका निर्वासन रोकना और दूसरा हॉके को जोकोविच का वीजा बहाल करने का निर्देश देने का होगा। बोन ने कहा कि दूसरा आदेश ऐसा है जो आज तक कभी नहीं हुआ। अदालत सरकार के किसी सदस्य को वीजा जारी करने का आदेश बहुत कम ही देती है।

### केकेआर ने भरत अरुण को गेंदबाजी कोच बनाया

**कोलकाता**। भारत के पूर्व गेंदबाजी कोच भरत अरुण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के साथ उसी भूमिका में जुड़ गए हैं। इस आईपीएल टीम ने शुक्रवार को यह घोषणा की।

अरुण की नियुक्ति की घोषणा करते हुए केकेआर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक वेंकी मैसूर ने कह कि हम भारत अरुण जैसे किसी व्यक्ति को अपनी टीम में गेंदबाजी कोच के रूप में शामिल कर के लिए बहुत उत्साहित हैं। वह काफी अनुभव और विशेषज्ञता के साथ केकेआर से जुड़ेंगे। अरुण हाल तक रवि शास्त्री के नेतृत्व में भारतीय टीम के गेंदबाजी कोच थे।

अरुण ने भारत के लिए दो टेस्ट और चार एकदिवसीय मैच खेले हैं। वह तमिलनाडु के सफल घरेलू क्रिकेटर रहे हैं। अरुण ने इस बयान में कहा, मैं नाइट राइडर्स जैसे एक बेहद सफल फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनने के लिए उत्सुक और बहुत उत्साहित हूं।

### न्यूजीलैंड का सीमित ओवरों का आस्ट्रेलिया दौरा खटाई में

**एपी**। वेलिंगटन

**कड़े** सीमा प्रतिबंधों के कारण न्यूजीलैंड टीम का इस महीने के आखिर में सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए आस्ट्रेलिया दौरा खटाई में पड़ गया है क्योंकि अब टीम को अपनी वापसी के लिए पृथकवास स्थान आरक्षित करना होगा।

न्यूजीलैंड टीम को 24 जनवरी को आस्ट्रेलिया रवाना होना था जहां 30 जनवरी, दो फरवरी और पांच फरवरी को वनडे मैच और आठ फरवरी को टी-20 मैच खेलने थे। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने फरवरी के लिए पृथकवास स्थान बुक नहीं किए क्योंकि उसे उम्मीद थी कि आस्ट्रेलिया से लौटने वाले न्यूजीलैंड के नागरिकों को ऐसा करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### हॉकी इंडिया ने महिला टीम के लिए संभावितों की घोषणा की

**भाषा**। नई दिल्ली

**हॉकी** इंडिया ने सीनियर महिला टीम के लिए संभावित समूह की घोषणा कर दी है जो इस साल बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट खेलेगी। बेंगलुरू में भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र पर चयन ट्रायल के बाद समूह का चयन किया गया। विभिन्न राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंटों में प्रदर्शन के आधार पर 60 खिलाड़ियों को ट्रायल के लिए बुलाया गया था। भारतीय टीम की मुख्य कोच यानेके शॉपमैन ने कहा कि यह नए सिरे से शुरूआत करने और भविष्य के लिए रणनीति बनाने का समय है। टोक्यो ओलंपिक से मिले अनुभव के बाद हमें लगातार बेहतर प्रदर्शन करना है। नजरें पेरिस ओलंपिक 2024 पर हैं। सविता पूनिया की कप्तानी में भारत की 18 सदस्यीय टीम एशिया कप खेलने मस्कट जाएगी।

**खिलाड़ियों के नाम**

सविता, रजनी एतिमार्पू, बिशू देवी के, दीप ग्रेस इक्का, गुरजीत कौर , निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, सुमन देवी टी, अक्षता अबासो डी, महिमा चौधरी, रश्मिमा मिंज, निशा, सलीमा टेटे, सुशीला चानू, ज्योति, नवजोत कौर, मोनिका, नमिता टोप्पो, मरियाना कुजुर, सोनिका, नेहा, बलजीत कौर, उपासना सिंह, लालरेम्सियामी, नवनीत कौर, राजविंदर कौर, वंदना कटारिया, शर्मिला देवी, दीपिका, संगीता कुमारी, प्रीति दुबे, ऐश्वर्या राजेश चव्हाण। रिहैब शिविर में: रानी, रीना खोकार, मनप्रीत कौर।

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 87
लखनऊ, शनिवार, 15 जनवरी, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
डाक संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



पीवी सिंधू सेमीफाइनल में पहुंचीं

स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# स्वामी प्रसाद व धर्म सिंह सैनी सहित कई बागी विधायक सपा में शामिल

● रामवीर उपाध्याय ने बसपा तो एमएलसी घनश्याम सिंह लोधी ने छोड़ा सपा का साथ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बीजेपी** छोड़ने वाले मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य और धर्म सिंह सैनी ने शुक्रवार को समर्थकों के साथ सपा का दामन थाम लिया। स्वामी प्रसाद मौर्य और धर्म सिंह का सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पगड़ी पहना कर स्वागत किया। अखिलेश ने पूर्व मंत्री मौर्य और सैनी के अलावा भाजपा छोड़ने वाले पांच विधायकों भगवती प्रसाद सागर, विनय शाक्य, रोशन लाल वर्मा, डॉ मुकेश वर्मा और ब्रजेश कुमार प्रजापति और अपना दल के विधायक चौधरी अमर सिंह को भी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई।

इस दौरान सपा में शामिल होने वाले पूर्व विधायकों में अली यूसुफ अली, राम भारती, नीरज मौर्या, हरपाल सैनी, राजेन्द्र प्रसाद सिंह पटेल और पूर्व राज्य मंत्री विद्रोही धनपत राम मौर्य के अलावा बलराम सैनी पूर्व एमएलसी सहित अन्य नेताओं सपा में शामिल हो गए। वही दूसरी ओर बसपा सरकार में मंत्री रहे रामवीर उपाध्याय ने पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। रामवीर उपाध्याय बसपा के प्रमुख ब्राह्मण नेताओं में शामिल थे। माना जा रहा है कि उपाध्याय भाजपा या सपा का दामन पकड़ सकते हैं। इसके साथ ही समाजवादी पार्टी से विधान परिषद सदस्य घनश्याम सिंह लोधी ने सपा मुखिया को अपना त्याग पत्र दे दिया। त्याग पत्र में श्री लोधी ने सपा के द्वारा पिछडों व दलितों के साथ उपेक्षा किए जाने का आरोप लगाया।



## रैली में आचार संहिता व कोरोना के नियमों का उल्लंघन, एफआईआर दर्ज

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी मुख्यालय में भारतीय जनता पार्टी छोड़कर आए पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्या सहित अन्य नेताओं को पार्टी में शामिल करने के लिए आयोजित वर्चुअल रैली में जुटी भीड़ का चुनाव आयोग ने गंभीरता से संज्ञान लिया है। सपा मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम के लिए लखनऊ के जिलाधिकारी से अनुमति नहीं ली गई थी। प्रशासन ने इस मामले में धारा 144 के उल्लंघन और महामारी एक्ट के तहत गौतमपल्ली थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। सपा के इस कार्यक्रम की जांच को लेकर डीएम ने एक मजिस्ट्रेट की अगुवाई में टीम बनाई थी। मजिस्ट्रेट पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। कार्यक्रम खत्म होने के बाद जब लोग निकले तो उसकी वीडियोग्राफी हुई और डीएम को एक रिपोर्ट बनाकर दी गई। इसी रिपोर्ट के आधार पर प्रशासन ने कार्रवाई की। समाजवादी पार्टी के लगभग 2,000 से ज्यादा अज्ञात कार्यकर्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि वीडियोग्राफी में जो भी चिन्हित होगाए उसके खिलाफ नामजद मुकदमा कराया जाएगा।

# वंशवाद व परिवारवाद में डूबे लोग नहीं हो सकते सामाजिक न्याय के समर्थकः योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

**उत्तर** प्रदेश सरकार के खिलाफ राज्य के मंत्रियों और भाजपा विधायकों द्वारा लगाए जा रहे दलित विरोधी होने के आरोपों के बीच, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को यहां एक दलित परिवार के साथ भोजन करने के बाद कहा कि वंशवाद और परिवारवाद की राजनीति करने वाले सामाजिक न्याय के समर्थक नहीं हो सकते। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को मकर संक्रांति के अवसर पर दलित अमृत लाल के घर समता भोज के तहत खिचड़ी खाकर सामाजिक समरसता का संदेश दिया। उन्होंने कहा, भ्रष्टाचार जिनके जीन का हिस्सा हो वह सामाजिक न्याय की लड़ाई नहीं लड़ सकते। सामाजिक न्याय यही है बिना भेदभाव के समाज के प्रत्एक तबके को शासन की योजना का लाभ मिले, उनके साथ सामाजिक और आर्थिक भेदभाव न हो। उन्होंने कहा, उप्र में समाजवादी पार्टी की सरकार के पूरे पांच साल के कार्यकाल में कुल 18,000 घर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लोगों को दिए गए, जबकि वर्तमान भाजपा सरकार ने योजना के तहत गरीबों और वंचितों को 45 लाख घर दिए हैं। हमारे लिए यह सामाजिक न्याय हैं। पूर्ववर्ती समाजवादी पार्टी (सपा) सरकार पर हमला करते हुए उन्होंने कहा, जो लोग गरीबों का हक छीनते थे, डकैती डालते थे, पेशेवर अपराधियों को अपना शार्गिद बनाते थे जब वह पेशेवर माफिया और अपराधी प्रदेश के अंदर गरीबों के मकानों पर कब्जा करते थे, दलितों की बस्तियों पर कब्जा करते थे।



## दलित परिवार संग भोज करके सीएम ने दिया बड़ा संदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सरकार** के तीन मंत्रियों और कई विधायकों के इस्तीफों के बाद राजधानी लखनऊ में बढी राजनीतिक सरगर्मी के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को गोरखपुर के झुंगिया गेट फर्टिलाइजर रोड स्थित दलित समाज के अमृतलाल भारती के घर सहभोज करके सामाजिक समरसता का बड़ा संदेश दिया। सीएम योगी ने यहां कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुएए जमीन पर बैठकर प्रेमभाव से खिचड़ी खाई और अपने दादागुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ और गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की उस परंपरा को और समृद्ध किया जिसे उन्होंने जातीय भेदभाव को समाप्त करने की दिशा में आगे बढ़ाया था। विदित हो कि सरकार ने नाता तोडने वाले मंत्रियों और विधायकों ने अपने त्याग पत्र में दलित पिछडो किसानों और युवाओं की उपेक्षा का आरोप लगाया है। ऐसे समय में राजनीतिक नजरिये से दलित के घर पर सीएम योगी का सहभोज काफी अहम माना जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार दोपहर झुंगिया गेट के पास रहने वाले अनुसूचित जाति के अमृतलाल भारती के आवास पहुंचे। श्री भारती के यहां आयोजित सहभोज में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री ने बिना किसी औपचारिकता के जमीन पर बैठकर भोजन किया।



# गंगा में लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी/प्रयागराज

**संगम** नगरी प्रयागराज में मकर संक्रांति के साथ माघ मेला शुक्रवार से प्रारंभ हो गया। कोरोना के बढ़ते मामलों और कड़ाके की ठंड के बावजूद शाम 6:00 बजे तक करीब 6.5 लाख लोगों ने यहां गंगा और संगम में डुबकी लगाई। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। उधर, मकर संक्रान्ति के पावन पर्व पर काशी में कुछ लोग 14 जनवरी को ही दशाश्वमेध घाट के गंगा स्नान पर दान-पुण्य किया तथा बाबा विश्वनाथ एवं मॉ अन्नपूर्णा के दरबार में पहुॅचकर मत्था टेका। मकर संक्रान्ति तो शुक्रवार की रात 8 बजकर 34 पर खरमास खत्म हो जाएगा। उसके बाद मकर राशि से उठकर सूर्य उत्तरायण में चले जाते हैं। इसके बाद ही खिचड़ी प्रारम्भ होती है। श्रद्धालुओं ने भागीरथी के तट पर पहुॅचकर आस्था की डूबकी लगायी तथा गंगा में दीपदान किया। गंगा स्नान का कार्य दोपहर तक चलता रहा। गंगा घाट पर श्रद्धालुओं ने कोविड़-19 का पालन नहीं किया और बिना दूरी बनाए गंगा में स्नान किया। प्रयागराज में माघ मेला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि श्रद्धालुओं का भोर से ही मेला क्षेत्र में आगमन जारी है और शाम 6:00 बजे तक करीब 6.5 लाख लोगों ने गंगा में स्नान किया जिसमें बच्चे और बुजुर्ग शामिल हैं।

# उप्र में कोरोना के 16,016 नए मामले सामने आए

**भाषा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में कोरोना संक्रमण के पिछले 24 घंटे में 16,016 नए मामले सामने आए और इसी अवधि में तीन संक्रमितों की मौत हो गई। एक बुलेटिन में इसकी जानकारी दी गई है। राज्य सरकार की ओर से शुक्रवार को जारी स्वास्थ्य बुलेटिन में कहा गया है कि राज्य में पिछले 24 घंटे में 16,016 नए संक्रमितों के मिलने के बाद उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 84,440 हो गई है।

इसमें कहा गया है कि तीन मरीजों की मौत के साथ ही प्रदेश में संक्रमण से मरने वालों की कुल संख्या 22,949 पर पहुंच गई है। बयान के अनुसार पिछले 24 घंटे में मेरठ जिले में दो एवं गौतमबुद्ध नगर जिले में एक संक्रमित की मौत हुई है। बलिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सदस्य नीरज शेखर और बहुजन समाज पार्टी के विधायक दल के नेता उमाशंकर सिंह कोरोना संक्रमित हो गए हैं। इसमें कहा गया है कि पिछले 24 घंटों में, लखनऊ से अधिकतम 2,209, गाजियाबाद से 1,887 मामले, गौतमबुद्ध नगर से 1,817, मेरठ से 1,203, आगरा से 781 और वाराणसी से 666 नए मामले सामने आए हैं। इसके अनुसार राज्य में अब तक कोरोना संक्रमण से 18,01,231 लोग प्रभावित हुए हैं।

## देश में 239 दिनों में कोविड के सबसे अधिक केस

**नई दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस से संक्रमण के 2,64,202 नए मामले आए हैं, जो 239 दिनों में सबसे अधिक है। इन नए मामलों के आने से संक्रमितों की संख्या बढ़कर 3,65,82,129 हो गई है। इसमें इस घातक वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप के 5,753 मामले शामिल हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। देश में ओमीक्रोन के मामलों में बृहस्पतिवार से 4.83 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

# मौसम में अचानक बदलाव के कारण हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटना

● कोर्ट ऑफ इंक्वायरी में हादसे के कारणों के रूप में यांत्रिक विफलता तोड़फोड़ या लापरवाही को किया खारिज



**भाषा।** नई दिल्ली

**विमान** दुर्घटना में हुई सीडीएस जनरल रावत की मौत को लेकर आइएएफ द्वारा गठित दुर्घटना पर ट्राई.सर्विसेज ने रिपोर्ट पेश की है। ट्राई सर्विसेज कोर्ट आफ इन्क्वायरी ने अपने प्रारंभिक निष्कर्षों में फ्लाइट डेटा रिकार्डर और काकपिट वायस रिकार्डर का विश्लेषण किया।

इसमें कहा गया है कि हादसे की वजह लापरवाही रही है। साथ ही कहा कि दुर्घटना मौसम में अप्रत्याशित परिवर्तन के कारण हुई थी। जिसके कारण पायलट का भटकाव हुआ। अपने निष्कर्षों के आधार पर कोर्ट आफ इंक्वायरी ने कुछ सिफारिशें की हैं जिनकी समीक्षा की जा रही है।

दुर्घटना की वजह घने जंगल, पहाड़ी इलाका और लो.विजिबिलिटी माना जा रहा है। लो.विजिबिलिटी के चलते हेलिकाप्टर को कम ऊंचाई पर उड़ान भरनी पड़ी। वहींए लैंडिंग पाइंट से वो कुछ ही दूरी पर था। इस कारण से भी वो निचाई पर उड़ रहा था। इस वजह से क्रैश लैंडिंग हुई। हेलीकाप्टर के पायलट ग्रुप कैप्टन रैंक के अधिकारी थे, इसलिए मानवीय गलती की आशंका नहीं थी। हेलिकाप्टर में दो इंजन थे। इसलिए इंजन फेल होने की वजह से भी हादसा नहीं हो सकता था।जांच कमेटी ने वायुसेना और थलसेना के संबंधित अधिकारियों के बयान रिकार्ड किए हैं। साथ ही उन स्थानीयों लोगों से भी बातचीत की है जो इस दुर्घटना के प्रत्यक्षदर्शी थे।

उस मोबाइल फोन की जांच भी की गई है जिससे क्रैश से तुरंत पहले का वीडियो शूट किया गया था। दुर्घटना हुए हेलीकाप्टर का एफडीआर यानि फ्लाईट डेटा रिकार्डर यानि ब्लैक.बाक्स भी घटनास्थल से बरामद कर लिया गया था। उसका डाटा भी रिपोर्ट में शामिल किया गया है।

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,223 | ↓ | 12 | |
| निफ्टी | 18,255 | ↓ | 02 | |
| सोना | 47,005 | ↑ | 93 | /10g |
| चांदी | 61,005 | ↑ | 59 | /kg |

## क्विक न्यूज

### दिल्ली और कश्मीर के बाद पंजाब में भी आईईडी मिला

**चंडीगढ़।** पंजाब के अमृतसर में भारत-पाकिस्तान सीमा के पास अटारी-बचीविंड रोड पर पड़े एक बैग में रखा गया एक आईईडी और कुछ भारतीय नोट शुक्रवार को मिले। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पंजाब पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने राज्य में विधानसभा चुनाव से ठीक एक महीने पहले मादक पदार्थ और विस्फोटकों के बारे में एक विशिष्ट सूचना के आधार पर एक तलाशी अभियान शुरू किया और बैग बरामद किया। यह बरामदगी ऐसे समय हुई है जब राष्ट्रीय राजधानी के गाजीपुर फूल मण्डी में एक लावारिस बैग के अंदर आरडीएक्स और अमोनियम नाइट्रेट वाला एक आईईडी मिला। अमृतसर में आईईडी बरामद होने के बाद पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी है।

# संसद का बजट सत्र 31 जनवरी को होगा शुरू, आठ अप्रैल तक चलेगा

**भाषा।** नई दिल्ली

**संसद** का बजट सत्र 31 जनवरी को शुरू होगा जब राष्ट्रपति दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगे और यह आठ अप्रैल को सम्पन्न होगा। सूत्रों ने संसदीय मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की सिफारिशों का हवाला देते हुए शुक्रवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय बजट एक फरवरी को पेश किया जाएगा। राष्ट्रपति द्वारा संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करने के बाद आर्थिक सर्वेक्षण 31 जनवरी को पेश किया जा सकता है।

बजट सत्र का पहला चरण 11 फरवरी तक चलेगा। सूत्रों ने बताया कि इसके बाद एक माह के अवकाश के बाद सत्र का दूसरा चरण 14 मार्च से शुरू होगा और आठ अप्रैल तक चलेगा। अवकाश की अवधि के दौरान विभागों से जुड़ी संसदीय समितियां संबंधित मंत्रालयों को बजटीय आवंटन के पहलुओं की समीक्षा करते हैं। संसद के बजट सत्र का पहला चरण तब आयोजित हो रहा है जब उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार जोर-शोर से चल रहा होगा और जहां पहले चरण के लिए 10 फरवरी को मतदान होंगे।

अवकाश के बाद जब सत्र का दूसरा चरण शुरू होगा तब तक उत्तर प्रदेश, पंजाब, गोवा, मणिपुर और उत्तराखंड के विधानसभा चुनाव के नतीजे सामने आ जाएंगे। इन पांच राज्यों के लिए मतगणना 10 मार्च को होगी। सूत्रों ने बताया कि कोविड-19 के संक्रमण के मामलों में वृद्धि के मद्देनजर संसद परिसर में प्रवेश करने वाले सांसदों के लिए आरटी पीसीआर टेस्ट नेगेटिव रिपोर्ट और पूरी तरह से टीकाकरण कराने का प्रमाणपत्र जरूरी होगा।

# बीकानेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस ट्रेन हादसाः नौ हुई मृतक संख्या

**गुवाहाटी।** पश्चिम बंगाल के जलपाइगुड़ी जिले में बीकानेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस ट्रेन के 12 डिब्बे पटरी से उतरने के कारण हुए हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) की प्रवक्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तीन मृतकों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। पश्चिम बंगाल के जलपाइगुड़ी जिले में दोमोहानी के निकट बृहस्पतिवार को बीकानेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस ट्रेन के 12 डिब्बे पटरी से उतर गए थे और कुछ डिब्बे पलट गए थे। एनएफआर की प्रवक्ता गुनीत कौर ने बताया कि हादसे में 36 अन्य लोग घायल हुए हैं। इनमें से 23 लोगों का इलाज जलपाइगुड़ी के सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में चल रहा है, जबकि उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज में छह लोग और मयनागुरी ग्रामीण अस्पताल में सात लोग भर्ती हैं।

# बीस साल बाद 2021 पांचवां सबसे गर्म वर्ष

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत** मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को कहा कि वर्ष 2021 भारत में 1901 के बाद से पांचवां सबसे गर्म वर्ष था, जिसमें देश में औसत वार्षिक वायु तापमान सामान्य से 0.44 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। विभाग ने कहा कि देश में वर्ष के दौरान बाढ़, चक्रवाती तूफान, भारी बारिश, भूस्खलन, बिजली गिरने जैसी मौसमी घटनाओं के कारण 1,750 लोगों की मौत हुई है। मौसम विभाग के वार्षिक जलवायु वक्तव्य, 2021 में कहा गया है, 1901 से वर्ष 2021 देश में 2016, 2009, 2017 और 2010 के बाद पांचवां सबसे गर्म वर्ष था। देश के लिए औसत वार्षिक वायु तापमान सामान्य से 0.44 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। उसने कहा, सर्दियों और मानसून के बाद के मौसम में गर्म तापमान ने मुख्य रूप से इसमें योगदान दिया। विभाग ने कहा कि 2016 में, देश के लिए औसत वार्षिक वायु तापमान सामान्य से 0.710 डिग्री सेल्सियस अधिक था। वर्ष 2009 और 2017 में औसत तापमान से यह क्रमशः 0.550 डिग्री सेल्सियस और 0.541 डिग्री सेल्सियस अधिक था। उसने कहा कि 2010 में, औसत वार्षिक वायु तापमान सामान्य से 0.539 डिग्री सेल्सियस अधिक था। विभाग ने कहा कि भारत में आंधी तूफान और बिजली गिरने से 2021 में 787 लोगों की कथित तौर पर मौत हो गई जबकि उस वर्ष भारी बारिश और बाढ़ से संबंधित घटनाओं में 759 लोगों की मौत हो गई। बयान में कहा गया है कि चक्रवाती तूफान की वजह से 172 लोगों की मौत हुई और मौसम से संबंधित अन्य घटनाओं के कारण 32 अन्य लोगों की मौत हो गई। विभाग ने कहा कि भारत में आंधी तूफान और बिजली गिरने से 2021 में 787 लोगों की कथित तौर पर मौत हो गई जबकि उस वर्ष भारी बारिश और बाढ़ से संबंधित घटनाओं में 759 लोगों की मौत हो गई। बयान में कहा गया है कि चक्रवाती तूफान की वजह से 172 लोगों की मौत हुई और मौसम से संबंधित अन्य घटनाओं के कारण 32 अन्य लोगों की मौत हो गई।

## खराब मौसम से जुड़ी घटनाओं में भारत में 1,750 लोगों की मौत हुई

भाषा। नई दिल्ली

**भारत** मौसम विज्ञान विभाग ने शुक्रवार को कहा कि 2021 में अत्यधिक खराब मौसम से जुड़ी घटनाओं में ।,750 लोगों की मौत हुई। महाराष्ट्र सर्वाधिक प्रभावित राज्य रहा, जहां 350 लोगों की मौत हुई और उसके बाद ओडिशा तथा मध्य प्रदेश का स्थान है।

पिछले साल भारत में गरज के साथ आंधी और बिजली गिरने की घटनाओं में कथित तौर पर 787 लोगों की, जबकि भारी बारिश और बाढ़ से जुड़ी घटनाओं में 759 लोगों की मौत हुई। विभाग के वार्षिक जलवायु बयान के मुताबिक, चक्रवाती तूफानों में 172 लोगों की और अत्यधिक खराब मौसम से जुड़ी अन्य घटनाओं में 32 लोगों की मौत हुई। बयान के मुताबिक, भारी बारिश और बाढ़ से जुड़ी घटनाओं में महाराष्ट्र में 215, उत्तराखंड में 143, हिमाचल प्रदेश में 55, केरल में 53, और आंध्र प्रदेश में 46 लोगों की मौत हुई। गरज के साथ आंधी और बिजली गिरने की घटनाओं में ओडिशा में 213, मध्य प्रदेश में 156, बिहार में 89, महाराष्ट्र में 76, पश्चिम बंगाल में 58, झारखंड में 54, उत्तर प्रदेश में 49 और राजस्थान में 48 लोगों की मौत हुई।

# भगोड़ों, दंगाइयों को टिकट देकर गुण्डाराज की वापसी चाहती है सपा: केशव प्रसाद मौर्य

● सपा ने अपने प्रत्याशियों की सूची के ज़रिये ट्रेलर दिखाया कि वह प्रदेश में गुंडागर्दी और दंगे का माहौल चाहते हैं: उप मुख्यमंत्री



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल गठबंधन की विधानसभा चुनाव के प्रत्याशियों की पहली सूची के माध्यम से अखिलेश यादव ने स्पष्ट सन्देश दिया है कि वह अपराधियों, गुंडों और दंगाइयों का साथ छोड़ने को तैयार नहीं हैं। इससे यह भी पता चलता है कि सपा का सरकार बनाने का मतलब हैए प्रदेश में फिर से दंगा राजए गुंडा राज और अपराधी राज।

उन्होंने अपने बयान में कहा कि प्रत्याशियों की इस सूची में कैराना से पलायन के आरोपियोंए दंगाईयोंए गुंडों और हिस्ट्रीशीटरों को टिकट दिया है। उन्होंने सपा प्रमुख से पूछा कि वह बताएं की अपने गठबन्धन से वह प्रदेश की जनता को क्या सन्देश देना चाहते हैंघ् अखिलेश बताएं कि क्या वह प्रदेश में फिर से मुज़् फरनगर जैसा दंगा और कैराना जैसे पलायन की स्थिति पैदा करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सपा.रालोद गठबंधन के चरित्र के खिलाफ अभियान चलाएगी और जनता के बीच सन्देश भी देने का कार्य करेगी। खुद जनता जनार्दन भी सपाई कुशासन की वापसी नहीं चाहती है और 300 प्लस सीटों का आशीर्वाद भाजपा को देने का मन बना चुकी है। अखिलेश जी! पश्चिमी उत्तर प्रदेश ही नहींए स पूर्ण प्रदेश की जनता जानना चाहती है बुलंदशहर में हिस्ट्रीशीटर हाजी यूनुस जैसे अपराधीए शामली से हिस्ट्रीशीटर भगोड़े नाहिद हसन, मेरठ से हिस्ट्रीशीटर रफीक अंसारी, लोनी से हिस्ट्रीशीटर मदन भैया जैसे अपराधी को टिकट देने का काम किया है जिनका खौफ अन्य प्रदेशों में भी व्याप्त है। उन्होंने कहा क़ी उत्तर प्रदेश की वर्तमान सरकार में आज अपराधी थर.थर कांपते हैं लेकिन सपा ने इस सूची के ज़रिये ट्रेलर दिखाया है कि वह प्रदेश में गुण्डाराज और दंगाराज कि वापसी कराने का मंसूबा पाले हुए हैं।

उन्होंने कहा की प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सबका साथ.सबका विकास के संकल्प के साथ सबको विश्वास में लेकर गरीब कल्याण, किसान कल्याणए मज़दूर उत्थान, मातृ स मान का कार्य हुआ है वह सपाए बसपाए कांग्रेस किसी अन्य दल ने सत्ता में रहकर कभी नहीं किया। उन्होंने कहा कि सपा को गरीबए मज़दूर और किसान कभी याद नहीं आये जबकि भाजपा सरकार ने गरीबों को 42 लाख मकान दिए, दो करोड़ से अधिक शौचालय बनवायेए उज्ज्वला योजना के तहत 2 करोड़ से ज्यादा गरीबों को मु त गैस कनेक्शन एकिसान स मान योजना में तीन करोड़ से अधिक किसानों को आच्छादित किया एआयुष्मान भारत योजना से गरीबों को इलाज की सुविधा दी।

कोरोना काल में जिन्हे जीविका चलाने में दिक्कत हुईए ऐसे परिवारों को मु त डबल राशन देने का काम करनाए हर घर को बिजली देने काए बेटियों के विवाह के लिए पैसा देना हैए किसानों को स मान निधिए आयुष्मान भारत का स्वास्थ्य रक्षा कवचए शौचालयए उज्जवला के कनेक्शन देकर महिलाओं को धुएं से आजादी। बेटियों की शादी की उम्र 21 साल कर उन्हें अपना करियर बनाने की आजादी देने का काम किया है।

# अधिसूचना के साथ पहले चरण की चुनावी प्रक्रिया शुरू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधानसभा चुनाव** के पहले चरण की अधिसूचना के साथ राज्य में चुनावी गतिविधियां शुरू हो गई है। पहले चरण में 11 जिलों की 58 सीटों पर दस फरवरी को मतदान होना है। पहली बार चुनाव आयोग ने नामांकन के लिए ऑनलाइन की सुविधा दी है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने बताया किपहले चरण की 58 विधान सभा सीटों में 9 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि विधान सभा की 403 सीटों के लिये 7 चरणों में चुनाव संपन्न होगा। मतदान 10 फरवरी, 14 फरवरी, 20 फरवरी, 23 फरवरी, 27 फरवरी, 3 मार्च और 7 मार्च को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। पहले चरण के नामांकन की अंतिम तिथि 21 जनवरी है। नामांकन पत्रों की जांच 24 जनवरी को होगी और 27 तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। इस चरण की सीटों पर मतदान 10 फरवरी को होगा। मु य निर्वाचन अधिकारी ने बताया की नामांकन के समय प्रत्याशी के साथ सिर्फदो व्यक्ति निर्वाचन अधिकारी के कक्ष तक जा सकेंगे। प्रत्याशी सुविधा एप के माध्यम से अपना ऑनलाइन आवेदन कर आवेदन पत्र की प्रति निर्वाचन अधिकारी के समक्ष जमा कर सकते हैं। कोविड.19 संक्रमण के चलते नामांकन के समय किसी भी प्रत्याशी को जुलूस की अनुमति नहीं दी जाएगी। प्रत्याशी द्वारा नामांकन के समय केवल दो गाड़ियों का ही प्रयोग किया जा सकेगा। जिन सीटों के लिए आज से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है उनमे शामली की कैराना, थानाभवन व शामली, मुज फरनगर की बुढ़ाना, चरथावल, पुरकाजी सुरक्षित, मुज फ्फरनगर, खतौली व मीरापुर, मेरठ की सिवालखास, सरधना, हस्तिनापुर, किठौर, मेरठ कैंटोनमेंट, मेरठ व मेरठ दक्षिण, बागपत की छपरौली, बड़ौत व बागपत, गाजियाबाद की लोनी, मुरादनगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद व मोदीनगर, हापुड़ की धौलाना, हापुड सुरक्षित, व गढ़मुक्तेश्वर, गौतमबुद्धनगर की नोएडा, दादरी व जेवरए बुलन्दशहर की सिकंदराबाद, बुलन्दशहर, स्याना, अनूपशहर, डिबाई, शिकारपुर व खुर्जा सुरक्षित, अलीगढ़ की खैर सुरक्षित, बरौली, अतरौली, छर्रा, कोल, अलीगढ़ व इगलास सुरक्षित, मथुरा की छाता, मांट, गोवर्धन, मथुरा व बलदेव सुरक्षित और आगरा की एत्मादपुर, आगरा कैंटोनमेंट सुरक्षित, आगरा दक्षिण, आगरा उत्तर, आगरा ग्रामीण सुरक्षित, फ्तेहपुर सीकरी, खैरागढ़, फतेहाबाद व बाह विधान सभा सीटें शामिल हैं।

## पत्रकार की मृत्यु पर मुख्यमंत्री ने व्यक्त किया शोक

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वरिष्ठ पत्रकार कमाल खान के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शान्ति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह व प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल ने कमाल खान के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कमाल खान के निधन पर शोक जताते कहा कि कमाल खान पत्रकारिता की एक गम्भीर आवाज बनकर उभरे थे।

# गंगा का पानी प्रदूषित करने वाली लेदर फैक्टरी पर जुर्माना व प्रोपराइटर को सजा

विधि संवाददाता। लखनऊ



**सीबीआईध्प्रदूषण** की विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट यशा शर्मा ने गंगा नदी में फैक्टरी का गंदा पानी प्रवाहित करने के मामले में कानपुर की मेसर्स चौधरी लेदर्स फिनिशर्स व इसके प्रोपराइटर को दोषी करार दिया है। उन्होंने जल प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम की धारा 44 व 41 के तहत प्रोपराइटर राज चौधरी को दो साल की सजा सुनाई है। जबकि फैक्टरी पर दो लाख 50 हजार का जुर्माना ठोंका है।

विशेष वकील एके चौबे के मुताबिक मुल्जिम राज चौधरी कानपुर के जार्जमऊ में अपनी फैक्टरी संचालित करता था। 27 जूनए 2007 को इस फैक्टरी को बंद करने का आदेश जारी हुआ। नौ अगस्तए 2007 को उप्र जल प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सहायक पर्यावरण अभियंता प्रखर कुमार ने फैक्टरी का निरीक्षण किया। जांच में पाया कि गंगा प्रदूषण से संबधित आदेश का उल्लघंन करते हुए मुल्जिम अपनी फैक्टरी संचालित कर रहा है। जिसकी वजह से फैक्टरी का गंदा पानी गंगा में प्रवाहित हो रहा है। और गंगा का जल प्रदूषित हो रहा है। 30 जनवरीए 2008 को उप्र जल प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने तब इस मामले में फैक्टरी व इसके प्रोपराइटर राज चौधरी के खिलाफ अदालत में परिवाद दर्ज कराया था।

# बीजेपी ने गरीबों, पिछड़ों, दलितों व अल्पसंख्यकों की आंख में धूल झोंककर हथियाई थी सत्ता: मौर्य

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बीजेपी छोड़ने** वाले मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य और धर्म सिंह सैनी ने शुक्रवार को समर्थकों के साथ सपा का दामन थाम लिया। यूपी में लगी आचार संहिता के बीच वर्चुअल रैली के माध्यम से ये सभी नेता आज सपा में शामिल हुए। स्वामी प्रसाद मौर्य और धर्म सिंह का सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पगड़ी पहना कर स्वागत किया। इस मौके पर स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि आज का दिन भारतीय जनता पार्टी के अंत का इतिहास लिखने जा रहा है। मौर्य ने कहा कि आज बीजेपी के बड़े नेता जो कुंभकर्णी नींद सो रहे थेए जिनको कभी नेताओं, विधायकों और सांसदों से बात करने का वक्त नहीं मिता थाए आज उनकी नींद हराम हो गई है। उनको नींद ही नहीं आ रही है।

स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि बीजेपी के कुछ लोग कहते हैं कि पांच साल तक इस्तीफा क्यों नहीं दिया। कुछ कहते हैं बेटे के चक्कर में बीजेपी छोड़ी है। मैं बताना चाहता हूं कि बीजेपी ने गरीबोंए पिछड़ोंए दलितों और अल्पसंख्यकों की आंख में धूल झोंककर सत्ता हथियाई थी। स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि सरकार बनाएं दलित और पिछड़ेए अगड़े मलाई खाएं। उन्होंने कहा कि पहले कहा गया था कि केशव प्रसाद मौर्य या स्वामी प्रसाद मौर्य सीएम बनाए जाएंगेए लेकिन फिर गोरखपुर से लाकर बना दिया।

स्वामी ने योगी को चुनौती देते हुए कहा कि इस चुनाव में मुकाबला 15 और 85 प्रतिशत का है। 85 तो हमारा है और 15 में भी बंटवारा है। उन्होंने योगी सरकार पर दलितए पिछड़े और वंचित वर्गों का आरक्षण निष्प्रभावी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस सरकार में आवेदन और विज्ञापन जारी किए बिना ही आरक्षित वर्ग की सीटए सामान्य वर्ग को दे दी गई। उन्होंने कहा कि अब सरकारी संस्थानों का निजीकरण कर रहे हैंए जिससे आरक्षण अपने आप खत्म हो जाए। स्वामी ने कहा कि योगी जी को मैं ये कहना चाहता हूंए मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठकर पाप करोगे और दुहाई दोगे हिंदू कीए क्या आप की नजर में कुछ बड़ी जाति के लोग ही हिंदू हैं। क्या अनुसूचित जात के लोग हिंदू नही हैए पिछड़े वर्ग के लोग हिंदू नही है। यदि ये लोग हिंदू हैं तो इनका आरक्षण क्यों निगल लिया गया।

मौर्य ने कहा कि अखिलेश पढ़े लिखे हैं नौजवान हैं और प्रदेश के लाखों लोगों का साथ उनके साथ मिलकर बीजेपी को निस्तनाबूत कर देंगे। उन्होंने आगे कहा कि जिसका मैं साथ छोड़ता हूं उसका कोई वजूद नहीं रहता। मौर्य ने कहा कि हम जिसका साथ छोड़ देते हैंए उसका कहीं पता नहीं चलता। मायावती इसकी जिंदा मिसाल हैं। वह अंबेडकर के मिशन से हट गईं। मान्यवर कांशीराम के आंख मूंदते ही नारा बदल दिया था। बहन मायावती ने उनके नारे श्जिसकी जितनी भागीदारीए उसकी उतनी हिस्सेदारीट को बदल दिया। उन्होंने नया नारा दिया. जिसकी जितनी तैयारीए उसकी उतनी भागीदारी। इस मौके पर धर्म सिंह सैनी ने कहा कि हम आज मकर संक्रांति पर शपथ लेते हैं कि हम बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के बनाए संविधान को बचाने के लिएए दलितों पिछड़ों के आरक्षण को सुरक्षित रखने के लिए अखिलेश यादव को 10 मार्च को मुख्यमंत्री बनाएंगे। उन्होंने अखिलेश यादव से कहा कि जो सम्मान आपने मुझे दिया परिवार के सदस्य की तरहए मैं बसपा में रहाए मंत्री बनाए जिसका सूपड़ा हम साफ करके आ रहे हैंए ;बीजेपीद्ध उसमें भी रहाए लेकिन जो मानवताए व्यवहारिकताए भाईचारा आपमें देखा है, दुनिया के किसी नेता में नहीं है। आपको विश्वास दिलाना चाहता हूंए मार्च में आपको यूपी में मुख्यमंत्री और 2024 में आपको पीएम बनवाएंगे।

## पदाधिकारी नामित

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति से समाजवादी लोहिया वाहिनी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप तिवारी द्वारा प्रवेश कुमार यादव लखनऊ को राष्ट्रीय सचिव नामित किया गया है। वहीं मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह द्वारा आशीष सिंह कानपुर को राष्ट्रीय सचिव नामित किया गया है। समाजवादी अल्पसंख्यक सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मो. इकबाल खां कादरी द्वारा फैसल रहमान सफ्वी उन्नाव, फारूक रज़ा कादरी पीलीभीत तथा मतलूब हुसैन गोण्डा को राष्ट्रीय सचिव नामित किया गया है।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मैंने अपना नाम कृष्णा शर्मा से बदलकर अभिज्ञान शर्मा कर लिया है। दोनो नाम मेरे ही हैं। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। अभिज्ञान शर्मा पुत्र श्री अभिषेक शर्मा 128/1180, वाई ब्लाक, किदवई नगर, कानपुर, उत्तर प्रदेश–208011

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बैंक का शस्त्र लाइसेंस वास्तव में खो गया है। जिसका डी0बी0बी0एल0 गन नम्बर–76424 शस्त्र संख्या–904, 'डी0बी0बी0एल0 गन' नम्बर– 77209 शस्त्र संख्या–8946 हैं ब्रान्च मैनेजर भारतीय स्टेट बैंक शाखा–जानस. नगंज, प्रयागराज

**आवश्यकता है**

आवश्यकता है
मधु वाचस्पति इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर्स एजूकेशन कोईलहा, कौशाम्बी
कौशाम्बी में स्ववित्तपोषित योजना के अन्तर्गत स्नातक स्तर पर डी0एल0एड0 पाठ्यक्रम हेतु
सहायक आचार्य भाषा – 1 पद
सहायक आचार्य विज्ञान – 1 पद
योग्यता : एन0सी0टी0ई0 के मानकानुसार।
विज्ञापन प्रकाशन के 07 दिन के अन्दर समस्त स्वप्रमाणित प्रमाण–पत्र एवं फोटो महाविद्यालय कार्यालय को रजिस्टर्ड डाक या ई0मेल द्वारा प्रेषित करें।
साक्षात्कार तिथि – 25 जनवरी 2022
वाचस्पति प्रबन्धंक
मधु वाचस्पति इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर्स एजूकेशन, कोईलहा, कौशाम्बी।
Email.principal.mvite@gmail.com,
Mobile No. : 9140943805, 8081739147

# कांग्रेस में टिकट बंटवारे में प्रियंका मौर्या ने लगाया धांधली का आरोप

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस के महत्वपूर्ण कैंपेनश्लड़की हूं लड़ सकती हूंश् की पोस्टर गर्ल और कांग्रेस नेता डॉप्रियंका मौर्या ने आरोप लगाया है कि टिकट बंटवारे को लेकर पार्टी में धांधली चल रही है।

लखनऊ की सरोजनी नगर से टिकट का दावा कर रही प्रियंका मौर्य के अनुसार पार्टी ने उनके साथ बहुत बड़ा धोखा किया है। महिला कांग्रेस की मध्य जोन की उपाध्यक्ष प्रियंका मौर्या ने कहा कि मेरे नाम का इस्तेमाल किया गया। मुझे तो यूज किया गया। यह पार्टी तो महिला विरोधी है। प्रियंका मौर्या ने कहा कि यहां तो सारे टिकट पहले से तय थे। सिर्फ दिखावे के लिए स्क्रीनिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि हमसे कहा गया कि टिकट चाहिए तो मैराथन के लिए लड़कियां लाइये। मैराथन में लड़कियों के साथ बहुत बुरा सुलूक किया गया। स्कूटी देने में भी धांधली की गई। मौर्या ने आरोप लगाया कि धांधली के कारण लखनऊ की सरोजनीनगर विधानसभा सीट से उनका टिकट काटकर रुद्र दमन सिंह को दे दिया गया। डाण् प्रियंका मौर्या का आरोप है कि पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के सचिव ने उनका टिकट कटवाया है।

सूची जारी होने के कुछ घंटे बाद ही डॉण् प्रियंका मौर्या ने अपने ट्विटर हैंडल से ट्वीट करके कांग्रेस पार्टी में टिकटों की सौदेबाजी का आरोप लगाया। उन्होंने लिखा है कि प्रियंका गांधी के सचिव संदीप सिंह ने उनसे टिकट के एवज में रुपये के लिए किसी से फोन करवाया था। रुपए न देने पर उनकी जगह किसी और के नाम की घोषणा कर दी। उनका दावा है कि हर आरोप का उनके पास पुख्ता सबूत है जिसे जल्द ही सार्वजनिक करेंगी। प्रियंका मौर्य ने दावा किया कि अब पार्टी उन्हें दूसरी जगह से टिकट देने की बातें कह रही है। हालांकि प्रियंका ने कहा कि मैंने लगातार यहां पर मेहनत की है। मैं प्रोफेशन से डॉक्टर हूं और यहां पर काम किया है।

# समाजवादी और अंबेडकरवादी साथ आ गए, अब कोई नहीं रोक सकता साइकिल की रफ्तार: अखिलेश यादव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा मुख्यालय** पर आयोजित वर्चुअल रैली को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने सीएम योगी आदित्यनाथ और बीजेपी पर जमकर तंज कसे। उन्होंने कहा कि बाबा मुख्यमंत्री को क्रिकेट खेलना नहीं आता हैए लेकिन आता भी होता तो उनसे अब कैच छूट गया है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा के लगातार विकेट गिर रहे हैं और भाजपा वाले ऐसे हिट विकेट हुए कि उन्हें हमारे नेताओं की रणनीति नहीं समझ पाए।

अखिलेश ने कहा कि सरकार के लोगों को पहले ही पता चल गया था कि स्वामी प्रसाद मौर्य और धर्म सिंह सैनी के साथ बड़ी संख्या में लोग सपा में आ रहे हैं। मुख्यमंत्री का टिकट 11 तारीख का बुक है लेकिन आप लोगों के आने से आज ही वापस गोरखपुर चले गए हैं। उन्हें वापस भेजना जरूरी भी है। पीछे मुड़कर देखें तो बाबा मुख्यमंत्री ने प्रदेश को बरबाद कर दिया है।

उन्होंने कहा कि कुछ दिनों पहले हमने कहा था कि मुख्यमंत्री को गणित का अध्यापक रखना होगा। यह जो अस्सी और बीस की बात कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी के साथ अस्सी फीसदी लोग खड़े ही हो गए। जिन जिन लोगों ने आज मंच को देखा होगाए स्वामी प्रसाद मौर्य की बात सुनी होगीए उससे लगता है कि वह 20 फीसदी भी उनके खिलाफ हो गए होंगे।सपा नेता ने कहा कि अब भारतीय जनता पार्टी का सफाया होना तय है। अब कोई सफाया होने से रोक नहीं सकता और जो लोग तीन चौथाई की बात कर रहे थे, वह दरअसल तीन से चार फीसदी की बात कर रहे हैं।

यादव ने कहा कि आज भाजपा के पास कोई ठोस उपलब्धि नहीं हैं। यह वहीं भाजपा के लोग हैं जिन्होंने किसानों को भरोसा दिलाया था कि सरकार आएगी तो किसानों की आय दोगुनी हो जाएगीए लेकिन किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई। भारतीय जनता पार्टी के लोगों ने किसानो का डीजल पेट्रोल महंगा कर दिया।

अखिलेश ने कहा कि जनता बदलाव की तैयारी में जुटी है। नौकरी मांग रहे नौजवानों को लाठी मारी गई। ठोको नीति चलाई गई। लोगों से बदला लिया गया। स्वामी प्रसाद के आते ही पता नहीं किस जमाने का वारंट जारी करा दिया गया। जिनका हमें साथ मिला है लगातार उन्हें परेशान किया जा रहा है। डिजिटल इंडिया का करामात देखिये। छापा मारना था किसी और के यहां लेकिन अपने यहां ही मार लिया।

अखिलेश ने कहा कि समाजवादी और अंबेडकरवादी साथ आ गए हैं। साइकिल की रफ्तार को अब कोई नहीं रोक सकता है। कहा कि भाजपा ने तमाम ऐसे फैसले लिये जो कभी किसी ने सोचा नहीं था। कई बार लोग कहते हैं कि यह चुनाव सेमीफाइनल है। यह सेमीफाइनल नहींए यही फाइनल चुनाव है।

अखिलेश ने कहा कि घर में बेटा पढ़ाई में कमजोर हो तो पूरा परिवार मदद में जुट जाता है। परिवार वाले परीक्षा दिलाने में चले जाते हैं। यूपी के बाबा मुख्यमंत्री के साथ यही हो रहा है। उनकी मदद के लिए दिल्ली वाले आ रहे हैं। लेकिन अब कितनी भी मदद कर लेंए बाबा फेल हो चुके हैं। ये पास होने वाले नहीं है। इनका सुपड़ा साफ हो जाएगा।

अखिलेश ने कहा कि इस बार का चुनाव वर्चुअल और डिजिटल होने की बातें हो रही हैं। लेकिन हमारे कार्यकर्ता फिजिकल भी मुकाबला करेंगे। घर घर जाकर चुनाव प्रचार करेंगे। चुनाव आयोग के नियमों का पालन करेंगे और भाजपा का मौके पर फिजिकल मुकाबला करेंगे। यही चुनाव फाइनल है।

## भारतीय टीम की एशियन मेन्स हैंडबॉल चैम्पियनशिप में भागीदारी सुनिश्चित करें:हाईकोर्ट



विधि संवाददाता। लखनऊ

**सऊदी** अरब में होने जा रहे 20वें एशियन मेन्स हैंडबॉल चैम्पियनशिप में भारतीय टीम की भागीदारी सुनिश्चित करने का आदेश हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफऑफ़इंडिया को दिया है।

जस्टिस एआर मसूदी एवम जस्टिस एनके जौहरी की पीठ ने यह आदेश मोहित यादव की याचिका पर दिया है। याचिका में कहा गया था कि मार्चए 2021 में ही स्पोर्ट्स अथॉरिटी ने इस चैम्पियनशिप में भारतीय टीम के भाग लेने के लिए बजट आवंटित कर दिया था। लेकिन हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के मैनेजमेंट को लेकर कुछ विवाद चल रहा हैए जो पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट के समक्ष विचाराधीन है। कहा गया कि विवाद के चलते अथॉरिटी ने बजट का आवंटन करने के बावजूद फेडरेशन को फंड जारी नहीं किया है। यह स्थिति भारतीय टीम की 20वें एशियन मेन्स हैंडबॉल चैम्पियनशिप में भागीदारी में रुकावट बन रही है। जबकि यह चैंपियनशिप 18 से 31 जनवरी तक होगा। पीठ ने इस मामले में एडिशनल सॉलिसिटर जनरल की ओर से जवाब आने के बाद अपने आदेश में कहा है कि बजट का आवंटन हो चुका है। ऐसे में फेडरेशन के मैनेजमेंट गठन का विवाद विचाराधीन रहते हुए भी अथॉरिटी भारतीय टीम की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही कर सकती है।

# इस्तीफा स्वीकार होने से पहले ही मंत्रियों, विधायकों ने बदली निष्ठा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अभी** तक किसी भी माननीय विधायक का इस्तीफा उनके पास नही आया है। जबकि नियमत: विधायक को अपना इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष को सौंपना चाहिए।

**हृदय नारायण दीक्षित,**
**विधानसभा अध्यक्ष, उत्तरप्रदेश**



**यूपी में** विधानसभा चुनाव को लेकर अधिसूचना लागू होने के बाद पिछले कुछ दिनों से विधायकों से लेकर मंत्रियों के भागमभाग का सिलसिला जारी है। इनमे योगी सरकार के 3 मंत्रियों समेत 14 विधायकों ने इस्तीफा दे दिया है। इनमे ज्यादातर ने अपनी निष्ठा दूसरे दल में जाहिर करते हुए सदस्यता भी ले ली है परए खास बात यह है कि इनके इस्तीफे अभी स्वीकार नही हुए हैं। न तो 3 मंत्रियों का इस्तीफा राजभवन ने स्वीकार किया है और न ही विधायकों का इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष ने। राज्यपाल शहर से बाहर हैं तो विधानसभा अध्यक्ष को अभी तक किसी ने अपना इस्तीफा नही भेजा है।

उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए तारीखों का ऐलान हो चुका है। इसके बाद से सभी राजनीतिक दलों ने अपने आप को मजबूत करने के लिए जोड़.तोड़ की राजनीति शुरू कर दी है। ऐसे में एक के बाद एक नेता बीजेपी छोड़कर समाजवादी पार्टी में जा रहे हैं तो वही समाजवादी खेमे में बाहरी नेताओं के आने से खलबली मची हुई है। जिसका खामियाजा आने वाले दिनों में पार्टी को भुगतना पड़ सकता है। फिलहाल योगी सरकार में मंत्री रहे स्वामी प्रसाद मौर्यए डॉ धर्म सिंह सैनी ने अपना इस्तीफा राजभवन को भेजा है। जिसकी प्रति पिछले दो दिनों से सोशल मीडिया में देखने को मिल रही है। मजेदार बात यह है कि अभी इनके इस्तीफे राजभवन ने स्वीकार नही किये हैं। क्योंकि राज्यपाल घटनाक्रम शुरू होने से पूर्व ही शहर से बाहर हैं। राजभवन का कहना है कि जब राज्यपाल नही हैं तो फिर स्वीकार करने का प्रश्न नही उठता है। वहीं जिन विधायकों ने अपने इस्तीफे प्रदेश अध्यक्ष को भेजे हैं उनमें से अभी किसी भी विधायक ने अपना इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष को नही भेजा है। राजनीतिक विश्लेषक प्रो रमेश दीक्षित का कहना है कि नियमत: मंत्री अपना इस्तीफा राज्यपाल को दे सकते हैं। वह चाहे तो सीएम को भी अपना इस्तीफा सौप सकते हैं लेकिन सीएम को इस्तीफा देने में यह रहता है कि सीएम आंतरिक मामला बताकर समझा सकते है। वैसे भी सीएम की भूमिका मंत्रिमंडल विस्तार के समय केवल राज्यपाल को सूची भेजने तक होती है। मंत्रियों को शपथ राज्यपाल दिलाते हैं। इसलिए राज्यपाल इस्तीफा स्वीकार कर सकते हैं।

# घटतौली और बंदरबांट ने गरीबों का राशन रसूखदारों में पहुंचाया: पुनिया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कैंपेन कमेटी के चेयरमैन पीएल पुनिया ने भाजपा सरकार पर राशन वितरण में हेराफेरी का आरोप लगाते हुए कहा है कि गरीबों को मुफ्त राशन बांटने के मामले में प्रदेश में हेराफेरी हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स से पता चला है कि बीते माह राशन वितरण के दौरान प्रदेश के हजारों कोटेदारों ने एक.एक दिन में 300.300 कार्डधारकों को राशन बांट दिया। लेकिन इस सरकार को कानोंकान खबर तक नहीं हुई। गरीबों का राशन का बंदरबांट भाजपा ने अपने लोगों के बीच किया है।

पुनिया ने कहा कि पूरे प्रदेश में भाजपा सरकार ने व्यवस्था ध्वस्त करने का काम किया है। प्रदेश में भाजपा सरकार की नाक के नीचे 6 हजार से अधिक कोटेदारों ने एक दिन में 300 से अधिक कार्डधारकों को राशन बांटा। इसके साथ ही प्रदेश में कई जगहों से लगातार घटतौलीध्हेराफेरी की ख़बरें आती रही हैं। इसके बावजूद इस सरकार की बेहोशी नहीं टूटी। पूरे प्रदेश में गरीबों को राशन देने के नाम पर मजाक चल रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में कई ऐसे जिले हैंए जहां पर राशन उठानेए बांटने के नाम पर बंदरबांट हो रही थीए पर योगी सरकार का ध्यान सिर्फ विज्ञापन की तरफ था। विज्ञापनजीवी इस सरकार ने उत्तर प्रदेश का बंटाधार कर दिया है। राशन बांटने के नाम पर प्रदेश में लगातार आचार संहिता की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। मोदी.योगी की तस्वीरों वाले पैकेटों से राशन बांटा जा रहा है। उत्तर प्रदेश में गरीबी को हटाने के बजाय योगी सरकार ने अपनी नीतियों से गरीबीए बेरोजगारी को बढ़ावा दिया है। पुनिया ने कहा कि कांग्रेस ने जो प्रतिज्ञाएं की हैंए सरकार बनने के बाद उन्हें पूरा किया जाएगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी–33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# मकर संक्रान्ति पर श्रद्धालुओं ने गंगा में लगायी डुबकी

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**मकर संक्रान्ति** के पावन पर्व पर काशी में कुछ लोग 14 जनवरी को ही दशाश्वमेध घाट के गंगा स्नान पर दान-पुण्य किया तथा बाबा विश्वनाथ एवं मॉ अन्नपूर्णा के दरबार में पहुॅचकर मत्था टेका। मकर संक्रान्ति तो शुक्रवार की रात 8 बजकर 34 पर खरमास खत्म हो जाएगा। उसके बाद मकर राशि से उठकर सूर्य उत्तरायण में चले जाते हैं। इसके बाद ही खिचड़ी प्रारम्भ होती है। श्रद्धालुओं भागीरथी के तट पर पहुॅचकर आस्था की डूबकी लगायी तथा गंगा में दीपदान किया। गंगा स्नान का कार्य दोपहर तक चलता रहा। गंगा घाट पर श्रद्धालुओं ने कोविड़-19 का पालन नहीं किया और बिना दूरी बनाए गंगा में स्नान किया।

### बलुआ घाट पर लगायी आस्था की डुबकी

**चहनियां ,चन्दौली ।** मकर संक्रान्ति की तिथि व समय से पूर्व बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा तट पर शुक्रवार की सुबह सैकड़ो श्रद्धालुओ ने गंगा में आस्था की डुबकी लगायी ।भोर से लोग घाट पर पहुचने लगे थे । घाट पर पुलिस फोर्स तैनात रही । मकर सक्रांति का पर्व हर वर्ष 14 जनवरी को मनाया जाता था । किंतु इस वर्ष तिथियों के उलझन में लोग दो दिन मकर संक्राति का पर्व मना रहे है । पुरोहितों व पंचांगों के अनुसार इस बार सूर्य देव 14 जनवरी की दोपहर के बाद शुभ मुहूर्त स्नान दान का है । किन्तु कुछ लोग शुक्रवार की सुबह बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा तट पर स्नान दान किये । स्नान दान का सिलसिला भोर से ही शुरू हो गया । दूर दराज से शृद्धालु यहाँ आकर आस्था की डुबकी लगाये । चहनियां कस्बा सहित बलुआ, रामगढ़, मोहरगंज, पपौरा, मारूफपुर, टाण्डा कला, मौली, मजिदहा आदि बाजारों व चट्टी चौराहों पर तिलकुट, लाई, चूड़ा, मटर आदि की खरीदारी के लिए भीड़ लगी रही । शनिवार को मकर सक्रांति का स्नान को श्रद्धालु जुटेंगे । घाट पर बलुआ थानाध्यक्ष मिथिलेश तिवारी मय फोर्स डटे रहे ।

## परम्परागत ढंग से मनाया गया मकर संक्रांति पर्व

**बीजपुर/सोनभद्र।** विकास खण्ड म्योरपुर के न्याय पंचायत जरहां के विभिन्न ग्राम सभाओं में शुक्रवार को परम्परागत ढंग से हिन्दू भाइयों का पावन पर मकर संक्रांति परम्परागत ढंग से मनाया गया। सुबह होते ही स्नान करने के उपरांत लोगों ने अपने अपने पंडितों को लाई,चुरा,तिल,गुड़ व खिचड़ी बनाने में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आदि का दान देने के पश्चात स्वयं अपने अपने घरों में इस अवसर पर चुरा दही व गुड़ खाकर त्योहार को खुशी पूर्वक मनाया। साथ ही साथ ग्रामीणों ने खिचड़ी व चोखा खाकर त्योहार को गत वर्षों की भांति मनाया। सुबह से ही गांव के बच्चे आसमान में पतंग उड़ाने में भी मसगुल देखे गए। जगह जगह ग्रामीणों द्वारा भजन कीर्तन का भी आयोजन करते हुए देखे गए। ग्रामीण नागरिक सुबह स्नान करने के बाद स्थानीय मंदिरों में भी जाकर देवी देवताओं की पूजा अर्चना करने के उपरांत उनसे अपने व अपने परिजनों के साथ साथ देश की सलामती के लिए भी प्रार्थना किया।

### औघड़ संतों के आशीर्वाद व दर्शन से जीवन में आती है खुशहाली

**सकलडीहा,चंदौली।** चतुर्भुजपुर स्थित संत डगरिया सरकार के आश्रम में गुरूवार को औघड़ संत पूज्य डगरिया सरकार लालता गिरि की 18 वीं परीनिर्वाण दिवस भक्तों द्वारा मनाया गया। इस दौरान भजन कीर्तन और विचार गोष्ठी का कार्यक्रम हुआ। अंत में भक्तों को प्रसाद और जरूरत मंदों को कंबल वितरण किया गया। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि औघड़ संत महात्मा बहुत ही भाग्य से मिलते है। इस क्षेत्र का सौभाग्य है कि औघड़ संत डगरिया सरकार का आश्रम यहां स्थापित है। वही अन्य वक्ताओं ने कहा कि यहां पर आने वाला कभी भी निराश नही हुआ है। संतों की वाणी और दर्शन मात्र से जीवन में खुशहाली लौट आती है। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण और जरूरत मंदों को कंबल वितरण किया गया। इस मौके पर मंसा गिरिएनारायण गिरिए विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव, प्रधान अरविंद यादव, पूर्व जिपं राम उजागिर गोंड, रामसूरत राजभर,टप्पू सिंह, पवन यादव,रविन्द्र यादव, मंगल कवि, बृजमोहन, फुल्लू यादव, संतू यादव सहित अन्य भक्तगण मौजूद रहे।

### पत्रकार कमाल खान के निधन पर शोक सभा

**सोनभद्र।** श्रमजीवी पत्रकार यूनियन उत्तर प्रदेश जनपद सोनभद्र द्वारा वरिष्ठ पत्रकार कमाल खान के हुए असामयिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जनपद मुख्यालय स्थित श्रमजीवी पत्रकार यूनियन सोनभद्र के कार्यालय पर श्रमजीवी पत्रकार यूनियन उत्तर प्रदेश जनपद सोनभद्र के जिलाध्यक्ष बृजेश शुक्ला राम प्रसाद यादव प्रशांत शुक्ला विद्यु शेखर मिश्रा सचिन कुमार गुप्ता गिरीश पांडे समेत अन्य पत्रकारों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा की वरिष्ठ पत्रकार कमाल खान के हुए असामयिक निधन से पत्रकारिता को गहरा आघात लगा है।

### दंगल में जुटे लोग

**मीरजापुर।** प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य महिला मंच अपना दल एस को दंगल कमेटी की ओर से सम्मान सहित मुख्य अतिथि के रुप में आमंत्रित किया गया। जटी बाबा की कुटी काजी तालाब जंगी रोड मिर्जापुर में हर साल की भांति इस साल भी 'मकर संक्रांति' के दिन 'दंगल' 'प्रतियोगिता' आयोजित की गई इसमें दूर-दूर जिले के पहलवान शामिल हुए इसमें मुख्य रूप से संतोष सोनकरए राजमन सोनकरए दिनेश सोनकरए नितिन केशरवानी और भी बहुत से जनमानस उपस्थित रहे ।

### बालक गिरा कुंए में, युवक ने बचायी जान

**चहनियां,चन्दौली ।** बलुआ थाना क्षेत्र के भगवानपुर रानेपुर गांव में शुक्रवार की शाम कुएं से पानी खिंचने के दौरान 10 वर्षीय बालक करन कुएं में गिर गया । एक युवक अपनी जान जोखिम में डालकर बालक की जान बचाई । उसे चहनियां स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले आये । भगवानपुर रानेपुर गांव में बजरंगी का पुत्र करन कुएं से पानी खिंच रहा था । अचानक पैर फिसलने से वह गहरे कुएं में चला गया । यह देख कुछ लोग चिल्लाने लगे । वहां कोहराम मच गया । गांव के ही मनोज कुमार ने जान की परवाह न करते हुए कुएं में कूद गया । किसी प्रकार से बच्चे को जकड़ लिया । ग्रामीणों ने रस्सी फेंककर दोनो को बाहर निकाला । ग्रामीणों ने तत्काल उसे चहनियां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले आये । जहां बच्चा सकुशल इलाज के बाद घर लौट गया ।

### शिविर में दर्जनों महिलाओं की आंखों की हुई जांच

**सकलडीहा, चंदौली।** वैष्णवी महिला शक्ति सेवा ट्रस्ट की ओर से धरहरा गांव में मोर्चा के नेतृत्व में निरूशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान दो सौ से अधिक महिला और ग्रामीणों की मोतियाबिंद की जांच किया गया। इस मौके पर लोगो को कोरोना महामारी के गाइड लाइन का पालन करने व टीकाकरण लगाने का अपील किया गया। वैष्णवी महिला शक्ति सेवा ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर लीला भरद्वाज द्वारा मोतियाबिंद का ऑपरेशन निरूशुल्क कराया जा रहा है। इसक्रम में 250 लोगों की जांच की गयी। जिसमें एक दर्जन से अधिक महिला और ग्रामीणों को आपरेशन के लिये चिन्हित किया गया। इस बाबत डाण् लीला भारद्वाज ने बताया कि कोरोना गाइड लाइन के तहत लोगों का इलाज किया जायेगा। इस मौके पर शैलेन्द्र पांडेयएविमलेश ,संजय पांडेय, उपेन्द्र पांडेय सहित अन्य मौजूद रहे।

### भारी दलबल के साथ रूट मार्च, लोगों को समझाया आचार संहिता के विषय में

**विंध्याचल,मीरजापुर।** एडिशनल एसपी नगर मजिस्ट्रेट व सीओ सिटी ने मकर संक्राति व चुनाव के मद्देनजर पूरे दल बल के साथ विंध्याचल में रुट मार्च किया रूट मार्च बरतर से पटेंगरा होते हुए माँ विंध्यवासिनी मंदिर तक चला मकर संक्रांति व चुनाव के मद्देनजर सीआरपीएफ व भारी दलबल के साथ रूट मार्च किया गया एडिशनल एसपी ने बताया कि अचार संहिता के बारे में भी लोगो को बताया जा रहा है और कोरोना से बचाव के लिये भी लोगो को समझाया।

### कोविड-19 से बचाव हेतु टीकाकरण अभियान में लाएं तेजी : जिलाधिकारी

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी टीके शिबु ने शुक्रवार कों कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जन सुनवाई कक्ष में कोविड-19 वैश्विक महामारी से बचाव हेतु किये जा रहे टीकाकरण के प्रगति के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि कोविड कमान काल सेन्टर से निगरानी समितियों से प्रतिदिन सम्पर्क स्थापित किया जाय व उन्हें सक्रिय और क्रियाशील रखा जाये निगरानी समितियों के सदस्यों को यह भी अवगत कराया जाय कि वह संक्रमण के लक्षण वाले व्यक्तियों के सम्बन्ध में सम्बन्धित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारियों को अवगत करायें और उनके कोविड संक्रमण की जॉच भी कराना सुनिश्चित करें और संक्रमण से प्रभावित व्यक्तियों को उससे बचाव और सावधानी के सम्बन्ध में जानकारी भी दी जाये।

## हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी खिचड़ी

**संवाददाता।** मऊ

- दो दिन पर्व पड़ने के कारण लोगों में रही उहापोह की स्थिति
- बाजार में देर शाम तक खरीददारी के लिए जुटी रही लोगों की भीड़

**मकर संक्रांति** का पर्व दो दिन पड़ने के चलते श्रद्धालुओं में उहापोह की स्थिति रही। हालांकि शुक्रवार को जिले के अधिकतर इलाकों में मकर संक्रांति का पर्व काफी हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। लोगों ने तड़के स्नान कर विधि विधान से पूजन अर्चन किया। साथ ही मंदिरों में मत्था टेककर मंगलमय जीवन की कामना की। कई जगहों पर कुश्ती का आयोजन किया गया। वहीं देर शाम तक लाईए तिलवा आदि की खरीददारी में जुटे रहे।

नगर समेत ग्रामीण अंचलों में शुक्रवार को मकर संक्राति पर्व को लेकर काफी उत्साह देखा गया। जिले के वरिष्ठ दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. सीपी आर्या तथा महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. उषा आर्या ने मंदिर में पूजन-अर्चन करते हुए विश्व कल्याण की कामना किया। जिले के कुछ स्थानों पर शुक्रवार को मकर संक्रांति का पर्व मनाया गयाए जबकि कुछ स्थानों पर शनिवार को मनाया जाएगा। मकर संक्रांति के अवसर पर शुक्रवार की सुबह लोगों ने स्नानत कर विधि विधान से पूजन अर्चन कर बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। साथ ही तिलए लाईए गुड़ चूड़ा आदि का सेवन कर त्योहार को पारंपरिक ढंग से मनाया। नगर के तमसा एवं दोहरीघाट के सरयू नदी के पवित्र तटों पर भोर से ही स्नानार्थियों का तांता लगा हुआ था। लोगों ने नदी में डुबकी लगाने के साथ ही दान.पुण्य भी किया। वहीं मंदिरों में पूजन.अर्चन करने के लिए लोगों की खासी भीड़ रही। मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर नगर के हनुमान घाट, मड़इयाघाट, बमघाट, ढेकुलियाघाट और रामघाट ब्रह्मस्थान पोखरा, शीतला माता धाम स्थित पोखरा तथा नागा बाबा की कुटी सहित दोहरीघाट के सरयू तट के विभिन्न घाटों पर तड़के से ही स्नान करने वाले लोगों का तांता लगा रहा। लोगों ने स्नान कर उगते सूर्य को अर्ध्य दिया। साथ ही तिलए चावल छूकर रस्म पूरी की। इसके बाद घाटों पर स्थित मंदिर पर पूजन-अर्चन किया। साथ ही जिले के विभिन्न स्थानों पर लगने वाले मेले में भारी भीड़ रही। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सहादतपुरा मुहल्ला स्थित ब्रह्मस्थान पर सुबह से ही मेला लगा हुआ था। श्रद्धालुजन मंदिर में दर्शन-पूजन कर ब्रह्म बाबा से मन्नत मांगी। बच्चों ने पूरे दिन घूमकर पतंगबाजी कर खिचड़ी पर्व मनाया तो बहू.बेटियों ने अपनी सखी-सहेलियों के साथ एक-दूसरे के घर घूमकर त्यौहार की बधाई दी। उधर दोहरीघाट में सरयू नदी में स्नान करने का बड़ा महत्व है। इस दौरान प्रत्येक वर्ष काफी दूर-दूर से लोग यहां आकर पवित्र नदी में स्नान करते हैं।



## कठिन प्रशिक्षण लेकर भारतीय सेना के हिस्सा बने 54 जवान



**पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी**

**भारतीय सेना** का हिस्सा बने 54 रंगरूटों ने पासिंग आउट परेड से पहले 39 जीटीसी में 42 हफ्ते का कठिन प्रशिक्षण लिया। उन्होंने यह सीखा कि विषम परिस्थितियों में भी रहकर वह देश के लिए ही जिएंगे और मरेंगे। दुश्मन देश के सामने कभी सिर नहीं झुकाएंगे और भारत भूमि की रक्षा के लिए जरूरत पड़ी तो हंसते हुए शहीद हो जाएंगे। गोरखा रेजीमेंट के पाइप बैंड की धुन के बीच पासिंग आउट परेड के बाद रंगरूट स्मृति धाम पहुंचे और शहीदों को श्रद्धांजलि दी।वहीं, रंगरूटों को बधाई देते हुए ब्रिगेडियर राजीव नवियाल ने कहा कि एक सैनिक को हमेशा अनुशासन, अपनी फिटनेस और शस्त्र के ठीक से रखरखाव पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। विपरीत परिस्थिति में भी हौसला बुलंद रखना चाहिए और देशभक्ति के जज्बे से ओतप्रोत रहना चाहिए। अच्छी शिक्षा ग्रहण करने और रोजाना कुछ नया सीखने पर ध्यान देना चाहिए। ब्रिगेडियर ने कहा कि बदलते परिवेश के साथ युद्ध के तौर-तरीके में हो रहे बदलाव और तकनीक में सैनिक को पारंगत होना चाहिए। पासिंग आउट परेड कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स, विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं, सेना के अफसर और रंगरूटों के परिजन मौजूद रहे।

## नये साल में विभाग को मिल रही सौगात

**संवाददाता।** ज्ञानपुर,मीरजापुर

- एक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जिले को और मिला
- जनपद में अब प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र 19 हुए

नये साल में स्वास्थ्य विभाग को एक सौगात मिल रही है अब जिले को 03 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और मिले। इस आशय की जानकारी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर अमित दुबे ने दी। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर अमित दुबे ने बताया कि अब तक जिले में 06 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रए 16 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व 67 सबसेन्टरों का संचालन किया जा रहा है। सभी जगह डाक्टर समेत सभी कर्मचारी नियुक्त है किसी को भी कोई परेशानी का सामना न करना पड़े इसके लिए शासन स्तर से जनवरी माह के प्रथम सप्ताह में ही 3 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की मंजूरी मिल जाने के बाद विभाग इस पर युद्ध स्तर पर कार्य कर रहा है। इसमें एक मानिकपुर क्षेत्र में निर्माण कार्य शुरू हो चुका है और दो केन्द्रों के लिए भूमि का चिन्हाकंन किया जा रहा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने के लिए शासन स्तर से मंजूरी दी गई है। जिसके बाद अब जिले में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की संख्या 19 हो गई है। मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर संतोष कुमार चक का कहना है कि शासन की मंशा के अनुरूप इन केन्द्रों के लिए अभी किराये के भवन में ही खोले जायेगे जगह मिलने के बाद भवन का भी निर्माण कराया जायेगा। इसके लिए विभाग की ओर से भी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी व प्रभारी चिकित्साधिकारियों समेत सम्बन्धित अधिकारियों को पत्र के माध्यम से अवगत करा दिया गया है।

### यूकों बैंक के कार्यपालक निदेशक दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी में रहे

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**यूकों बैंक के** कार्यपालक निदेशक इशराक अली खान दो दिवसीय दौरे पर 12 एवं 13 जनवरी 2022 को वाराणसी में थे। अंचल कार्यालय वाराणसी परिसर में आयोजित शाखा प्रमुखों एवं विभाग प्रभारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। समीक्षा बैठक में घनश्याम परमार, उप महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख, एस के सिन्हा, उप अंचल प्रमुख, वेद प्रकाश मुख्य प्रबंधक अंचलाधीन शाखा प्रमुख एवं अंचल कार्यालय के सभी विभाग प्रभारी उपस्थित थे। उप महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख घनश्याम परमार ने अपने स्वागत संबोधन में कार्यपालक निदेशक इशराक अली खान के प्रति आभार व्यक्त किया एवं वाराणसी की अंचल की कारोबारी गतिविधियों पर संक्षिप्त जानकारी प्रस्तुत की। कार्यपालक निदेशक श्री खान ने क्रमवार शाखा प्रमुखों एवं विभाग प्रभारियों की समीक्षा की। कार्यपालक निदेशक द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली शाखाओं के शाखा प्रमुखों का सम्मानित किया।

## पिंडरा में भाजपा को सियासी दुर्ग बचाने की चुनौती

**सुशील कुमार मिश्र।** वाराणसी

- कांग्रेस से कड़ी टक्कर, पहले यह विधानसभा कोअसला हुआ करता था, यहॉ से स्व. ऊदल नौ बार विधायक हुए थे, तब अजय राय ने भाजपा से 1996 में ऊदल को हराया था

**वाराणसी जिले** के आठ विधानसभा में सबसे कड़ी प्रतिस्पर्धा पिंडरा विधानसभा में देखने को मिलेगी। कांग्रेस के जबड़े से जीत खींच कर अपने पाले में लाने वाली भाजपा के लिए कठिन चुनौती यहीं से मिलने की उम्मीद है। पार्टी के विधायक डॉ अवधेश सिंह और रणनीतिकार इस चुनौती को स्वीकार कर किला बचाने के लिए सियासी चक्रव्यूह तैयार कर रहे हैं ।

कांग्रेस के उम्मीदवार अजय राय यहां से पहली बार हार मिलने के बाद से ही क्षेत्र में लगातार सक्रिय रह भाजपा को खुली चुनौती दे रहे है। क्षेत्र में उनकी सक्रिय गतिविधियों से भाजपा भी पूरे पॉच साल तक चौन की सांस नहीं ले पाई है। आरोप-प्रत्यारोप का सियासी मिसाइल पॉच साल तक लगातार चलती रही। बताते चले, 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के लिए कांग्रेस बड़ी चुनौती रही। लेकिन बसपा प्रत्याशी ने अप्रत्याशित रूप से भाजपा को टक्कर देने के साथ कांग्रेस को तीसरे स्थान पर धकेल दिया था। चुनाव में विजेता भाजपा के डॉ अवधेश सिंह को 90,614 यानि 44.34 फीसदी मत मिला था। दूसरे स्थान पर रहे बसपा के बाबूलाल को 53,765 लगभग 26.31 फीसदी मत मिला था। कांग्रेस के अजय राय को 48,189 यानि 23.58 फीसदी मत मिला था। खास बात ये रही कि भाजपा के डॉ अवधेश सिंह की जीत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का करिश्माई नेतृत्व और वाराणसी में ऐतिहासिक रोड शो का अहम रोल रहा। प्रधानमंत्री के रणनीतिकार इस विधानसभा को फतह करने के लिए पहले से ही तैयारी किये थे। वर्ष 2012 के चुनाव में यहां से कांग्रेस के अजय राय जीते थे। तब उन्हें 52,863 कुल 29 फीसदी मत मिला था। तब दूसरे स्थान पर बसपा ही रही। इस विधानसभा सीट का गठन 2012 के विधानसभा चुनाव के समय ही हुआ था। इसके पहले इसका नाम कोलअसला विधानसभा था। इससे भी पहले इसका नाम वाराणसी पश्चिम हुआ करता था। पिंडरा विधानसभा क्षेत्र मछलीशहर संसदीय क्षेत्र में आता है। यहां कांग्रेस,बसपा और भाजपा में ही चुनावी टक्कर होती रही है। कभी ये वामपंथ का सबसे मजबूत किला माना जाता था। 1962 में पहली बार यहां से सीपीआई के ऊदल ने जीत हासिल की। कामरेड स्व.उदल ने यहां से 09 बार विधायक रहने का रिकॉर्ड बनाया था। उनके किले को 1996 में तब भाजपा के अजय राय अब कांग्रेस के नेता अजय राय ने ढ़हाया था। अजय राय 1996 में पहली बार कोलअसला से भाजपा के टिकट पर वह विधायक बने। उसके बाद उन्होंने 2002 और 2007 में भी यहां से कमल खिलाया। अजय राय ने इसी विधानसभा सीट के लिए हुए उपचुनाव में निर्दल प्रत्याशी के रूप में भी फतह हासिल की। फिर 2012 के विधानसभा चुनाव में पिंडरा सीट के वजूद में आने के बाद भी अजय राय ने ही यहां से जीत हासिल की लेकिन कांग्रेस के टिकट पर। भाजपा के विधायक डॉ अवधेश सिंह इससे पहले कांग्रेस, बसपा और अलग-अलग दलों से 5 बार इस विधानसभा क्षेत्र में हार चुके थे।

### कांग्रेस के अजय राय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ लड़ चुके हैं चुनाव

कांग्रेस के उम्मीदवार अजय राय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लोकसभा चुनाव में दो बार चुनौती दे चुके है। 2012 में पिंडरा विधानसभा क्षेत्र से विधायक बनने के बाद अजय राय 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी और अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कांग्रेस के टिकट पर चुनौती दे चुके है। चुनाव में उनकी जमानत जब्त हो गई और उन्हें तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। इससे पहले वह 2009 में सपा के टिकट पर भी लोकसभा चुनाव लड़ चुके हैं, लेकिन उस चुनाव में भाजपा के डॉ मुरली मनोहर जोशी को भी चुनौती दी थी। लेकिन तब भी अजय राय तीसरे स्थान पर रहे।

## क्विक न्यूज

### साईं पालकी यात्रा में साईं बाबा के लगे जयकारे



**सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज नगर स्थित साई मंदिर के स्थापना दिवस के अवसर पर श्री साईं सेवा समिति द्वारा प्रतिवर्ष श्री साई पालकी यात्रा नगर में बड़े ही धूमधाम से निकाली जाती है। लेकिन कोरोना संक्रमण के कारण शुक्रवार को मंदिर के स्थापना दिवस के अवसर पर निकाली गई पालकी यात्रा पूरे नगर में भ्रमण नहीं किया। पालकी यात्रा साईं मंदिर परिसर से साईं चौक तक ही घुमाते हुए 11 फेरी लगाई। इस दौरान यात्रा में शामिल भक्तों ने साई बाबा के जयकारे भी लगाया। साईं भक्तों द्वारा 2007 में मंदिर की नींव रखी गई और 14 जनवरी 2014 को शिरडी के प्रधान पुजारी अमित देशमुख के कर कमलों से तीन दिवसीय पूजन अर्चन के साथ मंदिर में मूर्ति की स्थापना हुई। सांई मंदिर में स्थापित सांईनाथ के मूर्ति के साथ सिध्दि विनायक गणेशजी, राधाकृष्ण, दक्षिणेश्वर हनुमानजी भी स्थापित हुए थें। वही शंकर परिवार में शंकर जी, माँ पार्वती, कार्तिकेय, गणेश जी व नंदी भगवान, माँ दुर्गा के मंदिर का जिर्णोद्धार हुआ था। श्री साईं सेवा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मंदिर में स्थापित सभी देवी देवताओं को फूलों से सुसज्जित किया गया और उनकी भव्य झांकी सजा कर भक्तों द्वारा दिव्य आरती उतारते हुए पूजा अर्चना किया गया। भक्तों द्वारा श्री साईं नाथ के जयकारों के साथ पूरा साई चौक गूंज उठा। श्री सांई सेवा समिति के सदस्यों द्वारा मंदिर परिसर में श्री साईं पालकी के साथ 11 फेरा लगाया गया। इसके बाद भोग का प्रसाद चढ़ाया गया। तथा भजन कीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें गायक संजीव शर्मा, सूरज गुप्ता एवं राजन अग्रहरि, ने श्री साईं नाथ की एक से बढ़कर एक भजन गाया। इस दौरान सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर भक्ति भजन का आनंद उठाया। इस मौके पर सदर विधायक भूपेश चौबे श्री साईं सेवा समिति के अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद अग्रहरी महामंत्री विमल अग्रवाल कोषाध्यक्ष प्रसन्न जायसवाल संरक्षक अशोक चालान राजू सोनी सुदीप शुक्ला दिनेश गुप्ता परमेश जैन सुधीर जैन संजीव शर्मा चंदन चौबे हर्षवर्धन केसरवानी अंकित केजरीवाल राजेंद्र जैन सुलोचना सिंह गीता जयसवाल संतोष केसरी सहित आदि भक्तगण उपस्थित रहे।

### सीएमडी का दौरा, झिंगुरदा परियोजना का लिया जायजा

**सोनभद्र।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल के सीएमडी भोला सिंह ने शुक्रवार को एनसीएल की झिंगुरदा परियोजना का दौरा कर निरीक्षण किया। परियोजना के निरीक्षण के दौरान सीएमडी ने परियोजना के उत्पादन,प्रेषण,भविष्य की कार्यप्रणाली की समीक्षा की और अधिकारियों को उचित दिशानिर्देश दिये। झिंगुरदा



परियोजना एनसीएल की सबसे पुरानी खदान है व यहाँ एशिया की सबसे मोटी कोयला सीम भी है। चालू वित्त वर्ष में परियोजना को 2.03 मिलियन टन कोयला का उत्पादन एवं प्रेषण करना है।परियोजना अभी तक के निर्धारित लक्ष्य से अधिक कोयला उत्पादन व प्रेषण कर रही है। गुरुवार को सीएमडी एनसीएल भोला सिंह ने निदेशक कार्मिक एवं वित्त आर एन दुबे के साथ सिंगरौली अस्पताल का भी निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया था। इस दौरान उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को आवश्यक बुनियादी ढांचे के विकास और चिकित्सा सुविधाओं के उन्नयन संबंधी निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल की मेडिकल टीम को बेहतर स्वस्थ्य सेवाएँ देने के लिए प्रेरित किया और कोविड़ कोविड अनुरूप व्यवहारों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने को भी कहा।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति व शिकायत अनुवीक्षण नियंत्रण कक्ष का किया निरीक्षण

**मीरजापुर।** विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जनपद स्तर पर समस्त जन मानस के द्वारा निर्वाचन से सम्बन्धित सेवा शिकायत/सूचना हेतु खोले गये कंट्रोल रूम एवं मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति के कार्यालय का निरीक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट श्री प्रवीण कुमार लक्षकार के द्वारा निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उपस्थित कर्मियो से पटलवार कार्यो के बारे में जानकारी ली गयी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिला मजिस्ट्रेट श्री शिव प्रताप शुक्ल ने जिला निर्वाचन अधिकारी को निरीक्षण कराते हुये बताया कि निर्वाचन से सम्बन्धित सेवा/शिकायतों एवं सूचना प्राप्त करने हेतु टोल फ्री नम्बर 1950 पर फोन कर जनपद का कोई जन मानस/नागरिक प्राप्त कर सकता हैं। इसके अतिरिक्त विधानसभावार भी शिकायतों व सूचनाओं के लिये अलग-अलग फोन नम्बर कंट्रोल रूम में लगाया हैं। सम्बन्धित विधानसभा के सम्बन्ध किसी सेवा एवं सूचना एव शिकायत दर्ज कराने के लिये कोई भी व्यक्ति अपने विधानसभा से फोन नम्बर पर काल करके प्राप्त कर सकता हैं। उन्होने बताया कि 395-396 (अनु जा ) के लिये 05442-253660, 396-मीरजापुर के लिये 05442-253661, 397-मझवा के लिये 05442- 253662, 398-चुनार के लिये 05442-253663 तथा 399-मड़िहान विधानसभा के लिये 05442-253664 टेलीफोन नम्बर पर डायल किया जा सकता हैं। मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति के नोडल अधिकारी/अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे श्री अमरेन्द्र कुमार वर्मा के द्वारा जिलाधिकारी को बताया गया कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष पारदर्शी रूप से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत विभिन्न समाचार पत्रो इलेक्ट्रानिक न्यूज चैनलों व केबल नेटवर्क पर राजनैतिक दलों अथवा प्रत्याशियों के द्वारा जारी किये गये विज्ञापनों की मानिटरिंग के लिये टेलीविजन व सेट बाक्स तथा स्थानीय केबल चैनल का सेट बाक्स लगाये गये है। जिससे कि निर्वाचन से सम्बन्धित सभी विज्ञापन/विचार विमर्श देख सकें और सम्बन्धित कि विरू0 नियमानुसार कार्यवाही किया जा सकें। उन्होने जिलाधिकारी को बताया कि किसी भी राजनैतिक दल/पार्टी/अभ्यर्थी के द्वारा आदर्श आचार संहिता लागू होने की अवधि के दौरान निजी चैनलों सहित सभी टी वी चैनलो केबल नेटवर्क और रेडियों में राजनीतिक प्रकृति के सभी विज्ञापनों को प्रसारित/प्रकाशित कराने के पूर्व निर्वाचन आयोग द्वारा जनपद स्तर पर गठित संवीक्षा समिति से पूर्व अनुमति मिल जाने के बाद ही चलाये जा सकते हैं। उन्होने बताया कि प्रसारित की जाने वाली विज्ञापनों के प्रस्तावित दर के विवरण सहित टी0वी0 चैनल या नेटवर्क/रेडिया/समाचार पत्रो पर दिये जाने वाले विज्ञापनो को प्रसारित करने वाली अनुमानित लागत का उल्लेख करना होगा। अनुमति के लिये दिये गये आवेदन पत्र में यह भी विवरण शामिल होना चाहिये कि विज्ञापन कोई अभ्यर्थी/अभ्यार्थियों या राजनीतिक पार्टी/पार्टियों के चुनाव में लाभ की प्रत्याशा से है। यदि विज्ञापन राजनैतिक पार्टी या अभ्यार्थी के अलावा किसी अन्य के द्वारा जारी किया गया है तो उस व्यक्ति को शपथ देनी होगी कि यह किसी व्यक्ति या राजनैतिक पार्टी लाभ के लिये है अथवा नही। जिला स्तरीय समिति विज्ञापन के लिये अनुमति देती है तो उसे समस्त व्यय विवरण के साथ अनुमति की एक प्रति जिला निर्वाचन अधिकारी और लेखा टीम को अग्रेसित करनी होगी। जो अस व्यय को छाया प्रेषण रजिस्टर में शामिल करेगी। राजनीतिक दल अभ्यार्थियों को इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रसारण और विज्ञापन व पेड न्यूज को प्रिन्ट मीडिया में हुये व्यय के विवरण को प्रस्तुत करना होगा। यदि मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति को लगता है कि कोई विज्ञापन पूर्व अनुमति के बिना किसी अभ्यार्थी के पक्ष में टी0वी0, रेडिया, केबल नेटवर्क, एफ0एम0 चैनल में प्रकाशित किया गया है तो वे तुरन्त रिटर्निंग अधिकारी को सूचित करेंगे और रिटर्निंग अधिकारी लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अधीन अभ्यर्थी को नोटिश जारी करेगा।

### कॉन्ट्रैक्टर्स एवं बिल्डर्स मीट का आयोजन

**वाराणसी।** भारत की सबसे युवा और तेज़ी से बढ़ती टीएमटी बार विनिर्माता कंपनी के2 ज़ेनॉक्स (द इंटेलीजेंट स्टील) ने प्रदेश के पूर्वी क्षेत्र में कंपनी की कामयाबी का जश्न मनाने के लिए कॉन्ट्रैक्टर्स एवं बिल्डर्स मीट सीरीज का आयोजन किया। इस आयोजन में के2 ज़ेनॉक्स के वरिष्ठ अधिकारियों ने शिरकत की जिनमें एरिया इंचार्ज सुभाष यादव एवं रितेश अग्रवाल वाराणसी क्षेत्र के वितरक एवं राघव सारदा प्रयागराज छेत्र के वितरक भी शामिल थे और उन्होंने कॉन्ट्रैक्टर्स एवं बिल्डर्स मीट को संबोधित किया, सीरीज के हर आयोजन में लगभग 50 से 60 डीलरों और कॉन्ट्रैक्टर्स एवं बिल्डर्स ने हिस्सा लिया। कॉन्ट्रैक्टर्स और बिल्डर्स की ये मीटिंग्स, श्रीराम स्टील पहाड़िया वाराणसी ,हिंदुस्तान स्टील वाराणसी, अयंक इंटरप्राइजेज वाराणसी, कन्हैया लाल स्टील वाराणसी, दलेर स्टील भदोई के सहयोग से की गयीद्य ये सभी (ड्ढ2) ज़ेनॉक्स (द इंटेलीजेंट स्टील) के मेहनती और कर्मठ विक्रेता है।

# अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

संवाददाता। कायमगंज-फर्रुखाबाद



**पुलिस** अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशानुसार अपराधो की रोकथाम व अवैध शस्त्र तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एएसपी अजय प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी कायमगंज सोहराब आलम के नेतृत्व में तीन अवैध शस्त्र निर्माण तस्करों की गिरफ्तारी कर बड़ी तादाद में शस्त्र बरामद किए।

थाना कंपिल क्षेत्र के गूजरपुर में सरसो खेत में अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री के साथ पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। जिनमें प्रेम सिंह पुत्र बनवारी लाल बृजेश पुत्र अमीर कठेरिया निवासी गुजरपुर अवधेश पुत्र चंद्रपाल निवासी नगला नाजिर के नाम शामिल हैं। पुलिस ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री के साथ गिरफ्तार लोगों के पास से 36 बने आध बने बंदूक तमंचे व कारतूस भारी मात्रा में शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए यह लोग बड़ी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाकर मुनाफा कमाना चाहते थे इन लोगों पर पहले भी आपराधिक मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना अध्यक्ष दिग्विजय सिंह उप निरीक्षक मंगल सिंह उदय सिंह दीपक त्रिवेदी रामकुमार दीपांशु तेजवीर सिंह राजन सिंह नईम खान राहुल कुमार विपिन कुमार मधुर स्वाति सैनी जितेंद्र सिंह एवं एसओजी टीम उपनिरीक्षक बलराज भाटी जय प्रकाश शर्मा गजराज सिंह पुष्पेंद्र विक्रम सिंह प्रवीण कुमार करण कुमार सर्विलेंस टीम संदीप कुमार अनुराग कुमार अजय कुमार गोविंद सिंह अजीत सिंह सचिन कुमार कपिल कुमार अमरनाथ शर्मा राम यादव अवधेश कुमार आदि पुलिस बल ने मिलकर अवैध शस्त्र फैक्ट्री समेत भारी मात्रा में अवैध शस्त्र व कारतूस शस्त्र बनाने के उपकरण समेत तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। क्षेत्राधिकारी सोहराब आलम ने बताया कि पूछताछ में कुछ महत्वपूर्ण जानकारी मिली हैं जिस पर जल्दी कार्रवाई की जाएगी।

## विशेष अभियान में पुलिस ने दबोचे 20 अपराधी

**फर्रुखाबाद।** जनपद पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड के लिए चलाये जा रहे विशेष अभियान में अबैध शराब तथा अबैध शस्त्रों से अराजकता फैलानें वाले 20 लोगों को गिरफ्तार किया है। जहानगंज थाना पुलिस नें क्षेत्र के गाँव गदनपुर तुर्रा निवासी कोमल को देशी अबैध बंदूक समेत गिरफ्तार किया है। कोमल के खिलाफ पड़ोसी जनपद में लूट व मादक पदार्थ के कारोबार से सम्बन्धित मूकदमें कायम हैं। पुलिस के मुताबिक कोमल पिछले कई माह से छिबरामऊ में हुई लूट के मुकदमें में बांछित चल रहा था। जिसकी तहकीकात की जा रही थी। कम्पिल थाना पुलिस ने नगला बीच निवासी देव सिंह को 12 बोर की देशी बंदूक व कारतूस समेत गिरफ्तार किया है। पुलिस उसके आपराधिक रिकार्ड की जानकारी के लिए आस-पास के जिले व जनपद के थानों से सम्पर्क कर रही है।

कमालगंज थाना पुलिस नें क्षेत्र के गाँव महरूपुर रावी निवासी विनय को 15 लीटर, शमसाबाद पुलिस ने सुल्तानगंज खरीटा निवासी सुग्रीब को 10 लीटर, कायमगंज पुलिस नें श्याम नगर निवासी सुमानु व ममापुर निवासी सुनील को 20-20 लीटर शराब, मेरापुर पुलिस नें नगला बल्लभ निवासी रामशरण सिंह, ब्रह्मपुरी निवासी सत्यवीर, उमरैल निवासी देवेन्द्र, तथा पड़ोसी जनपद एटा नयागाँव सराय अगहत निवासी हरवीर सिंह को 110 लीटर शराब, नवाबगंज थाना पुलिस नें सिरौली निवासी रामनरायन वाथम तथा मेरापुर के ग्राम कुरार निवासी अजीत व रजनेश को 28 लीटर अबैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। शहर कोतवाली पुलिस नें लकुला गिहार बस्ती निवासी जर्मन, मलखान व संजीब को 20-20 लीटर शराब समेत गिरफ्तार किया है। मऊदरवाजा थाना पुलिस ने टीका नगला निवासी जर्मन को 20 लीटर बरामद किया।

## घने कोहरे की चादर ओढ़ सुबह संग आई सर्दी

**फर्रुखाबाद।** शुक्रवार की सुबह भी घने कोहरे की चादर में लिपटी रही। लोगों को बढ़ती सर्दी का अहसास हो गया। घने कोहरे के चलते दृश्यता कम हो गई। सड़कों पर सन्नाटा सा पसरा रहा। जो वाहन निकले, वह भी धीमी रफ्तार से सफर करते नजर आए। ठिठुरन के अहसास और कम दृश्यता ने जनजीवन प्रभावित कर दिया। सर्द हवाओं ने भी कंपकंपाया। घने कोहरे के कारण चालकों को वाहनों की हेडलाइट का सहारा लेना पड़ गया। वाहन हेडलाइट जलाकर धीमी गति से आगे बढ़ते रहे। कोहरे की वजह से 50 मीटर की दूरी तक देख पाना मुश्किल हो रहा था। मकर संक्रांति होने के कारण कई लोगों ने गर्म पानी से स्नान किया। छोटे-छोटे बच्चे सुबह दस बजे तक रजाई में दुबके रहे। तमाम लोग तब तक घर से बाहर नहीं निकले। वैसे तो बीते सप्ताह से ही सर्दी का असर सुबह और देर रात को होने लगा था, लेकिन शुक्रवार को कोहरा छाए रहने से यह और बढ़ गया।

# दाह संस्कार को लेकर दो पक्षों में चले ईंट-पत्थर

संवाददाता। पुखरायां, कानपुर देहात

**भोगनीपुर** थाना क्षेत्र के कस्बा पुखरायां के शिवाजी नगर में गुरूवार को एक 30 वर्षीय युवक की संदिग्ध हालातों में मौत हो गई थी। जिसका दाहसंस्कार शुक्रवार को हो रहा था। लेकिन मृतक की पत्नी के विरोध के चलते उसके मायके पक्षा और ससुराल पक्ष में मारपीट हो गई है। दोनों पक्षों में करीब 15 मिनट ईंट पत्थर चलते रहे। भोगनीपुर थाना क्षेत्र के कस्बा पुखरायां के शिवाजी नगर निवासी 30 वर्षीय आनंद कुमार की गुरूवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। शुक्रवार को जैसे ही मृतक आनंद कुमार के परिवारीजन शव को अंतिम संस्कार को ले जा रहे थे तभी मृतक आनंद कुमार की पत्नी प्रांजल के मायके पक्ष के लोग आ गए। अंतिम संस्कार को लेकर विवाद होने लगा। मृतक की पत्नी प्रांजल ने बताया कि उनके भाई आनंद कुमार ने भोगनीपुर थाने में तहरीर देकर मृतक का पोस्टमार्टम कराने की मांग की। जिसके चलते शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराया गया था। इसी कारण से शाम चार बजे शव पुखरायां के हरदुआ चौराहे के पास पहुंचा तभी प्रांजल व उसका भाई आनंद तथा मायके वाले शव को घर ले जाने की जिद करने लगे। जबकि परिजन शव का अंतिम संस्कार के लिए कालपी ले जाने की बात कर रहे थे। इसी विवाद में दोनों पक्षों के बीच ईट पत्थर लाठी डंडे चले चलने लगे। घटना की सूचना पाकर भोगनीपुर पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों पक्षों को शांत कराकर पुलिस की देखरेख में कालपी घाट में आनंद कुमार का अंतिम संस्कार किया गया।

## मासूम पानी भरे गड्ढे में गिरा, भर्ती

**बिंदकी ( फतेहपुर )।** घर के समीप खेल रहा 8 वर्षीय मासूम बच्चा अचानक पानी भरे गड्ढे में गिर गया। परिजनों तथा ग्रामीणों को जानकारी हुई तो हडकंप मच गया। आनन-फानन में बच्चों को बाहर निकाला गया और गंभीर हालत में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के सैमसी गांव में ललित कुमार का 8 वर्षीय मासूम बच्चा मोहित घर के समीप खेलते खेलते अचानक पानी भरे गड्ढे में डूब गया। परिजनों तथा ग्रामीणों की नजर पडी तो हल्का मच गया। आनन-फानन में 8 वर्षीय बच्चे मोहित को पानी भरे गड्ढे से बाहर निकाला गया और गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य में भर्ती कराया गया हालांकि काफी देर से उपचार के बाद बच्चे की हालत में सुधार हुआ तो परिजन वापस घर ले गए। इस मामले में उन्होंने बताया कि मोहित घर के पास था।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

संवाददाता। कानपुर देहात

**आगामी** विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 को कुशलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारीध्जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में जिलाधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग के नवीनतम दिशा निर्देशों से राजनैतिक पार्टियों को अवगत कराते हुए कहा कि जनपद में तृतीय चरण में चुनाव होगाए निर्वाचन की अधिसूचना का तिथि 25 जनवरी 2022ए नामनिर्देशन हेतु अन्तिम तिथि 01 फरवरी 2022ए नाम निर्देशन की जांच की तिथि 02 फरवरी 2022ए नाम वापसी की अन्तिम तिथि 04 फरवरी 2022ए मतदान की तिथि 20 फरवरी 2022ए मतगणना की तिथि 10 मार्च 2022 है। उन्होंने बताया कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 में जनपद में कुल मतदाताओं की संख्या 13ए21ए487 है जिसमें से पुरुष मतदाताओं की संख्या 706326ए महिला मतदाताओं की संख्या 615074ए तृतीय लिंग 87ए दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 8858ए 18 से 19 आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या 16069 है। उन्होंने बताया कि जनपद में कुल मतदेय स्थलों की संख्या 1651 है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का शत.प्रतिशत सख्ती के साथ पालन कराया जाएगाए भारत निर्वाचन आयोग के समस्त निर्देशों व कोविड प्रोटोकॉल का शत.प्रतिशत पालन करना होगा। पब्लिक रूटए किसी चैराहों व गलियों में किसी भी प्रकार की बैठकध्नुक्कड़ नाटक आदि आयोजित नहीं किए जाएंगेए यदि कोई भी व्यक्ति या उम्मीदवार भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का उल्लंघन करता पाया जाता है तो नियमानुसार कार्यवाही करते हुये मुकदमा पंजीकृत कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि नामांकन में दो व्यक्तियों को ही अनुमति रहेगी। जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों के समस्त प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का शत.प्रतिशत पालन किया जाएए यदि किसी प्रकार की समस्या आती है तो जिला प्रशासन हमेशा आपकी समस्या समाधान करने को तत्पर रहेगा। वही जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराते हुए तय समय के अनुसार जनपद में प्रचार सामग्री हट जाये तथा कही किसी प्रकार की लापरवाही न की जाये।

# सेंधमारी की चुनौती से जूझ रही भाजपा

संवाददाता। फतेहपुर

**लखनऊ** की सत्ता के लिए एक बार फिर विधानसभा चुनाव का बिगुल फुंक गया है। फतेहपुर जिले की 6 विधानसभा सीटों का चुनाव चौथे चरण में होगा और यहां 27 जनवरी को अधिसूचना जारी होगी। 23 तारीख को होने वाले मतदान से पहले टिकट को लेकर शुरू हुई चहल कदमी राजनीतिक दलों में तेज हो गई है और दावेदार टिकट को लेकर अपने-अपने आकाओं की शरण में हैं। 2012 के विधानसभा चुनाव से पहले की बात अगर की जाए तो जिले की सीटों में बहुजन समाज पार्टी का दबदबा रहा है लेकिन बसपा के दो दशक के इस तिलिस्म को मोदी की लहर ने 2017 के चुनाव में उड़ा कर रख दिया और बसपा ही कौन कांग्रेस व सपा तक को हवा नहीं लगी और यहां भारतीय जनता पार्टी एवं उसके सहयोगी दल अपना दल को सभी 06 की 06 सीटों में शानदार जीत हासिल हुई। यह वह चुनाव रहा जब आम जनता ने जाति, धर्म सहित विकास के मुद्दों को किनारे रख दिया और मोदी के चेहरे पर कमल की खूब बटन दबाई। इसी का नतीजा रहा भाजपा यहां शानदार प्रदर्शन करने में कामयाब रही। प्रदेश में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार जैसे-जैसे आगे बढी वैसे-वैसे लोग अपनी पूर्व की भांति मूलभूत जरूरतों एवं समस्याओं को लेकर दो-चार होते रहे। फुंके चुनावी बिगुल के बाद भारतीय जनता पार्टी जहां अपने गढ में सेंधमारी होने से बचाने की हर कवायद करेगी वहीं प्रमुख विपक्षी दल समाजवादी पार्टी विकास, भ्रष्टाचार एवं नफरत की राजनीति करने का आरोप लगाकर मतों के ध्रुवीकरण कराने की पुरजोर कोशिश करती नजर आएगी। चुनावी आदर्श आचार संहिता लगने के बाद जिले में चौथे चरण में मतदान की प्रक्रिया पूरी की जाएगी और यहां 27 जनवरी से 3 फरवरी के बीच नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। मतदान 23 फरवरी को होगा जिसमें 1890484 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। भौगोलिक दृष्टिकोण से अगर जिले को देखा जाए तो 4125 वर्ग किलोमीटर में फैले जनपद में 13 विकास खंड हैं। जिला इलाहाबाद व कानपुर सहित दो महानगरों को मिलाकर 07 जनपदों की सीमाओं को स्पर्श करता है। प्रमुख रूप से कृषि आधारित जनपद में विकास की बातें राजनीतिक दलों द्वारा खूब होती रहीं लेकिन विकास की राह पर जिस रफ्तार से जनपद को आगे बढ़ना चाहिए वह चुनाव दर चुनाव कहीं नजर नहीं आई। वर्ष 2012 के हुए विधानसभा चुनाव में जिले की 06 विधानसभा सीटों अयाह शाह से बसपा के अयोध्या प्रसाद पाल, जहानाबाद विधानसभा से सपा के मदन गोपाल वर्मा, बिंदकी विधानसभा से बसपा के सुखदेव प्रसाद वर्मा, खागा सुरक्षित से भाजपा की प्रत्याशी श्रीमती कृष्णा पासवान, हुसैनगंज विधानसभा से बसपा के प्रत्याशी मो0 आसिफ तथा सदर विधानसभा से सपा के प्रत्याशी रहे कासिम हसन को जीत हासिल हुई थी। यह कहना गलत न होगा कि 2012 के हुए विधानसभा चुनाव में जातिगत समीकरण पर मतों का ध्रुवीकरण जमकर हुआ। विकास की बातें हुई जरूर लेकिन वायदे करने वाले नेता चुनाव समाप्त होते ही अपने वायदों को भूल गए। आम जनता जस की तस मूलभूत समस्याओं से जूझती नजर आयी। 2017 के विधानसभा चुनाव में 1788022 मतदाताओं ने अपना अगुआ चुना था। यह वह दौर था जब 2012 में सपा की सरकार बनने के बाद 2014 में प्रचंड बहुमत के साथ केंद्र में भाजपा ने अपनी सरकार बनाई थी। भाजपा व मोदी का जादू लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा था। राष्ट्रवाद, मंदिर, पाकिस्तान तथा मुसलमान को आगे करके भाजपा के नेताओं ने खूब राजनीतिक रोटियां सेंकी और नतीजा भी उनके सामने आया कि केंद्र में लंबे समय बाद प्रचंड बहुमत से भाजपा को सरकार बनाने का मौका मिला। इस समय भाजपा अपने चरम पर रही। इसी का नतीजा रहा कि 2017 के विधानसभा चुनाव में भी मोदी मैजिक लोगों के सिर चढकर बोला। किसी ने यह अंदाजा भी नहीं लगाया था कि सपा की पूरे प्रदेश में इस कदर से दुर्गति होने वाली है। दो दशक तक जनपद में राज करने वाली बसपा का पूरी तरह से सफाया हो जाएगा।

समाजवादी पार्टी की दुर्दशा का ही नतीजा रहा कि एक भी सीट जिले में सपा नहीं जीत पाई और जहानाबाद, बिंदकी, फतेहपुर सदर, अयाह शाह विधान सभाओं में सपा के प्रत्याशी रनर अप के रूप में रहे। लंबे समय से पूरे प्रदेश में खराब प्रदर्शन कर अपने वजूद की राह तलाश रही कांग्रेस हुसैनगंज व खागा विधानसभा सीटों में दूसरे स्थान पर रही। जिले की 238 जहानाबाद विधानसभा से अपना दल के प्रत्याशी के रूप में जय कुमार सिंह जैकी, 239 बिंदकी विधानसभा में भाजपा के प्रत्याशी करण सिंह पटेल, 240 फतेहपुर सदर विधानसभा से भाजपा के प्रत्याशी विक्रम सिंह, 241 आयाह शाह विधानसभा से भाजपा के प्रत्याशी विकास गुप्ता, 242 हुसैनगंज विधानसभा से भाजपा के प्रत्याशी रणवेंद्र प्रताप उर्फ धुन्नी सिंह तथा 243 खागा सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र से भाजपा की प्रत्याशी श्रीमती कृष्णा पासवान विजई रहीं।सदर विधानसभा वह सीट रही जब प्रदेश में सपा शासनकाल होने के बावजूद विधायक सै0 कासिम हसन की मौत के बाद हुए उपचुनाव में पहली बार विधायक के रुप में विक्रम सिंह चुने गए। 2017 के हुए विधानसभा चुनाव में लखनऊ की मिली सत्ता के बाद भले ही भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को यह लगने लगा हो कि मोदी और योगी के नाम पर उनका परचम यूं ही लहराता रहेगा लेकिन जो हालात यहां बन रहे हैं उससे भाजपा की राह इतनी आसान रहने वाली नहीं है।

या यूं कहा जाए कि 2017 के इतिहास को दोहराना भाजपा के लिए कांटो भरी राह से कम नहीं है। फिलहाल भाजपा, सपा एवं कांग्रेस ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है जबकि बसपा ने खागा सुरक्षित, हुसैनगंज एवं जहानाबाद से प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है लेकिन एक बात साफ है कि मतदाता केवल योगी और मोदी के नाम पर भाजपा को वोट देने के मूड में नजर नहीं आ रहे हैं। कहीं न कहीं जिले का पिछडापन, उनकी सडक, बिजली, पानी, चिकित्सा सुविधाओं की दुश्वारियां, महंगाई, भ्रष्टाचार एवं बेरोजगारी लोंगो को सोचने के लिए मजबूर जरूर कर रही है। भले ही समय ज्यादा न हो लेकिन जब तक सभी दलों के प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतर नहीं जाते तब तक कुछ नहीं कहा जा सकता है कि विधानसभा के चुनाव में मुकाबला किस तरह का होने वाला है।

## ट्रेन से कटकर नव युवक की मौत

**पुखरायां। कानपुर देहात।** कानपुर झांसी रेलवे लाइन के मोहम्मदपुर गांव के सामने ट्रेन से कटकर नव युवक की मौत हो गई ।पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुखरायां निवासी नरेश पुत्र राजेंद्र 20 वर्ष अचानक पुखरायां से अपने घर से गायब हो गया और कानपुर झांसी रेलवे लाइन के पास मोहम्मद पुर गांव के पास ट्रेन से कटकर मौत हो गई देवीपुर चौकी इंचार्ज भूपेंद्र सिंह ने शव को अज्ञात के रूप में पोस्टमार्टम हाउस भेजा पुखराया स्थित आवास पर नरेश जब नहीं दिखाई दिया तो उसके घर मोहम्मदपुर में पता किया गया तब परिजनों ने बताया कि मोहम्मदपुर गांव भी नहीं आया है ।जिस पर परिजन ट्रेन से कटकर मृतक युवक की सूचना पाकर पोस्टमार्टम हाउस अकबरपुर पहुंचे जहां पर उन्होंने नरेश पुत्र राजेंद्र के रूप में शिनाख्त की पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# सेन्ट्रल जेल में आधा दर्जन बंदी और मिले कोरोना संक्रमित

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**जिले** में कोरोना तेजी से पैर पसार रहा है। कोरोना से संक्रमित मरीजों की संख्या दिन व दिन बढती जा रही है। जेल की सलाखों के पीछे भी कोरोना नें अपनी पंजे जमा दिये है। बीते दिन सेन्ट्रल जेल में आधा दर्जन बंदी और दो बंदी रक्षक कोरोना संक्रमित मिले थे। शुक्रवार को पुनरू सेन्ट्रल जेल में आधा दर्जन नये बंदी संक्रमित मिलने से जेल प्रशासन के माथे पर बल पड़ गया है। कोरोना से संक्रमित मरीजों की संख्या दिन व दिन बढती जा रही है। जेल की सलाखों के पीछे भी कोरोना नें अपनी पंजे जमा दिये है। बीते दिन सेन्ट्रल जेल में आधा दर्जन बंदी और दो बंदी रक्षक कोरोना संक्रमित मिले थे।

शुक्रवार को आयी कोरोना रिपोर्ट में जेएनबी रोड़, आवास विकास, शहर के गढ़ी असरफ अली, मन्नी गंज, पल्ला जटवारा, बिर्राबाग, लिंजीगंज, लिंजीगंज अस्पताल के चिकित्सक, मित्तू कुंचा, सीएचसी कमालगंज, गाँधी नगर कमालगंज आदि जगहों पर कोरोना के केस मिले है। जिसमे विकास खंड कमालगंज क्षेत्र में 11, मोहम्मदाबाद में एक, शमसाबाद में एक, विकास खंड बढ़पुर में 20 के साथ ही वहीं सेन्ट्रल जेल फतेहगढ़ में आधा दर्जन नये केस शुक्रवार को मिले है। जिसनें जेल प्रशासन की चिंता को बढ़ा दिया है। सेन्ट्रल जेल में दो दिन के भीतर 14 केस संक्रमित निकल चुके है। वहीं जनपद की बात करें दो दो दिन में 136 केस आने से लोगों में दहशत बढ़ गयी है।

# आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से कराया जाए पालन: जिला निर्वाचन अधिकारी

संवाददाता। कानपुर देहात

**जिलाधिकारी** ध्जिला निर्वाचन अधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन.2022 के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समस्त उपजिलाधिकारियोए क्षेत्राधिकारियों आदि अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कीए बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने मतदान के दौरान सभी मतदान केंद्रों पर आयोग की मंशा के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियोंध्तहसीलदारों को निर्देश दिया है कि अपने.अपने क्षेत्रों के मतदान केन्द्रध्मतदेय स्थलों का स्वयं निरीक्षण एक बार कर के देख ले कि पोलिंग पार्टी के आवागमन का रास्ताए फर्नीचरए विद्युत कनेक्शनध्वायरिंगए शौंचालय तथा दिव्यांग मतदाता हेतु रैम्प के साथ ही साथ पेयजलए बाउन्ड्रीवाल एवं साफसफाईए साइनेज इत्यादि की समुचित व्यवस्था की स्थिति से अवगत होकर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंए यदि कहीं व्यवस्था में कमियां हैं तो उसे सम्बन्धित अधिकारी से समन्वय स्थापित कर ठीक कराये। उन्होंने दिव्यांग मतदाताओंए 80 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं को चिन्हित किये जानेए ए0एम0एफ0 का स्टे्टसए वल्नेबिलिटी मैपिंगए क्रिटिकल बूथए वेबकास्टिंग हेतु चिन्हित बूथए कम्यूनिकेशन प्लान की जांचए रूटचार्ट की तैयारी सहित विभिन्न बिन्दुओं पर गहन समीक्षा कर जिला निर्वाचन अधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि रूटचार्ट का पुन: सत्यापन कर लिया जायें। उन्होंने समस्त क्षेत्राधिकारियो को निर्देशित किया कि अपने अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर मतदान केंद्रोंध् मतदेय स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत संपूर्ण व्यवस्थाएं रहे तथा उन क्षेत्रों के ऐसे शस्त्र धारको का शस्त्र अवश्य जमा कर ले जो आपत्तिजनकध् आपराधिक स्थिति में होए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न की जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराएं इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न की जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेयए अपर जिलाधिकारी प्रशासन गरिमा सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीध्कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जहर खाया

**भोगनीपुर** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के कुसरजापुर निवासी सतीश कुमार ने बताया कि शुक्रवार को उनका पुत्र हर्षित देर से घर लौटा था। जिसके कारण उसकी डांट फटकार लगाई थी। जिससे क्षुब्ध होकर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया है। इलाज के उसे पुखराया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। डाक्टरों का कहना है कि अब हर्षित हालत ठीक है।

## क्विक न्यूज

### फिर सपा में शामिल हुए पूर्व मंत्री अयोध्या प्रसाद पाल

**फतेहपुर।** पूर्व मंत्री अयोध्या प्रसाद पाल आज फिर से समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। जिले की अयाह शाह विधान सभासीट से चार बार ;बसपाद्ध विधायक रहे अयोध्या पाल ने बसपा सेनिष्कासन के बाद 2017 का विस चुनाव भी सपा के टिकट पर लड़ा थाए किन्तु जीत नहीं पाए थे। इसके बाद फिर बसपा में शामिल हो गए थे। पंचायत चुनाव के दौरान आरोप लगाकर उन्हें बसपा से निष्कासित कर दिया गया थाए उसके बाद से वे इधर उधर हाथ पैर पटक रहे थे। आज लखनऊ में सपा सुप्रीमों अखिलेष यादव के समक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य आदि के साथ उन्होंने सपा की सदस्यता ग्रहण की।

### बाइक सबार नें छीना छात्र का मोबाइल

**फर्रुखाबाद।** बाइक सबार बदमाश छात्र का मोबाइल छीन कर रफूचक्कर हो गये। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।शहर के मोहल्ला कुईयां बूट निवासी अजय सिंह का पुत्र रिंशुल तीन दिन पूर्व श्याम नगर कोचिग पढ़कर घर लौट रहा था। तभी देवरामपुर क्रासिंग के पास बाइक सबार युवक उसका मोबाइल छीनकर रफूचक्कर हो गये। घटना के सम्बन्ध में छात्र रिंशुल नें कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने तीन दिन बाद मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जाँच दारोगा विश्व नाथ आर्य को सौपी है।

### सर्दी लगने से बियर शॉप कर्मी की मौत

**पुखरायां। कानपुर, देहात।** गुरूवार की रात भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के कस्बा अमरौधा में एक बियर शापकर्मी को ठंड लगने से मौत हो गई है। अमरौधा कस्बा निवासी राकेश कुमार सविता (40) की पत्नी मीना देवी ने बताया कि उनके पति गुरूवार की शाम कुंजरैठी स्थित एक बियर शाप की दुकान में काम करते थे। देर शाम वह बियर शाप की दुकान से घर वापस आए तो कंपकपी के साथ उन्हें तेज बुखार आया था। हालत बिगड़ने पर एक निजी अस्पताल में इलाज कराने ले गए थे। जहां पर डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने अतिम संस्कार कर दिया ।

### 16 क्वार्टर देसी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**पुखरायां। कानपुर, देहात।** शुक्रवार को भोगनीपुर की पुलिस ने पुखरायां कस्बे के पटेल चौक के पास एक व्यक्ति को 16 क्वार्टर देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। अवैध रूप से मादक पदार्थ बेचने के जुर्म में उसे जेल भेल दिया है। कस्बा पुखराया के चौकी इंचार्ज विकल्प चतुर्वेदी ने बताया कि शुक्रवार को वह पटेल चौक पर गश्त कर रहे थे। तभी पार्क के नजदीय एक व्यक्ति संदिग्ध परिस्थित में खड़ा दिखा। उसके पास जाकर जामा तलाशी ली गई तो एक झोले में 16 क्वार्टर देसी शराब की बोतलें पड़ी थीं। उसने पुखराया निवासी आशीष सचान अपना नाम बताया है। अवैघ रूप से मादक पदार्थ बेंचने के जुर्म में उसे जेल भेज दिया गया है।

### जिले में लगातार दूसरे दिन मिले 15 कोरोना संक्रमित

**फतेहपुर।** पिछले 24 घण्टे के दरम्यान जिले में 15 और कोरोना संक्रमित मिलने से इनकी संख्या बढकर 79 हों गई है। बताते चलें कि गुरुवार को भी 15 संक्रमित मिले थे। देर शाम जारी सरकारी विज्ञप्ति में जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे ने बताया कि कोरोना संक्रमितो की आज 15 की संख्या को जोडकर कुल संक्रमित बढकर 79 हों गए हैं। बताया कि जनपद में जहां पर भी संक्रमित मिले हैं, उस क्षेत्र को कंटेनमेंट जोन घोषित कर आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर कडाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। डीएम ने जनपदवासियों से कोरोना गाइड लाइन का कडाई से अनुपालन करने और जरूरी होने पर ही घर से निकलने की अपील की है।

### सदर सीट से प्रमोद द्विवेदी को चुनाव लड़ा सकती हैं भाजपा

**फतेहपुर।** जनपद के राजनैतिक गलियारे से एक बडी खबर आ रही है। सत्तारूढ भारतीय जनता पार्टी फतेहपुर सदर सीट से पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी को चुनाव लड़वा सकती हैं। बताते चलें कि मौजूदा समय में सदर सीट से भाजपा के ही विक्रम सिंह विधायक हैं किन्तु एक जिले से एक बिरादरी का एक प्रत्याशी की गणित के चलते उनका टिकट काटे जाने की चर्चाएं हैं। इधर ब्राम्हण समाज से शुरू हुई दावेदारी के बीच अंदर खाने से छन कर आ रही खबर के मुताबिक पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी को सदर सीट से टिकट मिल सकता हैं। उनका निर्विवाद राजनैतिक कैरियर उनका सबसे मजबूत पक्ष माना जाता है।सूत्र बताते हैं कि हाईकमान स्तर से उन्हें सिग्नल भी दे दिया गया है और उनके समर्थक प्रचार भी कर रहे हैं। ज्ञातव्य रहे कि सदर सीट से भिटौरा ब्लाक प्रमुख अमित तिवारी के बड़े भाई संतोष तिवारी भी दावा ठोक रहे हैं।

### एसडीएम-सीओ ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

**फतेहपुर।** विधानसभा चुनाव 2022 को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी अपूर्वा दुबे के निर्देश पर उप जिलाधिकारी सदर एनके मौर्य व पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर दिनेश चंद्र मिश्रा के नेतृत्व में शहर कोतवाल समेत विभिन्न चौकी इंचार्जो ने शहर में स्थापित किए जाने वाले विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इसके अलावा असलहा की दुकानों का भी आकस्मिक निरीक्षण कर जमा शस्त्र करने की स्थिति भी जानी। इसके अलावा भारी पुलिस बल के साथ मार्गो का भ्रमण कर लोगों से शांति व्यवस्था बहाल रखने की अपील की। फ्लैग मार्च के दौरान दोनों अधिकारियो ने आम जनमानस से शत-शत मतदान करने की अपील की। वहीं आस-पास हो रही घटनाओं पर भी नजर रखकर तत्काल पुलिस को आगाह करने के प्रति भी जागरूक किया।

### चोरों ने दुकान का शटर काट लाखों का माल किया पार

**हुसैनगंज ( फतेहपुर )।** कस्बे के चौराहा स्थित डलमऊ मार्ग पर बीती रात अज्ञात चोरों ने इलेक्ट्रॉनिक की एक दुकान का शटर काटकर लाखों का माल पार कर दिया। जिससे पुलिस की रात्रि गश्त भी बेकार साबित हो रही है। हुसैनगंज इलाके में बढती हुई चोरियों से पुलिस के प्रति गुस्सा बढ़ रहा है। मालूम हो कि हुसैनगंज कस्बे के समीप छिटनापुर गांव निवासी हरिप्रसाद लोधी की इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान कस्बे के डलमऊ रोड पर है। वह रोज की भांति देर शाम दुकान बंदकर अपने गांव चले जाते हैं। बीती रात अज्ञात चोरों ने उनकी दुकान का शटर काटकर अंदर घुसे और दुकान में रखे 4 एलसीडी, तीन मिक्सी मशीन, दो इनवर्टर, बैटरा, एक होम थिएटर, चार एम्प्लीफायर, तीन सिलाई मशीन, इलेक्ट्रॉनिक मथानी, पांच पीस इलेक्ट्रिक आयरन, एक स्टेबलाइजर, दो पीस बैटरी चार्जर सहित अन्य सामान चोरों ने पार कर दिया। दुकान संचालकर ने बताया कि करीब डेढ लाख रुपए की चोरी हुई। भुक्तभोगी ने हुसैनगंज थाने में चोरी की तहरीर दी है। हुसैनगंज कस्बे में हो रहे चोरियों को लेकर व्यापारियों में पुलिस के प्रति गुस्सा है। व्यापारियों का कहना है कि थाने से चंद कदम की दूरी पर चौराहा है और रात्रि में पुलिस की गश्त भी लगती है, इसके बावजूद भी कस्बे में चोरियां हो रही हैं।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**खखरेरू ( फतेहपुर )।** खखरेरू थाना क्षेत्र के राईपुर गांव में एक नवयुवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अमन कुमार पुत्र प्रताप यादव उम्र लगभग 20 वर्ष निवासी राईपुर की रात्रि में अज्ञात कारणों से अचानक मौत हो गई। सुबह जब घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो धीरे-धीरे इस घटना के विषय में पूरे गांव में चर्चाएं होने लगी। जिसके विषय में गांव के कुछ लोग आपस में काना फूसी कर रहे थे कि मृतक अमन का परिजनों के साथ शाम को किसी बात को लेकर कहा सुनी हुई थी। उस समय युवक शराब के नशे में था।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**अमौली ( फतेहपुर )।** जनपद के थाना चांदपुर अंतर्गत अमौली फतेहपुर रोड पर रात लगभग 8 बजे कुल्खेडा पेट्रोल पंप से 200 मीटर फतेहपुर की तरफ मकरंदपुर मोड के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिससे टक्कर खाकर बाइक सवार एक गहरी खाई में जा गिरा। क्षेत्र में गश्त कर रहे अमौली चौकी इंचार्ज रामनरेश यादव ने जानकारी मिलते ही पुलिस बल के साथ तत्काल घटनास्थल का जायजा लिया।

# प्रमुख सचिव ने चिकित्सा महाविद्यालय का किया निरीक्षण

**संवाददाता।** अयोध्या

**उत्तर प्रदेश** शासन के प्रमुख सचिव समाज कल्याण एवं अल्पसंख्यक कल्याणध्जनपद के नोडल अधिकारी हिमांशु कुमार ने जिलाधिकारी नितीश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी अनिता यादव के साथ राजर्षि दशरथ स्वशाषी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय दर्शननगर अयोध्या का निरीक्षण किया। इस दौरान नोडल अधिकारी द्वारा चिकित्सालय में मरीजोंए आक्सीजन की आवश्यकता पूर्ति हेतु क्रियाशील तीनों आक्सीजन प्लांटों, टू.नॉट लैब, लांड्री, पैथालॉजी लैब, कंट्रोल कक्ष, कैंटीन, पीआईसीयू वार्ड, आईसीयू वार्ड, ब्लड बैंक सहित विभिन्न वार्डो आदि का भ्रमण कर उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य डा विजय कुमार ने बताया कि वर्तमान में चिकित्सालय में एल.3 स्तर के 20 आईसीयू वेडो के साथ.साथ चिकित्सालय में 280 वेड जिसमें 80 आईसीयू, 100 आक्सीजन वेड तथा 100 आइसोलेशन बेड उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि बच्चों के इलाज हेतु पीकू वार्ड भी क्रियाशील स्थिति में है, जिसमें 20 वेड आईसीयू, 50 वेड आक्सीजन सपोटेड, 30 वेड एचडीयू आदि की व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि मरीजों को आवश्यकतानुसार आक्सीजन की आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु चिकित्सालय परिसर में कुल तीन आक्सीजन प्लांट क्रियाशील है जिसमें एक 960 लीट प्रति मिनट तथा दो आक्सीजन प्लांट 1000-1000 लीटर प्रति मिनट उत्पादन क्षमता है तथा 25 कंसट्रेटर भी उपलब्ध है।

इस अवसर पर नोडल अधिकारी व जिलाधिकारी द्वारा मरीजों को नियमित गुणवत्तायुक्त नाश्ता व भोजन उपलब्ध कराने, नियमित साफसफाई सुनिश्चित रखने के निर्देश दिये। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा चिकित्सालय परिसर में निर्माणाधीन 200 शैय्या भवन का जायजा भी लिया गया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को प्लास्टर में अच्छी गुणवत्ता के मोरंग का ही प्रयोग करने के साथ ही सम्पूर्ण निर्माण कार्यो में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने तथा प्राचार्य को भी समय.समय पर स्वयं निरीक्षण कर गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने आयुष्मान लाभार्थी काउंटर का भी निरीक्षण किया तथा चिकित्सालय में आने वाले मरीजोंए योजना का सुगमता से उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। इस अवसर पर प्रभारी सीएमओ डा आरके सक्सेना, प्राचार्य डा विजय कुमार सहित अन्य संबंधित चिकित्सक व अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने की त्योहारों को सतर्कता के साथ मनाने की अपील

**अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार द्वारा मकर संक्रांति एवं माघ मेले के अवसर पर स्नान आदि के कारण कोविड.19 संक्रमण को रोकने हेतु मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश के क्रम में आम श्रद्धालुओंए लोगों से कोविड बचाव के उपाय को करते हुये इस त्यौहार को सतर्कता से मनाने की अपील की गयी है तथा शहर में विशेष रूप से सरयू नदी आदि के स्नान को देखते हुये सतर्कता बरतने की भी अपील की गयी है तथा अपर जिला मजिस्टेट सलिल कुमार पटेल को नगरीय क्षेत्र तथा अपर जिला मजिस्टेट प्रशासन श्री अमित सिंह को ग्रामीण क्षेत्रों के लिए कानून व्यवस्था के प्रभारी बनाये गये है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने भी पुलिस अधिकारियों एवं सम्बंधित अधिकारियों को मकर संक्रांति के अवसर पर कोविड संक्रमण के प्रभाव को रोकने हेतु निर्देश दिये गये है। जिलाधिकारी ने बताया कि कोविड के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए उसे बढ़ने से रोकने के लिए कोविड नियमों का यथा सोशल डिस्टेसिंग मास्क का प्रयोग तथा सेनेटाइजर का प्रयोग की अनिवार्यता का कड़ाई से अनुपालन किया जाय। सभी सम्बन्धित द्वारा आम जन मानस से यह अपील की जाय कि मकर संकान्ति स्नान एवं मेले में उन्हीं व्यक्तियों को अनुमति दी जायेगी जिन्होंने कोविड वैक्सीन की दोनों डोज ले ली हो। सभी सम्बन्धित द्वारा विभिन्न बीमारियों से ग्रसित ;कोमारबिडद्ध व्यक्ति वरिष्ठ नागरिक गर्भवती महिलायें बच्चे तथा ऐसे व्यक्ति जिनमें कोविड के लक्षण जैसे खांसीए जुखामए बुखार इत्यादि हैए को मेलाध्स्नान वाली जगह पर न जाने का अनुरोध किया जाय। सभी सम्बन्धित द्वारा स्नानध्मेले वाले स्थान पर पर्याप्त पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से लोगों को कोविड् के सम्बन्ध में जागरूक किया जाय। आम जनमानस को मास्क लगानेए भीड़ एकत्रित न करने के लिए कोविड गाइडलाइन्स के अनुपालन के लिए प्रेरित किया जाय।

# भाजपा ने योजनाओं को धरातल पर उतारकर गरीबों का उत्थान किया: कपिल देव

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर

**भारतीय जनता** पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशन में चलाए जा रहे लाभार्थी सम्पर्क अभियान को भाजपा कार्यकर्ता लगातार जारी रखते हुए लाभार्थियों से सम्पर्क कर उनका अभिनंदन कर रहे हैं। भाजपा सरकार द्वारा किए गए ऐतिहासिक और जनहित के कार्य तथा योजनाओं का लाभ पाए जनों का अभिनंदन रोली अक्षत से कर सरकार की योजनाओं और कार्यों की जानकारी देने का कार्य कर रहे हैं। टांडा के बसावन पुर ग्राम सभा में महिला/पुरुष लाभार्थियों से सम्पर्क कर अभिनंदन करते हुए भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार ने सर्व समाज के कल्याण हेतु योजनाओं को धरातल पर उतार कर गरीबों का उत्थान किया है। कटेहरी के बूथ संख्या 16 दुर्गापुर के लाभार्थियों का अभिनंदन बूथ अध्यक्ष योगेश पाल के साथ करते हुए पूर्व मंत्री धर्म राज निषाद ने कहा कि भाजपा सरकार ने देश और समाज हित में जितना कार्य 5 वर्षों में कर इतिहास रचा है उतना कार्य विपक्ष की कई सरकारों ने नहीं किया। सरकार ने प्रदेश में विपक्षी दलों की सरकारों में भ्रष्टाचार,अनाचार को समूल नाश कर स्वच्छ और निर्भय और विकसित प्रदेश के रूप में स्थापित किया।

महामंत्री दिलीप पटेल देव ने 116 नंबर केदार नगर बूथ पर मया राम वर्मा के साथ अभिनंदन अभियान में भाग लिया। विधान सभा आलापुर में जिला मंत्री चंद्रिका प्रसाद ने समडीह बूथ संख्या 317 में बूथ अध्यक्ष कल्प नाथ मौर्य,विकास सिंह,राम जी मिश्र,वीरेन्द्र यादव, राकेश सोनकर के साथ लाभार्थियों से सम्पर्क कर उनका रोली अक्षत लगा कर अभिनंदन किया। बैंक डायरेक्टर यमुना प्रसाद चतुर्वेदी ने बूथ संख्या 331 देवलर में बूथ अध्यक्ष अश्वनी गोस्वामी,पप्पू प्रजापति,सुनीता कारूष के साथ लाभार्थियों का अभिनंदन किया। अकबरपुर विधान सभा के नगर मण्डल के राबी बहाउद्दीनपुर बूथ पर जिला मंत्री संजय सिंह,पंकज वर्मा,जिला प्रवासी कामेश्वर सिंह, अभूमन्यू अग्रहरि, के साथ लाभार्थियों के घरों पर जाकर उनका अभिनंदन करते हुए सरकारी योजनाओं की जानकारी दी।

मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने बताया कि लाभार्थी सम्पर्क अभियान 11 जनवरी से 25 जनवरी तक चलेगा। बृहस्पतिवार को चले अभियान में पूर्व विधायक त्रिवेणी राम,भाजपा अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष डॉ विनोद कुमार, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रिंकल सिंह, धर्मवीर मिश्र, राजेश सिंह बबलू, मनीष मिश्र, धर्मेंद्र कुमार नीरज, अभय सिंह मोनू,संतोष सिंह बबलू, मनोज गुप्ता गुड्डू आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने दलित बस्ती में खिचड़ी भोज किया



**अयोध्या।** देवकाली मण्डल के साहबगंज स्थित अम्बेडकर पार्क में बाबा भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नगर विधायक ने आस.पास रहने वाले दलित बस्ती के लोगो के साथ खिचड़ी भोज कर मकर संक्राति का पर्व मनाया। विधायक वेद गुप्ता ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर पूरे समाज को साथ लेकर चलने और सबके विकास के प्रमुख पक्षधर थे।

आज कोई उनकी राह पर चल रहा है तो वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी जो सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास सबका प्रयास का लक्ष्य लेकर चल रहे है। इसके साथ ही केन्द्र व प्रदेश सरकार की दर्जनों जनकल्याणकारी योजनाएं व लाभ को भी नगर विधायक ने गिनाया। तत्पश्चात् करियप्पा मण्डल के अब्बूसराय में भी दलित बस्ती के लोगों व अयोध्या मण्डल के भदोखर में दलित बस्ती के लोगो के साथ विधायक ने खिचड़ी भोज किया। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष आलोक द्विवेदी, बालकृष्ण वैश्य, रवि सोनकर, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री हरिभजन गोंड, पार्षद संजय शुक्ला, दिव्य प्रकाश तिवारी उमेश कोरी व स्थानीय लोगो की उपस्थिति रही।

## शत-प्रतिशत टीकाकरण के लिए हर घर दस्तक अभियान को तेज करें: मण्डलायुक्त

**अयोध्या।** मण्डलायुक्त पोल आब्जर्बर नवदीप रिनवा ने ओमीक्रान के बढ़ते मामलों के मद्देनजर सभी जिलाधिकारियों से अपेक्षा है कि जनपदों में ओमीक्रान की रोकथाम के लिए की जा रही कार्यवाहियों के बीच इसका भी ध्यान रखने की लोगों की आजीविका को कम से कम नुकसान हो कोविड पर नियंत्रण के लिए लोकल कंटेनमेंट पर ज्यादा फोकस करें और शत.प्रतिशत टीकाकरण के लिए हर घर दस्तक अभियान को तेज करें। उन्होंने कहा कि सभी को सतर्क रहना है लेकिन पैनिक स्थिति ना आए इसका भी ध्यान रखना है। मंडलायुक्त ने कोविड.19 की तीसरी लहर आने की संभावनाओं को दृष्टिगत नगर निगम के अधिकारी व पार्षदों को निर्देश दिये है कि जन सामान्य को जागरूक कर सुनिश्चित करें। नगर निगम क्षेत्र ही नहीं संपूर्ण जनपद को कोरोना वायरस से बचाने के लिए सभी का योगदान सुनिश्चित किया जाना बेहद जरूरी है।

# मण्डलायुक्त ने जिला अस्पताल व इंटीग्रेटेड कोविड कमांड सेन्टर का निरीक्षण किया

**अम्बेडकरनगर।** मंडलायुक्त अयोध्या मंडल अयोध्या/ नोडल अधिकारी नवदीप रिणवा द्वारा जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन, मुख्य विकास अधिकारी घनश्याम मीणा तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ श्रीकांत शर्मा तथा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक की उपस्थिति में महात्मा ज्योतिबा फुले संयुक्त जिला चिकित्सालय तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय स्थापित इंटीग्रेटेड कोविड कमांड सेंटर का निरीक्षण किया गया। मंडलायुक्त द्वारा अस्पताल में बूस्टर डोज वैक्सीनेशन कक्ष, 15 से 18 वर्ष के किशोरों का प्रथम डोज वैक्सीनेशन कक्ष,18 वर्ष से अधिक वैक्सीनेशन कक्ष तथा लगाए गये ऑक्सीजन प्लांट का जायजा लिया गया। वैक्सीनेशन की जानकारी एव कक्ष में जाने के लिए बाहर एव वैक्सीनेशन कक्ष के मुख्य द्वार पर बोर्ड/ पोस्टर लगाए जाने का निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिया गया। वैक्सीनेशन के लिए इधर-उधर



भटकना न पड़े। मंडलायुक्त महोदय द्वारा आईसीयू वार्ड, डेंगू वार्ड तथा डायलिसिस वार्ड का जायजा लिया गया। मंडलायुक्त द्वारा डायलिसिस वार्ड में उपस्थित डायलिसिस कराने के लिए आए मरीज के पति रामनिरंजन चौहान से जानकारी लिया गया। रामनिरंजन चौहान ने अवगत कराया कि मैं यहां पर अपनी पत्नी का डायलिसिस कराने महीने में दो बार आता हूं यहां पर मेरी पत्नी का डायलिसिस नि:शुल्क में किया जाता है डायलिसिस कराता था वहां पर एक बार में मुझे 2500 देना पड़ता था डॉक्टर की सलाह से बराबर डायलिसिस कराते रहें, जिससे मरीज को कोई परेशानी न हो। कोविड बैनर को सही स्थान पर लगाने की आवश्यकता है। इसके उपरांत मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में लगे थर्मल मशीन को देखा गया परंतु मशीन ठीक नहीं पाई गईं।

## क्विक न्यूज

### ठंड की वजह से तीन दर्जन कौवों की मौत

**मिल्कीपुर अयोध्या।** चितौरा गांव के बाग एवं खेत में लगभग 35 कौवों के मृत मिलने से ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पाकर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर कौवों के शव को कब्जे में लेते हुए वन रेंज कार्यालय ले आए। डॉक्टर की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कौवो की मौत के कारण का पता चल सकेगा अयोध्या जिले के वन रेंज कुमारगंज अंतर्गत खंडासा थाना क्षेत्र के चितौरा गांव के ग्रामीण खेत व बाग की ओर गए तो पेड़ो के नीचे तथा सरसों व गन्नो के खेतों में बड़ी संख्या में कौवे मृत पड़े दिखे। ग्रामीणों ने कौवों के मरने की सूचना वन क्षेत्राधिकारी कुमारगंज आर पी सिहं को दी। जानकारी मिलने के बाद वन क्षेत्राधिकारी वन दरोगा हौसिला प्रसाद पाण्डेयए वनरक्षक दीपक शुक्ला के साथ मौके पर पहुंच कर मृत पड़े कौवो को इकट्ठा करवा कर कुछ कौवो को वन रेंज कार्यालय ले आए जिसके बाद सूचना पर पहुंचे पशु चिकित्साधिकारी खंडासा सूर्यपाल वर्मा द्वारा मृतक कौवो का पोस्टमार्टम किया। कुमारगंज आर पी सिंह ने बताया कि लगभग 35 कौवो की मौत हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत किस कारण से हुई है ।

### अवध विवि में साप्ताहिक रोस्टर के हिसाब से आएंगे कर्मचारी

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विवि ने कोविड.19 के बढ़ते संक्रमण को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार द्वारा जारी दिशा.निर्देशों के क्रम में परिसर में 50 प्रतिशत साप्ताहिक रोस्टर के अनुरूप कार्मिकों की उपस्थिति का निर्देश दिया। विश्वविद्यालय के विभिन्न अनुभागों के कार्मिक रोस्टर के अनुक्रम में कार्यालय में उपस्थित रहेंगे। समूह क तथा वर्ग के अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। वहीं समूह ष्गाष् तथा ष्घष् वर्ग के कर्मचारी रोस्टर के अनुक्रम में नियत दिवस में सोशल डिस्टेंसिंग व कोविड.19 के सुरक्षात्मक उपायों को अपनाते हुए कार्यालय आयेंगे। रोस्टर में अंकित शेष कार्मिक वर्क फॉम होम के तहत विगत वर्ष की भांति कार्य करते रहेंगे। विश्वविद्यालय में कार्य की आवश्यकता पड़ने पर संबंधित कार्मिकों को किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय अवधि में बुलाया जा सकता है। विश्विद्यालय के कुलसचिव उमानाथ ने बताया कि कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह के निर्देश पर कार्मिकों के लिए दिशा.निर्देश प्रदान कर दिया गया है। काई भी कार्मिक बिना अनुमति के मुख्यालय से बाहर नहीं जाएंगे।

### अधिकारियों ने मकर संक्रांति की दी बधाई

**अयोध्या।** मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर मण्डल एवं जनपद के अधिकारियों द्वारा सभी को बधाई दी गयी। मण्डलायुक्त नवदीप रनिवाए पुलिस महानिरीक्षक केपी सिंहए जिलाधिकारी नितीश कुमारए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेयए नगर आयुक्त विशाल सिंह आदि द्वारा मण्डल एवं जनपदवासियों को हार्दिक बधाई दी गयी तथा इस त्यौहार को कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुये मनाने की अपील की है तथा इस पर्व को परम्परागत ढंग से मनाने की अपेक्षा भी की गयी है। उप निदेशक सूचना डा मुरली धर सिंह ने मकर संक्रांति के अवसर पर पत्रकारोंए बुद्विजीवियोंए कलाकारों और संत महात्माओं को बधाई देते हुये इस त्यौहार को परम्परागत ढंग से कोविड प्रोटोकाल के अनुसार मनाने की अपील की है।

### सुनहरे पलों का उत्सव है मकर संक्रांति

**प्रयागराज।** शुक्रवार को लोहड़ी और मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में उत्सव कार्यक्रम आयोजित हुए। बेहद खूबसूरत डिज़ाइनों वाले आभूषणों को बाजार में उतारा है। उत्सव सुनहरे पलों का थीम के साथ रिलायंस ज्वेल्स सूरज की तेजस्वी किरणों से प्रेरित डायमंड इयररिंग्स और अंगूठियों के बेमिसाल कलेक्शन लोगों के लिए उपलब्ध है। जिस तरह आसमान में चमकता हुआ सूरज हर दिन हर दिन अपने साथ उ मीद की एक नई किरण लेकर आता है। उसी तरह इस बार त्योहारों के अवसर पर ऐसे डिज़ाइन लेकर आया है। डायमंड कलेक्शन के प्रत्येक आभूषण को बड़ी सावधानी से डिज़ाइन किया गया है। जो हमें इस बात की याद दिलाते हैं कि सूरज की खूबसूरत किरणें हमारी ज़िंदगी में खुशियों की बहार लाती हैं और एक नई शुरुआत की उ मीद जगाती हैं। रिलायंस ज्वेल्स ने चौदह फरवरी तक ड्रीम डायमंड सेल नामक ख़ास ऑफर की घोषणा की है। जिसके तहत हीरे के आभूषणों के इनवॉइस मूल्य पर पच्चीस प्रतिशत तक की छूट शामिल है।

### डॉ. शांति चौधरी डा सतीश चंद्र राय सर्जना पुरस्कार से सम्मानित

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान लखनऊ की ओर से शुक्रवार को एमएलएन कॉलेज की पूर्व शोध अधिकारी डा. शान्ति चौधरी को वर्ष 2020 का डा. सतीश चंद्र राय सर्जना पुरस्कार प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ उत्तरीय एवं संबंधित पुरस्कार राशि के रूप में 40 हजार रुपये का बैंक ड्राफ्ट दिया गया। उनकी कृति दर्द सिर से पांव तक पर चिकित्सा विज्ञान एलोपैथी आयुर्वेद होम्योपैथी यूनानी विधा के अंतर्गत उन्हें यह स मान दिया गया है। दर्द सिर से पांव तक पुस्तक में डॉ. शान्ति चौधरी ने दर्द से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए शरीर के विभिन्न अंगों में दर्द के अनेक संभावित कारणों की तथ्यपरक वैज्ञानिक जानकारी दी। 108 पृष्ठों की यह पुस्तक विभा प्रकाशन से प्रकाशित हुई है।

## मकर संक्राति पर टैक्सी यूनियन हैदरगंज ने किया खिचड़ी भोज का आयोजन

**अयोध्या।** जाना बाजार मकर संक्राति के अवसर पर टैक्सी यूनियन हैदरगंज द्वारा कस्बे में बड़े पैमाने पर खिचडी भोज का आयोजन किया गया । इस दौरान हैदर गंज क्षेत्र की सभी टैक्सी वाहन खड़े रहे । टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष अशोक गुप्ताए रामशरण पांडेयए प्रमोद पांडेए रिंकू सहित टैक्सी यूनियन द्वारा आयोजित खिचड़ी भोज में आसपास के लोगों सहित क्षेत्रीय जनता ने खिचडी प्रसाद ग्रहण किया। खिचडी भोज का कार्यक्रम देर शाम तक चला । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे पहुंचे भाजपा के वरिष्ठ नेता सियाराम सर्राफ ने खिचड़ी भोज का उद्घाटन किया । तो वही जिला पंचायत सदस्य उदित सर्राफने टैक्सी यूनियन के पदाधिकारियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया । कटरा चौराहे पर कई दशकों की भांति इस वर्ष भी गोसाईवीर बाबा देव स्थल पर रामायण पाठ के बाद मकर संक्राति के अवसर पर मेले का आयोजन हुआ ।

# एनटीपीसी का 22वां स्थापना दिवस मनाया गया

**अम्बेडकरनगर।** एनटीपीसी टांडा परियोजना का 22वॉ स्थापना दिवस 14 जनवरी 2022 को विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। परियोजना स्थित विश्वकर्मा पार्क में आयोजित इस समारोह में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख संजय कुमार सिंह ने एनटीपीसी ध्वज फहराया। कर्मचारियों ने एनटीपीसी गीत प्रस्तुत किया।



मुख्य अतिथि ने केक काटकर सभी को स्थापना दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर श्री सिंह ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित किया। अपने संबोधन में अधिग्रहण काल से लेकर अब तक हुई परियोजना की प्रगति के बारे में जानकारी साझा करते हुए कहा कि देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से टांडा परियोजना 4.110 का शिलान्यास 30 दिसंबर, 1981 को तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. इन्दिरा गांधी के करकमलों से सम्पन्न हुआ था। एनटीपीसी द्वारा इस परियोजना का अधिग्रहण 14 जनवरी 2000 को मकर संक्रान्ति के पावन पर्व पर पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि. से किया गया था। टांडा थर्मल पावर स्टेशन अधिग्रहण के समय 14 प्रतिशत पीएलएफ पर चल रहा था। अधिग्रहण के उपरान्त एनटीपीसी टांडा के तत्कालीन परियोजना प्रमुख ने अपनी छोटी सी टीम के साथ प्लांट के पुनरुद्धार का बीड़ा उठाया।

टांडा टीम के समर्पणभाव से किये गये कठोर परिश्रम का परिणाम रहा कि शीघ्र ही प्लांट शत-प्रतिशत क्षमता पर चलाया जाने लगा। एनटीपीसी टांडा के इतिहास में एक नया अध्याय द्वितीय चरण विस्तारीकरण के रूप में जोड़ा गया। इसमें 660 मेगावाट की दो इकाइयों के संस्थापन से एनटीपीसी टांडा को सुपर थर्मल पावर स्टेशन के रूप में एक नई पहचान मिली और अब इसकी कुल संस्थापित क्षमता 1760 मेगावाट हो गयी है। परियोजना विद्युत उत्पादन के साथ-साथ मानव संसाधन, नैगमिक सामाजिक दायित्व एवं पर्यावरण के क्षेत्रो में नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है।

# उर्वरक विक्रेताओं के यहां पड़ा छापा तीन निलंबित

**अयोध्या।** जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद में उर्वरक विक्रेताओं के यहां छापा मारा गया जिसमें 3 को निलम्बित तथा 43 नमूने ग्रहित किये गये। छापेमारी में कृषकों को गुणवत्तायुक्त एवं निर्धारित मूल्य पर उर्वरकों को सही मूल्य पर उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने हेतु परक निरीक्षक अधिकारियों की तहसीलवार डियूटी लगाई गयी इसमे उर्वरक विक्रेताओं के यहाँ छापा निरीक्षण हेतु गठित उर्वरकों को टीम द्वारा जनपद में उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर कालाबाजारी एवं उर्वरकों के अधिक मूल्य पर बिक्री किये जाने एवं संदिग्ध उर्वरक नमूने प्रति किये जाने का निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया।

व्यवसायियों के प्रतिष्ठनों की जाँच करते समय निरीक्षित दुकानों पर पॉस मशीन से उर्वरकों की बिकी दुकान का मोर्ट रेट बोर्ड स्टाक की स्थितिए कृषकों से रेण्डम आधार पर किस दर पर उर्वरकों की बिक्री दुकानदार द्वारा की गई है का सत्यापन एवं कृषकों को उर्वरक बिक्री के साथ अन्य रसायन जिंक सल्फेट व सल्फर आदि के स्वैच्छा जबरदस्ती टैनिंग की स्थिति आदि की विस्तृत जाँच करते हुए आख्या प्रेषित करने का निर्देश दिया गया।

कृषि विभाग के अधिकारियों के छापे में उर्वरक के 34 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया एवं 33 संदिग्ध उर्वरक एवं 10 कीटनाशक के नमूने ग्रहित किये गयेए जिसका परीक्षण विभिन्न प्रयोगशाला में कराया जायेगा। अमानक प्राप्त होने पर लाईसेन्स निरस्त करने के साथ ही विधिक कार्यवाही भी की जायेगी। मो. अनिल खाद भण्डार पूर`काशीनाथ लल्लू गुप्ता खाद भण्डार अमानीगंज निलम्बित आदर्श खाद भण्डार मकसूमगज निलम्बित मे0 शिव राम बीज भण्डार पिपरी जलालपुर चेतावन.अभिलेख नहीं दिखाया गया।

# कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच बच्चों का रखें विशेष ध्यान

- लक्षणविहीन मामूली लक्षण वाले पाजिटिव, लक्षणयुक्त के लिए दवाएं तय

**प्रयागराज।** कड़ाके की सर्दी के बीच कोरोना के तेजी से बढ़ते मामलों को देखते हुए छोटे बच्चों की सेहत का खास याल रखना सभी के लिए बहुत ही जरूरी है। एक साल तक के बच्चे को अधिक खांसी आ रही हो पसली चल रही हो बच्चा दूध और खुराक लेना बंद कर दे तेज बुखार हो और दस्त न रुके तो नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सक से जरूर संपर्क करें। इसके साथ ही दिन में तीन चार बार बच्चे के सांस लेने की दर रेस्परेटरी रेट और आक्सीजन सेचुरेशन पल्स आक्सीमीटर से जरूर नापें। आक्सीजन सेचुरेशन 94 फीसद और उससे अधिक ही होना चाहिए। इससे कम होने पर चिकित्सक से सलाह ली जानी चाहिए। महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं वेदव्रत सिंह ने इसको ध्यान में रखते हुए विभिन्न आयु वर्गों के कोविड पाजिटिव और लक्षणयुक्त व्यक्तियों के इस्तेमाल के लिए समिति द्वारा तय की गई दवाओं को लोगों को उपलब्ध कराने को कहा है। इसके तहत शून्य से बारह साल तक के बच्चों को तीन श्रेणी में बांटते हुए और बारह साल से ऊपर वालों के लक्षणों के आधार पर जरूरी दवाओं के सेवन की सलाह दी है। शून्य से बारह माह एक से पाँच साल और छह से बारह साल तक के बच्चों की तीन श्रेणी बनाई गई है। लक्षणों के आधार पर और कोरोना पाजिटिव होने की स्थिति में निर्धारित दवाओं के सेवन की सलाह दी गई है। जिला सर्विलांस अधिकारी डा अरुण कुमार तिवारी ने बताया शासन के निर्देशनुसार कोविड पाजिटिव व्यक्ति के लिए किट प्राप्त हैं। जिसका वितरण पाजिटिव व्यक्ति को किया जा रहा हैं। जो कोविड पाजिटिव व्यक्ति घर पर आइसोलेट किया गया हैं उन्हें किट दी जा रही हैं।

## शून्य से बारह माह तक के शिशुओं के लिए दवाएं निर्धारित

**प्रयागराज।** लक्षण युक्त शिशु जिनका कोविड टेस्ट रिजल्ट अभी ज्ञात नहीं है या टेस्ट नहीं हुआ है तथा पाजिटिव शिशु जिनको केवल बुखार है। उनके लिए दी जा रही किट में पैरासिटामाल ड्रॉप सौ मिग्रा प्रति मिली की दो शीशी मल्टी विटामिन ड्रॉप की एक शीशी और ओआरएस का एक पैकेट शामिल है। पैरासिटामाल ड्रॉप बुखार आने की स्थिति में बच्चे को देना है और ध्यान रहे इसे खाली पेट नहीं देना है। शून्य से दो माह तक के शिशु को पैरासिटामाल ड्रॉप दशमलव पाँच मिली। दिन में तीन बार देना है। तीन से छह माह तक के शिशु को एक मिली दिन में तीन बार और सात से 12 माह के शिशु को एक मिली दिन में चार बार बुखार आने पर देना है। मल्टी विटामिन का ड्रॉप छह माह तक के शिशुओं को नहीं देना है। सात से 12 माह तक के शिशु को दशमलव पाँच मिली सात दिन तक देना है। इसके अलावा दस्त की स्थिति में ओआरएस का घोल थोड़ी थोड़ी मात्रा में दें। एक से पाँच वर्ष के लिए पैरासिटामाल सिरप बुखार आने पर दें।

## पूर्व एमपी डॉ. राम विलास वेदांती ने किया शुभारंभ

**प्रयागराज।** भगवान श्रीराम के शहर में बुनियादी मूल्यों और नरिश के उत्पादों में प्रतिबिंबित होते विश्वास शुद्धता और गुणवत्ता के वादे के साथ प्रवेश किया है। एफएमसीजी कंपनी बीएल एग्रो ने शुक्रवार को शहर में पहला एक्सक्लूजिव ब्रांड आउटलेट नरिश लांच किया। कंपनी का भारत में यह पंद्रहवां एक्सक्लूजिव ब्रांड आउटलेट है। बरेली की एफएमसीजी कंपनी बीएल एग्रो के नए खाद्य उत्पाद ब्रांड नरिश स्टोर का उद्घाटन शहर के नया घाट स्थित जानकी महल रोड पर किया। रिलेट स्टोर में पचहत्तर से ज्यादा उत्पादों की बड़ी रेंज होगी। जिसमें दालें अनाज मेवे आदि शामिल हैं। उद्घाटन डा राम विलास वेदांती पूर्व एमपी और श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के सदस्य और बीएल एग्रो के नेशनल बिज़नेस हेड संजीव त्रिपाठी ने किया। इस दौरान बीएल एग्रो के प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे। संजीव त्रिपाठी ने कहा कि अयोध्या में अपने नरिश ब्रांड का पहला आउटलेट लांच करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है।

# ठंड के बीच साढ़े छह लाख श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई डुबकी

- कोरोना को लेकर मेले में की गई थर्मल स्क्रीनिंग बांटे गए 65 हजार मास्क

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**माघमेला मकर** संक्रांति के स्नान के साथ शुक्रवार से शुरू हो गया। मकर संक्रांति के पहले दिन हुए स्नान पर साढ़े छह लाख श्रद्धालुओं ने संगम और गंगा के घाटों पर स्नान किया। गंगा यमुना के संगम में स्नान करने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की आस्था गजब की रही। मकर संक्रांति 2022 का पर्व उल्लास और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। शनिवार को भी लोग मकर संक्रांति पर स्नान करेंगे। प्रयागराज में गंगा यमुना और अदृश्य सरस्वती के पावन संगम में स्नानार्थियों की भीड़ उमड़ पड़ी। शुक्रवार की भोर से ही श्रद्धालु रेलवे स्टशनों और बस आदि वाहनों से प्रयागराज में आए।

इसके बाद पैदल ही संगम की ओर रवाना हुए। संगम में ठंड और कोरोना संक्रमण की बंदिशों के बीच स्नान ध्यान और गंगा मैया का पूजन किया। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर 10. 30 बजे तक 150000 लोगों ने स्नान किया। दोपहर एक बजे तक 300000 लोगों ने स्थान किया। शाम 4. 30 बजे तक लगभग 550000 लोगों ने स्नान किया। प्रयागराज माघ मेला में बैरहना चौराहे के आगे हर्षवर्धन चौराहे पर माघ मेला का प्रवेश मार्ग बनाया गया है।



स्नान करते श्रद्धालु।

श्रद्धालुओं की थर्मल स्केनिंग कर स्वास्थ्य कर्मी तापमान देखते रहे। आज मेले में आस्था का संगम देखने को मिला। 75 वर्ष की उम्र में विमला शुक्ला अपने छोटे भाई के के शुक्ला के साथ गंगा में पुण्य की डुबकी लगाने पहुंची। वह राम चौरा से आई थीं। करीब डेढ़ किलोमीटर पैदल चलकर स्नान करने पहुंचीं। स्नान करने के बाद वापस घर लौट गईं। उधर कोरोना वायरस संक्रमण के मद्देनजर माघ मेला क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की ओर से लोगों को जागरूक किया गया।

साथ ही स्वास्थ्य कर्मियों ने लोगों को मास्क बांटा। कुल 65000 मास्क वितरित किए गए। कड़ाके की ठंड पर भी आस्?था भारी पड़ी। प्रयागराज संगम की ओर तेज ठंड की चिंता न करते हुए गंगा यमुना के संगम में लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई। मेलाधिकारी शेषमणि पांडेय ने बताया कि गंगा घाट सेक्टर 5 पर हेल्पलेस के सैनिटाइजर वितरण हेतु बनवाया जा रहा है। मास्क एवं सेनीटाइजर वितरण हेल्पडेस्क सेक्टर 5 गंगा घाट पर बनेगा। सेक्टर 5 गंगा घाट पर ऐसा विभाग द्वारा मासिक वितरण और सेनीटाइजर का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

कमिश्नर संजय कुमार गोयल, एडीजी प्रेम प्रकाश, आईजी डॉ. राकेश सिंह, जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री, मेलाधिकारी शेषमणि पांडेय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार पांडेय, नोडल पुलिस अधिकारी मेला डॉ. राजीव कुमार मिश्र, एसपी ट्रैफिक अरुण कुमार दीक्षित, ने मकर संक्रांति के स्नान पर्व पर वीआईपी घाट संगम नोज अरैल घाट सहित अन्य प्रमुख घाटों का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया।

## कोविड-19

### घर पर जांच

**होम** किट्स से कोविड-19 जांच के गलत नतीजे आ सकते हैं। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद-आईसीएमआर ने कहा है कि उसने एक निश्चित उद्देश्य से अनेक प्रकार की कोविड-19 टेस्टिंग किट शुरू की हैं। उसे लगता है कि आसानी से उपलब्ध व सस्ती जांच किटें बिना लक्षणों वाले मामलों का जल्दी पता लगाने में सहायक हो सकती हैं। इससे दिव्यांग व अन्य बीमारियों वाले लोगों में संक्रमण का पता आसानी से लग सकता है। यह कदम अच्छे इरादों से उठाया गया है, लेकिन अधिकांश भारतीय वैज्ञानिक व्यवहारों पर ध्यान नहीं देते हैं और ऐसे में टेस्टिंग किटें मुफ्त मिलने का भी उनको कोई लाभ नहीं होगा। आईसीएमआर ने 740 टेस्ट किटों को मान्यता दी है जिनमें से 580 भारत में निर्मित हैं। उनसे आरटीपीसीआर टेस्ट, रैपिड एंटीजेन टेस्ट व होम एंटीजेन टेस्ट किए जा सकते हैं। इसके साथ ही आईसीएमआर ने जोर दिया है कि प्रयोगशालाओं से पुष्ट बिना लक्षणों वाले कोविड-19 के संपर्कों को टेस्ट कराने की आवश्यकता नहीं है, जब तक उनकी आयु 60 वर्ष से अधिक न हो या उनकी अन्य विशिष्ट चिकित्सकीय स्थितियां न हों। लेकिन होम टेस्टिंग की अनेक समस्यायें हैं। लोग टेस्ट किटें खरीद कर अनावश्यक टेस्ट करते हैं और यह नहीं जानते हैं कि होम टेस्ट परिणाम गलत नेगेटिव रिपोर्ट दे सकते हैं। वे आरटीपीसीआर टेस्ट से बचते हैं। अत्यधिक खतरनाक दो पहली लहरों में बहुत से लोगों ने लक्षण वाले पाजिटिव मामलों की रिपोर्ट नहीं की थी। अब पाजिटिव मामलों के बारे में खामोश रहने की संभावना और बढ़ गई है, खासकर ऐसी स्थिति में जब होम टेस्ट पाजिटिव परिणाम दे पर व्यक्ति में कोई लक्षण न हों। चाहे होम टेस्ट हो या नहीं, बिना लक्षणों वाले रोगियों को पता होना चाहिए कि आरटीपीसीआर द्वारा की गई संक्रमण स्तर या सीटी वैल्यू जांच के अभाव में संक्रमण गंभीर स्थितियां पैदा कर सकता है। कहने की जरूरत नहीं कि होम टेस्टिंग एक गंभीर व जिम्मेदार मामला है तथा गहन राष्ट्रीय अभियानों के माध्यम से लोगों को इसके बारे में जागरूक किया जाना चाहिए।




दूसरे मुद्दे का संबंध टेस्टिंग मानक आसान करने से है। अब सभी लोगों का विश्वास है कि कोरोना का ओमीक्रान स्वरूप अत्यधिक संक्रमणीय है, पर संक्रमण स्तर कम होता है। लेकिन इसके बावजूद इससे अस्पतालों में भर्ती होने व मौतों के मामले सामने आए हैं। ऐसे में जब तक सभी मामलों को अनिवार्य रूप से जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए न भेजा जाए, तब तक हमें पता नहीं चलेगा कि वर्तमान लहर में कौन सा स्वरूप सक्रिय है। इस सूचना के अभाव में भावी तैयारियां व शोध प्रभावित हो सकता है। एक दिशानिर्देश यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है कि नेगेटिव रिपोर्ट देने वाले होम टेस्टिंग मामलों को अनिवार्य रूप से पुष्टि करने वाले आरटीपीसीआर टेस्ट से जोड़ा जाए। टेस्टिंग से मुक्ति के मानकों में रियायत देने का पुनः मूल्यांकन होना चाहिए। वर्तमान समय में पहले पाजिटिव वाइरल टेस्ट के एक सप्ताह और 10 दिन बाद बिना लक्षणों वाले लोगों को एकांतवास व सावधानियों से मुक्ति मिल जाती है और उनको दूसरा आरटीपीसीआर टेस्ट नहीं कराना पड़ता है। लक्षणों वाले लोगों के मामले में टेस्ट-आधारित रणनीति लागू है। शोध से पता लगा है कि आमतौर से कम प्रतिरक्षण क्षमता वाले रोगियों में पहले 10 दिन के बाद भी वायरस लंबे समय तक बना रहता है। लेकिन ऐसे मामले उस समय ही सामने आ पाते हैं जब लंबे समय तक बीमारी के हल्के लक्षण बने रहते हैं और बार-बार सामने आते हैं। ऐसे में बिना टेस्टिंग मुक्ति मिल जाने पर हम संक्रमण के इस आयाम से कैसे निपट सकते हैं? ऐसे में समय की आवश्यकता है कि अधिकांश रोगियों को एकांतवास से मुक्ति देने के लिए लक्षण-आधारित व टेस्टिंग-आधारित रणनीतियों में समन्वय बनाया जाए।

# बहुमुखी प्रतिभा के धनी स्वामी विवेकानंद

विवेकानंद के पास एक उद्यमी के सभी गुण विद्यमान थे-निर्धारित लक्ष्यों की दिशा में काम करने के लिए प्रतिबद्ध टीमों को जुटाने की क्षमता और एक बड़े पैमाने पर दूरदृष्टि।



**बालाकृष्णन सत्यम**
(लेखक सृजनात्मक निदेशक हैं)



1863 भारत में 1857 के विद्रोह के छह साल बाद घर के करीब था। यह वह समय भी था जब अमेरिकी गृहयुद्ध शुरू हुआ था। ब्रह्म समाज की स्थापना को 35 वर्ष हो चुके थे। कलकत्ता में प्रेसीडेंसी कॉलेज (हिंदू कॉलेज के रूप में) की स्थापना के 46 साल बाद। तो, यह विद्रोह, सुधार और पुनर्जागरण के एक अध्याय के दौरान नरेंद्रनाथ दत्ता का जन्म हुआ था। पारिवारिक इतिहास के संदर्भ में, उनके अपने दादाजी ने अपने पिता के जन्म के ठीक बाद 25 वर्ष की आयु में असामान्य रूप से संन्यास ले लिया था। और युवा त्यागी पहले से ही विद्वान-भाषाविद् के रूप में जाने जाते थे। नरेंद्रनाथ के पिता को अपने पेशे में बहुत सफलता मिली और वे कई भाषाओं में भी पारंगत थे। उनके परिवार में चल रहे इन विभिन्न उपहारों और विरासतों के साथ, और उनके परिवेश में सामाजिक पहल, नरेंद्रनाथ, जिनका जन्म 12 जनवरी, 1863 को हुआ था, स्वामी विवेकानंद के रूप में उभरे।

जबकि हम में से कोई भी उस परिवार को नहीं चुन सकता जिसमें हम पैदा हुए हैं (यह तर्क दिया जा सकता है कि यह पहले के जन्म में किसी के कर्मों से तय होता है!), और हमारी कई क्षमताओं और सांस्कृतिक लक्षणों को विरासत में मिला है, यह शैक्षणिक, कलात्मक और बौद्धिक है उत्तेजनाओं का हम जवाब देते हैं जो हमारी विशिष्टता को आकार देते हैं। हमारे बचपन की कविताएँ, प्रार्थनाएँ और गीत, आस-पड़ोस में सामाजिक चर्चाएँ, जिन बच्चों के साथ हम खेलते हैं, घर पर देखी जाने वाली किताबें - वे सभी जितना हम महसूस कर सकते हैं, उससे कहीं अधिक गहरा और स्थायी प्रभाव डाल रहे हैं।

यह प्रारंभिक प्रभावों और बाद के प्रदर्शन और अनुभव का मिश्रण है जो काफी हद तक एक असाधारण व्यक्ति के गठन की व्याख्या कर सकता है। स्वामी विवेकानंद के मामले में, कई अवयवों की पहचान की जा सकती है - धार्मिकता, वाक्पटुता, भाषाओं का उपहार, एक अध्यात्मवादी स्वभाव, त्याग, सुधार और आधुनिकीकरण का जुनून ... जो सीधे उनके परिवार से लिया गया लगता है। फिर एक व्यक्ति के कॉलेज के पाठ्यक्रम में कवियों और इतिहासकारों का प्रभाव होता है, वे विचारक जिनके विचार छात्र चर्चा के केंद्र में होते हैं, और उस समय अखबार के संपादक क्या लिख ??रहे होते हैं। हम में से प्रत्येक वास्तव में विविध स्रोतों से एक साथ रखा गया एक जटिल समुच्चय है। फिर भी, हम में से कुछ के लिए, इन सबके बावजूद, एक प्रमुख दिशा उभरती है जिसमें हम विकसित होते हैं और एक केंद्रीय उद्देश्य होता है। जब यह क्लिक होता है, तो अर्थ और पूर्ति होती है। एक कारण के लिए महान सेवा प्रदान की गई है।

उद्यमशीलता की दृष्टि से स्वामी विवेकानंद की सफलता के बारे में निश्चित रूप से सोचा जा सकता है। आखिरकार, यह सरकार में करियर में शामिल होने और नियत भूमिकाओं में सेवा करने जैसा नहीं था। अपनी यात्रा के पहले भाग में, वे अध्ययन और अभ्यास के माध्यम से और अपने चुने हुए गुरु से ज्ञान को आत्मसात करके एक योगी के रूप में विकसित हुए। इसके बाद उन्होंने अपने व्यक्तित्व की प्रभावशाली शक्ति का उपयोग धार्मिक और सामाजिक कारणों की सेवा के लिए किया - भौतिक और आध्यात्मिक उत्थान की परियोजनाओं के लिए जनशक्ति, संसाधन, सहयोग और नैतिक समर्थन जुटाने के लिए। उन्होंने कई वेदांत केंद्रों, मठों के मठों, पत्रिकाओं, प्रकाशन टीमों और आश्रमों की शुरुआत की। उन्होंने यूरोप और अमेरिका में प्रबुद्ध विद्वानों और प्रबुद्ध आत्माओं के साथ नेटवर्किंग करके देश के लिए विदेशी सद्भावना का निर्माण किया। उन्होंने उपनिषदों के संदेश को देश के भीतर और दुनिया के कई शहरों में व्यापक दर्शकों तक प्रभावशाली तरीके से पहुंचाया। ये एक उद्यमी की पूर्व-आवश्यकता है - पहचाने गए लक्ष्यों की दिशा में काम करने के लिए आकार की प्रतिबद्ध टीमों को जुटाने की क्षमता, एक बड़े पैमाने पर दृष्टि, और लगातार सीखने वाले संगठन का निर्माण।

जब बहुत छोटे थे, नरेंद्र-नाथ सुधारवादी आस्था समूहों की सभाओं में भाग ले रहे थे जो जातियों और संप्रदायों से परे देख रहे थे। ब्रह्मांड और मानव आत्मा की प्रकृति और यूरोप के राजनीतिक दार्शनिकों के विचारों के परिचय के बारे में प्राचीन भारत के ग्रंथों में क्या कहना है, में उनकी रुचि के साथ, उन्होंने अनुसंधान में रुचि विकसित की और बनाए रखा। आज भी, उत्तराखंड में अद्वैत आश्रम के ब्लॉग और प्रकाशन, या कोलकाता में आयोजित विज्ञान और चेतना सम्मेलन, रचनात्मक संवाद के माध्यम से ज्ञान के क्षितिज को विस्तारित करने के इस दृष्टिकोण को दर्शाते हैं। उपनिषदों के एक उत्सुक पाठक के रूप में और ध्यान जैसे आध्यात्मिक साधना के अभ्यासी के रूप में, वे काफी हद तक मुक्ति या मुक्ति की धारणा से जुड़े थे। यह जन्म और मृत्यु के चक्र से मुक्ति है। हालांकि, इससे पहले कि लोग आत्म-ज्ञान और यहां तक कि मुक्ति जैसी उच्च उपलब्धियों पर विचार कर सकें, प्राणी आराम और भौतिक उन्नति का एक स्तर आवश्यक है। उस दिशा में, जनता के लिए एक बेहतर जीविका और जीवन शैली, और व्यापक बुनियादी शिक्षा आवश्यक होगी और इसलिए उपनिवेशवाद और अन्य उत्पीड़न की बुराइयों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता था। ''केवल आध्यात्मिक स्वतंत्रता की परवाह करना, सामाजिक स्वतंत्रता की नहीं, एक दोष है, लेकिन इसके विपरीत एक और भी बड़ा दोष है। आत्मा और शरीर दोनों की स्वतंत्रता के लिए प्रयास करना है।''

वर्तमान पीढ़ी में, व्यक्तिगत विलासिता को बढ़ाने और सुविधाओं का विस्तार करने के लिए सामाजिक मूल्यों और प्राकृतिक वातावरण का त्याग करने की इच्छा खुशियों की तुलना में अधिक दुख पैदा कर रही है। चीजों से अधिक लोगों पर एरिच फ्रॉम जैसे जोर के साथ तड़के वाली भौतिक प्रगति का मूल्य हर हफ्ते हमारे सामने लाया जा रहा है - चाहे एक महामारी, ग्लोबल वार्मिंग, या मानव क्रूरता के माध्यम से। साथ ही, हाल के वर्षों में टेलीविजन और लाइव सभाओं के माध्यम से आम आदमी का योग और ध्यान के प्रति संपर्क वास्तव में बढ़ा है। वीडियो सामग्री तक आसान पहुंच ने व्यावहारिक रूप से किसी के लिए भी किसी संप्रदाय, जाति या भाषाई समूह में पैदा हुए बिना, प्राचीन काल के संतों और संतों के बारे में कुछ विचार प्राप्त करना आसान बना दिया है।

दरअसल, यह एक ऐसी स्थिति है जिसे स्वामी विवेकानंद दिल से स्वीकार करेंगे। डिजिटल बुकलेट, ऑनलाइन पोर्टल, यूट्यूब वीडियो - आध्यात्मिक मामलों पर अच्छा मार्गदर्शन और मोक्ष किसी के लिए भी उपलब्ध है जो थोड़ा सा झुकाव और पर्याप्त अवकाश है।

मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) के बारे में नौकरशाही और राजनीतिक हलकों में बढ़ती जागरूकता, और सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) जैसी हालिया वैश्विक पहल मात्रा और गुणवत्ता के बीच और संपत्ति निर्माण और नागरिक कल्याण के बीच संतुलन के मजबूत संकेत हैं। फिर भी हम केवल नीतियों पर निर्भर नहीं रह सकते हैं, चाहे वे पार्टियों या कॉरपोरेट्स की हों - जबकि वे बहुत मायने रखते हैं, हमारे साथी मनुष्यों के साथ एक गहरा रिश्ता - परिवार, पड़ोसी, सहयोगी, साथी सदस्य आदि - उनके कल्याण के बारे में चिंतित होने के लिए हद तक - उस मूल मानवीय मूल्य को समय-समय पर जल्दी और सुदृढ़ किया जाना है। अमेरिका के एक पूर्व प्रोफेसर और हिमालयन ट्रेकर के रूप में, बाबा राम दास ने हाल ही में कहा, ''हम सब एक दूसरे के घर चल रहे हैं।''

पैदल/ट्रैकिंग का विषय हमें फिर से याद दिलाएगा कि कैसे स्वामी विवेकानंद ने चार योगों - राजा, भक्ति, कर्म और ज्ञान - को आध्यात्मिक प्रगति के व्यवहार्य मार्ग के रूप में समान महत्व दिया था। उन्होंने उनमें से प्रत्येक पर अदभुत रूप से लिखा, और उनके शब्द हमें अपने स्वयं के संसाधनों और स्वभाव के अनुकूल मार्गों पर आगे बढ़ने के लिए आमंत्रित करते हैं। हम यह भी महसूस करते हैं कि आर्थिक सिद्धांतों में स्वतंत्रता, संस्कृति, सद्भावना जैसी अवधारणाओं को पर्याप्त रूप से नहीं समझा जा सकता है। जबकि हम वर्तमान में जीवित अर्थों की तुलना में मरणोपरांत अधिक आत्मा और आत्मा जैसे शब्दों का उपयोग करते हैं, यह एक अच्छी बात होगी कि अंग्रेजी में लिखते समय भी उस महत्वपूर्ण पहलू को अधिक बार आमंत्रित करने के लिए भारतीय भाषाओं से कुछ भाव लाए जाएं।

# कज़ाखस्तान में खूनी दंगों के कारण

**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक राज्यसभा के पूर्व सदस्य हैं)



**हाल** में कुछ दिनों तक चले प्रदर्शनों के बाद कज़ाखस्तान के सबसे बड़े शहर अलमाटी में सैनिकों ने प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाईं। इन दंगों के कारण सत्तारूढ दल को आपातस्थिति की घोषणा करनी पड़ी। उसने रूस तथा अन्य पूर्व-सोवियत गणतंत्रों से सहायता की अपील भी की जो अब बिखर चुके सोवियत संघ के हिस्से थे। इन दंगों में दर्जनों लोग मारे गए तथा हजारों लोगों को हिरासत में लिया गया। इन घटनाओं के कारण इस मध्य एशियाई देश को 1990 के दशकारंभ में अपनी स्वतंत्रता के बाद से सर्वाधिक हिंसा का शिकार होना पड़ा। लगता है कि रूसी छाताधारी सैनिकों के पहुंचने के एक दिन बाद सुरक्षा बलों ने शहर की मुख्य सड़कों पर अपना नियंत्रण स्थापित कर लिया और उनके द्वारा विद्रोह को कुचल दिया गया।

कज़ाखस्तान रूस और चीन के बीच स्थित है तथा उसकी सीमाएं अन्य तीन पूर्व-सोवियत गणतंत्रों से लगती हैं। यह मध्य एशिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है जहां हाइड्रोकार्बन तथा खनिजों के समृद्ध भंडार हैं। कज़ाखस्तान दुनिया का सर्वोच्च यूरेनियम उत्पादक तथा दुनिया में संयुक्त राज्य अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर सर्वाधिक बिटक्वाइन प्रयोग वाला देश है। यहां 1991 में स्वतंत्रता के बाद से अरबों डालर का विदेशी निवेश हुआ है। कज़ाखस्तान में हालिया अराजकता के कारण नाभिकीय बिजलीघरों को ऊर्जा देने वाले यूरेनियम की कीमतों में 8 प्रतिशत उछाल आया है।

यह दुनिया में तेल का नवां सबसे बड़ा निर्यातक है जहां 2021 में 85.7 मिलियन टन तेल पैदा हुआ था। इसके साथ ही यह दुनिया में दसवां सबसे बड़ा कोयला उत्पादक देश है। कज़ाखस्तान जैसे पेट्रोलियम समृद्ध देश द्वारा तेल के मूल्य बढ़ाना या इनको एक झटके में दूना कर देना आश्चर्यजनक है। यह बात समझ से परे है। लेकिन गैर-कम्युनिस्ट बने पूर्व सोवियत नेताओं का प्रशासन में अच्छा रिकार्ड नहीं है। इन पूर्व-सोवियत देशों में आम जनता का मानना है कि उनके नेता भ्रष्ट हैं, भले ही उनके भ्रष्टचार का खुलासा हुआ हो या नहीं। किर्गिस्तान के वर्तमान प्रधानमंत्री कासिम जोमार्ट टोकायेव सत्ता में नए हैं। उन्होंने हाल ही में 81 वर्षीय नूरसुल्तान नजरबायेव से सत्ता अपने हाथों में ली है और अभी उन्हें अपनी योग्यता सिद्ध करनी है। रूस के लिए कज़ाखस्तान अत्यधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि मानव अंतरिक्ष मिशन भेजने वाला मास्का का एकमात्र लांचिंग पैड बाइकानूर कास्मोड्रोम यहीं स्थित है। रूस में ऐसा कोई अन्य कास्मोड्रोम नहीं है और इसी कारण वह बाइकानूर को किसी अन्य के हाथों में नहीं पड़ने देना चाहता है। दूसरी ओर रूसी राष्ट्रपति



व्लादीमिर पुतिन की सरकार यूक्रेन के मामले में व्यस्त है और उसने उसकी दक्षिणपूर्वी सीमा पर बड़ी संख्या में सेना तैनात कर रखी है। ऐसे में रूस कज़ाखस्तान में सैनिक भेज कर हस्तक्षेप करने का बहुत इच्छुक नहीं था। इसके साथ ही चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कज़ाखस्तान के प्रधानमंत्री टोकायेव को संदेश भेज कर यह सुनिश्चित करने के लिए कहा था कि जनता के खिलाफ उनकी सरकार की कार्रवाई अत्यधिक जिम्मेदाराना होनी चाहिए। चीन और कज़ाखस्तान की एक सीमा साझी है। विशाल देश चीन जमीन का भूखा देश है, जबकि कज़ाखस्तान भूमि क्षेत्र को देखते हुए दुनिया का एक सबसे बड़ा देश है जहां प्रति वर्ग किलोमीटर केवल 6 लोग रहते हैं। ऐसे में कज़ाखस्तान को बहुत सावधान रहना होगा। इस बात पर बहुत कुछ निर्भर करता है कि उसकी सरकार विद्रोहियों के खिलाफ कितना नरम या कठोर व्यवहार करती है। कज़ाखस्तान के नागरिकों में विद्रोह की भावना व्याप्त है। वर्तमान समय में यहां मास्को द्वारा फौरन भेजे गए लगभग 3,000 सैनिकों की उपस्थिति से कानून व्यवस्था की स्थिति ठीक हुई है। ये सैनिक सड़कों पर मौजूद हैं और उनको उपद्रवियों को देखते ही गोली मारने के आदेश हैं। सैकड़ों आंदोलनकारी कजाक नागरिक मारे जा चुके हैं तथा सैकड़ों अन्य घायल हुए हैं।

यदि हम अमेरिकी विदेश सचिव एंटोनी ब्लिंकेन के राजनयिक कदमों को अनदेखा करें तो कज़ाखस्तान की तस्वीर पूरी नहीं होगी। ब्लिंकेन ने कहा था कि राष्ट्रपति बाइडेन के प्रशासन को कज़ाखस्तान के घटनाक्रम पर बहुत 'चिन्ता' है। ब्लिंकेन ने जोर देकर कज़ाखस्तान के संवैधानिक संस्थानों को पूर्ण समर्थन देने की बात कही। उन्होंने मानवाधिकारों तथा मीडिया की स्वतंत्रता का सम्मान करने की बात भी जोरदार तरीके से सामने रखी। इन बयानों से स्पष्ट है कि कज़ाखस्तान की वर्तमान घटनाओं में विभिन्न पक्ष दिलचस्पी ले रहे हैं और वे स्थितियों को अपने दृष्टिकोण से बदलना चाहते हैं। लेकिन इस बात पर आश्चर्य होता है कि आखिरकार अमेरिका इस सुदूर मध्य एशियाई देश में क्या करना चाहता है। कज़ाखस्तान के घटनाक्रम के बारे में मीडिया में दो और बिंदुओं पर चर्चा हो रही है। अनुमान था कि यदि जनता अलमाटी की सड़कों पर रूसी सैनिकों को देखेगी तो उसकी प्रतिक्रिया बहुत गंभीर होगी।

इसी तरह यह अनुमान भी था कि यदि रूसी अपने सैनिकों को अलमाटी की सड़कों पर कजाक विद्रोहियों की गोलियों से मरता देखेंगे तो उनकी भी प्रतिक्रिया बहुत हिंसक होगी। मास्को और अलमाटी की सत्ता में बैठे सर्वोच्च लोगों को छोड़ कर कोई यह नहीं जानता हे कि कज़ाखस्तान की सड़कों पर क्या हो रहा है। ऐसे में केवल अनुमान लगाया जा सकता है कि टोकायेव सरकार के राजनीतिक विरोधियों ने अवसर का सही लाभ उठा कर सरकार उलटने का प्रयास किया। लेकिन हम अभी यह नहीं जानते कि विद्रोह करने वाले राजनीतिक रूप से स्वेच्छाचारी हैं या लोकतंत्र के समर्थक। हालांकि, सरकार ने अपनी ओर से इन विद्रोहियों को डकैत या आतंकवादी कहा है।

लेकिन एक चीज निश्चित है कि इतिहास स्वेच्छाचारी या तानाशाही शासनों के खिलाफ है। वर्तमान समय में सूचनाओं और ज्ञान का प्रसार दिमाग चकराने वाले स्तर तक पहुंच गया है। सूचना प्रौद्योगिकी, गूगल, यूट्यूब, विविधतापूर्ण मोबाइल टेलीफोन तकनीकों तथा सुपरस्मार्ट फोन, ईमेल आदि के कारण आज किसी चीज को छिपाना बहुत कठिन है। अभी हाल में टीवी से यह जानने को मिला कि धरती पर हर दो लोगों के बीच एक के पास मोबाइल फोन है। ऐसे में स्पष्ट रूप से तथ्यों का पता फौरन एक झटके में चल जाता है, हालांकि तथ्यों के बाद उनकी व्याख्या का पता चलना जरूरी नहीं है। सौ साल पहले कुछ ही लोग यह बहस कर सकते थे कि स्वेच्छाचारिता या तानाशाही तथा लोकतंत्र में क्या बेहतर है। बहुत से लोग एक उदार तानाशाह को आदर्श मध्यमार्गी व्यवस्था मानते थे। लेकिन अब सूचनाओं की बढ़ती प्रेरणा के कारण निश्चित रूप से यह स्थिति नहीं है।

## आप की बात

### जावेद हबीब की गिरफ्तारी क्यों नहीं?

**मंसूरपुर** थाना क्षेत्र में आयोजित सेमिनार में बड़ोत की महिला पूजा गुप्ता का हेयर स्टाइल बनाते हुए जावेद हबीब ने उनके बालों में थूक दिया। वह तो इस प्रकरण का वीडियो वायरल हो गया इस कारण पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करनी पड़ी वरना रिपोर्ट भी दर्ज नहीं होती । अभी तक पुलिस ने कार्यवाही कर वीडियो सबूत होने के बावजूद जावेद हबीब को गिरफ्तार क्यों नहीं किया? अब तो जावेद हबीब की ओर से रिपोर्ट लिखवाने वाली प्रताड़ित महिला को रिपोर्ट वापस लेने की धमकियां भी दी जा रही है। उधर हबीब ने राष्ट्रीय महिला आयोग में लिखित माफी मांग कर इस घटना को एक नाटक बताया और महिला आयोग ने भी सिर्फ भविष्य में ऐसा ना होने की चेतावनी देकर हबीब को छोड़ दिया । जबकि इस अपराध के लिए महिला आयोग को मुजफ्फरनगर पुलिस से पूछना चाहिए था कि अभी तक हबीब पर कार्यवाही क्यों नहीं हुई? क्या महिला का हेयर स्टाइल बनाते हुए बालों में थूकना सिर्फ एक नाटक था या एक साजिश? सिर्फ चेतावनी देने से क्या महिलाओं के सम्मान की वापसी हो जाती है? ऐसे में जावेद हबीब पर अपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा जाना चाहिए?

– **अतिवीर जैन**, मेरठ

### यह तो उचित नहीं!

**उत्तर** प्रदेश में राजनीतिक घमासान जारी है। दलबदल के जरिए सत्ता तक पहुंचने के प्रयास हो रहे हैं। ऐसा चुनावों के समय अक्सर होता ही है मगर जिस तरह की कार्यवाही सामने आ रही है वह प्रासंगिक तो नहीं लगती है। भाजपा छोड़ चुके पूर्व मंत्री मौर्य को अगले ही दिन वारंट राजनीति से प्रेरित लगता है। इस तरह की परंपरा को खुद भाजपा को रोकना होगा। राजनीति में भी कुछ नीति-नियम, कायदे हो तो वह जनहित के मामलों का उचित समाधान कर सकती है। इससे न सिर्फ सरकार अपितु उसके बाहर भी सामंजस्य नजर आता है लेकिन उत्तर प्रदेश में दल बदल के चलते जो परिदृश्य दिख रहा है वह उचित नहीं लगता।पूर्व मंत्री मौर्य के भाजपा छोड़ते ही अगले दिन गिरफ्तारी का वारंट इस बात का द्योतक है कि राजनीति में स्वार्थ जब तक कायम रहेंगे तब तक न्याय की उम्मीद नहीं की जा सकती। देवी-देवताओं के अपमान को लेकर पेंडिंग पड़े मामले को अचानक खोला जाना राजनीतिक शुचिता के लिए उचित नहीं है। भाजपा इस तरह की विचारधारा से बाहर निकलकर समय पर ही उचित कदम उठाए चाहे उसके नेता/ कार्यकर्ता कितना भी बड़ा क्यों ना हो?

– **अमृतलाल मारू,** दसई, मप्र

### मौर्य का इस्तीफा

**यह** पत्र 'मौर्य का इस्तीफा' से संबंधित है। बसपा से भाजपा में आए स्वामी प्रसाद मौर्य और उनके साथ कई अन्य नेताओं का भाजपा से पलायन कोई बहुत बड़ी चौंकाने वाली बात नहीं है। हमेशा से चुनावों से पहले नेताओं द्वारा दल बदली और उसके बाद हॉर्स ट्रेडिंग यह भारतीय राजनीति का सामान्य हिस्सा है। राजनीतिक हलकों मे वैसे भी यह चर्चा चल रही थी कि लगभग 80-100 विधायकों को भाजपा इस बार टिकट नहीं देने वाली है तो ऐसे मे नेताओं का डल छोड़ना स्वाभाविक ही है। कांग्रेस को छोड़ कर भी कुछ लोगों ने सपा का दामन संभाला है। यह तय है की कांटे की टक्कर भाजपा और सपा के बीच की है। और इसमें दो कद्दावर नेताओं, योगी और अखिलेश यादव के बीच सीधी सीधी लड़ाई है। एक समय था की जातिगत, धर्म के समीकरणों पर ही चुनाव लड़ा जाता था उत्तर प्रदेश में आज का वोटर बहुत बुद्धिमान हो गया है वह रोजगार, विकास, कोरोना काल मे हुई स्थिति और धर्म इन सभी मुद्दों पर दोनों को तोल कर ही अपना बहुमूल्य वोट डालेगा।

– **बाल गोविंद,** सेक्टर44, नोएडा

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**पूर्वी** लद्दाख के बल स्तर कमोबेश समान हैं तथा हमारी तरफ बढ़ोतरी हुई है।

– **जनरल मनोज नरवने**
भारतीय सेना प्रमुख

**मैं** मई 2020 की गार्डन पार्टी के लिए क्षमा मांगना चाहता हूं। पश्चदृष्टि से मुझे सभी को भीतर भेज देना चाहिए था।

– **बोरिस जॉनसन**
ब्रिटिश प्रधानमंत्री





**श्री** मोदी की सुरक्षा को जानबूझकर खतरे में डाला गया था। ऐसे संवेदनशील मामले का सीएम और कांग्रेस के अन्य नेताओं ने मजाक उड़ाया।

– **जेपी नड्डा**
राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा

आवारा पशुओं पर निगरानी रखे जाने की कही बात...

# नोडल अफसर ने किया आकस्मिक निरीक्षण, दिए निर्देश

● तीन दिवसीय जनपद दौरे पर आयीं थीं नोडल अफसर

संवाददाता। सीतापुर



**कमिश्नर वाणिज्य** कर/नोडल अधिकारी मिनिस्ती एस ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कोविड-19 टीकाकरण की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान नोडल अधिकारी ने शीतलहर में कम्बल वितरण, निराश्रित आश्रय स्थल, अलाव आदि की समीक्षा की। उन्होंने अपर जिलाधिकारी राम भरत तिवारी से जानकारी लिया कि जनपद में कितने कम्बल वितरण हुये हैं। लाभार्थियों के चयन का क्या मानक है, कहां-कहां अलाव की व्यवस्था की गयी है तथा कितने रैन बसेरे हैं आदि की भी जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिये कि रैन बसेरा एवं अलाव का रात्रि में आकस्मिक निरीक्षण कराया जाये तथा जरूरतमदों को कम्बल वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि रैन बसेरे कहां-कहां स्थित हैं की जानकारी लोगों को विभिन्न माध्यमों से उपलब्ध करायी जाये। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा0 प्रभात कुमार सिंह को निर्देश दिये कि गौआश्रय स्थलों पर पशुओं की निगरानी रखी जाये तथा उनके चारे, भूसे, पानी, साफ-सफाई आदि की समुचित व्यवस्थाएं दुरूस्त की जायें तथा लम्बित उपभोग प्रमाण-पत्र तत्काल शासन को प्रेषित करते हुये जिलाधिकारी को सूचित करने के निर्देश दिये। टैग एवं अनटैग्ड पशुओं की भी जानकारी नोडल अधिकारी ने ली। उन्होंने निर्देश दिये कि ऐसे टैगिंग युक्त पशुओं को चिन्हित किया जाये जिन्हें पालन करने वालों ने उन्हें बेसहारा छोड़ दिया है, इस चिन्हांकन प्रक्रिया में गांव के प्रधानों, चौकीदारों, पूर्व प्रधानों आदि से सूचनाएं लेकर पशु पालकों पर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होंने थानाध्यक्षों, उपनिरीक्षकों को कड़े निर्देश दिये कि जो लोग बेसहारा जानवरों को विद्यालय/कालेजों में बन्द कर रहे हैं ऐसे पशुओं की किसी भी स्थिति में मृत्यु होती है तो बन्द करने वाले लोगों को चिन्हित कर सुसंगत धाराओं में कड़ी कार्यवाही अमल में लायी जाये। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि कोविड टीकाकरण में नियुक्त किये गये नोडल अधिकारियों को अपने स्तर से निर्देशित करें कि वह टीकाकरण कैम्प का प्रतिदिन निरीक्षण करते हुये शाम तक रिपोर्ट जिलाधिकारी को प्रस्तुत करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर उपलब्ध मशीनों को क्रियाशील बनाये रखा जाये तथा इनकी नियमित रूप से निगरानी भी की जाये। मशीन संचालकों की प्रतिदिन रिपोर्ट तैयार की जाये कि कौन समय से आ रहा है और कौन अपने कार्यों के प्रति लापरवाही बरत रहा है। लापरवाही करने वाले मशीन संचालकों पर कड़ी कार्यवाही एवं प्रतिकूल प्रविष्टि अमल में लायी जाये। साथ ही यह भी निर्देश दिये कि ऐसे स्वास्थ्य कर्मियों की निगरानी रखी जाये जो समय से स्वास्थ्य केन्द्र पर नहीं आ रहे है इनकी सूची तैयार कर शासन को प्रेषित की जाये ताकि इन पर कार्यवाही की जा सके। साथ ही यह भी निर्देश दिये कि टीकाकरण में विशेष योगदान देने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुररूकृत भी किया जाये। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने कोविड टीकाकरण प्रबंधन के विषय में जनपद स्तर पर की जा रही कार्यवाहियों के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। नोडल अधिकारी आश्वस्त किया कि उनके निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुये टीकाकरण के लक्ष्य को शीघ्र पूर्ण किया जायेगा। साथ ही मार्गदर्शन के लिये धन्यवाद भी ज्ञापित किया। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा, अपर जिलाधिकारी राम भरत तिवारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. मधु गैरोला सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मिल रहा आशीर्वाद, जनता भाजपा के साथः अवनीश रावत

● लाभार्थी संपर्क अभियान में पहुंचे भाजपा नेता



**सीतापुर।** भाजपा नेता अवनीश रावत ने कहा कि केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार ने बगैर भेदभाव के जनहित की योजनाएं बनाई और उनको अमली जामा पहनाया। बहुत से ऐसा परिवार जिनके लिए पक्का मकान एक सपना भर था। उन सपनों को भाजपा सरकार ने साकार किया। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना में लोगों को मुफ्त राशन दिया गया, प्रदेश सरकार भी मुफ्त राशन तेल, नमक, दाल आदि का वितरण करवा रही है। यह बात सिधौली क्षेत्र के गांवो का भ्रमण करते हुए भाजपा नेता अवनीश रावत ने कही। उधर भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने रामकोट मंडल के सेक्टर मधवापुर के बूथ संख्या 201 पर लोगो से जनसम्पर्क किया। जिलाध्यक्ष लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत जनसंपर्क को निकले थे। मधवापुर में घर-घर दस्तक देने दौरान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने पूरी हुई हर आस, घर-घर हुआ विकास के स्टीकर घरों की दीवारों पर लगाए। इस दौरान लोगों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में बताया। घर-घर दस्तक देकर सरकार की उपलब्धियों का पत्रक भी दिया। सभी लोगों को मुफ्त टीका लगाया जा रहा है। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी पवन सिंह, मुकेश मिश्रा, अनूप पांडेय, अमित दीक्षित, उमाशंकर, अजय वर्मा, शिव प्रसाद, रामचंद्र, आदि मौजूद रहे।

# कबड्डी में शिवम मिश्रा व 400 मीटर बालिका दौड़ में स्नेहा शुक्ला ने मारी बाजी

● नेहरू युवा केंद्र सीतापुर द्वारा हुई थी प्रतियोगिताएं

संवाददाता। सीतापुर



**स्वामी विवेकानंद** जयंती अवसर पर नेहरू युवा केंद्र सीतापुर द्वारा जिला युवा अधिकारी रोशनी पटवा के निर्देशन में विभिन्न विकास खंडों में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है । विकासखंड पिसावा द्वारा एन वाई वी राजन बाजपेई के नेतृत्व में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन बाबू सिंह इंटर कॉलेज मैदान इटावा में किया गया जिसमें विकासखंड के विभिन्न स्थानों से खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया दो दिवसीय प्रतियोगिता में 200 मीटर और 400 मीटर बालक बालिका दौड़ कबड्डी प्रतियोगिता लंबी कूद ऊंची कूद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के समापन व पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र नेता अनुराग तिवारी , विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी अशोक सिंह ,खेल प्रशिक्षक पिसावा देशदीपक राज व विद्यालय के प्रधानाचार्य देवेश सिंह मौजूद रहे मां सरस्वती का विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अनुराग तिवारी ने कहा की युवा भीड़ का हिस्सा नहीं बल्कि देश का भाग्यविधाता है भारत सर्वाधिक युवाओं वाला देश है स्वामी विवेकानंद के सपनों को साकार करना हमारी प्राथमिकता है खेल से जहां शारीरिक व मानसिक होता है वही स्वावलंबी बनने का अडिग विश्वास उत्पन्न होता है विशिष्ट अतिथि अशोक चुन्नी कार्यक्रम के सफल आयोजन सराहना करते हुए ग्रामीण युवाओं के उत्थान हेतु खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की बात कही। कबड्डी प्रतियोगिता में कारी पाकर शिवम मिश्रा की टीम विजई हुई वही उपविजेता सिंगरौली से रितेश सिंह रहे। 400 मीटर सीनियर बालक दौड़ में रक्षक प्रथम राजीव द्वितीय सचिन तृतीय स्थान पर रहे 400 मीटर बालिका दौड़ में स्नेहा शुक्ला प्रथम गीता देवी द्वितीय वह रोशनी प्रति विजेता घोषित हुई। लंबी कूद में अशफाक प्रथम आदित्य द्वितीय अजीत तृतीय स्थान पर रहे सभी विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किया गया।

# सोलह स्वास्थ्यकर्मी हुए कोविड पॉजिटिव

● शुरू हुआ सीएचसी मितौली का सैनिटाइजेशन

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**सीएचसी** मितौली पर कार्यरत 16 स्वास्थ्य कर्मियों के पॉजिटिव आने के दृष्टिगत 48 घंटों के लिए सीएससी को बंद कर दिया गया है। इस दौरान कोविड जांच और वैक्सीनेशन सहित इमरजेंसी सेवाएं चालू रहेंगी।

एसीएमओ डॉण् अनिल कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली से कार्यरत 16 स्वास्थ्य कर्मियों के कोविड पॉजिटिव आने के चलते ऐेतिहातन सीएचसी को 48 घंटों के लिए बंद किया जा रहा है। वहीं पूरी सीएचसी को सैनिटाइज भी किया जा रहा है। इस दौरान कोविड जांच, वैक्सीनेशन और इमरजेंसी सेवाओं सहित टीकाकरण जारी रहेगा। सभी पॉजिटिव स्वास्थ्य कर्मियों के संपर्क में आए अन्य कर्मियों की भी जांच कराई गई है। वहीं इन सभी की कॉन्ट्रैक्ट ट्रेसिंग के निर्देश भी जारी किए गए हैं। यह सभी कर्मचारी एंटीजन किट की जांच में पॉजिटिव पाए गए हैं। इस संबंध में अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली को निर्देशित कर दिया गया है।

# आवारा पशुओं से लोग हलकान, अधिकारी मौन

संवाददाता। सिंगाही-खीरी



**विकासखंड** निघासन में शासन प्रशासन की उपेक्षा के चलते आवारा पशुओं की संख्या दिन पर दिन बढ़ रही है टेगिंग लगे गौवंशी पशु किसानों की फसलों को चौपट कर रहे हैं क्षेत्रीय प्रशासन सब कुछ जान कर अंजान बना हुआ है। दिन पर दिन बड़ रही इस विकराल समस्या के लिए जन प्रतिनिधि भी समाधान नही खोज रहे है।

विकासखंड निघासन में आवारा पशुओं की संख्या दिन पर दिन बढ़ रही है जिससे सड़क गांव खेत पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है सड़क पर राहगीरों का सडक पर चलना मुश्किल है आए दिन आवारा पशु इस सड़क दुर्घटना का अक्षर कारण बनते हैं गांव में सड़कों पर आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है खेतों पर किसानों की हरी.भरी फसल को गौवौशी पशु चौपट कर रहे है। समस्या दिन पर दिन विकराल होती जा रही है क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन भी इस समस्या का समाधान ढूंढने में नाकाम है आवारा पशुओं का आतंक इलाके में दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है अभी हाल में ही प्रमुख सचिव ने क्षेत्रीय प्रशासन को आदेश दिया था कि गांव वंशी पशुओं की समस्या के समाधान के लिए प्रशासन ठोस कदम उठाए लेकिन प्रशासन अपनी नाकामी छुपने के लिए तरह-तरह के बहाने ढूंढ लेता है ग्राम सिंगहां कलां नौरंगाबाद बथुआ मोतीपुर सहित समुचे विकास क्षेत्र में यह गो वंशी पशुओं की समस्या धीरे.धीरे विकराल होती जा रही है किसान दिन रात एक करें अपनी फसल बचाते हैं लेकिन जरा सी चूक होने पर उनकी फसल को यह गोवंश पशु चौपट कर जाते हैं जिसके उनके मन में आक्रोश पनप रहा है और क्षेत्र अभी विधानसभा के चुनाव में भी जनप्रतिनिधियों को भी इस समस्या का खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। खण्ड विकास अधिकारी भी इस समस्या को लेकर समाधान के लिए कोई ठीक.ठाक उत्तर नहीं दे पाए।

इस बावत बीडीओ निघासन राकेश सिंह ने बताया कि ग्रामीणों ने दुध खाने के बाद गौवंशीय पशुओं को छोड़ दिया है जिससे यह समस्या है अभी ग्राम प्रधानों से बात करुगा शीघ्र ही समाधान किया जायेगा।

# पांच साल में भी नहीं बन सका मैलानी खुटार मार्ग

**मैलानी खीरी।** जहां एक तरफप्रदेश के मुखिया योगी आदित्य नाथ ने सडकों को सरकार बनते ही समस्त रोडो को गड्ढा मुक्त करने का ऐलान किया था परन्तु पांच साल सरकार के कार्यकाल मे शाहजहांपुर से पलिया जाने वाला रोड जिसके मध्य खुटार से मैलानी के बीच काफी मात्रा पूर्णतया गडढो मे तब्दील हुए वर्षो गुजर गये इस दौरान अभी न जाने कितने दुपहिया और चौपहिया वाहन सवारों को जान जोखिम मे डाल कर यात्रा करते समय जख्मी हो गये और न जाने कितने लोग काल के गाल में भी समा चुके हैं अनेकों बार इस तरह की खबरें समाचार पत्रों तथा टी वी चैनलों मे भी प्रसारण किया गया परन्तु इसके बाबजूद भी सरकार द्वारा इस रोड को बनवाने के शायद कोई आदेश नहीं पारित किये जबकि निरन्तर मैलानी जंगल मे रोडो मे बने गडढो की खातिर दुर्घटनाओं का सिलसिला जारी साथ वाहन भी काफी मात्रा मे क्षतिग्रस्त होते रहते है यहा तक पैदल राहगीरों को गुजरते समय किसी वाहन को पलटने का भय बना रहता है जनता ने सरकार से शीघ्र से शीघ्र रोड बनवाने की मांग की है ।

## क्विक न्यूज

### शुक्रवार को जिले में 51 नए कोरोना मरीज पाए गए



**सीतापुर।** सीतापुर में कोरोना का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है। नए मामलों की संख्या हर दिन बढ़ रही है। आज फिर जिले में 51 नए मरीज पाए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग से जारी रिपोर्ट के मुताबिक आज 28 पुरुष और 23 महिलाएं संक्रमित पाई गई हैं। इनमें 0 से 10 साल का एक मरीज भी पाया गया है। जबकि 11 से 20 साल के चार, 21 से 55 साल तक के 37 मरीज और 55 साल के ऊपर के 9 मरीज मिले हैं। जिले में लगातार बढ़ रहा कोरोना संक्रमण का दायरा आने वाले खतरे की आहट है। हर किसी को सावधान और सजग रहने की जरूरत है। ताकि कोरोना पर काबू पाया जा सके और हालात बेकाबू न होने पाएं। स्वास्थ्य विभाग ने कोरोना से बचाव के लिए कोविड गाइडलाइन के पालन की अपील आम जनमानस से की है।

### ई-रिक्शा यूनियन और जिला प्रशासन के बीच समझौता

**सीतापुर।** देहात क्षेत्र व शहरी क्षेत्र में गरीबों की सेवा में बेरोज़गारी से त्रस्त ,कोरौना काल में घर वापसी को मजबूर,वह गरीब जो सीतापुर से बाहर मेहनत मजदूरी से अपना जीवन यापन कर रहे थे,अब ई- रिक्शा चलाकर अपना और अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं! परंतु जिला प्रशासन द्वारा आए दिन किए जा रहे उत्पीड़न से परेशान हैं। यह बात यूनियन अध्यक्ष पिंदर सिंह सिद्धू ने कल अपराह्न बस अड्डे सीतापुर, पुलिस पिटाई से आहत तीन रिक्शा चालकों के पक्ष में जीआईसी मैदान पर सैंकड़ों की संख्या में हड़ताल पर बैठे चालकों को संबोधित करते हुए कही!यूनियन संरक्षक शिव प्रकाश सिंह ने कहा प्रशासन से बात हुई है, संगठन पदाधिकारियों से हुई वार्ता में यह निर्णय लिया गया कि संगठन से जुड़े रिक्शा चालकों को यातायात नियमों का पालन करना होगा! नाबालिग और किसी भी प्रकार से नशे की हालत में चालक रिक्शा नहीं चलाएगा!रिक्शा सम्पूर्ण कागजी शर्तें पूरी करेगा!सवारी के लिए आपस में कोई विवाद नहीं होगा और चार से अधिक सवारी नहीं होंगी! ई-रिक्शा चालकों को सड़क के किनारे सवारी उतारते हुए जाम की स्थिति से बचना होगा!प्रशासन से हुई वार्ता में उपरोक्त बिन्दुओं पर सहमति के बाद धरना समाप्ति का निर्णय लिया गया!धरना स्थल पर प्रशान्त गुप्ता,मो0इमरान, लालता प्रसाद,बाबा अशरफ,मो0 नदीम,अरविन्द कुमार,नागा नागेश्वर, मो0आरिफ,रंजीत सिंह एडवोकेट, मीडिया प्रभारी मेराज खान व शिवम सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में चालक भाई उपस्थित थे!

### 200 किमी साइकिलिंग पूरी कर प्रायशी ने बढ़ाया बरेली का गौरव



**बरेली।** कुछ कर गुजरने के जज्बे के सामने उम्र कभी आड़े नहीं आती। शहर की प्रयासी पांडे ने एक माह के अभ्यास के बाद ही 200 किलोमीटर साइक्लिंग कर बीआरएम पूरा करने वाली शहर की पहली महिला साइकिलिस्ट बन गई। प्रायशी पांडे जिनकी स्कूली शिक्षा माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल बरेली से हुई, कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड इंजीनियरिंग की छात्रा है और सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहती हैं। प्रायशी ने उदयपुर में 12 दिसम्बर को हुए इंवेट के ठीक एक माह पहले साइक्लिंग करने की ठानी और अभ्यास शुरू किया सॉफ्टवेयर इंजीनियर प्रयासी ने खेल में रूचि होने के कारण राष्ट्रीय स्तर पर बैडमिंटन में अपने कॉलेज का प्रतिनिधित्व किया। इसके अलावा वॉलीबाल और शतरंज में भी अपने हाथ आजमा चुकी हैं। पांडे ने दिमागी घोड़े दौड़ाकर जिला स्तर पर शतरंज प्रतियोगिता में विजेता भी रहीं है।राजिस्थान ही नहीं बल्कि पूरे देश के सभी साइकिलिंग क्लबों को हर साल नवंबर से अक्टूबर के बीच बीआरएम के आयोजन करने के लिए ऑडेक्स इंडिया रेंडोन्यूर्स के तहत पंजीकरण मिलता है। उदयपुर साइकलिंग क्लब ने हाल में प्रयासी को उनके बेहतर प्रयास के लिए सम्मानित भी किया।

### शटर का कुंडा काटकर मेडिकल स्टोर से चोरी



**बरेली।** तिवारी मार्केट में तिवारी मेडिकल हाल की दुकान में चोरो ने शटर का कुंडा काटकर की हजारो की चोरी पड़ोसी ने दुकान मालिक को दी ।सूचना मोके पर पहुचे दुकान मालिक ने देखा दुकान के शटर के कुंडे कटे हुए थे । दराज से रुपये दवा और दुकान का लाइसेंस गायब था । पुलिस को सूचना दी मोके पर पहुची पुलिस ने क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किये ।दुकान मालिक ने पुलिस को तहरीर दे दी है । थाना प्रेम नगर के क्षेत्र राम जानकी मंदिर के पास तिवारी मार्केट में तिवारी मेडिकल हाल सपा नेत्री नीरज तिवारी का है। दुकान पर उनका बेटा अनमोल तिवारी बैठता है । शाम को मेडिकल की दुकान को बंद करके गया था। सुबह दुकान के पड़ोसी ने सूचना दी बताया आपकी दुकान के ताले टूटे हुए है। लगता है चोरी हो गई है मोके पर नीरज तिवारी और अनमोल पहुचे उन्होंने देखा दुकान के शटर के कुंडे कटे हुए थे । ताला पेड़ की तरफपड़े हुए थे । दुकान को चेक किया उसमे से 60 हजार रुपये नगद और दवा दुकान का लाइसेंस गायब था।

### स्नान, दान व सूर्य उपासना के पर्व मकर संक्रांति पर हुए कार्यक्रम



**बरेली।** जिले के प्रत्येक बूथ पर खिचड़ी सहभोज का कार्यक्रम हुआ। जिला अध्यक्ष पवन शर्मा व जिला प्रभारी संतोष सिंह ने विधानसभा नवाबगंज के मंडल अहमदाबाद के शक्ति केंद्र रिछोला ताराचंद के ग्राम- काशीधर्मपुर में सर्वसमाज के साथ खिचड़ी सहभोज किया। जिला प्रभारीध्प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि मकर संक्रांति का पर्व सामाजिक समरसता के साथ साथ सामाजिक उत्थान का संदेश भी देता है। इस पर्व का सनातन धर्म और हिन्दू संस्कृति में खासा महत्व है। इसलिए इस पर्व को हम उत्सव के रूप में मनाते हैं।इस अवसर पर डॉ नरेंद्र गंगवार, वीरपाल गंगवार, अभय चौहान, राहुल साहू, मंडल अध्यक्ष सरजू गंगवार, बूथ अध्यक्ष जितेंद्र कुमार, शक्तिकेन्द्र संयोजक जयंती प्रसाद आदि कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### गोवध अधिनियम में चार भेजे गये जेल

**मोहम्मदी-खीरी।** कोतवाली मोहम्मदी कस्बे से गोवध को लिए चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि कस्बा पुलिस ने गोवध के लिए जा रहे एक गाय सहित 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनमें तौहीद, मोहम्मद मियां, शहनूर और अकरम कुरैशी मोहल्ला देवी स्थान के हैं। जिनके सभी के ऊपर कई कई मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चारों को जेल भेज दिया है। गोवध में चाकू व छुरी सहित अन्य उपकरण भी बरामद किए गए हैं।

# रैन बसेरों का हाल जानने पहुंचे कमिश्नर



संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**गुरुवार** की रात करीब दस बजे नोडल अफसर, आयुक्त लखनऊ मंडल रंजन कुमार ने डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के साथ जिला मुख्यालय पर नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित रैन बसेरों का स्थलीय निरीक्षण कर सूरत ए हाल जाना। नोडल अफसर ने डीएम महेंद्र बहादुर सिंहए एडीएम संजय सिंह के साथ नपाप लखीमपुर द्वारा रोडवेज बस अड्डे पर एक ही परिसर में पुरुष व महिला हेतु अलग.अलग बनाए गए रैन बसेरे देखे। जिसमें पुरुषों हेतु 12 बेड व महिलाओं हेतु 03 बेड उपलब्ध मिले। रैन बसेरे में शरण लिए लोगों से प्रशासन की ओर से उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। नोडल के समक्ष सभी ने बेहतर व्यवस्थाएं होने की बात कही। नोडल के पूछने पर रैन बसेरा प्रभारी नगर निकाय लिपिक देवाशीष मुखर्जी ने सीसीटीवी कैमरेए पेयजल की उपलब्धता, रूम हीटर सहित अन्य जरूरी सुविधाओं की जानकारी दी। इसके बाद नोडल अधिकारी नपाप लखीमपुर द्वारा रेलवे स्टेशन के सामने, ओवर ब्रिज के नीचे 32 बेड वाले रैन बसेरे को देखने पहुंचे। जिसमें 30 पुरुष व दो महिलाओं ने शरण ले रखी थी।

नोडल अधिकारी ने रैन बसेरे में उपलब्ध सीसीटीवी, मॉस्किटो क्वाएल, मेडिकल किट, सैनिटाइजर, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, रूम हीटर सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं मिलने पर प्रशंसा जाहिर की। इस दौरान उन्होंने रैन बसेरे में उपलब्ध पंजिका भी देखी। उन्होंने शहर में भ्रमण सील रहकर अलाव स्थलों का भी अवलोकन किया।

इस दौरान अलाव स्थलों पर लोग बड़ी संख्या में आग तापते नजर आए। निरीक्षण के दौरान एडीएम संजय कुमार सिंह, एसडीएम सदर राजेश कुमार, ईओ, नगरपालिका आरआर अम्बेश सहित तहसील व नगरीय निकाय के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# कड़कड़ाती ठंड में गरीब और असहायों को बांटे गये कम्बल



**चन्दन चौकी।** प्रताप नारायण मिश्र स्मारक सरस्वती विधा मंदिर में थारू जनजाति के गरीब असहाय लोगों को कम्बल वितरण किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि महेंद्र बंसल ने लगभग दो दर्जन से अधिक लोगों को कम्बल वितरण किया और विद्यालय प्रधानाचार्य बलदेव श्रीवास्तव से कहा कि गरीब असहाय लोगों को जितने लोग कम्बल पाने के लायक हो उनकी सूची बनाकर उपलब्ध कराएं में ऐसी कडा़के की शर्दी से लोग परेशान है मै उनको दोबारा कम्बल वितरण की व्यवस्था करूंगा। मुख्य अतिथि का विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य बलदेव श्रीवास्तव ने कहा कि इस कडा़के की शर्दी को मद्देनजर देखते हुए प्रबंधन समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि जरूरत मंद बच्चों को स्वेटर वितरण किया जाय सभी की सहमति से आज विद्यालय में कम्बल वितरण कर्यक्रम सफल रहा। इस दौरान अभिभावक समेत विद्यालय स्टाप मौजूद रहा।

# गो-आश्रय स्थल खंभारखेड़ा पहुंचे नोडल अधिकारी



**लखीमपुर खीरी।** गुरुवार की देर रात अचानक करीब 11:15 बजे नोडल अधिकारी, आयुक्त लखनऊ मंडल रंजन कुमार, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एडीएम संजय सिंह के साथ नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित अस्थाई गो आश्रय स्थल खंभारखेड़ा पहुंचे जहां उन्होंने करीब एक घंटे रुककर गोवंश हेतु प्रशासन की ओर से की व्यवस्थाओं का सघन अनुश्रवण किया।

नोडल अधिकारी ने आश्रय स्थल में गोवंश को ठंड से बचाने के लिए किए गए मुकम्मल इंतजामों की पड़ताल की। ईओ आरआर अम्बेश ने बताया कि वर्तमान में आश्रय स्थल में 306 गोवंश संरक्षित है। नोडल अफसर ने आश्रय स्थल में स्थापित दो बड़े एवं दो छोटे शेड में संरक्षित गोवंश देखे। उन्होंने जाना की गोवंश के बीमार होने पर उन्हें कौन सी औषधियां दी जाती है। उन्होंने आश्रय स्थल के प्रभारी से गोवंश को खिलाने वाले चारे एवं भूसा दाने आदि की उपलब्धता जानी। उन्होंने गोवंश के चिकित्सा हेतु चिकित्सकों का मोमेंट जाना। उन्होंने आश्रय स्थल का पैदल भ्रमण कर चारों ओर लगी डीसी वायर फेंसिंग देखी। उन्होंने चारा कटर मशीनए गोबर की लकड़ी बनाने वाली मशीन की क्रियाशीलता समेत अन्य व्यवस्थाओं की पड़ताल की। निरीक्षण के दौरान कई गोवंश आग के समीप बैठे मिले। उन्होंने आश्रय स्थल में भंडारित पशु आहारए पैदा किए जाने वाले हरे चारे की उपलब्धता, गोवंश की चिकित्सा, टीकाकरण सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं सहित ठंड के दृष्टिगत गोवंश के लिए इंतजाम की सघन समीक्षा की। उन्होंने आश्रय स्थल की विभिन्न पंजिकाओ का भी अवलोकन किया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

नोडल अफसर ने गो आश्रय स्थल को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उसमें वर्मी एवं ऑर्गेनिक कंपोस्ट का निर्माण, उपले का निर्माण, गोबर के उत्पाद का निर्माण, मत्स्य एवं कुक्कुट पालन, जीवामृत का निर्माण सहित अनेक गतिविधिया चलाकर आश्रय स्थलों को आत्मनिर्भर बनाने पर अफसरों संग चर्चा की। निरीक्षण के दौरान एडीएम संजय सिंह, एसडीएम सदर राजेश कुमार, ईओ नपाप लखीमपुर आरआर अंबेश, आश्रय स्थल के प्रभारी जितेंद्र सिंह, लेखाकार प्रहलाद सिंह, देवाशीष मुखर्जी समेत नगरीय निकाय के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# मन्दाकिनी में डुबकी लगाकर किया खिचड़ी दान

## ● मकरसंक्रान्ति पर जुटे लाखों श्रद्धालु


भरतकूप मेले का लुत्फ लेते श्रद्धालु।

**चित्रकूट।** मकरसंक्रान्ति पर्व पर लाखों श्रद्धालुओं ने मन्दाकिनी में डुबकी लगाकर खिचड़ी व तिल का दान किया। श्रद्धालुओं ने कामतानाथ की परिक्रमा लगाई। धूप निकलने के बावजूद शीतलहर से श्रद्धालु कांपते रहे। प्रशासन ने सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किये थे। पहाड़ी व भरतकूप क्षेत्र में लगे मेले का लोगों ने लुत्फ उठाया। शीतलहर के बीच शुक्रवार को मकरसंक्रान्ति पर्व पर मन्दाकिनी में डुबकी लगाने लाखों श्रद्धालु पहुंचे। पुरोहितों के अनुसार मकरसंक्रान्ति पर्व आज व कल भी होने के चलते उत्साहपूर्वक मनाया गया। तीर्थस्थल में मकरसंक्रान्ति पर्व धूमधाम से मनाया गया। शहर के पुलघाट व मन्दाकिनी रामघाट में लाखों ने डुबकी लगाकर चावल व मूंग की दाल मिलाकर खिचड़ी दान किया। शहर व ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं ने कामदगिरि की परिक्रमा की। घाट किनारे लगी दुकानों में बच्चों ने जमकर खरीद्दारी की।

हनुमानधारा, भरत मिलाप, गुप्त गोदावरी, स्फटिक शिला, सूरजकुण्ड, बाल्मीकि आश्रम पर श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर गरीबों को खिचड़ी दान दी। भरतकूप के ऐतिहासिक कुयें के जल से स्नान करने को देर शाम तक हजारों श्रद्धालु जमा रहे। मान्यता है कि भरत जी ने भगवान राम के राज्याभिषेक को लाये गये सभी तीर्थों का जल इसी कुयें में डाला था। इससे कुयें के पानी से स्नान करना पुण्यकारी माना जाता है। बताते हैं कि मकरसंक्रान्ति पर तिल का विशेष महत्व है। तिल के उबटन से नहाने, दीन-दुखियों को तिल के लड्डू दान करने से पुण्य प्राप्त होता है। तिल की आहुति देकर तिलों को खाने से व्यक्ति साल भर स्वस्थ्य व प्रसन्न तथा पापरहित रहता है। मऊ व राजापुर कस्बे के तुलसी घाट पर हजारों महिला-पुरुषों ने यमुना में स्नान कर दान दिया। आसपास सैकड़ों दुकानें सजी रहीं। सांईपुर गांव में हिन्दू-मुस्लिम आस्था के प्रसिद्ध सूफी सन्त सांईबाबा का मेला शुरू हुआ। मेले में हजारों लोगों ने मन्नतें मांगी। दिनभर कड़ी धूप के चलते श्रद्धालुओं को कोई परेशानी नहीं हुई। भरतकूप में लगे मेले में लोगों ने झूला-झूलकर तथा गन्नों की खरीद्दारी कर मेला का लुत्फ उठाया।

## स्टेटिक टीम ने बीज कारोबारी से पकड़े साढ़े 13 लाख

**चित्रकूट।** विधानसभा चुनाव 2022 सम्पन्न कराने को स्टेटिक टीमें सीमा पर तैनात हैं। स्टेटिक टीम ने जांच दौरान गुरुवार को देर शाम बांदा सीमा रसिन मोड पर कार से साढ़े 13 लाख रुपये ले जाते नकद पकडा है। शुक्रवार को स्टेटिक टीम के मुखिया ने बताया कि अयोध्या के कारोबारी के साढ़े 13 लाख रुपये की जांच आयकर विभाग की टीम कर रही है। विधानसभा चुनाव दौरान किसी तरह की गडबडी न हो। इसके लिए स्टेटिक टीमें सीमा पर तैनात हैं। सीओ सिटी शीतला प्रसाद पाण्डेय ने बताया कि बरामद साढे 13 लाख रुपये की नकदी अयोध्या निवासी बीज कारोबारी अवधेश दुबे की है। वह सब्जी के बीज कई जिलों में आपूर्ति करते हैं। पूंछताछ में बताया है कि यहां पर दुकानों से बीज आपूर्ति की धनराशि वसूली कर बदौसा जा रहे थे। सीओ ने बताया कि बरामद नकदी जब्त कर ली गई है। आयकर टीम को जांच सौंपी गई है। बरामद नकदी की बाबत व्यापारी से दस्तावेज मांगे गये हैं।

## तीन बजे ही टीकाकरण शिविर बंद मिलने पर एडीएम ने जताई नाराजगी

**कोंच (जालौन)।** वैक्सीनेशन के लिए शुक्रवार को नगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी टीकाकरण शिविरों का आयोजन किया गया। एडीएम पूनम निगम द्वारा किए गए औचक निरीक्षण में नगर के कमोवेश सभी शिविर बंद मिले जिस पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई, कहा कि जब शाम 5 बजे तक कैंप करने के निर्देश हैं तो 3 बजे कैसे कर्मचारी भाग खड़े हुए। उन्होंने पालिका क्षेत्र में महज 47 प्रतिशत लोगों को ही दूसरी डोज दिए जाने को बेहद खराब स्थिति होना बताया और कैंपों की संख्या बढाने पर जोर दिया।

ओमीक्रोन के बढते खतरों के बीच शासन का पूरा जोर अधिकाधिक लोगों को टीके से आच्छादित करने पर है जिसके तहत जिला प्रशासन को 20 जनवरी तक सभी को दूसरी डोज लगाए जाने की हिदायत दी गई है। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देश पर शुक्रवार को जिले भर में मेगा वैक्सीनेशन अभियान चलाया गया। एडीएम पूनम निगम को 3 बजे के बाद सभी कैंप बंद मिले जिस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जाहिर की। कोंच तहसील क्षेत्रांतर्गत पालिका क्षेत्र में लगाए गए 9 शिविरों में न के बराबर लोगों को टीके लगाए जाने की स्थिति पर भी वे काफी खफा दिखीं और सीएचसी अधीक्षक डॉ. आरके शुक्ला को टीकाकरण में तेजी लाने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी महोदया ने वैक्सीनेशन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं ताकि टीकाकरण का प्रतिशत बढाया जा सके और 20 जनवरी तक सभी को दोनों डोज का लक्ष्य पूरा किया जा सके। इस दौरान एसडीएम राजेश सिंह, तहसीलदार नरेंद्र कुमार, लेखपाल सदर नरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। उधर, पीएचसी पिंडारी में विभिन्न गांवों में 45 केंद्रों पर लगभग एक हजार का टीकाकरण किया गया।

## पत्रकार की मृत्यु पर शोक सभा आयोजित


शोकसभा में भाग लेते ग्रापए के पदाधिकारी

**मौदहा (हमीरपुर)।** एनडीटीवी के राष्ट्रीय स्तर के पत्रकार कमाल खान का अचानक ह्दयाघात से मौत हो जाने से पत्रकार जगत में शोक की लहर फैल गई। नगर के ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के कार्यालय में एक शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें एनडीटीवी व अमर उजाला के वरिष्ठ पत्रकार सलाउद्दीन ने कमाल खान के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए समाज व देश के हित के लिए उनके द्वारा किए गए प्रयासों पर चर्चा करते हुए कहा कि कमाल खान के इस तरह से जाने से सभी लोगों को बहुत आघात पहुंचा है, शायद ही पत्रकार जगत में उनकी कमी की भरपाई हो सकेगी।

# अस्पताल की पैथालाजी में प्रायवेट प्रैक्टिस के मरीजो की भी होती है जांच

## ● सीएमएस ने उच्चाधिकारियो से की शिकायत

**हमीरपुर।** जिला महिला अस्पताल का विवाद लगातार गहराता जा रहा है, अस्पताल की पैथालाजी में महिला डाक्टर द्वारा प्रायवेट मरीजो के रोगो की भी जांच की जाती है इस मामले मे अस्पताल की सीएमएस ने आपत्ति जताते हुये उच्चाधिकारियो से शिकायत की है। जिला अस्पताल की सीएमएस फौजिया अंजुम रोमानी द्वारा भ्रष्टाचार पर रोक क्या लगायी कि व्यवस्था बद् से बद्तर हो गयी है। अस्पताल की डाक्टर द्वारा प्रायवेट प्रैक्टिस में देखे गये मरीजो की जांच अस्पताल की पैथालाजी से करायी जा रही है जो गैरकानूनी है। सीएमएस ने बताया कि अस्पताल की पैथालाजी में डियूटी के दौरान जो डाक्टर जांच के लिये पैथालाजी के लिये रिफर करती है वही जांचे की जाती है, मगर डा आशा सचान द्वारा प्रायवेट मरीजो को देखने के बाद समस्त जांचे महिला अस्पताल से कराती है जो गैरकानूनी है। इसके लिये उनके पास प्रमाण है, मामले की शिकायत उच्चाधिकारियो से की गयी है। जांच कर्मी द्वारा जो रिपोर्ट दी जातीहै उसमे किसी डाक्टर के नाम का उल्लेख नही किया जाता है। उनका कहना है कि जब भी वह किसी कर्मी से मरीजो के हित की बात करती है तभी विवाद शुरु हो जाता है। इसके पहले भी कई मामलो में विवाद हो चुका है। महिला अस्पताल में पहली मर्तवा इस प्रकार का वातावरण देखा जा रहा है जहा पर किसी का कोई नियंत्रण नही है। मरीजो का कहना है कि अस्पताल में डाक्टरो व कर्मियो के मध्य चल रहे विवाद से मरीजो का नुकसान हो रहा है इस मामले में शासन व प्रशासन को हस्तक्षेप करना चाहिये मगर इस पर प्रशासन कुछ संज्ञान नही ले रहा है।

## हार-जीत के दांव के बीच उड़ती रहीं पतंगें

**चित्रकूट।** मकरसंक्रान्ति पर्व पर आसमान से खिली धूप का लोगों ने भरपूर आनन्द लिया। इस मौके पर पतंगबाजों में दिनभर खासी होड़ मची रही। एक-दूसरे की पतंग काटने को लोगों ने हार-जीत के दांव भी लगाये। सवेरे शीतलहर रही। पूर्वान्ह 11 बजे तेज धूप के चलते जहां देखो वहां, लोग पतंग उड़ाते नजर आये। दो दिनी मकरसंक्रान्ति के पहले दिन सवेरे आठ बजे से आसमान से धूप खिली तो लोगों के चेहरे खिल उठे। दिनभर रही धूप का लोगों ने लुत्फ उठाया। हालांकि शाम पांच बजे के बाद फिर गलन ने लोगों को अलाव के नजदीक जाने को मजबूर कर दिया। इधर, दिनभर खिली धूप में पतंगबाजों में खासी होड़ देखने को मिली। पतंगबाज अपनी पतंग को आसमान की बुलंदियों तक ले जाने को बेताब दिखे, वहीं कुछ अति उत्साही युवाओं ने एक-दूसरे की पतंग काटने को हार-जीत की बाजियां भी लगाईं। कौन-किसकी-कितनी ज्यादा पतंगें काटता है, इसे लेकर देखने वालों में भी खासा रोमांच रहा।

# कामदगिरि प्रमुख द्वार के गोलोकवासी महंत प्रेम पुजारी दास महाराज के जन्मोत्सव पर निकाली शोभायात्रा


शोभा यात्रा निकालते शिष्य।

**चित्रकूट।** श्री कामदगिरि ट्रस्ट राम मोहल्ला प्रमुख द्वार के गोलोकवासी कामदगिरि पीठाधीश्वर ट्रस्ट के संस्थापक सिंहस्थ भूषण प्रेम पुजारी दास का 112वां जन्मोत्सव धर्मनगरी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर रामनाम संकीर्तन और गाजे बाजे के साथ धर्मनगरी के साधु, संतों एवं शिष्यों ने सामूहिक कामदगिरि की परिक्रमा कर भव्य शोभायात्रा निकाली। प्रमुख द्वार के महंत जगदगुरु स्वामी रामस्वरूप आचार्य महाराज एवं व्यवस्थापक संत मदन गोपाल दास महाराज के नेतृत्व में शोभायात्रा एवं व्याख्यानमाला हुए।

शक्रवार को कामदगिरि प्रमुख द्वार के व्यवस्थापक मदन गोपाल दास महाराज ने बताया कि सिंहस्थ भूषण महंत प्रेम पुजारी दास के जन्मोत्सव का चित्रकूट में उल्लास है। उनका जन्म 14 जनवरी 1910 को हुआ और वर्ष 1984 में ब्रह्मलीन हो गए थे। उनका आध्यात्मिक जीवन धर्मनगरी चित्रकूट के दीनहीन, निराश्रित लोगों की सेवा करना परमेश्वर की सेवा तुल्य है। इनका पूर्व नाम उमाशंकर मिश्र था जो कि बाद में आश्रम के तत्कालिन महंत पंचम दास ने प्रेम पुजारी दास नाम दिया, क्योंकि उनका प्रेम सभी जीवो के लिए एक समान था।

वह पशु और पक्षियों को भी मनुष्यों के भांति ही प्रेम भाव रखते थे। सभी जीवो के साथ प्रेम भाव रखने के चलते ही उनका नाम प्रेम पुजारी पड़ा। रामानंदी संप्रदाय से जुड़े होने के चलते विरक्त भाव का व्यक्ति ही ट्रस्ट का अधिकारी बन सकता है। शिक्षा के क्षेत्र में चित्रकूट उपेक्षित था। उन्होंने उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की स्थापना इसी उद्देश्य को लेकर की। गौशाला, पाठशाला, औषधालय, भंडारा आदि संचालित कराया था। संत मदन गोपालदास ने बताया कि महंत प्रेम पुजारी दास महाराज की जन्मभूमि बाराबंकी उत्तर प्रदेश है। वर्ष 1952 से 1957 तक वह हैदरगढ़ क्षेत्र से विधायक थे।

राजनीतिक जीवन से संन्यास लेकर उन्होंने चित्रकूट को अपनी आध्यात्मिक कर्म स्थली बनाया। कामदगिरि पीठाधीश्वर अखिल भारतीय निर्मोही अखाड़ा से जुड़ा हुआ है। रामानंदी संप्रदाय का अनुसरण करते हैं। सर्वप्रथम पंजाबी भगवान के महंत ने जन्मोत्सव मनाया था। जिसके पश्चात प्रतिवर्ष उनका जन्म उत्सव मनाया जाने लगा। वर्तमान समय में महाराज रामस्वरूप आचार्य की स्वीकृति से पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ सुंदर चित्रकूट आदि प्रकल्प शुरू किए गए हैं।

## क्विक न्यूज

### दबंग ने महिला को गालीगलौज कर मारापीटा

**कुरारा(हमीरपुर)।** कुरारा थाना क्षेत्र के पारा गांवनिवासी महिला ने गाली गलौज व मारपीट करने की शिकायत पुलिस से की है। गांव की अशोक कुमारी पत्नी गंगा केवट ने पुलिस को बताया कि गांव निवासी राममिलन ने दरवाजे पर आकर गाली गलौज किया मना करने पर मारपीट की जिससे चोट आई है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है। कुरारा थाना क्षेत्र के पतारा ग्राम पंचायत के मजरा हरेहटा गांव निवासी महिला ने गाली गलौज व मारपीट करने की तहरीर पति ,पत्नी व पुत्री के खिलाफदेकर कार्यवाही की मांग की है । वही पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया है। गांव की ममता पत्नी नंद किशोर ने थाने में तहरीर देकर बताया की गांव निवासी शिवकरन व इसकी पत्नी गया श्री व पुत्री अंजलि ने गाली गलौज किया मना करने पर मारपीट की। जिससे चोट आई है।

### अंधाधुंध फायरिंग कर दहशत फैलायी

**राठ(हमीरपुर)।** कोतवाली के स्यावरी गांव में एक दर्जन युवकों ने गाली गलौज कर घर के बाहर जमकर फायरिंग की। जिससे गांव में सनसनी फैल गयी लोग अपने अपने घरो में दुबक गये। गांव के कैलाश सिंह राजपूत ने बताया कि कल रात वह अपने घर पर था। तभी हरिशंकर अपने एक दर्जन से अधिक साथियों के साथ उसके घर पर आया और गाली गलौच करते हुए दरवाजा खटखटाया। जब उसने दरवाजा नहीं खोला तो हरिशंकर व उसके साथ आये अन्य लोगों ने अवैध असलहों से फायरिंग शुरू कर दी। उक्त दबंग गालियां देते हुए व फायरिंग करते हुए जानमाल की धमकी देकर भाग खड़े हुए। उसने डायल 112 पुलिस को जानकारी देकर बुलाया था। कोतवाल आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम को भेजकर मामले की जांच कराई जा रही है।

### छेड़खानी का मुकदमा दर्ज

**कुरारा(हमीरपुर)।** कुरारा थाना क्षेत्र के जमरेही ऊपर गांव निवासी युवती ने रिश्तेदारी में आये युवक द्वारा बुरी नीयत से हाथ पकड़कर अश्लील हरकत करने की शिकायत पर पुलिस ने छेड़खानी करने का मुकदमा दर्ज किया है। गांव की युवती ने पुलिस को बताया कि शाम को जब में गांव के बाहर खेत की तरफशौच के लिए जा रही थी। वहां पर पहले से बैठे गांवनिवासी रामराज पुत्र रामसेवक का साला प्रदीप पुत्र रामकिशोर निवासी कुम्हु पुर थाना ललपुरा पीछे आया तथा हाथ पकड़ कर खेतो की तरफखींचने लगा। तथा अश्लील हरकत करने लगा। जब मैने विरोध कर शोर मचाया तो वह जान से मारने की धमकी देकर मौकेसे भाग निकला। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़ खानी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। वहीं आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर है।

### आर्थिक तंगी से परेशान वृद्ध फांसी पर झूला

**राठ(हमीरपुर)।** कोतवाली के मसगवां ग्राम में आर्थिक तंगी और कर्ज से परेशान वृद्ध किसान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक गांव के 69 वर्षीय मलखान राजपूत के पास छह बीघा जमीन थी उसने खेत में मटर की फसल बोई थी। फसल खराब होने पर मलखान परेशान रहने लगा थे। इलाहाबाद बैंक एक लाख दस हजार और साहूकारों का एक लाख रुपये कर्ज था। कर्ज न चुकने पर वह दुखी व डिप्रेशन में रहता था। कल शाम मलखान ने फांसी लगाकर जान देदी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

### तमंचे के साथ युवक घर में घुसा, महिला से की छेड़खानी

**राठ(हमीरपुर)।** कोतवाली के एक गांव में एक व्यक्ति ने घर में घुसकर महिला के साथ बुरी नियत से अभद्रता कर छेड़खानी कर दी। गुरूवार की गांव वह अपने घर के आंगन में बैठकर आग ताप रही थी। गांव का भगत तमंचा लेकर उसके घर में घुस आया। जब उसने घर में घुस आने का कारण पूंछा तो वह बुरी नियत से उसके साथ अभद्रता व गाली गलौच करने लगा। आरोप लगाया कि विरोध करने पर उसके साथ छेड़खानी कर दी। शोर मचाने पर वह तमंचा लहराता हुए भाग गया।

### दो युवक किये गये जिला बदर

**कुरारा(हमीरपुर)।** कुरारा कस्बा निवासी दो युवकों को 6 माह के लिए थाना पुलिस ने जिला मजिस्ट्रेट की संस्तुति पर जिला बदर की कार्यवाही की है। कस्बा के वार्ड 1 निवासी रवि उर्फप्रधान पुत्र रामआसरे तथा रवि पुत्र दासी के खिलाफथाने में आपराधिक मामले दर्ज है। इनके खिलाफ जिला बदर की कार्यवाहीं के लिए 6 माह के लिए जिला बदर की कार्यवाही की है।

### मकर संक्राति मे मेले का आयोजन

**कुरारा(हमीरपुर)।** कुरारा विकास खंड क्षेत्र के रिठारी गांव स्थित फक्कड़ बाबा स्थान पर मकर संक्राति के अवसर पर ग्रामीणों के सहयोग से मेला का आयोजन किया गया। क्षेत्र के रिठारी गांव स्थित फक्कड़ बाबा के स्थान पर प्रतिवर्ष की तरह मकर संक्राति के अवसर परग्रामीणों के सहयोग से मेला का आयोजन किया गया। जिसमें मंदिर में दर्शन कर प्रसाद चढ़ाकर पूजा अर्चना की।

## अमित रावत बने स्वच्छता सर्वेक्षण के ब्रांड एम्बेसडर

**कोंच( जालौन )।** नगर पालिका परिषद कोंच द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के लिये मुहल्ला जयप्रकाश नगर निवासी पूर्व सभासद व जिला योजना समिति के पूर्व सदस्य अमित रावत को नगर का ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त कर उनसे नगर को और अधिक साफसुथरा एवं सुंदर बनाने में सक्रिय योगदान देने की अपेक्षा की। पालिकाध्यक्ष डॉ. सरिता वर्मा ने अमित रावत को नियुक्ति पत्र सौंपा। वहीं अमित रावत ने कहा कि नगर को स्वच्छ बनाए रखना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। नपा द्वारा मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। स्वच्छता को अपना कर ही स्वस्थ समाज की संकल्पना को साकार किया जा सकता है। स्वच्छता व्यक्तिगत नहीं बल्कि समाज के लिए होनी चाहिए ऐसे संकल्पों को पूरा करने के लिए सामाजिक, शैक्षणिक संगठन और मीडिया महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। नगर व क्षेत्र की जनता को शपथ लेनी होगी की नगर को स्वच्छ बनाने के लिए हम सभी मिलकर सतत प्रयास करेंगे।

# चुनाव के चलते नौ लोगों पर लगा गुण्डा एक्ट, 137 लीटर शराब हुई बरामद


पुलिस गिरफ्त में शराब कारोबारी।

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देश पर पुलिस ने नौ पर गुण्डाएक्ट व एक के खिलाफमिनी गुण्डाएक्ट की कार्यवाही की है। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों पर धडाधड कार्यवाही जारी है। शुक्रवार को कोतवाली कर्वी के कोतवाल राजीव कुमार सिंह ने अनिल कुमार पुत्र जगदीश गौतम निवासी छपरामाफी, अमित तिवारी पुत्र लखन निवासी लक्ष्मण पहाडी खोही, राजापुर थानाध्यक्ष ने चुनबुद पुत्र रामखेलावन, उदयभान पुत्र रामनिहोरे निवासी तीरधुमाई गंगू, पहाडी थानाध्यक्ष अजीत पाण्डेय ने शिवाकान्त उर्फ पंडा पुत्र राजकरन निवासी देवीपुरवा ओरा, महिपाल यादव पुत्र चुनकू निवासी हर्रा व मऊ थानाध्यक्ष आनन्द सिंह ने गुड्डन मिश्रा पुत्र उमेशचन्द्र निवासी शिवपुर, प्रमोद उर्फ बबलू पुत्र विद्याधर त्रिपाठी निवासी मंडौर और मारकुण्डी थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने सुरेन्द्र द्विवेदी पुत्र रामप्रसाद निवासी शम्भू वैद का पुरवा किहुनिया पर श्रीयूपी गुण्डाएक्ट की कार्यवाही की है। बरगढ थानाध्यक्ष शिवमूरत यादव ने रामकुमार पुत्र रामदास निवासी कलचिहा पर मिनी गुण्डाएक्ट की कार्यवाही की है। चुनाव के मद्देनजर अपराधियों के खिलाफ धडाधड कार्यवाही होने से जिले में खलबली मची है। जिले की पुलिस ने पांच लोगों के कब्जे से 137 लीटर महुआ की शराब व 38 क्वार्टर देशी शराब बरामद कर चालान किया है।

# यूपी बोर्ड परीक्षा को बनाए 38 केन्द्र

**संवाददाता।** चित्रकूट

**माध्यमिक शिक्षा परिषद** उत्तर प्रदेश यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा को जिले में 38 परीक्षा केन्द्रों की सूची बनाई गई है। तय केन्द्रों पर 13 जनवरी की शाम पांच बजे तक ई-मेल या डॉक से जिला विद्यालय निरीक्षक के यहां आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है। शुक्रवार को जिला विद्यालय निरीक्षक बलिराज राम ने बताया कि राजकीय बालिका इंटरकालेज कर्वी, चित्रकूट इंटर कालेज कर्वी, जनसेवा इंटर कालेज कर्वी, सेठ राधा कृष्ण पोद्दार इंटर कालेज सीतापुर, राजकीय इंटर कालेज घुरेटनपुर, रतननाथ इंटर कालेज रसिन, बीबी सरस्वती इंटर कालेज बेडीपुलिया, ज्ञान भारती इंटर कालेज कर्वी, छत्रपति साहू जी महाराज इंटर कालेज रगौली, देशराज कृषक उमा विद्यालय काडीखेरा, परम विद्या मन्दिर इंटर कालेज बरवारा, राजकीय इंटर कालेज बरगढ, महर्षि बाल्मीकि इंटर कालेज खण्डेहा, पं पुरुषोत्तम द्विवेदी इंटर कालेज मऊ, प्राणनाथ इंटर कालेज बरगढ, एश सिंह पटेल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लालतारोड, महात्मा ज्योतिबा राव फुले इंटर कालेज रामनगर, आलोक सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिवलहा, आदर्श इंटर कालेज मानिकपुर, त्यागी इंटर कालेज ऐंचवारा को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

कृष्ण इंटर कालेज भौंरी, बजरंग इंटर कालेज सपहा, शंकर इंटर कालेज देवकली, संतरीता हाईस्कूल मानिकपुर, राजकीय बालिका इंटठर कालेज राजापुर, श्रीगोस्वामी इंटर कालेज छीबों, तुलसी इंटर कालेज राजापुर, नाथूराम संकटमोचन इंटर कालेज बछरन, हनुमत इंटर कालेज नांदीतौरा, पालेश्वरनाथ इंटर कालेज पहाडी, सरधुआ इंटर कालेज, महादेव इंटर कालेज नांदिनकुर्मियान, सियासिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खोंपा, हरीमोहन सिंह इंटर कालेज बछरन में भी परीक्षा कराने की तैयारी है।

# सड़कों पर कीचड़ के चलते ग्रामीण मुसीबत से जूझ रहे

## ● पानी निकासी की व्यवस्था ठीक कराने की डीएम से मांग


गांव की सड़कों पर पसरा दलदली कीचड़।

**जालौन (उरई)।** दहगुवां गांव में मुख्य सड़क पर कीचड़ ही कीचड़ नजर आ रहा है। लोगों को कीचड़ से होकर निकलना पड़ रहा है। जिससे गांव के लोग परेशान हैं। ग्रामीणों ने पानी की निकासी की व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग जिलाधिकारी से की है। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम दहगुवां के बाशिदें इन दिनों मुसीबत से जूझ रहे हैं। गांव में पानी व कीचड़ से लोगों का चलना मुश्किल हो रहा है। एक तो वैसे ही सर्दी का मौसम चल रहा है ऐसे में कहीं अगर जाना हो तो ठंडे और गंदे पानी से होकर लोगों को निकलना पड़ रहा है। गांव में वर्षों पूर्व खडंजा बिछाया गया था। जो अब पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है। नालियां टूटी होने की वजह से पानी की निकासी की उचित व्यवस्था नहीं है। ऐसे में पानी सड़कों पर ही भरा रहता है। पानी व मिट्टी के मिलने से सड़क पर कीचड़ ही कीचड़ नजर आ रहा है। गांव में यदि कोई दोपहिया वाहन से जाता है तो कीचड़ में निकलना मुश्किल होता है। कई बार बाइक सवार कीचड़ में गिरकर चुटहिल हो चुके हैं। ग्रामीण दीपक, राहुल, बलराम, किशन आदि ने बताया कि ग्रामीण कई बार रास्ते और नालियों को दुरुस्त कराने की शिकायत लिखित व मौखिक रूप से कर चुके हैं। इसके बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई है। गांव के मुख्य रास्ते पर एक बार लगभग 200 मीटर सीसी रोड डलवाई गई थी। उतना हिस्सा सही है बाकी गांव में लगभग यही हालत है। रास्तों की हालत के चलते लोगों का घरों से निकलना दूभर है। बच्चे भी बाहर खेलने के लिए नहीं निकल पाते हैं। कीचड़ व जलभराव से मच्छर व अन्य कीड़े मकोड़ों का भी डर रहता है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से रास्ते को दुरुस्त कराने के साथ ही जलभराव की समस्या के स्थाई समाधान की मांग की है।

## भाजपा नगर इकाई ने कराया खिचड़ी सहभोज

**कोंच( जालौन )।** भाजपा कोंच नगर इकाई के तत्वावधान में मकर संक्रांति के पावन पर्व पर खिचड़ी सहभोज का आयोजन मुख्य मार्ग स्थित डॉ पीडी चन्देरिया के नर्सिंग होम पर नगर प्रभारी अनिल बहुगुणा, नगर अध्यक्ष सुनील लोहिया व जिला मंत्री अंजू अग्रवाल की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान आम नागरिकों एवं राहगीरों के साथ मिलकर खिचड़ी भोज किया गया। इस मौके पर पूर्व नगर अध्यक्ष केशरीमल तरसौलिया, कमलेश चौपड़ा, उपाध्यक्ष दीपक मिश्रा, महामंत्री आशुतोष मिश्रा, ओपी कुशवाहा, मंत्री धर्मेंद्र राठौर, पिछड़ा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बादाम सिंह कुशवाहा, नगर अध्यक्ष किसान मोर्चा अनिल पटेल, सभासद रविकांत कुशवाहा, सभासद अमित गुप्ता उरई, समाजसेवी सुरेश गुप्ता राजू, इलियास मकरानी, सौरभ पुरवार, आशीष मिश्रा, मीरा चन्देरिया, हेमप्रभा सोनी, चतुर्भुज चन्देरिया, जीतू चन्देरिया आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया पदम विभूषण जगद्‌गुरु रामभद्राचार्य का जन्मोत्सव

## ● देश भर से आये शिष्यों ने फूल मालाओ से लादकर जन्मदिन पर लिया आशीर्वाद

**चित्रकूट।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता नवरत्नों शामिल पदम् विभूषण से सम्मानित श्री तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी रामभद्रचार्य महाराज का जन्मोत्सव चित्रकूट में शिष्यों द्वारा 73 किलो के फूलो की भव्य माला पहनाकर एवं केक कटवाकर कोरोना गाइडलाइंस के अनुपालन के साथ बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। पूरा तुलसीपीठ बधाई गीतों से गुंजायमान रहा। भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करने वाले श्री तुलसीपीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानन्दाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य का 73 वां जन्मोत्सव उनके शिष्यों द्वारा धूमधाम से मनाया गया। इस वर्ष कोरोना महामारी के प्रकोप को देखते हुए उत्सव को सीमित रखा गया। कोविड -19 नियमों का पालन करते हुए मुंबई हाईकोर्ट के प्रसिद्ध अधिवक्ता लालजी केवला प्रसाद त्रिपाठी की यजमानी तुलसी पीठ के मानस हाल में वाल्मीकि रामायण पर आधारित रामकथा का आज तृतीय सत्र सम्पन्न हुआ। 12 से 20 जनवरी तक चलने वाली यह कथा जगद्गुरू द्वारा व्याख्यायित यह 1298 वीं कथा है। इस क्रम में आज कथा के उपरांत जगद्गुरू का 73 वां जन्मोत्सव धूम-धाम से मनाया गया। जन्मोत्सव में पूरे देश से आए हुए शिष्यों तथा परिकरों ने उत्साह के साथ भाग लिया। 73 वें जन्मदिवस पर उनके शिष्यों ने 73 किलो की फूलों की माला तथा तथा 73 किलो का लड्डू बनवाया। जगद्गुरू के उत्तराधिकारी आचार्य रामचन्द्र दास ने उन्हें चाँदी का मुकुट तथा रत्नों की माला पहनाई। जगद्गुरू को 73 किलो की माला पहनाई।

काशी हिन्दू विवि के संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रो रमाकान्त पांडेय ने जगद्गुरू से संबन्धित अपना संस्मरण सुनाया। संस्कृत व्याकरण पर जगद्गुरू की जिज्ञाशा तथा उनके समाधान के दिलचस्प प्रसंगों का उल्लेख किया।


जगदगुरू रामभद्राचार्य का जन्मोत्सव मनाते शिष्य।

किस प्रकार गुरुदेव रात्रि के 2-3 बजे भी जिज्ञाशा को शांत करने के लिए फोन मिला देते हैं। राघव सरकार और जगद्गुरू के साहचर्य से संबन्धित कहानियाँ भी लोगों को बताई। जगद्गुरू के मित्र सहपाठी और जगद्गुरू रामभद्राचार्य विश्वविद्यालय के पूर्व रजिस्ट्रार प्रो कांता प्रसाद तिवारी ने भी राघव परिवार को अपने संस्मरण सुनाए। उन्होने विद्यार्थी जीवन में गुरुजी की विलक्षणता, उनकी मेधा तथा परिश्रम की चर्चा की। उन्होने बताया की किस प्रकार टॉप करने की इच्छा रखने वाले सहपाठी गुरुजी के समक्ष परीक्षा ही छोड़ देते थे। उन्होने अपने व्यक्तिगत जीवन में भी जगद्गुरू की कृपाओं का उल्लेख किया। इसके अतिरिक्त जेआरएचयू के कुलपति प्रो योगेश चंद्र दूबे, कुलसचिव आरपी मिश्र, लेखाधिकारी न्यायबन्धु गोयल, सुश्री निर्मला वैष्णव आदि ने भी अपने संस्मरण सभी को सुनाए।

जेआरएचयू के कुलपति ने लोक शैली में अपने कुलाधिपति के लिए बधाई गीत गया। जगद्गुरू की शोध छात्रा तथा जेआरएचयू के संगीत विभाग की प्रभारी ज्योति मिश्रा ने शास्त्रीय शैली में बधाई संगीत प्रस्तुत किया। अंत में उत्तराधिकारी आचार्य रामचन्द्र दास ने अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में गुरु से संबन्धित संस्मरण सुनाए। किस प्रकार जगद्गुरू अपने पुत्रों कि तरह शिष्यों का ध्यान रखते हैं। उन्होने कई जन्मों तक जगद्गुरू की सन्निधि में कार्य करने की कामना व्यक्त की। आचार्य रामचन्द्र दास द्वारा एक बधाई गीत प्रस्तुत किया गया। इस गीत की धुन में सभी श्रोता, श्रद्धालु तथा शिष्य झूम उठे। इसके पश्चात व्यास पीठ की आरती के साथ तृतीय सत्र का समापन किया गया।

### नोडल अधिकारी ने कोविड.19 व उसके टीकाकरण को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक

# दूसरी डोज की प्रगति बढ़ाने के दिए निर्देश

संवाददाता। अमेठी

**अपर** मुख्य सचिव उच्च शिक्षा/जनपद नोडल अधिकारी मोनिका एस. गर्ग ने आज बीएचईएल गेस्ट हाउस जगदीशपुर में जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी डॉ अंकुर लाठर एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ कोविड.19 व उसके टीकाकरण को लेकर बैठक किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। नोडल अधिकारी ने बैठक में कोविड टीकाकरण प्रगति की जानकारी लीए जिस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा सीमा मेहरा ने बताया कि जनपद में निर्धारित लक्ष्य 1422943 के सापेक्ष अब तक 1370567 व्यक्तियों को प्रथम डोज तथा 826982 व्यक्तियों को दूसरी डोज लगाई जा चुकी है इसके साथ ही 15 वर्ष से 18 वर्ष तक के युवाओं के निर्धारित लक्ष्य 130991 के सापेक्ष 50046 युवाओं को प्रथम डोज लगाई जा चुकी है। नोडल अधिकारी ने दूसरी डोज की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर विस्तृत कार्य योजना बनाकर दूसरी डोज की प्रगति बढ़ाई जाएए साथ ही प्रतिदिन लगभग 11000 से ऊपर लोगों को द्वितीय डोज अनिवार्य रूप से लगाई जाए इसके साथ ही नोडल अधिकारी ने जनपद में की जा रही सैंपलिंग की जानकारी ली जिस पर सीएमओ ने बताया कि वर्तमान में प्रतिदिन 2200 से अधिक व्यक्तियों की सैंपलिंग की जा रही हैए नोडल अधिकारी ने सैंपलिंग बढ़ाने के निर्देश दिएए साथ ही जनपद स्तर पर स्थापित एकीकृत कोविड कमांड कंट्रोल सेंटर से प्रतिदिन कोविड पाजिटिव मरीजों से फोन कर उनके स्वास्थ्य संबंधी जानकारी लेने को कहा। उन्होंने कहा कि माघ मेला के दृष्टिगत जो लोग प्रयागराज जनपद से स्नान कर वापस आ रहे हैं उनकी सैंपलिंग अनिवार्य रूप से कराई जाएए निगरानी समितियों के माध्यम से जिन लोगों ने अभी तक टीकाकरण नहीं कराया है उनकी सूची तैयार कराई जाए तथा उसी सूची के माध्यम से लोगों का टीकाकरण सुनिश्चित कराया जाए।


अधिकारियों के साथ बैठक में नोडल अधिकारी मोनिका एस गर्ग — पायनियर

नोडल अधिकारी ने कहा कि वर्तमान में कोविड.19 का संक्रमण तेजी से फैल रहा है जिसके दृष्टिगत जनपद में लगातार जागरूकता अभियान चलाया जाएए लोगों को मास्क लगानेए सैनिटाइजर का प्रयोग करने एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने के संबंध में लगातार जागरूक किया जाए। बैठक के दौरान उक्त के अतिरिक्त अपर जिलाधिकारी न्यायिक आरके द्विवेदी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## मतदाता 23 फरवरी को मतदान करना न भूलें, शत प्रतिशत वोट डाल कर रिकार्ड बनवाने में करें सहयोगः डीएम-एसपी

**रायबरेली।** जनपद में विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2022 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने व सकुशल, निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी वैभव श्रीवास्तव व पुलिस अधीक्षक श्लो कुमार ने मोती लाल नेहरू स्टेडिम में महिला टोली उन्मुखीकरण कार्यशाला का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। डीएम व एसपी ने अपने सम्बोधन में समस्त विधान सभाओं की महिला टोली से विशेष रूप से महिलाओ/पुरूषों का मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए आगे आने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जनपद रायबरेली में 70 से 80 प्रतिशत से अधिक लोगों को विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2022 में मतदान करने के लिए अपने-अपने क्षेंत्रों के लोगों को सजग एवं जागरूक बनायें तथा लोगों को कोरोना संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए लोगों को कोरोना प्रोटोकाल व प्रथम एवं द्वितीय डोज अवश्य लगवाने के लिए भी प्रेरित करें। जिससे जनपद में कोरोना संक्रमण को रोका जा सके। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने समस्त विधान सभाओं की गठित महिला टोली को कहा कि जनपद में मतदान चौथे चरण में 23 फरवरी को मतदान किया जाना नियत है। मतदाता जागरूक होकर शत प्रतिशत मतदान करें। जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि जिन लोगों का मतदान पहचान पत्र नही बना है व लोग अपने क्षेत्रों के बीएलओं से सम्पर्क करके निर्धारित तिथि तक फार्म 06 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा लें। जिलाधिकारी ने महिला टोली की महिलाओं मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता शपथ भी दिलाई। जिलाधिकारी ने महिला टोली में शामिल महिलाओं के बच्चों को चॉकलेट व बिस्कुट भी वितरित किया।जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने कहा कि विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2022 को सकुशल सम्पन्न कराने में महिला टोलियों की महत्वपूर्ण भूमिका है, वह अपनी भूमिका का निर्वहन करें। अपने-अपने क्षेत्रों मे महिला टोलियों द्वारा 70 प्रतिशत से अधिक मतदान कराने वाली टीमों को जनपद स्तर पर प्रथम पुरस्कार के रूपये में 5100 व द्वितीय 3100 तथा तृतीय पुरस्कार 2100 रूपये के साथ ही सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। इसके अलावा विधान सभा स्तर पर भी मतदान प्रतिशत बढ़ाने वाली महिला टोली को प्रथम पुरस्कार के रूप में 3100, द्वितीय 2100 व तृतीय पुरस्कार 1100 रूपये व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। प्रत्येक महिला टोली को 20 बूथ दिये गये है। टोली में 20 महिलाए शामिल की गई है जो संख्या आवश्यकतानुसार बढ़ायी जा सकती है। जनपद में 120 महिला टोलियों का गठन किया गया है। जिसके द्वारा विधानसभा क्षेत्रों के मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक किया जायेगा।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का हुआ निरीक्षण

**ऊंचाहार,रायबरेली।** रायबरेली नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कायाकल्प अवॉर्ड के तहत राज्य स्तरीय तीन सदस्यीय टीम ने व्यव्यस्थाओं का जायजा लिया,नार्म के तहत विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया गया।शुक्रवार को राज्य स्तरीय टीम की राज्य सलाहकार डॉ कमल मिश्रा ,डॉ सलमान व डॉ रविकांत जिला सलाहकार की टीम काया कल्प अवार्ड के तहत सीएचसी का निरीक्षण करने पहुंचे। जहाँ उन्होंने वार्ड, फार्मेसी, लैब, प्रसव कक्ष व साफ्सफाई की व्यव्यस्थाओं का जायजा लिया।निरीक्षण करने वाली टीम स्वास्थ्य व्यवस्था से संतुष्ट नजर आई।इसके अलावा काया कल्प अवार्ड के तहत सीएचसी का चयन हो जाये इसके लिए टीम ने जरूरी टिप्स भी दिये, जिसके बाद वो वापस लौट गए।इस मौके पर स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डॉ शुभकरन, डॉ महमूद अख्तर, डॉ निधि समेत स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही।

## नोडल अधिकारी ने कोविड कन्ट्रोल रूम का किया आकस्मिक निरीक्षण

संवाददाता। श्रावस्ती

**जिले** के नोडल अधिकारी एस0वी0एस0 रंगाराव की अध्यक्षता में एन0आई0सी0 सभागार में जनपद में कोविड.19 एवं संचारी रोग नियंत्रण एवं बचाव आदि की व्यवस्था की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नोडल अधिकारी ने निगरानी समितियां एवं इंटीग्रेटेड कोविड कमांड एण्ड कन्ट्रोल सेंटर्स ;आई0सी0सी0सी0द्ध की पूर्ण सक्रियताए निगरानी समितियों द्वारा बिना टीकाकरण व्यक्तियों की सूची उपलब्ध कराये जानेए होम आईसोलेशन में गए लोगों के साथ चिकित्सकों का संवाद तथा निगरानी समितियों का सक्रिय योगदानए कोरोना लक्षण युक्त व्यक्तियों के होम आइसोलेशन में इलाज एवं उनकी निरंतर मॉनीटरिंगए प्रत्येक कोविड पॉजिटिव व्यक्तियों को मेडिसिन किट की उपलब्धताए कोविड के उपचार में उपयोगी जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धताए जनपदीय आईसी0सी0सी0 में चिकित्सकों का पैनल तैनात करते हुए व्यक्तियों को टेलीकंसल्टेशन की सुविधा एवं टेलीकन्सल्टेशन के लिए पृथक पृथक जारी नंबर की समीक्षाए अस्पतालों में आवश्यक इन्फ्रास्ट्रक्चर यथा ऑक्सीजन प्लांट क्रियाशीलए ऑक्सीजन कंसंट्रेटरए वैन्टीलेटरए आई0सी0यू0 बेडए आईसोलेशन बेड एंबुलेंसए दवाओं आदि की उपलब्धता आदि के लिये मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया। तदोपरान्त नोडल अधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित आई0सी0सी0सी0 ;एकीकृत कोविड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेंटरद्ध का आकस्मिक निरीक्षण किया तथा सभी व्यवस्थाओं के चुस्त.दुरूस्त कराने के निर्देश दिये। इसके साथ ही नोडल अधिकारी ने कन्ट्रोल रूम में लगाये गये कर्मचारियों की उपस्थिति का भी अवलोकन कियाए तथा होम आइसोलेशन एवं क्वारंटाइन सेंटर की जानकारी ली। इस दौरान जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने नोडल अधिकारी को अवगत कराया कि जिले में जगह.जगह विशेष कैम्प का आयोजन कर कोविड.19 टीकाकरण किया जा रहा है। तथा उनका समय.समय पर निरीक्षण भी किया जाता है। 15 से 17 वर्ष के बच्चों के टीकाकरण हेतु कैम्प चलाये जा रहे है। जिससे शत.प्रतिशत लक्ष्य को पूरा किया जा सके। 15 से 17 वर्ष के किशोर एवं किशोरियों का राज्य द्वारा निर्धारित लक्ष्य 783678 के सापेक्ष 13 दिसम्बरए 2021 तक प्रथम डोज 21585 ; 27ण्5 प्रतिशतद्ध से आच्छादित कर दिया गया है। विगत तीन दिवसों में 15 से 17 वर्ष के लक्षित किशोर एवं किशोरियों में कोविड टीकारण में प्रथम डोज 12936 का टीका लगाया गया है।



## क्विक न्यूज

### अधीक्षक, बैंक कर्मचारी समेत पांच मिले संक्रमित

**लालगंज रायबरेली।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक, बैंक कर्मचारी समेंत पांच लोगो की कोरोना रिपोर्ट पाजिटिव आने से हडकम्प मच गया। बीसीपीएम निर्भय श्रीवास्तव ने बताया कि शुक्रवार को कुल 39 आरटीपीसीआर तथा 39 एंटीजन टेस्ट किये गये जिसमें 5 लोग कोरोना संक्रमित पाये गये। सभी को होम आईसोलेशन में भेजकर उनका इलाज शुरू कर दिया गया है। इन लोगो के सम्पर्क में आने वाले लोगो को भी चिन्हित कर जांच कराने के प्रयास किये जा रहे है। उन्होने लोगो से अनावश्यक रूप से भीड में न जाने की सलाह दी है साथ ही सभी से मास्क व दो गज की दूरी बनाये रखने की भी अपील की है।

### जंगली सुअर के हमले में किसान गंभीर रूप से घायल

**लालगंज रायबरेली।** जंगली सुअर के हमले में एक किसान गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिये सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार पूरे नोखेराय मजरे बेहटा कलां गांव निवासी शिवप्रकाश खेतो की रखवाले करने के लिये गये थे तभी वहां मौजूद जंगली सुअर ने हमला बोल दिया जिसमें वे गंभीर रूप से जख्मी हो गये। परिजनो के साथ ग्रामीणो ने उन्हे सीएचसी पहुंचाया जहां उनका इजाल जारी है।

### तहसीलदार ने तोड़ा अधिवक्ता का चैंबर , बार आक्रोशित

**ऊंचाहार,रायबरेली।** तहसील परिसर स्थित एक अधिवक्ता का कथित रूप से चैंबर तोड़े जाने को लेकर शुक्रवार को तहसील के अधिवक्ता आक्रोशित हो गए और एसडीएम से मिलकर मामले में हस्तक्षेप व कार्रवाई की मांग की है ।

### अराजक तत्वों ने खोखे की दुकान में लगाई आग

**ऊंचाहार,रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के जमुनापुर चौराहे पर कॉस्मेटिक की खोखे की दुकान में अराजकतत्वों ने आग लगा दी, जिससे दुकान में रखा हजारों कीमत का सामान जलकर खाक हो गया, पीड़ित दुकानदार ने अज्ञात लोगों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।क्षेत्र के जमुनापुर गांव निवासी मो. कासिम की कानपुर उन्नाव राजमार्ग पर जमुनापुर चौराहे पर कॉस्मेटिक की खोखे में दुकान है,गुरुवार की देर तक अराजकतत्वों ने उस दुकान में आग लगा दी, जब तक आसपास मौजूद लोगों द्वारा आग बुझाई जाती तब तक दुकान में रखा हजारों कीमत का सामान जलकर राख हो गया, शुक्रवार को पीड़ित ने कोतवाली में अज्ञात लोगों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।कोतवाल शिवशंकर सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

### हत्यारोपी की जमानत अर्जी खारिज

**श्रावस्ती,गिलौला।** थाना गिलौला अंतर्गत ग्राम घोरमा परसिया मे एक युवक की हत्या के आरोपी की जमानत अर्जी को जिला एवं सत्र न्यायाधीश गौरव कुमार श्रीवास्तव ने खारिज कर दिया है। जिला शासकीय अधिवक्ता ;फौजदारीद्धकेपी सिंह ने बताया कि 3 दिसम्बर को घोरमा परसिया गाँव मे स्थित खेत से विजय कुमार का शव पड़ा मिला था।इस मामले में मृतक के मां की तहरीर पर थाना गिलौला में राम समुझ के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया हुआ था। शुक्रवार को आरोपी की जमानत अर्जी पर सुनवाई के बाद जिला जज ने हत्यारोपी की जमानत अर्जी को खारिज कर दी।

### सपा नेता डा. शशिकान्त शर्मा ने कई गावों में जाकर जनसंपर्क किया

**रायबरेली।** सपा नेता डा0 शशिकान्त शर्मा की टीम द्वारा 180 सदर विधानसभा के ग्रामसभा शेरगंज, तिवारी का पुरवा, नंदा का पुरवा, बेलागुसीसी, कीर्ति का पुरवा, मधुपुरी पैलेस चैराहा, पासापुर, सुल्तानपुर आईमा, रमसगरा, मिश्रन का पुरवा, अलाउद्दीनपुर, राजापुर, दरवापुर, रतनन्सीपुर सहित कई गावो में जाकर जनसम्पर्क किया गया और समाजवादी पार्टी की जनकल्याणकारी योजनाओ के बारे में लोगो को अवगत कराया तथा आगामी विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को भारी से भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की । इस अवसर पर चन्द्रिका शर्मा, महेन्द्र, पवन विश्वकर्मा, मो0 राशिद, संतोष तिवारी, अमरेश तिवारी, मंगरे रावत, गिरिजेश सिंह, बृजेश, अयोध्या, लालबहादुर, अमरेन्द्र कुमार, मो0 रफीक, अकबर अली आदि लोग उपस्थित रहे।

### मतदाता जागरूकता के तत्वाधान में खेलकूद कार्यक्रम आयोजित

**अमेठी।** जिले में मतदाता जागरूकता के तत्वाधान में सभी विकास खण्डों में खेलकूद कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। गौरतलब हो कि विकास खंड बहादुरपुर में नेहरू युवा केन्द्र अमेठी के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत दो दिवसीय खेल कूद कार्यक्रम के समापन पर उपनिदेशक डॉक्टर आराधना नेहरू युवा केन्द्र एवं उपायुक्त उद्योगए राजीव कुमार पाठक जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र अमेठी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में कब्बड्डीए 100 मीटरए 200 मीटरए 400 मीटर दौड़ए बॉलीबॉल प्रतियोगिता के आयोजन के साथ साथए मतदान की शपथए एवं उपायुक्त उद्योग द्वारा हरी झंडी दिखाकर मतदाता जागरूकता रैली को भी रवाना किया गया। इस कार्यक्रम मैं दौलतपुर सिघरियाए उमरापुरए सराय महेशाए उदारीए बघेलए नवांबाए केसरिया सलीमपुरए निगोहाए खैरेहनाए ब्रह्माणीए मोहैया केसरियाए हेमराजपुर के युवा मतदाता एवं खेल कूद प्रतियोगियों ने भाग लिया।

### टिकट को लेकर चुनावी चर्चाओं का बाजार गर्म

**जगदीशपुर, अमेठी।** चुनावी बिगुल बजते ही टिकट बंटवारे को लेकर लोगों में चर्चाओ का बाजार गर्म हो गया है ।मात्र एक कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रत्याशी की घोषणा किए जाने के बाद अन्य पार्टियों के प्रत्याशी बेसबरी के साथ इतजार कर रहे हैं । विधानसभा क्षेत्र 184 जहां यदि गौर किया जाए तो सबसे अधिक कार्यकाल कांग्रेस पार्टी के विधायक ने इस सीट पर कब्जा जमाए रहे शायद इसी आकड़े को देखते हुए पूर्व पराजित प्रत्याशी राधेश्याम कनौजिया को नजर अंदाज कर पार्टी हाई कमान द्वारा अपना नया चेहरा विजय पासी को प्रत्याशी घोषित करके चुनाव मैदान में उतार दिया ।तो वहीं भाजपा से विधायक रहे सुरेश पासी को लेकर जनता में टिकट को लेकर चर्चाओ का बाजार गर्म चल रहा है कोई टिकट मिलने का दावा कर रहा है तो कोई टिकट काटकर नया चेहरा मैदान में उतारने की बात का दावा कर रहे हैं । ऐसी चर्चा जनता में गांव गली व ढाबा होटलों पर चलने के साथ ही साथ भाजपा पार्टी के अन्य दो तीन नेता टिकट पाने के लिए जोर आजमाइश करने में लगे हुए हैं फिलहाल इसका फैसला पार्टी के हाई कमान को करना है ।वहीं सपा जो पूर्व पंच वर्षीय में कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लडा था लेकिन इस बार दोनों पार्टी के प्रत्याशी चुनाव मैदान में आ जाएंगे जब कि पूर्व बसपा उम्मीदवार जगदत कोरी सपा में शामिल हो कर टिकट पाने का इतजार कर रहे हैं तो वहीं बिमलेश सरोज भी टिकट के इंतजार में दौड भाग कर रही हैं ।वहीं बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार का कोई अता पता नहीं चल रहा है फिलहाल टिकट किसको मिलता है यह तो समय बताएगा परंतु टिकट को लेकर जनमानस में चर्चा का विषय बना हुआ है ।

## आगामी चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने शांति व्यवस्था के लिए क्षेत्र में किया फ्लैग मार्च

संवाददाता। बछरावां, रायबरेली

**वर्तमान** समय समय में चुनाव आयोग द्वारा चुनाव की तारीखों की घोषणा करके आदर्श आचार संहिता लगा दी है। जिसके अनुपालन की जिम्मेदारी अब प्रशासन की है। इसी के मद्देनजर बछरावां क्षेत्र में स्थानीय पुलिस प्रशासन व आईटीबीपी के द्वारा पूरे क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया गया। जिससे क्षेत्र में शांति व्यवस्था बरकरार रहे। इस फ्लैग मार्च के दौरान बछरावां विकासखंड के पासी टूसी व उफरापुर में अवैध शराब को बनाई जाने वाली भट्टियों को भी नष्ट किया गया। वही क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने आदर्श आचार संहिता का अनुपालन करने के लिए भी निर्देशित किया गया। अवांछित अराजक तत्वों को पहले से ही पाबंद करके आदर्श आचार संहिता का अनुपालन कराए जाने को लेकर कारवाई की जा चुकी हैं। प्रशासन पूरी तरह से सतर्क होकर निष्पक्ष रुप से चुनाव कराने के लिए क्षेत्र में मुस्तैदी के साथ कार्य कर रहा है इस मौके पर क्षेत्राधिकारी महाराज गंज राम किशोर सिंह के साथ बछरावां थाने के प्रभारी निरीक्षक जगदीश यादव, उपनिरीक्षक श्री बाबू, उपनिरीक्षक जिब्राइल खान, उपनिरीक्षक चंद्र प्रताप सिंह, कैलाश सिंह, साजन कुमार, यशवीर सिंह व राज कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में पुलिस बल व आइटीबीपी जवान मौजूद रहे।



## अष्ट धातु की छह प्राचीन मूर्तियां हुईं चोरी, पुलिस तलाश में जुटी

**श्रावस्ती, भिनगा।** कोतवाली भिनगा अंतर्गत ग्राम एकघरवा में एक प्राचीन मंदिर के पास बने घर से अज्ञात चोरों ने अष्टधातु की 6 मूर्तियां चुरा ली जिसकी जानकारी सुबह मंदिर का दरवाजा खुलने पर पता चली। कोतवाली भिनगा के ग्राम एकघरवा में एक प्राचीन मंदिर है जो बेहद जर्जर हो चुका है जिसमे भगवान श्री राम माता सीता लक्ष्मण भरत सत्रुधन के साथ ही राधा कृष्ण समेत कुल 11 देवी देवताओं की अष्टधातु की मूर्तियां स्थापित थी जिन्हें 2 वर्ष पूर्व मंदिर के जर्जर हो जाने के कारण पास ही बने गांव के पदुमनाथ तिवारी के घर में बने एक कमरे में रखवा दिया गया जहां इन मूर्तियों की सभी ग्रामीण नियमित पूजन करते थे। प्रतिदिन की भांति गुरुवार को भी दिन में पूजा सम्पन्न होने के बाद पुजारी ने मंदिर का दरवाजा बंद कर दिया सुबह उठने के बाद जब मंदिर का दरवाजा खोला गया तो मंदिर से 6 मूर्तियां गायब थी। मूर्ति चोरी की जानकारी मिलते ही मंदिर पर भारी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए और इसकी सूचना फौरन पुलिस को दी। सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी वीर पाल सिंह तोमर अपने टीम के साथ जांच शुरू कर दी। चौकी प्रभारी ने इस घटना की जानकारी पुलिस अधीक्षक को दी। पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने मौके पर पहुच कर घटना स्थल का जायजा लिया और ग्रामीणों को जल्द ही घटना के अनावरण कराने का आस्वासन दिया। जब इस मामले में पुलिस अधीक्षक से बात की गई तो उन्होंने बताया कि घटना के अनावरण के लिए क्राइम ब्रांच की तीन टीमें लगाई गई है ए एक साल पहले भी यहाँ से भगवान शत्रुहन की मूर्ति चोरी हुई थी जिसके सम्बंध में मामला दर्ज किया गया था जिसमे एक अभियुक्त की गिरफ्तारी होने के साथ मूर्ति को सकुशल बरामद कर लिया गया था गिरफ्तार अभियुक्त मंदिर के मालिक का करीबी रिश्तेदार था।

## कृषि विभाग की टीम ने उर्वरक दुकानों पर की छापेमारी

संवाददाता। अमेठी

**अपर** मुख्य सचिव कृषि उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश के क्रम में जनपद में रबी फसलों में यूरिया टॉप ड्रेसिंग के दृष्टिगत किसानों को यूरिया उर्वरक निर्धारित दर पर उपलब्ध कराने हेतु जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र द्वारा उर्वरक बिक्री केंद्रों पर सघन निरीक्षण हेतु कृषि एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों की तहसीलवार टीम गठित करते हुए छापे आयोजित करने के निर्देश दिए गए। तहसील गौरीगंज में उप कृषि निदेशकए अमेठी में हरिओम मिश्र उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारीए मुसाफिरखाना व तिलोई तहसील में अखिलेश पांडेय जिला कृषि अधिकारी व सम्बंधित तहसीलों के तहसीलदार को नामित किया गया हैए जिसके क्रम में 13 जनवरी को जनपद अमेठी में कुल 48 दुकानों पर छापेमारी की गई तथा पांच उर्वरकों के नमूने ग्रहण किए गए ।अनियमितता पाए जाने पर तीन दुकानों के लाइसेंसों को निलंबित किया गया एवं तीन दुकानों को कारण बताओ नोटिस जारी की गई। शुभम फर्टिलाइजर कस्थूनी एवं अमन खाद भंडार शुकुल बाजार को पी ओ एस स्टाक व भौतिक स्टॉक में अंतर पाए जाने के कारण निलंबित किया गया। आईएफएफडीसी कृषक सेवा केंद्र संग्रामपुर को यूरिया उर्वरक वितरण में अनियमितता पाए जाने एवं अभिलेख प्रस्तुत न करने के कारण निलंबित किया गया है। इसके साथ ही सरस्वती इंटरप्राइजेज शुकुल बाजार को स्टॉक रजिस्टर अपडेट ना करने व यूरिया के साथ अन्य उत्पाद की टैगिंग करनेए बालाजी खाद एवं बीज भंडार संसारपुर एवं शिव खाद भंडार ऊंच गाँव को दुकान बंद कर भाग जाने पर कारण नोटिस दी गई है। साथ ही विक्रेताओं को निर्धारित दर पर पास मशीन से किसानों को उनकी खेती की जमीन व फसलों में उर्वरक की संस्तुति को देखते हुए बिक्री करने के निर्देश दिए गए।

## अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़, अभियुक्त गिरफ्तार

संवाददाता। अमेठी

**जिले** की पुलिस ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है प् इसकी जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने बताया कि विधानसभा चुनाव.2022 के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उपनिरीक्षक मंजीत सिंह थाना शिवरतनगंज मय हमराह द्वारा आदर्श आचार संहिता के अनुपालन हेतु व तलाशध्वांछितए संदिग्ध व्यक्तिए वस्तुए वाहन चेकिंग के दौरान जेहटा उसरहा महेश्वरी मन्दिर के पास मौजूद थे तभी मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति तमंचे बेचने के लिए अहोरवा भवानी की तरफ से जेहटा उसरहा की ओर आ रहा है इस सूचना पर उक्त टीम द्वारा अभियुक्त सूरज पाल उर्फ लल्ला पासी पुत्र बिंध्यादीन पासी निवासी नकदेईयापुर मजरे कासिमपुर थाना जायस जनपद अमेठी को 02 अदद तमंचा व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया । पूछताछ मे गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि तमंचे बनाकर बेचता हूं और यह भी बताया कि यहां से कुछ दूरी पर जंगल में मेरा अड्डा है जहां पर अवैध शस्त्र बनाता हूं । अभियुक्त की निशानदेही पर जंगल में एक खण्डरनुमा कमरे से 03 अदद तमंचा 12 बोरए 01 अदद देशी बन्दूक 12 बोरए 05 अदद अर्द्धनिर्मित तमंचा 315 बोरए 04 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोरए 01 अदद भट्ठी लोहाए 01 अदद पहिया लोहाए 01 अदद आरीए 01 अदद आरी ब्लेडए 01 बसुलाए 02 संगसी लोहाए 01 पल्टनिया लोहाए कुल 03 रेतीए कुल 02 अदद हथौडीए 04 अदद सुम्माए 01 अदद रंदाए 02 अदद छेनीए 01 अदद चाकूए 01 अदद टिकुरी बट सहितए 10 अदद स्प्रिंगए 20 अदद रिपिटए 01 अदद 12 बोर पेन्दाए 01 अदद लोहा बैरल आदि भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद हुआ । थाना शिवरतनगंज द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।


अवैध शस्त्र फैक्ट्री के भंडाफोड़ की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह — पायनियर

# जातीय समीकरण में सपा के लिए फिट बैठ रहे सईद

संवाददाता। बस्ती

- मुस्लिम, क्षत्रीय, ब्राह्मण एवं यादव के वोट के सहारे नैया पार लगने की आस
- मृदुभाषी एवं मिलनसार छवि आसान कर सकती है सईद के जीत का रास्ता
- पिछले पांच साल से रुधौली क्षेत्र में कर रहे जनता की सेवा
- रुधौली क्षेत्र की पुकार सईद को बनाओ उम्मीदवार



**...जैसे-जैसे** पार्टियां अपने प्रत्याशियों के नामों का एलान कर रही है, वैसे-वैसे रुधौली विधानसभा क्षेत्र की स्थित स्पष्ट होती जा रही है। हालांकि अभी तक यहां पर सपा ने अपना प्रत्याशी घोषित नहीं किया है, मगर क्षेत्र की जनता का कहना है, कि वर्तमान के जातीय समीकरण में सपा के 'सईद खां' ही सबसे उपयुक्त एवं जीताउ कंडिडेट साबित हो सकते है। एक तरह से मुस्लिम, क्षत्रीय, ब्राह्मण और यादव वर्ग के अधिकाशं मतदाता 'सईद' को अपना नेता मानकर चल रही है। इस क्षेत्र के लोगों की राय सईद के प्रति यूंही नहीं और एकाएक नहीं बनी है। इसके पीछे उनकी मेहनत और जीतने की ललक शामिल है। इनकी दावेदारी इस लिए भी सबसे अधिक मजबूत मानी जा रही है, क्यों कि जनता इन्हें सर्वमान्य नेता मानकर चल रही है। इनके दावेदारी को एक अन्य महत्वपूर्ण रुप से मानी जा रही है, क्यों कि पिछले विधानसभा चुनाव में इन्हें मात्र 14 दिन का समय मिला था, और इतने कम में इन्होंने अपने मेहनत और क्षेत्र के मतदाताओं के प्यार से 53 हजार वोट मिला था। क्षेत्र के लोगों का कहना है, कि अगर इन्हें कुछ और समय प्रचार-प्रसार के लिए मिल जाता तो परिणाम कुछ और होता। बहरहाल जातीय समीकरण पर नजर डाली जाए तो चार लाख 29 हजार मतदाताओं में सबसे अधिक एक लाख 12 हजार मुस्लिम मतदाता हैं। लगभग 34 हजार यादव मतदाता हैं, अगर दोनों को मिला दिया जाए तो लगभग डेढ़ लाख मतदाताओं का रुझान सपा की ओर जाता दिखाई दे रहा है। 50 से 52 हजार चौधरी वर्ग के मतदाता है, 48 हजार ब्राह्मण और आठ से नौ हजार क्षत्रीय वोटर है। मगर जिस वर्ग के मतदाता चुनाव में निर्णायक साबित होते रहे हैं, उनमें मुस्लिम और यादव मतदाता अहम रहे, और वर्तमान में इन दोनों वर्गो का रुझान सपा की ओर है। यही कारण है, कि सपा के संभावित प्रत्याशी 'सईद' को इसमें सबसे अधिक फिट कंडिडेट माना जा रहा है। पार्टी के प्रति समर्पण और जनता के प्रति जो इनका लगाव रहा है, वहीं इनकी मूल पूंजी मानी जा रही है। वैसे ही जनता इस बार बदलाव की ओर देख रही है। 'सईद खां' को इस लिए सबसे अलग प्रत्याशी माना जा रहा है, क्योंकि इनकी जो छवि है, वह छवि अन्य में नहीं दिखाई देती है। इनकी लोकप्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है, कि यह नगर पंचायत बभनान से लगातार दो बार से चेयरमैन और जिला पंचायत के चुनाव में राजकिशोर सिंह जैसे मजबूत व्यक्ति को हरा कर उपाध्यक्ष पद हासिल किया। इनकी पहचान पार्टी और मतदाताओं के प्रति ईमानदार और निष्ठावान वाली रही है। यही कारण है, कि आज इनका हर दलों और मतदाताओं में अच्छी खासी घुसपैठ हैं, जिसका वर्तमान राजनैतिक परिवेश में अभाव दिख रहा है। रुधौली विधानसभा क्षेत्र के लोगों और इनके शुभचिंतकों का कहना है, कि अगर सपा ने इन्हें चुनाव लड़ने का मौका दिया तो इनके अंदर इतनी क्षमता हैं, कि यह चुनाव का परिणाम बदल सकते है। क्षेत्र की जनता इन्हें 2017 से ही अपना नेता मान कर चल रही है। जिस तरह यह पिछले छह माह से क्षेत्र में सक्रिय हैं, उससे इनकी छवि और अधिक निखरी है। देखा जाए तो कांग्रेस ने बसंत चौधरी और बसपा ने अशोक मिश्र को मैदान में उतारा है। जाहिर सी बात है, कि बसंत चौधरी कुर्मियों का और अशोक मिश्र ब्राह्मणों का वोट खींचने का प्रयास करेगें। ऐसे में सपा को सबसे अधिक फायदा होने का दावा किया जा रहा है, और अगर कहीं सपा ने सईद को अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया तो ऐसे में परिणाम की तश्वीर साफ दिख रही है।

# माशि संघ के अध्यक्ष हरिबख्श व जिला मंत्री अवध नारायण निर्विरोध निर्वाचित

- मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी अभिषेक कुमार सिंह को मिली

संवाददाता। संतकबीरनगर



**उ0प्र0** माध्यमिक शिक्षक संघ की जनपद इकाई का निर्वाचन सत्र 2021-22 के लिए शुक्रवार को हीरालाल रामनिवास इंटर कॉलेज खलीलाबाद में जनपद के सभी विद्यालयों के जिला प्रतिनिधियों के सूची के आधार पर सभी पदों हेतु नामांकन पत्र भरवाया गया। जिसमें प्रत्येक पद पर केवल एक नामांकन पत्र आया जिसके आधार पर पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्य का निर्विरोध निर्वाचन सम्पन्न हुआ। निर्वाचन अधिकारी के रूप में ओम प्रकाश सिंह अध्यक्ष उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ कुशीनगर एवं रामविलास यादव अध्यक्ष माध्यमिक शिक्षक संघ सिद्धार्थनगर उपस्थित रहे। निर्वाचित कमेटी में अध्यक्ष हरिबख्श सिंह, उपाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह, योगेंद्र सिंह, नवल किशोर त्रिपाठी, बृजेश कुमार सिंह, द्विजेन्द्र बहादुर सिंह, जिला मंत्री अवध नारायण मिश्र, संयुक्त मंत्री अशोक कुमार यादव, शशि प्रकाश तिवारी, रामानंद पाण्डेय, रघुविन्द कुमार, वीरेंद्र कुमार यादव, कोषाध्यक्ष जहांगीर अंसारी, आयव्यय निरीक्षक मसल उद्दीन, सदस्य कार्यकारिणी अनिल कुमार यादव, हरिशंकर पाठक, अब्दुल करीम, सुरेंद्र नाथ,भरत सिंह, रवि प्रकाश सिंह, चंद्रभान मौर्य, सुरेंद्र नाथ चौबे, सुधीर कुमार, राधेश्याम यादव, मनोज कुमार मिश्र, रमेश चंद्र यादव, सत्येंद्र कुमार चौधरी, संदीप कुमार मिश्र, खालिद कमाल, विशेष आमंत्रित सदस्य रविंद्र सिंह, संरक्षक ध्रुव चंद पाठक एवं मीडिया प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह रहे।

# संतकबीरनगर के प्रत्याशियों के नामों की घोषणा तीसरे चरण के बादः राजेश तिवारी

- कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी ने बंद कमरे में दावेदारी करने वाले कांग्रेस नेताओं से की भेंट

संवाददाता। संतकबीरनगर



राष्ट्रीय सचिव का स्वागत करते डॉ. अमरेन्द्र पाण्डेय

**कांग्रेस** पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी शुक्रवार को पार्टी कार्यालय पर पहुँचकर जिलाध्यक्ष प्रवीण चन्द्र पाण्डेय के साथ बन्द कमरे में गोपनीय बैठक कर विधानसभा चुनाव तैयारी की समीक्षा करते हुए जानकारी लिये। उन्होंने जिलाध्यक्ष प्रवीण चन्द्र पाण्डेय से विधानसभा चुनाव दावेदारी करने वाले नेताओं की सूची प्राप्त किये। राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी ने एक-एक करके जनपद के तीनो विधानसभाओ से दावेदारी करने वाले नेताओं से भेंट कर बायोडाटा प्राप्त किये। मीडिया से संक्षिप्त वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि जनपद संतकबीरनगर के तीनो विधानसभाओं के प्रत्याशियों के नामो की घोषणा तीसरे चरण की सूची जारी होने के बाद की जायेगी। महिलाओं को विशेष वरीयता दी जा रही है। साफ एवं स्वच्छ छवि वाले टिकाऊ व जिताऊ प्रत्याशियों को मैदान में उतारा जायेगा। उन्होंने जनपद संतकबीरनगर में कांग्रेस पार्टी को मजबूती के साथ आगे बढ़ाने में विशेष योगदान देने वाले जिलाध्यक्ष प्रवीण चन्द्र पाण्डेय की प्रशंसा करते हुए कहा कि कांग्रेस का जनाधार लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पूरे उत्तर प्रदेश में परिवर्तन का माहौल बन चुका है। जिस प्रकार से भारतीय जनता पार्टी के तमाम नेता पार्टी छोड़ करके भाग रहे और दूसरे दलों में जा रहे हैं इससे साफ हो गया है कि सत्ता पक्ष की पराजय तय है। श्री तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी की हुई जो संगठन की ताकत है लोग उसका ऑकलन नहीं कर रहे हैं। 2022 के चुनाव का जो परिणाम होगा वह निश्चित रूप से आश्चर्य जनक होगा। राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी ने जनपद के खलीलाबाद, मेंहदावल व धनघटा विधानसभा पर टिकटो की मांग करने वाले दावेदारों से वार्ता किये। उनके आगमन पर कांग्रेस युवा नेता डॉ0 अमरेन्द्र भूषण पाण्डेय ने बुक्के देकर उनका स्वागत किया।

# आयोग के आदेश से उड़ी सरकारी अमले के रातों की नींद

संवाददाता। बस्ती

- शतप्रतिशत मतदाताओं को अगर दोनों डोज नहीं लगा तो चुनाव स्थगित भी हो सकता है
- आयोग ने मतदाताओं को शतप्रतिशत दोनों डोज लगाने का दिया समय, ढूंढे नहीं मिल रहे मतदाता
- कार्रवाई के डर से ब्लॉक वाले फर्जी टीकाकरण का ले रहे सहारा, मतदाता सूची को बनाया आधार
- आयोग नहीं मान रहा है, कि 20 फीसद मतदाता जिले से बाहर कमाने गए

**...कभी-कभी** सरकारी अमले को ऐसा भी काम करना पड़ता है, जिसे वह नहीं करना चाहता, मगर नौकरी और जिले की इज्जत बचाने के लिए उसे मजबूरी में करना पड़ता है। ठीक यही स्थित विधानसभा चुनाव के अंतिम समय में प्रशासन के सामने आया। रात-दिन एक करने और रात को दो-दो बजे तक काम करने के बावजूद आयोग के इच्छानुसार शतप्रतिशत मतदाताओं का कोविड19 के दोनों डोज का टीका नहीं लग पा रहा है। सरकारी अमले के सामने सबसे बड़ा संकट मतदाताओं का न मिलना है। आयोग ने उस पर भी विचार नहीं किया, जिसमें 20 फीसद मतदाताओं के जिले से बाहर होने की बात कही गई। आयोग ने स्पष्ट कर दिया है, कि अगर 20 जनवरी तक शतप्रतिशत मतदाताओं का दोनों डोज का टीका नहीं लगा तो चुनाव नहीं होगा। यह आदेश पूरे प्रदेश के सरकारी अमले को दिया गया। अब जरा अंदाजा लगाइए कि जो संभव ही नहीं वह कैसे हो सकता है, यानि अगर मतदाता गांव या शहर में ही नहीं हैं, तो उन्हें टीका कैसे लगेगा, सिर पर आयोग का तलवार लटकने के डर से अधिकतर ब्लॉकों ने फर्जी टीकाकरण अपलोड करना शुरु कर दिया, इसमें भी वह पकड़े गए, इस फर्जीवाड़ा में उन्हें यह भी ध्यान नहीं रहा कि मतदाता से अधिक का टीकाकरण अपलोड हो रहा है। डैमेज कंटोल करने के लिए फिर से सभी ब्लॉकों से मतदाता सूची को अपडेट करने को कहा गया है। इसे फिल्टर करने के लिए पूरा अमला सुबह से ही लगा हुआ है। कोई भी ऐसा ब्लॉक, नगर पंचायत और नगरपालिका नहीं जहां से फर्जी अपलोड करने की शिकायतें नहीं आ रही है। सूत्र बताते हैं कि कार्रवाई के डर से मतदाता सूची का सहारा लिया जा रहा है, और उसके अनुसार मतदाताओं को वैक्सीनेट दिखा कर अपलोड कर दिया जा रहा है। पूरे जिले की गूगल सीट को अपडेट किया जा रहा है। ब्लॉक कर्मियों का कहना है, कि दबाव के चलते फर्जी फिडिगं हो रही है। कहते हैं, कि जब वे लोग गांव में मतदाताओं को तलाशने जाते हैं, तो पता चलता है, कि कई महिनों से मतदाता बाहर कमाने गया हुआ है। इनमें कई तो ऐसे भी है, जब वह दूसरा डोज लगाने जाते हैं, तो उन्हें पता चलता है, कि उन्हें तो कागजों में दूसरा डोज लगाया जा चुका है। प्रशासन को वर्तमान समय में जितनी परेशानी का सामना शतप्रतिशत मतदाताओं को दोनों डोज लगाने में करना पड़ रहा है, उतना चुनाव के तैयारियों में भी नहीं करना पड़ा। चूंकि हर चीज आनलाइन हैं, इस लिए फर्जी हो नहीं सकता, और जो फर्जी करने का प्रयास कर भी रहे हैं, वे पकड़े जा रहे हैं। कुल मिलाकर प्रशासन के लिए 'इधर कुंआ उधर खाई' जैसी स्थित हो गई है, और इसे मतदाताओं की घोर लापरवाही का नतीजा माना जा रहा हैं, प्रशासन के लाख प्रयास के बावजूद अनेक ऐसे मतदाता हैं, जिन्होंने अभी तक पहला डोज तक नहीं लगाया। यही उनकी लापरवाही सरकारी अमले के लिए भारी पड़ती नजर आ रही है, हालत चुनाव के स्थगित होने पर आ गया, क्यों कि चुनाव आयोग किसी भी दशा में पंचायत चुनाव जैसी स्थित नहीं लाना चाहता। जिसमें कोरोना के चलते कईयों की जाने तक चली गई।

# 80 बेड कोरोना मरीजों के लिए हों आरक्षितः ओपी वर्मा

संवाददाता। बस्ती



कैली में आक्सीजन प्लांट का निरीक्षण करते विशेष सचिव पायनियर

**विशेष** सचिव खाद्य एवं रसद ओ.पी. वर्मा ने मेडिकल कालेज कैली अस्पताल, 100 बेड महिला अस्पताल हर्रैया तथा कोइलपुरा गोआश्रय स्थल का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी डॉ.राजेश कुमार प्रजापति उपस्थित रहें। कैली अस्पताल में निरीक्षण के दौरान उन्होने कोरोना प्रबन्धन व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। यहॉ पर कुल 350 बेड है, जिसमें से 50 बेड का आइसोलेशन वार्ड बनाया गया है। 80 बेड कोरोना मरीजों के लिए आरक्षित रखा गया है। सभी बेड पर पाइपलाइन से आक्सीजन की व्यवस्था की गयी है। निरीक्षण के दौरान उन्होने तीनों आक्सीजन प्लांट का निरीक्षण किया, जो चालू हालत में पाये गये। यहॉ पर 1000 ली., 500 ली. तथा 165 लीटर प्रतिमिनट क्षमता के तीन प्लांट है। 1000 लीटर प्रतिमिनट प्लाण्ट से सिलेण्डर भरने की सुविधा भी उपलब्ध है। निरीक्षण के दौरान उन्होने पाया कि कोरोना मरीजो के लिए 24 घण्टे भर्ती एंव इलाज की सुविधा यहॉ उपलब्ध है। उन्होने कैली में टीकाकरण केन्द्र का भी निरीक्षण किया, जहॉ 28 लोगों को कोविड का टीका लगाया जा चुका था। प्राचार्य डा. मनोज कुमार ने बताया कि वर्ष 2021 से एम.बी.बी.एस. की पढायी करायी जा रही है। विशेष सचिव ने हर्रैया में 100 बेड का महिला अस्पताल का निरीक्षण किया। यह अस्पतालभवन अभी स्वास्थ्य विभाग को हैण्डओवर नही हो पाया है परन्तु यहॉ पर आक्सीजन प्लांट की स्थापना हो गयी है। 30 बेड का कोरोना वार्ड बनाया गया है, जिसमें पाइप लाइन से आक्सीजन पहुँचायी जा सकती हैं। आवश्यकता पड़ने पर इसे एल-1 हास्पिटल बनाया जा सकता है। उन्होने विकास खण्ड सदर के कोइलपुरा गोआश्रय स्थल का निरीक्षण किया। यहॉ पर कुल 145 गोवंशीय पशु पाये गये। 03 कुन्तल भूषा स्टोर में पाया गया। 100 किलो. पशु आहार उपलब्ध पाया गया। जानवरों को ठण्ड से बचाव की पूरी व्यवस्था की गयी है। निरीक्षण के दौरान यहॉ पर फर्माशिस्ट कोई रजिस्टर नही दिखा पाये। गोवंशीय पशुओं के रख-रखाव, भूषा आदि की व्यवस्था का कोई रजिस्टर नही पाया गया। इसके लिए विशेष सचिव ने नाराजगी व्यक्त किया तथा व्यवस्था सुधार करने के लिए सी.बी.ओ. डॉ0 अश्वनी तिवारी को आगाह किया।

# निर्वाचन के लिए समस्त विभाग, कार्यालय सरकारी व गैर सरकारी वाहनों से सम्बन्धित सूचना करायें उपलब्ध

संवाददाता। अमेठी

**अपर जिला** मजिस्ट्रेट/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी एस0पी0 सिंह ने समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष को निर्देशित करते हुए बताया कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन.2022 हेतु गाड़ियों की आवश्यकता पड़ने पर गाड़ियॉ ड्राइवर सहित उपलब्ध कराये एवं यह भी सुनिश्चित करेंगे कि विभागीय मोटर गाड़ियॉ ठीक और चालू हालत में हो। इस सम्बन्ध में पूर्व की भांति गाड़ियों का ईंधन ;पेट्रोलध्डीजलद्ध का व्यय निर्वाचन विभाग तथा शान्ति एवं सुरक्षा में प्रयुक्त गाड़ियों का ईंधन गृह विभागध्नागरिक सुरक्षा अथवा सम्बन्धित विभाग द्वारा वहन किया जायेगा। साथ ही उन्होंने समस्त विभागाध्यक्ष कार्यालयाध्यक्ष को निर्देशित करते हुए कहा कि विभागध्कार्यालय से सम्बद्ध शासकीयध्अनुबन्धितध्सरकारी खर्चे पर चलने वाले छोटे वाहनों की सूचना चालकों के नाम व मोबाइल नम्बर के साथ अविलम्ब उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें जिससे चुनाव कार्य निर्बाध्य रूप से सम्पन्न कराया जा सके।

# जिलाधिकारी ने लगवाई कोविड वैक्सीन की बूस्टर डोज

**अमेठी।** जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने कोविड वैक्सीन की दोनों डोज लेने के उपरांत आज बूस्टर डोज लगवाई। उन्होंने बताया कि कोविड संक्रमण से बचाव हेतु टीकाकरण ही एकमात्र उपाय हैं जनपद के सभी नागरिक अपना टीकाकरण अनिवार्य रूप से कराएं।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ सी0एस0 अग्रवाल ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार हेल्थ केयर वर्करए फ्रंटलाइन वर्कर तथा 60 वर्ष के ऊपर के हाई रिस्क वाले व्यक्तियों एवं चुनाव ड्यूटी में लगे कार्मिकों को बूस्टर डोज लगाई जानी हैए उन्होंने बताया कि 10 जनवरी 2022 से जनपद में बूस्टर डोज लगाने का कार्य प्रारंभ कर किया गया है। उन्होंने बताया कि कोविड टीकाकरण की दोनों डोज लेने के 9 महीने बाद बूस्टर डोज लगाया जाना है। उन्होंने बताया कि बूस्टर डोज लगाने का लक्ष्य 36238 निर्धारित है जिसके सापेक्ष अब तक 1731 लोगों को बूस्टर डोज लगाया जा चुका है।

## मार्ग दुर्घटना में तीन घायल एक व्यक्ति की मौत

**संतकबीरनगर।** एक सड़क हादसे में पिता-पुत्र सहित तीन लोग घायल हो गए। इस घटना में कुछ ही समय बाद पिता ने दमतोड़ दिया। राहगीरों एवं पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से दोनों घायलों को जिला अस्पताल भेजवाया। जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद घायलों को वार्ड में भर्ती करा दिया गया। वहीं घटना स्थल पर कांटे पुलिस ने कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया। पीएम हाउस पर पहुंचे परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि थाना बखिरा क्षेत्र के बढ़या सिहटीकर के निवासी ओम प्रकाश बाई से अपने बेटे 23 वर्षीय संदीप यादव के साथ बस्ती जनपद के टिकरियां जा रहे थे जैसे ही खलीलाबाद कोतवाली थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित डड़वा चौराहे के पास पहुंचे थे कि ट्रक की चपेट में आने से बाक पर सवार घायल हो गए। इस घटना में 50 वर्ष ओम प्रकाश यादव पुत्र रामनरेश यादव की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि घटना में घायल दोनों लोगों को एम्बुलेन्स की मदद से जिला अस्पताल भेजवाया गया। कांटे चौकी के हे0का0 कोमल प्रसाद व समस्त टीम ने कागजी कार्रवाई पूरी करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात ट्रक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# मानकविहीन बन रहे बालिका हास्टल बन सकते हैं हादसे का सबब

संवाददाता। बस्ती

- कस्तूरबा के कुदरहा और रुधौली हास्टल के भवन की गुणवत्ता निम्न मिली
- इससे पहले के निरीक्षण में भी गुणवत्ता खराब मिली
- बीएसए ने दोनों हास्टल के भवनों में अप्रिय घटना की आशंका जतायी
- कार्यदाई संस्था आरईडी की लापरवाही से बालिकाओं की जान खतरे में पड़ने की आशंका



केजीबी हास्टल के भवन का निरीक्षण करते अधिकारी पायनियर

**गुणवत्ताविहीन** सड़कों और भवनों के निर्माण कार्यो को लेकर हमेशा सवालों के घेरें में रहने वाले वाले कार्यदाई संस्था ग्रामीण अभियंत्रण विभाग इस बार कस्तूरबागांधी आवासीय बालिका विधालय रुधौली और कुदरहा में निर्मित्त होने वाले हास्टल की गुणवत्ता को इतना नीचे स्तर का बताया कि जिससे भविष्य में कोई भी अप्रिय घटना घटित हो सकती है। इस बात की आंशका और कोई नहीं बल्कि बीएसए जगदीश प्रसाद शुक्ल ने जताते हुए इसकी जानकारी राज्य परियोजना निदेशक, डीएम, सीडीओ एवं एडी बेसिक को दी है। कहा कि बार-बार चेतावनी देने के बाद भी कार्यदाई संस्था न तो कमियों को ठीक कर रही है, और गुणवत्ता में ही कोई सुधार कर रही है। उन्होंने स्पष्ट लिखा है, कि अगर गुणवत्ता में सुधार नहीं किया गया तो भविष्य में कोई भी अप्रिय घटना हो सकती है, और उसकी चपेट में कई गरीब बालिकाएं और अन्य स्टाफ आ सकती है। कार्रवाई के लिए भेजी गई रिपोर्ट में स्पष्ट कहा गया है, कि इससे पहले के निरीक्षण में भी कमियां कार्यदाई संस्था को बताया गया था, मगर इन्होंने कोई भी सुधार नहीं किया। कहा कि वित्तीय वर्ष 2020-21 में राज्य परियोजना कार्यालय के द्वारा तीन कस्तूरबा विधालय के उच्चीकरण कर हास्टल निर्माण के लिए कार्यदाई संस्था आरईडी को नामित किया गया। कहा गया कि डीसी बालिका अमित मिश्र ने 12, 13 और 14 दिसंबर 21 को हास्टल ब्लॉक के चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया था, और कमियों को ठीक करने को कहा गया। 29 दिसंबर को निरीक्षण किया गया तो वही कमियां फिर मिली। जिससे भविष्य में भवन की गुणवत्ता खराब होगी और कोई अप्रिय घटना हो सकती है। निरीक्षण में ईंट की गुणवत्ता निम्न स्तर की पाई गई। केजेएस ब्रांड का सीमेंट प्रयोग्र करते मिला। कुदरहा के निरीक्षण में भूतल के कमरों के छत के स्टील का जाल बांधने का काम चल रहा था। स्टील के जाले के बीच की दूरी 200 गुणा 200 एमएम क थी, जबकि 175 गुणा 125 एमएम की होनी चाहिए। जाल के नीचे कवर ब्लॉक नहीं मिला। निरीक्षण में पायागया कि संबधित ठेकेदार के द्वारा कराए जा रहे निर्माण स्थल की जांच करवाकर निम्न स्तर की प्रयोग की जारी मानक विपरीत निर्माण के स्थान पर टेंडर बुक में लिखित उच्च गुणवत्ता की सामग्री के साथ पुन: मानकनुसार कार्य कराया जाए। कहा गया कि कक्षा नौ और 12 की बालिकाएं निवास करेंगी, और इस प्रकार मानकविहीन निर्माण से बालिकाओं को भविष्य में खतरा हो सकता है।



# कल के लोग

## समीर बावा का कहना है कि वेगन आल डे डाइनिंग कैफे, जो कि एक शौकीन परियोजना है, पर्यावरण के प्रति जागरूक ब्रांडों के लिए अपने उत्पादों का एक प्रदर्शनी-स्थल है

जून 2021 में, जब सेलिब्रिटी शेफ डेनियल हम ने अपने पुरस्कार विजेता, न्यूयॉर्क में थ्री मिशेलिन स्टार रेस्तरां, इलेवन मैडिसन पार्क में दृढ़तापूर्वक पौधे आधारित व्यंजन सूची या मैनू परोसना शुरू किया, तो इसने कुछ लोगों की भौंहें चढ़ा दीं। मेनू को मिश्रित प्रतिक्रिया मिली लेकिन शेफको यकीन हो गया कि यह अग्रगामी रास्ता है और फिर मेनू पहले से कहीं अधिक शानदार हो गया।

हालांकि अभ्यास के रूप में शाकाहार पश्चिम में काफी विकसित हो सकता है, लेकिन मैंने देखने लगा हूं कि दिल्ली में बहुत सारे रेस्तरां ने भी अपने मेनू में शाकाहारी पकवानों को शामिल करना शुरू कर दिया है, जो वैकल्पिक रूप से थोड़ा आश्चर्यजनक लगता है, यह देखते हुए कि भारत की बहुसंख्य आबादी हमेशा शाकाहारी रही है। कुछ दिन पहले, मुझे धान मिल परिसर में स्थित पीपल ऑफ टुमॉरो, अ वैगन आल डे डाइनिंग कैफे को आजमाने का अवसर मिला।



पिछले चार वर्षों से शाकाहार को अपने जीवन का हिस्सा बनाने वाले तथा कैफे के संस्थापक ऋत्व कपूर कहते हैं, ''पर्यावरण पर मांस और डेयरी उद्योग के नकारात्मक प्रभावों के बारे में जानकार होने पर, मुझे इस जीवन शैली को अपनाने के इच्छुक लोगों के लिए शाकाहार की महत्ता और शाकाहारी भोजन विकल्पों की कमी के महत्व का एहसास हुआ। मुझे पता था कि मुझे इस परियोजना में खुद को पूरी तरह लीन करना होगा, जिससे कि शाकाहार सुलभ हो सके।''

देहाती, मनमौजीपन और जीवंतता से भरा कैफे छोटी प्लेटों, सलाद, प्लेटर्स, एक लाइव टैको काउंटर और अन्य बहुत कुछ की विस्तृत श्रृंखला के साथ पुनर्निर्मित आत्मिक भोजन परोसता है।

हमने यहां की खास मेज्ज प्लेटर के साथ शुरुआत की जिसमें दो बीन फलाफेल, बाबा घनौश, चुकंदर हम्मस, मुहम्मारा, तबबौलेह और पिटा शामिल थे। जैसा कि वह कहते हैं, अच्छी शुरुआत आधी पूरी हो गई है! वास्तव में सभी आजमाइशें पसंद आई लेकिन मुहम्मारा के लिए एक विशेष आकर्षण रहा जो लाल मिर्च, अखरोट और अनार के गुड़ का लगभग एक आदर्श मिश्रण था। मैंने किनारे पर एक आइस्ड चाय के लिए अनुरोध किया लेकिन उनके पास कॉफी प्रेमियों के लिए भी अच्छे विकल्प हैं।



हमने एक गो-ग्रीन बीन्स सलाद के लिए भी अनुरोध किया, जो मेजेज प्लेटर का खूबसूरती से पूरक बना। मौसमी हरी बीन्स को कफिर लाइम सांभर से सजाया जाता है और बादाम के छोटे छोटे टुकड़ों और चिली सोया से सजाया जाता है। बीन्स में एकदम उत्तम कुरकुरापन था और सांभर ने डिश को आवश्यककंट्रास्ट प्रदान किया। बहुत शानदार, वाह वाह।

इसके बाद पफ-लो ब्रोकली थी, एक ऐसी डिश जिसने मुझे सबसे ज्यादा प्रभावित किया। क्रीम चीज, बफेलो सॉस और सफेद प्याज की चटनी के साथ तैयार की गयी ब्रोकली। एक अत्यंत ही सहज व्यंजन, इसमें गर्मी के संकेत के साथ एक प्यारा और मलाईदार स्वाद था।



हमने उठते हुए का नमूना लिया – आरती पिज्जा को चोक न करें, एक चारकोल फेटुकिनी और उसके बाद एक कद्दू रैवियोली। स्मोक्ड आर्टिचोक और बादाम के साथ बाल्समिक के छिड़काव के साथ सबसे ऊपर पिज्जा हल्का और फूला हुआ था। मुझे बताया गया कि वे पिज्जा के आटे को 24 घंटे पहले तैयार कर देते हैं।

**पिछले चार वर्षों से शाकाहार को अपने जीवन का हिस्सा बनाने वाले तथा कैफे के संस्थापक ऋत्व कपूर कहते हैं, ''पर्यावरण पर मांस और डेयरी उद्योग के नकारात्मक प्रभावों के बारे में जानकार होने पर, मुझे इस जीवन शैली को अपनाने के इच्छुक लोगों के लिए शाकाहार की महत्ता और शाकाहारी भोजन विकल्पों की कमी के महत्व का एहसास हुआ। मुझे पता था कि मुझे इस परियोजना में खुद को पूरी तरह लीन करना होगा, जिससे कि शाकाहार सुलभ हो सके।''**

पीपल ऑफ टुमॉरो के सभी पास्ता कारीगर पास्ता ब्रांड, केसरिके डाट इन के हैं। फेटुकिनी को कुछ मौसमी मशरूम के साथ परोसा गया था और उस पर थोड़ा पोर्टोबेलो पाउडर छिड़का गया था। यह बहुत अच्छा था।

कद्दू रैवियोली पर उनका जोर, हालांकि, मेरे लिए थोड़ा कम पसंदीदा रहा। इसे गर्म तापमान पर परोसा जा सकता था। इसे हेजलनट्स और केपर्स के साथ छिड़कने का अच्छा स्पर्श दिया गया,, लेकिन अगर आप उत्तर इतालवी क्लासिक की उम्मीद कर रहे हैं, तो आप थोड़ा निराश हो सकते हैं।

उन्होंने भोजन को चॉकलेट के टेक्स्चर के साथ अंतिम रूप दिया। जैसा कि नाम से पता चलता है, चॉकलेट की अलग-अलग तैयारी और टेक्स्चर को एक प्लेट पर विपरीत स्वाद प्रोफाइल के साथ परोसा गया था। क्या आप चॉकलेट के साथ गलत नहीं कर सकते? जा सकते हैं ?

संक्षेप में, यह खाने का बहुत अच्छा अनुभव था। मैं शेफ की खाद्य-अभिव्यक्ति के साथ-साथ ब्रांड के पीछे के प्रयास और 'स्थिरता' संदेश का तहे दिल से समर्थन करता हूं। हालांकि पीपल ऑफ टुमॉरो एक जुनूनी परियोजना है, जो अपने तरीके से, भविष्य की पीढ़ियों को संरक्षित करने में मदद करना चाहता है, मगर यह पर्यावरण के प्रति जागरूक ब्रांडों के लिए अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने का एक स्थान भी है। शाकाहारी भोजन को ब्रांड के केंद्र में प्रचारित किया जा सकता है, लेकिन मुझे व्यक्तिगत रूप से लगता है कि यह एक दृष्टिकोण भी साझा करता है जो एक परम स्वस्थ और टिकाऊ जीवन शैली को प्रोत्साहित करता है। मुझे आश्चर्य नहीं होगा, अगर अगले कुछ वर्षों में, भारत में एफएंड बी उद्योग शाकाहारी भोजन को अपनाता है और हमारे पास देश भर में फलफूल रही ऐसी और कई अवधारणाएं हैं।

**(लेखक खाद्य समीक्षक और खाद्य पारखी हैं।)**

# संतुलन का प्रयास

## आभासी दुनिया कला बिरादरी के लिए एक वरदान बन गई है क्योंकि मिलेनियल्स नए ग्राहक हैं।

जबकि महामारी के कारण कई व्यवसाय प्रभावित हुए थे, कला बाजार कुछ में से था जो आर्थिक अव्यवस्था के कारण ज्यादा प्रभावित नहीं हुआ था। दूसरों की तरह, कला का व्यवसाय भी ऑनलाइन कला प्रदर्शनियों, नीलामियों और कला पूर्वावलोकन के साथ ऑनलाइन हो गया। इसके परिणामस्वरूप मुद्रण कैटलॉग, आमंत्रण, कला मेलों के लिए अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रा और मेलों के लिए पैकेजिंग और शिपिंग लागत आदि की लागत को समाप्त करके लागत और कार्बन पदचिह्न में कमी आई। साथ ही, ऑनलाइन जाना कला जगत के लिए वरदान साबित हुआ क्योंकि सहस्राब्दी कला के नए ग्राहक बन गए।

राजस्थान के चोयल, तीन पीढ़ी के कलाकार, जो ऑफ़लाइन और ऑनलाइन



माध्यम के बीच संतुलन बनाने में विश्वास करते हैं और अपनी कला के लिए ऑनलाइन माध्यम का सक्रिय रूप से दोहन कर रहे हैं, ने भी इस वर्ष अच्छा प्रदर्शन किया।

''कलाकृति की विभिन्न बारीकियों को समझने और उसकी सराहना करने के लिए, कला का एक भौतिक प्रदर्शन और प्रदर्शनी बहुत महत्वपूर्ण है और आप इसे खत्म नहीं कर सकते। हालांकि, विदेशी कला प्रेमियों की एक बड़ी संख्या होने के कारण, हमारी वेबसाइट एक दशक से भी अधिक समय से चल रही है और ऑनलाइन भी दिखाई दे रही है'', सबसे कम उम्र के चोयल आकाश चोयल कहते हैं, जो अपनी 3डी इल्यूजन आर्ट और फाइबर ग्लास मूर्तियों के लिए जाने जाते हैं।

''महामारी के दौरान, ऑनलाइन होने से निश्चित रूप से मदद मिली और कला में एक नया आयाम जोड़ा। यहां तक कि गैलेरिस्ट और आर्ट क्यूरेटर भी माध्यम का दोहन कर रहे हैं, लेकिन निश्चित रूप से ऑफलाइन शो से दूर नहीं हो रहे हैं। वास्तव में, 2021 के मध्य से, भौतिक शो वापस आ गए हैं और कलाकार, कला प्रेमी और कला संग्रहकर्ता इसमें शामिल हो रहे हैं। पांच कलाकारों के परिवार ने इस साल कुछ कलाकृतियां बेचीं। उनके नए कला संग्रहकर्ताओं में सहस्राब्दी थे, जो एक व्यवहार्य निवेश विकल्प के रूप में कला के बारे में उत्साहित हो रहे हैं'', आकाश कहते हैं।

कोलकाता की एक आध्यात्मिक-आधारित कलाकार स्वाति पासारी ने 2020 और 2021 में अपनी कलाकृति की बिक्री में 15 प्रतिशत की वृद्धि देखी। ''महामारी भेष में एक वरदान साबित हुई, क्योंकि मैंने ऑनलाइन स्पेस में कदम रखा और अपनी बिक्री बढ़ा सकती थी। मैंने इस साल पांच से अधिक प्रदर्शनियों में भाग लिया, दोनों ऑनलाइन और ऑफलाइन और मैं ऑनलाइन प्रदर्शनियों और कला शो में अपना प्रवेश जारी रखने की योजना बना रहा हूं,'' पसारी साझा करता है।

वह आगे कहती हैं, ''लॉकडाउन के कारण लोगों ने अपने घरों में अधिक समय बिताया, उन्होंने रंगीन कलाकृतियां खरीदकर अपने स्थान को सजाने में निवेश किया, यह कला बाजार में वृद्धि के प्रमुख कारणों में से एक था। साथ ही, लोग अपने स्थान को सजाने के साथ-साथ अपने घरों में और अधिक सकारात्मकता लाना चाहते थे।''

दिल्ली स्थित कला क्यूरेटर और आर्ट स्कूल और गैलरी के संस्थापक, द आर्ट हब, भावना मिनोचा ने व्यक्त किया, ''2021 के दौरान, चुनौतियों का एक वर्ष, कोविड -19 के प्रभाव से कुल बिक्री के संकुचन के बावजूद, यह दिलचस्प था कला की खरीदारी के नए चलन देखें। इन-पर्सन इवेंट्स बेशक कम हुए, लेकिन ऑनलाइन बिक्री बढ़ी। लॉकडाउन में संस्कृति के प्रति रुचि बढ़ी। युवा संग्रहकर्ता ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के साथ सबसे अधिक खर्च करने वाले थे, जो पहुंच को बढ़ाते थे। आने वाले कलाकारों द्वारा हमारे स्टूडियो में बनाई गई सस्ती कला बहुत आसानी से बिक जाती है, लेकिन कला संग्रहकर्ता मास्टर की कला को खरीदने की प्रतीक्षा कर रहे हैं, जब स्टूडियो सभी के लिए व्यक्तिगत रूप से मिलने के लिए एक सुरक्षित स्थान बनने जा रहा है।''

# कुटिया के आनंद में स्वाद का परम आनंद

## एरोसिटी के डेक से, वन8 कॉम्यून ने अपनी स्वाद की जड़ें माल रोड तक फैला दी हैं इस स्वाद को अपने अनुभव द्वारा परिभाषित करती हैं खुशबू कीर्ति

विराट कोहली द्वारा इसे बहुत पहले एयरोसिटी दिल्ली में लॉन्च किया गया था, भारतीय कप्तान ने उत्तरी दिल्ली के माल रोड में वन8काम्यून की एक नई शाखा खोलने का फैसला किया, और यह परम विशिष्टता की बात करता है।

सर्दियों की शाम को हल्की बूंदाबांदी हो रही थी और मैं सुस्त और पस्त बैठी हुई थी। इसलिए, मैदान में प्रवेश करने से मुझे एक अलग तरह की राहत मिली, इसके अलावा उस जगह ने स्पष्ट गर्मजोशी और स्टाइल का नजारा भी पेश किया।



नई शाखा ने ग्रे और बेज रंग के फर्नीचर के संयोजन से एक बड़ी खुली जगह प्रदर्शित की, जो हर जगह हल्के फिरोजी/ नील हरित और गुलाबी रंगों के लिए उपयोग की जाने वाली आंखों के लिए एक सुकून था!

इसमें एक शानदार छत पर बैठने की सुविधा है और मैं अल-फ्रेस्को डाइनिंग अनुभव के लिए तैयार थी। पृष्ठभूमि में, पॉप संगीत ने मेरा एक सर्वर के रूप में स्वागत किया, स्वैन ने मुझे निर्णय लेने में मदद की, क्योंकि मैं अच्छे भोजन, विशेष रूप से पेयजलों के ढेर में से चुनाव करने में अच्छी नहीं हूं।

मैंने उनके प्रसिद्ध जिन कॉकटेल ट्विस्ट 2 के साथ शुरुआत की। इसका स्वाद स्मोकी-ईश था, गुलाब के स्वाद वाला था, विशेष रूप से खट्टा रोअफ्सा की तरह, लेकिन इसने तुरंत मन को शांत कर दिया। मैं अंगूर और मेंहदी का स्वाद ले सकती थी।

चिकन नाचोस में तले हुए चिकन के टुकड़े शामिल हैं जिन्हें ठंडा परोसा जाता है। चिकन को सरसों की चटनी के साथ शानदार ढंग से पकाया गया था जो स्वाद को बढ़ाता ही है।

इसके बाद, पनीर टिक्का को पुदीने की हरी चटनी के साथ परोसा गया। ग्रेवी गर्म और बिल्कुल सही थी लेकिन पनीर थोड़ा रबड़ जैसा लगा।

मैंने जिस वन8 ब्रांड की जिस खूबी के बारे में सुन रखा था, वो थी शेफपवन द्वारा बनाए जाने वाले पाक व्यंजनों की बेहतरीन सूची। मशरूम गुगली डिमसम के साथ ब्लैक एंड फायरी चिकन इतना लोकप्रिय था कि इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता था। हालांकि, चूंकि मसालेदार भोजन



और मेरा, अच्छा साथ नहीं निभता, इसलिए मैंने सिर्फ डिमसम को चुना। नाम अनोखा था। लेकिन कोहली के मालिक होने के नाते, यह क्रिकेट के रूपकों के साथ समझ में आता है।

ट्रफल ऑयल डिम्सम में मिश्रित मशरूम थे जिन्हें मैंने जिन के साथ जोड़ा था। संयोजन मेरी कल्पना से बेहतर निकला।

मैं वन8 के क्लासिक मैक एन चीज के लिए उत्साहित थी जो जल्दी ही मेरे पास मौजूद सर्वश्रेष्ठ में से एक बन गया। मोजेरेला चीज, और पार्मसन चेडर चीज ने इसे नरम और मलाईदार बना दिया - बेहद अमेरिकी। फिर भी, क्रस्ट खस्ता था, और अजवायन की अच्छाई में लिपटा, सहज स्वादिष्ट सा लगा।

अंत में, मैंने श्रीराचा चिकन टैको को आजमाया, जो सिराचा सॉस की वजह से एक तीखा स्वाद देता है। कटा हुआ चिकन रसदार, थोड़ा मसालेदार और नरम आवरण वाला था। यह सबसे अच्छे व्यंजनों में से एक था और मैं शौकिया सत्र के साथ टैको, हरे सेब के साथ वोदका की अत्यधिक अनुशंसा करती हूं।

उन्होंने छत पर एक बड़ी स्क्रीन लगाई थी, जो माहौल के अनुकूल थी।

अंत में वन8 कम्यून सिग्नेचर चिकन आया, जो मूल रूप से पनीर के असाधारण छिड़काव से युक्त कोरियाई फ्राइड चिकन था और प्रत्येक टुकड़े के साथ अद्भुत था।

शेफ संजीत कुमार ने खाउ गली सोया बोटी कबाब, गार्लिक बटर प्रॉन, ग्रिल्ड फिश और बैम्बू काजू टोफू की प्रशंसा की थी, लेकिन चूंकि मैं संतुष्ट और भरी हुई थी, इसलिए यह सीधे मेरे भविष्य के खाद्य प्रयोग अजेंडे में चला गया।

ब्रांड के कॉर्पोरेट सीडीसी अभिनव, जिन्होंने मेनू के यूरोपीय भाग को संभाला है, ने अपने स्वादिष्ट बटर गार्लिक झींगे के स्वाद के पीछे का रहस्य बताया, ''बटर गार्लिक झींगे की हमारी प्रस्तुति में जैतून, चेरी-टमाटर, स्टार ऐनीज, और बहुत सारी जड़ी-बूटियां शामिल हैं। ''

सिविल लाइन्स शाखा में कैबाना के साथ एक छत, एक अलग ठाठ बार और एक अच्छी तरह से प्रकाशित रसोई है, जिसमें डिमसम, सुशी और पिज्जा परोसा जाता है। यह मध्य दिल्ली की गलियों के शानदार दृश्यों के साथ आराम करने और अच्छा भोजन करने के लिए एक आदर्श स्थान है।



# दक्षिण अफ्रीका की भारत पर सात विकेट से धमाकेदार जीत

## टीम इंडिया का सीरीज जीतने का 27 साल का सपना अधूरा रहा, 2-1 से हारे, पीटरसन ने 82 रन की मैच जिताऊ पारी खेली

### ●हार के साथ भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में पांचवें स्थान पर खिसकी

**भाषा**। केपटाउन,

**दक्षिण** अफ्रीका ने अपने अनुशासित और उत्कृष्ट प्रदर्शन से दुनिया की नंबर एक टीम भारत का अंतिम किला फतह करने का सपना दुस्वप्न में बदलकर तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में चौथे दिन शुक्रवार को यहां सात विकेट से जीत दर्ज करके श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की। दक्षिण अफ्रीका के सामने 212 रन का लक्ष्य था जो उसने तीन विकेट खोकर हासिल किया। इसमें कीगन पीटरसन (113 गेंदों पर 82 रन) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने तीसरे दिन कप्तान डीन एल्गर (30) के साथ 78 रन की साझेदारी करके मजबूत नींव रखी थी। पीटरसन ने चौथे दिन सुबह रॉसी वान डर डुसेन (नाबाद 41) के साथ 52 रन जोड़कर भारत की उम्मीदों पर पानी फेरा। रही सही कसर वान डर डुसेन और तेम्बा वावुमा (नाबाद 32) के बीच 57 रन की अटूट साझेदारी ने पूरी कर दी।

भारत के पास दक्षिण अफ्रीका में पहली बार श्रृंखला जीतने का बेहतरीन मौका था। उसने सेंचुरियन में पहला टेस्ट मैच 113 रन से जीतकर शानदार शुरुआत की थी लेकिन जोहानिसबर्ग में दूसरा मैच सात विकेट से हार गया था। इस तरह से भारत ने सातवीं बार दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट श्रृंखला गंवाई। इस बीच उसने एक बार 2010-11 में श्रृंखला 1-1 से बराबर की थी। आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड को उसकी धरती पर हराने के बाद भारत को दक्षिण अफ्रीका में अंतिम किला फतह करना था लेकिन उसे उसके मजबूत बल्लेबाजी क्रम ने नीचा दिखाया। भारत ने पहली पारी 223 रन बनाकर दक्षिण अफ्रीका को 210 रन पर रोक दिया लेकिन ऋषभ पंत के नाबाद 100 रन के बावजूद वह दूसरी पारी में 198 रन ही बना सका। इससे गेंदबाजों के सामने बचाव के लिए बड़ा स्कोर नहीं था। यह श्रृंखला विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अंतर्गत खेली गई थी जिसमें प्रतिशत अंकों के आधार पर भारत पांचवें स्थान पर खिसक गया है जबकि दक्षिण अफ्रीका चौथे स्थान पर पहुंच गया है। पीटरसन और वान डर डुसेन ने सुबह के सत्र में अच्छी बल्लेबाजी करके दक्षिण अफ्रीका के लिए काम आसान किया। पीटरसन ने अपनी पारी में 10 चौके लगाए जबकि वान डर डुसेन ने संयम की प्रतिमूर्ति बनकर क्रीज संभाले रखी। उन्होंने 95 गेंदों का सामना किया।

बावुमा ने अपनी फार्म बरकरार रखी और कुछ करारे शॉट जमाए। उन्होंने अपनी 58 गेंद की पारी में पांच चौके लगाए जिसमें रविचंद्रन अश्विन पर लगाया गया विजई चौका भी शामिल है। चेतेश्वर पुजारा ने इस बीच पीटरसन का स्लिप में आसान कैच छोड़ा जिससे भारत की परेशानियां बढ़ी। तब बल्लेबाज 59 रन पर था और इसके बाद उन्होंने कुछ चौके जड़कर भारतीयों पर दबाव बनाया। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी के पहले स्पेल को खेलना चुनौती थी लेकिन पीटरसन और वान डर डुसेन ने कुछ बेहतरीन गेंदों का सामना करने के बावजूद क्रीज संभाले रखी। इनका पहला स्पेल निकल जाने के बाद उन्होंने उमेश यादव को निशाने पर रखा तथा ऑफ साइड में कुछ खूबसूरत चौके लगाए। इस कारण विराट कोहली ने क्षेत्ररक्षण छितरा दिया जिससे बल्लेबाजों को एक दो रन लेने में आसानी हुई। वह शार्दुल ठाकुर थे जिनकी अंदर आती गेंद पीटरसन के बल्ले के अंदरूनी किनारे से लगकर विकेटों में समा गई। इसके बाद हालांकि वान डर डुसेन और तेम्बा वावुमा ने भारतीयों को कोई मौका नहीं दिया।

पीटरसन दक्षिण अफ्रीका की जीत के नायक रहे। उनके पास तकनीकी के साथ आवश्यक धैर्य भी है जो शीर्ष स्तर की क्रिकेट के लिए जरूरी होता है। दोनों टीम के बीच अब 19 जनवरी से तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला खेली जाएगी। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले गए तीसरे टेस्ट मैच का


तेम्बा बावुमा को जीत की बधाई देते कप्तान विराट कोहली

**स्कोर बोर्ड**

भारत पहली पारी : 223
दक्षिण अफ्रीका पहली पारी : 210
भारत दूसरी पारी : 198
दक्षिण अफ्रीका दूसरी पारी : एडेन मार्कराम का राहुल बो शमी 16, डीन एल्गर का पंत बो बुमराह 30, कीगन पीटरसन बो ठाकुर 82, रासी वान डर डुसेन नाबाद 41, तेम्बा बावुमा नाबाद 32
अतिरिक्त (लेग बाई 08, नोबॉल 03) 11
कुल (63.3 ओवर में, तीन विकेट पर) 212 रन
विकेट पतन :1-23, 2-101, 3-155
गेंदबाजी : बुमराह 17-5-54-1, शमी 15-3-41-1, उमेश 9-0-36-0, ठाकुर 11-3-22-1, अश्विन 11.3-1-51-0


कीगन पीटरसन

### खराब बल्लेबाजी बनी हार का कारण : कोहली

**केपटाउन**। भारतीय कप्तान विराट कोहली ने दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट श्रृंखला जीतने का सपना टूटने का दोष टीम की खराब बल्लेबाजी को देते हुए शुक्रवार को कहा कि वह इसके अलावा कोई और बड़ी वजह नहीं देख रहे हैं। मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कोहली ने कहा कि बल्लेबाजी टीम की कमजोर कड़ी साबित हुई और इसके अलावा वह अभी किसी और चीज पर ठीकरा नहीं फोड़ सकते है। कोहली ने कहा कि यह बल्लेबाजी ही थी, जिसके कारण हारे। इसके अलावा किसी और किसी अन्य पहलू पर सवाल नहीं उठा सकते है लोग तेज गेंदबाजी और उछाल के बारे में बात करते हैं। दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाज लंबाई को देखते हुए, वे तीनों टेस्ट मैचों में विकेट से अधिक मदद प्राप्त करने में सक्षम रहे। कोहली ने कहा कि महत्वपूर्ण क्षणों में एकाग्रता की कमी की कीमत हमें चुकानी पड़ी। विरोधी टीम उन क्षणों को अपने नाम करने में सफल रही। कोहली ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाज हम पर काफी देर तक दबाव बनाए रखने और हमें गलतियां करने के लिए मजबूर करने में सफल रहे। वे इन परिस्थितियों को अच्छी तरह समझते है। भारतीय टीम दूसरी पारी में ऋषभ पंत की शतकीय पारी के बाद भी 198 रन ही बना सकी। जिससे दक्षिण अफ्रीका को ज्यादा बड़ा लक्ष्य नहीं मिला। भारतीय कप्तान ने कहा, बल्लेबाजी में सुधार जरूरी है, मै इससे भाग नहीं रहा हूं।

### बाहर बैठे लोग नहीं जानते कि मैदान पर क्या चल रहा है, डीआरएस पर बोले कप्तान

**केपटाउन**। विराट कोहली ने डीआरएस का विवादित फैसला डीन एल्गर के पक्ष में जाने के बाद प्रसारकों के खिलाफ अपनी टीम के मौखिक हमले का बचाव करते हुए कहा कि बाहर बैठे लोग मैदान पर इस तरह के व्यवहार के कारणों को नहीं जानते। कोहली और उनके साथियों ने तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन अंतिम 45 मिनट के दौरान तब अपना आपा खो दिया जब डीन एल्गर को विवादास्पद डीआरएस फैसले के कारण क्रीज पर टिके रहे। कोहली ने मैच के बाद कहा कि मुझे इस पर कोई टिप्पणी नहीं करनी है। हम जानते हैं कि मैदान पर क्या हुआ और बाहर बैठे लोगों को पता नहीं होता है कि मैदान पर क्या चल रहा है। उन्होंने कहा कि मेरे लिए मैदान पर हमने जो कुछ किया उसे सही ठहराने की कोशिश करना और यह कहना कि हम भावनाओं में बह गए। कोहली ने कहा कि अगर हम वहां पर हावी हो जाते और तीन विकेट लेते तो संभवत: वह क्षण खेल की दिशा बदल देता। यह घटना 21वें ओवर में घटी जबकि रविचंद्रन अश्विन की उछाल लेती गेंद सीधे एल्गर के पैड पर लगी। अंपायर मारियास इरासमस ने उंगली उठा दी लेकिन एल्गर ने डीआरएस लिया। रीप्ले से हालांकि पता चला कि गेंद विकेट के ऊपर से निकल रही थी और ऐसे में अंपायर को अपना फैसला बदलना पड़ा।

## ट्रेविस हेड के शतक से आस्ट्रेलिया ने वापसी की

**दिन - रात्रि टेस्ट**

**एपी**। होबार्ट

**ट्रेविस** हेड के शतक की मदद से आस्ट्रेलिया ने तीन विकेट पर 12 रन की बेहद खराब शुरुआत से उबरकर इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम एशेज टेस्ट मैच के बारिश से प्रभावित पहले दिन शुक्रवार को यहां छह विकेट पर 241 रन बनाए। ब्रिसबेन में पहले टेस्ट मैच में 152 रन बनाने वाले हेड ने 113 गेंदों पर 101 रन की आक्रामक पारी खेलकर इंग्लैंड को इस दिन रात्रि टेस्ट मैच में शुरुआती सफलता का फायदा नहीं उठाने दिया।



कैमरन ग्रीन ने भी 74 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। मार्नश लाबुसेन ने 44 रन बनाए। हेड और ग्रीन ने पांचवें विकेट के लिए 121 रन की साझेदारी की। चाय के विश्राम के आधे घंटे बाद बारिश के कारण दिन में आगे का खेल नहीं हो पाया। आस्ट्रेलिया के टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी के फैसले के बाद हेड ने 10वें ओवर में जब क्रीज पर कदम रखा तब तक डेविड वार्नर (शून्य), उस्मान ख्वाजा (छह) और स्टीव स्मिथ (शून्य) पवेलियन लौट चुके थे। गेंदबाजों के लिए अनुकूल दिख रहे विकेट पर ओली रॉबिन्सन (24 रन देकर दो) और स्टुअर्ट ब्रॉड (48 रन देकर दो) ने आस्ट्रेलिया को मुख्य रूप से नुकसान पहुंचाया। कोरोना वायरस से संक्रमित होने के कारण सिडनी टेस्ट में नहीं खेल पाने वाले हेड ने पहले लाबुशेन के साथ 71 रन की साझेदारी करके स्थिति संभाली। लाबुशन ने जब खाता भी नहीं खोला था तब जॉक क्राउली ने दूसरी स्लिप में उनका कैच छोड़ा जो इंग्लैंड को महंगा पड़ा। लाबुशेन ने क्रिस वोक्स (50 रन देकर एक) और मार्क वुड (79 रन देकर एक) पर कुछ अच्छे शॉट जमाए लेकिन ब्रॉड की गेंद को एक्रास द लाइन खेलने के प्रयास में वह फिसल गए और बोल्ड हो गए।

दूसरे सत्र में हेड और ग्रीन ने विकेट के दोनों तरफ कुछ अच्छे शॉट लगाए। हेड ने शतक पूरा करने के बाद वोक्स की गेंद पर मिडऑन पर कैच दिया। उन्होंने अपनी पारी में 12 चौके लगाए। ग्रीन ने वुड की गेंद पर आउट होने से पहले 109 गेंदें खेली और आठ चौके जड़े। स्टंप उखड़ने के समय एलेक्स कैरी 10 रन पर खेल रहे थे जबकि मिशेल स्टार्क को अभी खाता खोलना है।

**आयरलैंड ने वर्षाबाधित दूसरे वनडे में वेस्टइंडीज को हराया**

**किंगस्टन**। आयरलैंड ने सबीना पार्क पर वर्षाबाधित दूसरे एक दिवसीय क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हरा दिया। जीत के लिए आयरलैंड को 230 रन बनाने थे और उसने 32 ओवर में चार विकेट पर 157 रन बना लिए थे जब बारिश के कारण खेल 90 मिनट तक रोकना पड़ा। खेल बहाल होने पर डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर आयरलैंड को 36 ओवर में 168 रन का लक्ष्य मिला। आयरलैंड ने सात गेंद में ही एक विकेट खोकर बाकी रन बना लिए। अब श्रृंखला 1-1 से बराबरी पर है और आखिरी मैच रविवार को यहीं खेला जाएगा।

## अंडर-19 विश्व कप का आगाज आज से

### ●भारत का पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका से होगा मुकाबला

**भाषा**। जॉर्जटाउन

**रिकॉर्ड** चार बार की चैम्पियन भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शनिवार को अंडर-19 विश्व कप के अपने पहले मुकाबले में उतरेगी तो उसकी नजरें अपना शानदार रिकॉर्ड बरकरार रखते हुए नई प्रतिभाओं को तलाशने पर लगी होंगी। हरनूर सिंह, राजवर्धन हंगरगेकर, कप्तान यश धुल और रवि कुमार से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो अभी तक पिछले टूर्नामेंटों में अपनी प्रतिभा की बानगी दे चुके हैं।

भारतीय टीम एशिया कप जीतने के बाद यहां पहुंची है और अभ्यास मैचों में वेस्टइंडीज तथा आस्ट्रेलिया को हराया। टूर्नामेंट के इतिहास की सबसे सफल टीम रही भारतीय टीम पिछले तीन सत्रों में फाइनल में पहुंची। दो साल पहले बांग्लादेश के खिलाफ फाइनल में हारी भारतीय टीम का कोई भी खिलाड़ी सीनियर टीम तक नहीं पहुंचा। अब देखना यह है कि क्या 2022 की अंडर 19 टीम में से कोई यह कमाल कर सकता है। मौजूदा टीम में पृथ्वी साव और शुभमन गिल (2018 बैच) जैसी प्रतिभाएं नहीं है लेकिन कुछ खिलाड़ियों ने ध्यान खींचा है।

बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज हरनूर से काफी उम्मीदें है। पिछली बार यशस्वी जायसवाल ने इस टूर्नामेंट में काफी रन बनाए थे। हरनूर ने एशिया कप में पांच मैचों में 251 रन बनाए और आस्ट्रेलिया के खिलाफ 11 जनवरी को अभ्यास मैच में नाबाद 100 रन की पारी खेली। दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज हंगरगेकर महाराष्ट्र के लिए सीनियर क्रिकेट खेल चुके हैं। एशिया कप में उन्होंने अपनी गति से प्रभावित किया और आठ विकेट लिए। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज रवि कुमार ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ चार विकेट चटकाए थे। कप्तान धुल दिल्ली क्रिकेट में काफी प्रतिभाशाली बल्लेबाजों में गिने जाते हैं। एशिया कप में वह कोई कमाल नहीं कर सके लेकिन यहां दोनों अभ्यास मैचों में अर्धशतक जमाए। हरफनमौला राज बावा दाहिने हाथ के मध्यम तेज गेंदबाज और खब्बू बल्लेबाज हैं

**टीमें**- भारत : यश धुल (कप्तान), हरनूर सिंह, अंगकृष रघुवंशी, एसके रशीद, निशांत सिंधू, सिद्धार्थ यादव, अनीश्वर गौतम, दिनेश बाना, आराध्य यादव, राज अंगद बावा, मानव पारख, कुशाल ताम्बे, राजवर्धन हंगरगेकर, वासु वत्स, विकी ओस्तवाल, रवि कुमार, गर्व सांगवान। दक्षिण अफ्रीका : जॉर्ज वान हीर्डेन (कप्तान), लियाम एल्डेर, मैथ्यू बोस्ट, डेवाल्ड ब्रेविस, माइकल कोपलैंड, एथान कनिंघम, वेलेंटाइन किटिमे, वेना मफाका, गेरहार्ड मारी, फाइवे मयांडा, एंडिले सिमेलेन, जेड स्मिथ, काडेन सोलोमंस, जोशुआ स्टीफेंसन, असाखे तशाका।

## राष्ट्रमंडल खेलों 2022 की मशाल ओडिशा पहुंची

### ●पुरी और कोणार्क का भी दौरा करेगी बेटन

**भाषा**। भुवनेश्वर

**बर्मिंघम** में इस साल होने वाले 22वें राष्ट्रमंडल खेलों की क्वीन्स बेटन (मशाल) शुक्रवार को ओडिशा पहुंची। ओडिशा हॉकी प्रमोशन काउंसिल के अध्यक्ष दिलीप तिर्की के साथ खेल एवं युवा सेवा विभाग के अधिकारियों ने यहां मशाल का स्वागत किया। इसके स्वागत के लिए राज्य की प्रख्यात खिलाड़ी अनुराधा बिस्वाल और श्रद्धांजलि सामंत्रे भी मौजूद रहीं।

इस मशाल को रात में भुवनेश्वर में रखा जाएगा। शनिवार को यह पुरी और कोणार्क का दौरा करेगी, जहां जिले के गणमान्य व्यक्ति और वरिष्ठ अधिकारी इसका स्वागत करेंगे। इसके बाद यह कलिंग स्टेडियम में सांकेतिक रिले के लिए भुवनेश्वर लौटेगी जहां राज्य के प्रतिष्ठित खिलाड़ी मौजूद रहेंगे। तिर्की ने कहा कि यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक अवसर है। राष्ट्रमंडल खेलों 2022 के शुरू होने से पहले क्वींस बैटन प्राप्त करना और इसकी यात्रा का हिस्सा बनना ओडिशा के लिए एक बड़ा सम्मान है।

क्वीन्स बेटन रिले का आगाज सात अक्टूबर को बकिंगघम पैलेस (ब्रिटेन) से हुआ था। इसे 294 दिनों के दौरे पर 72 देशों की यात्रा करनी है। यह 12 जनवरी को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली पहुंची थी। मशाल के साथ ब्रिटेन की रानी एलिजाबेथ द्वितीय का संदेश भी है। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन 28 जुलाई से आठ अगस्त तक किया जाएगा। मशाल 16 जनवरी को सिंगापुर के लिए रवाना होगी।

## सिंधू व लक्ष्य सेमीफाइनल में पहुंचे

**इंडिया ओपन बैडमिंटन**

**भाषा**। नई दिल्ली

**दो** बार की ओलंपिक पदक विजेता भारत की पीवी सिंधू और विश्व चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन शुक्रवार को यहां योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जीत के साथ अंतिम चार में पहुंचने में सफल रहे। शीर्ष वरीय पूर्व विश्व चैंपियन सिंधु ने 36 मिनट तक चले मुकाबले में 21 वर्षीय हमवतन अश्मिता चालिहा को 21-7, 21-18 से हराया। लक्ष्य ने एच एस प्रणॉय को मुश्किल मुकाबले में 14-21, 21-9, 21-14 से हराकर पुरुष एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

हैदराबाद की 26 साल की खिलाड़ी को फाइनल में पहुंचने के लिए छठी वरीयता प्राप्त थाईलैंड की सुपनिदा कटेथोंग के साथ अंतिम चार में भिड़ना होगा। तीसरी वरीयता प्राप्त सिंगापुर की एओ जिया मिन के तेज बुखार के कारण टूर्नामेंट से हटने के बाद केटथोंग ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। लक्ष्य अंतिम चार मुकाबले में मलेशिया के नग तेज योंग या आयरलैंड के न्हाट न्गुएन के बीच होने वाले एक अन्य क्वार्टर फाइनल के विजेता से भिड़ेंगे।

पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में लक्ष्य और प्रणॉय के बीच करीबी मुकाबला हुआ। प्रणॉय पहला गेम जीतने में सफल रहे लेकिन युवा खिलाड़ी लक्ष्य ने दूसरे गेम को अपने नाम कर मुकाबला बराबरी का कर दिया। सिंधू पिछली बार 2019 में 83वीं योनेक्स-सनराइज सीनियर नेशनल चैंपियनशिप में चालिहा के खिलाफ खेली थी। उस समय असम की युवा खिलाड़ी ने दमदार प्रदर्शन किया था। चालिहा ने शुक्रवार को लय हासिल करने में काफी समय लिया। उन्होंने हालांकि दूसरे गेम में कड़ी टक्कर दी लेकिन यह सिंधू को रोकने के लिए काफी नहीं था। सिंधू ने शुरुआती गेम में सभी अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए 11-5 की बढ़त हासिल कर ली। चालिहा ने दूसरे गेम में खुद को बेहतर साबित करते हुए 9-9 की बराबरी की। इसके बाद सिंधु ने 15-11 से बढ़त बनाई, लेकिन चालिहा ने फिर से वापसी करते हुए स्कोर को 15-15 कर दिया। सिंधू इसके बाद अपने खेल में आक्रामकता बढ़ाते हुए चार अंक हासिल कर जीत के करीब पहुंच गई।

महिला एकल के दूसरे सेमीफाइनल में आकर्षी कश्यप का सामना दूसरी वरीयता प्राप्त थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान से होगा। भारतीय खिलाड़ी ने शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में हमवतन मालविका बंसोद पर 21-12, 21-15 से जीत दर्ज की। बुसानन ने अंतिम आठ में अमेरिका की लॉरेन लैम को 21-12, 21-8 से शिकस्त दी।

निर्णायक गेम में प्रणॉय ने 6-1 की बढ़त के साथ अच्छी शुरुआत की लेकिन सेन ने वापसी करते हुए स्कोर 11-9 कर दिया। उन्होंने ब्रेक के बाद अगले 11 में से नौ अंक अपने नाम कर मैच जीत लिया। ईशान भटनागर एवं साई प्रतीक के की पुरुष युगल जोड़ी को मलेशिया की तीसरी वरीयता प्राप्त ओंग यू सिन एवं तेओ ई ई के खिलाफ महज 19 मिनट में 7-21, 7-21 से हार का सामना करना पड़ा।

मिश्रित युगल में आठवीं वरीयता प्राप्त वेंकट गौरव प्रसाद एवं जूही देवांगन की भारतीय जोड़ी चेन टैंग जी एवं पेक एन वेई की मलेशियाई जोड़ी से महज 23 मिनट में 10-21, 13-21 से हार गई। नितिन एचवी एवं अश्विनी भट्ट के की एक अन्य भारतीय जोड़ी सिंगापुर के ही योंग काई टेरी एवं टैन वेई हान से 15-21, 19-21 से हार गई।







## नोवाक जोकोविच का वीजा दूसरी बार रद्द

### ●सर्बियाई खिलाड़ी का आस्ट्रेलियन ओपन में भाग लेना मुश्किल

**एपी**। मेलबर्न

**आस्ट्रेलिया** सरकार ने टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच का वीजा दूसरी बार रद्द कर दिया है और उन्हें निर्वासित किया जा सकता है जिससे आस्ट्रेलियाई ओपन में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी के खेल पाने को लेकर बनी अनिश्चितता में एक नया मोड़ आ गया। आव्रजन मंत्री एलेक्स हॉके ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने मंत्री के तौर पर अपने विशेषाधिकार का प्रयोग करके सर्बिया के इस 34 वर्षीय खिलाड़ी का वीजा जनहित आधार पर रद्द कर दिया है। आस्ट्रेलियाई ओपन तीन दिन बाद शुरू होने वाला है।

जोकोविच के वकील फेडरल सर्किट और फैमिली कोर्ट में इसके खिलाफ अपील कर सकते हैं। उन्होंने



पिछले सप्ताह भी पहली बार वीजा रद्द होने के बाद अपील करके कानूनी लड़ाई जीती थी। मामले की सुनवाई शुक्रवार की रात होगी। आस्ट्रेलिया से निर्वासित किए जाने पर अगले तीन साल तक देश में प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। उसे हालांकि हटाया जा सकता है लेकिन यह हालात पर निर्भर करेगा। हॉके ने कहा कि उन्होंने जनहित को ध्यान में रखकर स्वास्थ्य कारणों से यह फैसला लिया है। उन्होंने एक बयान में कहा कि मौरिसन सरकार आस्ट्रेलियाई सीमाओं की कोरोना महामारी के इस दौर में रक्षा करने को लेकर प्रतिबद्ध है। आस्ट्रेलिया ओपन में उन्हीं खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ और दर्शकों को प्रवेश मिलेगा जिन्हें कोरोना के टीके लग चुके हैं। जोकोविच ने इस आधार पर मेडिकल छूट मांगी थी कि वह दिसंबर में संक्रमित हुए थे। जोकोविच का वीजा दूसरी बार रद्द हुआ है। पिछले सप्ताह मेलबर्न पहुंचते ही आस्ट्रेलिया सीमा बल द्वारा उनका वीजा रद्द कर दिया गया था क्योंकि आस्ट्रेलिया के कड़े कोरोना टीकाकरण नियमों से मेडिकल छूट के लिए जरूरी मानदंडों पर वह खरे नहीं उतरते थे। उन्होंने चार रात पृथकवास होटल में बिताई जिसके बाद सोमवार को जज ने उनके पक्ष में फैसला दिया। जोकोविच ने रॉड लेवर एरेना में अभ्यास शुरू कर दिया था। उन्हें आज दोपहर को भी अभ्यास करना था लेकिन उन्होंने सुबह जल्दी अभ्यास कर लिया। उन्हें पहले दौर में सर्बिया के ही मियोमिर केसमानोविच से खेलना था।

मेलबर्न के आव्रजन वकील कियान बोन ने कहा कि जोकोविच के वकीलों के लिए अब इस फैसले को अदालत में बदलवा पाना काफी मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि जोकोविच के लिए अब आस्ट्रेलियाई ओपन में खेलने की अनुमति पाना बहुत मुश्किल होगा। अब उनके पास समय भी नहीं है। वकीलों को फेडरल सर्किट एंड फैमिली कोर्ट में एक ड्यूटी जज के पास या फेडरल कोर्ट में सीनियर जज के पास जाकर दो आपात आदेश लेने होंगे। पहला आदेश उनका निर्वासन रोकना और दूसरा हॉके को जोकोविच का वीजा बहाल करने का निर्देश देने का होगा। बोन ने कहा कि दूसरा आदेश ऐसा है जो आज तक कभी नहीं हुआ। अदालत सरकार के किसी सदस्य को वीजा जारी करने का आदेश बहुत कम ही देती है।

### केकेआर ने भरत अरुण को गेंदबाजी कोच बनाया

**कोलकाता**। भारत के पूर्व गेंदबाजी कोच भरत अरुण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के साथ उसी भूमिका में जुड़ गए हैं। इस आईपीएल टीम ने शुक्रवार को यह घोषणा की।

अरुण की नियुक्ति की घोषणा करते हुए केकेआर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक वेंकी मैसूर ने कह कि हम भारत अरुण जैसे किसी व्यक्ति को अपनी टीम में गेंदबाजी कोच के रूप में शामिल कर के लिए बहुत उत्साहित हैं। वह काफी अनुभव और विशेषज्ञता के साथ केकेआर से जुड़ेंगे। अरुण हाल तक रवि शास्त्री के नेतृत्व में भारतीय टीम के गेंदबाजी कोच थे।

अरुण ने भारत के लिए दो टेस्ट और चार एकदिवसीय मैच खेले हैं। वह तमिलनाडु के सफल घरेलू क्रिकेटर रहे हैं। अरुण ने इस बयान में कहा, मैं नाइट राइडर्स जैसे एक बेहद सफल फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनने के लिए उत्सुक और बहुत उत्साहित हूं।